लागत लेखांकन
(Cost Accounting)

द्वितीय संस्करण की भूमिका

इतनी अल्प अवधि मे पुस्तक का द्वितीय सस्करण प्रस्तुत करते समय हमे अपार हर्ष एव प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। यह इस बात का द्योतक है कि यह पुस्तक विद्यार्थियो एव अध्यापको को बहुत पसद आई है। हम अपने सभी विद्यार्थियो व अध्यापको के इस अभूतपूर्व सहयोग के लिए बहुत आभारी है। प्रस्तुत सस्करण मे उन समस्त सुझावो का समावेश कर दिया गया है जो हमे समय-समय पर अपने विद्यार्थियो एवं साथी अध्यापको से प्राप्त हुए है। हम अपने उन सभी विद्यार्थियो एवं अध्यापको के प्रति भी कृतज्ञता प्रकट करते है जिन्होने इस पुस्तक के विषय मे प्रशंसात्मक पत्र लिखकर हमारे उत्साह को बढाया है तथा प्रयास को सराहा है।

प्रस्तुत संस्करण मे उदाहरणो व प्रश्नो की सख्या बढा दी गई है तथा उन्हें और अधिक क्रमवद्ध कर दिया गया है। प्रथम संस्करण की अशुद्धियों को पूर्णरूप से शुद्ध कर दिया गया है। विषय व्यवस्था बदल दी गई है तथा इंगित क्लिष्टताएँ दूर कर दो गई है। आशा है प्रस्तुत संशोधित संस्करण पूर्णतया विद्यार्थियो व अध्यापको की आशाओ के अनुरूप ही होगा। आप सबके सुझावो का हम प्रसन्नतापूर्वक स्वागत करेंगे।

एच. सी. मेहरोत्रा
209–A, नेहरू नगर, आगरा
बी. के. अग्रवाल
534–B, कमला नगर, आगरा

प्रथम संस्करण की भूमिका

लागत लेखाकन वर्तमान समय की एक अनिवार्यता बन गया है क्योंकि इसके द्वारा विकसित औद्योगिक समाज को न्यूनतम मूल्य पर अधिकतम उत्पादकता प्राप्त करके लाभ को अधिकतम बनाया जा सकता है। अत. किसी भी उत्पादक व निर्माणकर्ता के लिये लागत लेखांकन का ज्ञान होना आवश्यक है। विद्यार्थियों के लिये भी परीक्षा मे उच्चाक प्राप्त करने के लिए यह विषय अत्यन्त उपयोगी है। यह तभी सम्भव है जब विषय को सरल ढंग से एव क्रमबद्ध प्रस्तुत किया जाय।

लागत लेखाकन पर वैसे अनेक पुस्तकें उपलब्ध है परन्तु जिस विश्लेषणात्मक, व्यवस्थित एवं वैज्ञानिक ढग से प्रस्तुत पुस्तक मे विषय-सामग्री का अध्ययन किया गया है वैसा सम्भवत किसी पुस्तक मे नही किया गया है। पुस्तक की भाषा सरल रखने का भरसक प्रयत्न किया गया है तथा प्रत्येक सिद्धान्त की व्याख्या के तुरन्त पश्चात् उचित उदाहरण देकर पुस्तक को उन व्यक्तिगत परीक्षार्थियो के लिये भी सुगम बनाया गया है जिन्हे बिना अध्यापक की सहायता के स्वय अध्ययन करना होता है। उदाहरणों को सुगमता से समझने के लिए यथोचित स्थान पर टिप्पणियां भी दी गई हैं।

इस पुस्तक की कुछ प्रमुख विशेषताएं निम्न हैं—

(i) विषय का विवेचन, सरल, सुबोध व समझने योग्य भाषा मे किया गया है।

(ii) प्रत्येक प्रावधान को उदाहरणो द्वारा स्पष्ट किया गया है।

(iii) क्लिष्ट प्रावधानो व समस्याओ को सूत्रो द्वारा व सूत्रो को उदाहरण मे प्रयोग द्वारा समझाया गया है।

(iv) प्रत्येक उदाहरण व क्रियात्मक प्रश्न का हिन्दी रूपान्तर व अंग्रेजी रूपान्तर दिया गया है।

(v) प्रश्नो व उदाहरणो मे दोहरीकरण नही है अर्थात् पुस्तक मे दिया गया प्रत्येक उदाहरण एक नई बात स्पष्ट करेगा। कोई भी दो उदाहरण एक जैसे नही मिलेंगे।

(vi) अभ्यास के लिये प्रत्येक उदाहरण पर आधारित क्रियात्मक प्रश्न दिये गये है। क्रियात्मक प्रश्नों का क्रम वही है जो उदाहरणो का है।

आशा है प्रस्तुत पुस्तक विद्यार्थियो व अध्यापको के लिये अत्यन्त उपयोगी सिद्ध होगी और अभी तक जिन बातो की लागत लेखाकन की पुस्तको मे कमी अनुभव की जा रही थी, वह कमी यह पुस्तक अवश्य दूर कर देगी। वैसे तो इस बात का पूरा ध्यान रखा गया है कि पुस्तक मे त्रुटियाँ व अशुद्धियाँ नही रहे फिर भी यदि कही त्रुटियाँ व अशुद्धियाँ रह जाये तो उसके लिए लेखकगण क्षमाप्रार्थी है। हम उनके आभारी रहेंगे जो महत्वपूर्ण सुझाव देकर पुस्तक को उपयोगी बनाने मे मदद करेंगे।

एच० सी० मेहरोत्रा
209–A, नेहरू नगर, आगरा

अनुक्रमणिका

1
परिचय
(Introduction)

'परिव्यय लेखांकन' (Cost-Accounting), जैसा कि इसके नाम से स्पष्ट है, यह किसी वस्तु सेवा की लागत का व्यवस्थित व वैज्ञानिक विधि से लेखा करने की प्रणाली है जिसके द्वारा न वस्तु या सेवा की लागत का अधिकतम सही अनुमान लगाया जा सके। इसके अन्तर्गत उत्पादित तु या सेवा पर होने वाले व्ययों व उनसे प्राप्त लाभो का लेखा किया जाता है तथा वह आधार त किया जाता है जिन पर विभिन्न व्ययों की गणना की गई है व उनका उप-विभाजन किया ता है एवं उस वस्तु या सेवा की प्रति इकाई लागत व कुल लागत भी ज्ञात की जाती है। इसके न्तर्गत लागत पर नियन्त्रण भी किया जाता है। संक्षेप मे, **'परिव्यय लेखांकन' वह प्रणाली है जिससे वस्तु या सेवा की लागत ज्ञात की जाती है या उस पर नियन्त्रण रखा जाता है।**

यहाँ पर यह स्पष्ट कर देना आवश्यक है कि **'परिव्यय लेखांकन'** (Cost Accounting) **परिव्ययांकन** (Costing) से भिन्न है। **परिव्ययांकन एक प्रक्रिया है जिसके द्वारा लागत का निर्धारण किया जाता है।** परिव्ययांकन (Costing) के अन्तर्गत उन सिद्धान्तों व नियमो का अध्ययन किया जाता है जिनके द्वारा वस्तु या सेवा की लागत की सही गणना सम्भव होती है। दूसरे शब्दों मे, **'वस्तु या सेवा की लागत की गणना विधि ही परिव्ययांकन है।'** इस प्रकार परिव्यय लेखांकन एक व्यापक शब्द है, इसमे परिव्ययाकन भी सम्मिलित है। किन्तु विद्यार्थियो के अध्ययन की दृष्टि से इन दोनों शब्दों का प्रयोग एक ही अर्थ मे किया जा रहा है।

लागत लेखांकन की आवश्यकता

सामान्यतया प्रत्येक व्यापारी अपने समस्त लेन-देनों व व्यवहारो का लेखा करने के लिए वित्तीय लेखा पद्धति (Financial Accounting System) अपनाता है। इस पद्धति के द्वारा वह वर्ष के अन्त मे समस्त व्यवहारो का संक्षिप्त व्यौरा बनाता है और सस्था की लाभ-हानि ज्ञात करता है। व्यापारी या निर्माता दोनो ही इसी पद्धति से अपने समस्त लेन-देनों व व्यवहारो का लेखा करते हैं और संस्था के लाभ-हानि व उसकी वित्तीय स्थिति ज्ञात करते हैं। किन्तु ये वित्तीय लेखे लागत से सम्बन्धित बहुत-सी सूचनाओ को प्रकट नही करते।

इन लेखों से यह भी ज्ञात नही होता है कि लागत क्या होनी चाहिए ? उस पर कैसे नियंत्रण किया जाये तथा उत्तरदायित्व बिन्दु कहाँ है ? वित्तीय लेखो की इन्हीं कमियो को दूर करने के लिये लागत लेखाकन (Cost-Accounting) का प्रयोग दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है।

लागत लेखांकन की आवश्यकता के कारण

1. उत्पादन लागत ज्ञात करना—वित्तीय लेखों से उत्पादन लागत ज्ञात नही की जा
ती है क्योकि वित्तीय लेखो मे समस्त व्ययो व आयो का लेखा किया जाता है। व्ययों मे सभी
ार के व्यय होते हैं—लागत को प्रभावित करने वाले भी और ऐसे व्यय भी, जिनका लागत पर
ाव नही पडता। वित्तीय लेखाकन ऐसे व्ययो मे अतर स्पष्ट नही करता। फलस्वरूप किसी
पाद या सेवा की वास्तविक लागत का अनुमान वित्तीय लेखाकन द्वारा प्रायः असम्भव ही है।
ागत के अनुमान के अभाव मे वस्तु का मूल्य-निर्धारण नही हो सकेगा और सही मूल्य-निर्धारण के
ाव में व्यापार वर्तमान प्रतिस्पर्धा के युग मे नही टिक पायेगा। अतः यह अत्यावश्यक है कि
गत लेखांकन पद्धति अपनाई जाय ताकि उत्पाद या सेवा की सही लागत का ज्ञान प्राप्त हो सके
र उसके आधार पर उचित मूल्य निर्धारित किया जा सके।

2. सामग्री नियंत्रण—वित्तीय लेखाकन सामग्री के आने व उसको विभिन्न विभागो व उप-
भागों मे निर्गमित करने का लेखा करता है। वित्तीय लेखों में सामग्री अपव्यय, चोरी व उसके
पयोग आदि को रोकने व इनकी मात्रा का अनुमान लगाने का कोई प्रावधान नही होता।
लस्वरूप इनकी जानकारी के अभाव में सामग्री पर पूर्ण नियंत्रण नही रह पाता। सामग्री पर
ियन्त्रण न रहने का परिणाम लागत मे वृद्धि होता है। लागत मे वृद्धि व्यापार की हानि को बढाता
। अतः व्यापार को हानि से बचाने के लिए सामग्री नियन्त्रण आवश्यक है जो लागत लेखाकन से
ी सम्भव है।

3. वास्तविक लाभ व हानि ज्ञात करना—वित्तीय लेखे, व्यापार का शुद्ध लाभ या हानि
दर्शित करते हैं। इन लाभ अथवा हानियों को ज्ञात करते समय ऐसे व्ययों को भी हिसाब मे लगा
नया जाता है जिनका उत्पादन से कोई सम्बन्ध नही होता है। अतः कभी-कभी ऐसा भी होता है
क उत्पादन क्रम में अत्यधिक लाभ होते हुए भी वित्तीय लेखे हानि प्रदर्शित करते है या बहुत कम
ाभ प्रदर्शित करते हैं क्योंकि गैर-उत्पादक व्यय (Un-productive Expenses) ज्यादा है। ऐसी
शा में कभी-कभी प्रबन्धक व्यापार बन्द करने का निर्णय भी ले लेते हैं क्योंकि वे यह नहीं समझ
ाते कि संस्था में गैर-उत्पादक व्यय ज्यादा है। लागत लेखांकन पद्धति के अन्तर्गत यह स्थिति
त्पन्न नहीं होती क्योंकि इस पद्धति में लाभ या हानि उत्पादक व्ययो, हानियों व प्राप्तियो को
यान में रखकर पृथक् से ज्ञात किए जाते हैं। अतः यदि लागत लेखे अत्यधिक लाभ प्रदर्शित करते
ैं तथा वित्तीय लेखे कम लाभ अथवा हानि प्रदर्शित करते हैं तो ऐसी दशा मे प्रबन्ध व्यापार बन्द
करने की बजाय गैर-उत्पादक व्ययों पर नियंत्रण रखने की कोशिश करेगा। इस प्रकार लागत
लेखांकन के अन्तर्गत न केवल संस्था के वास्तविक लाभ-हानि ज्ञात किए जाते हैं बल्कि अनुत्पादक
व्ययों पर नियंत्रण भी स्वतः ही हो जाता है।

4. मजदूरी-विवरण ज्ञात करना—वित्तीय लेखे, संस्था की कुल मजदूरी की जानकारी देते
हैं। प्रत्येक विभाग व उपविभाग के लिए कितनी मजदूरी दी गई, उत्पादक व गैर-उत्पादक मजदूरी
कितनी है, आदि की जानकारी लागत लेखों से ही प्रकट होती है।

5. विभागीय क्षमता ज्ञात करना—वित्तीय लेखे संस्था के कुल उत्पादन व कुल कार्यक्षमता
के बारे में ज्ञान देते हैं। प्रत्येक विभाग की उत्पादन क्षमता कितनी है तथा कौन-सा विभाग सक्षम
है या अक्षम, इसका ज्ञान लागत लेखों से ही सम्भव है।

6. टैण्डर मूल्य ज्ञात करना—वित्तीय लेखों से प्राप्त जानकारी के आधार पर टैण्डर मूल्य
ज्ञात नही किया जा सकता क्योंकि टैण्डर मूल्य ज्ञात करने के लिए गतवर्ष की वि[illegible]क लागत
का ज्ञात होना आवश्यक है। ऐसी लागत का अनुमान व गणना केवल लागत लेखों से ही सम्भव
है। अतः उचित टैण्डर मूल्य ज्ञात करने के लिए लागत लेखाकन का होना अति आवश्यक है।

7. सीमान्त लागत बिन्दु (Break-even-Point) **ज्ञात करना**—वित्तीय लेखों से यह ज्ञात नहीं किया जा सकता कि उत्पादन के किस स्तर पर संस्था को कितना लाभ या हानि होगी तथा कितने उत्पादन पर संस्था 'न लाभ न हानि' (No Profit No Loss) की स्थिति में होगी। संस्था के उत्पादन में एक निश्चित प्रतिशत की वृद्धि या कमी करने पर संस्था के लाभों पर क्या परिवर्तन आयेगा ? इसी प्रकार किन्ही विशेष व्ययों या व्यय के बढाने या घटाने पर संस्था के बिक्री मूल्य मे क्या परिवर्तन होना चाहिए ? ऐसी बातों का ज्ञान वित्तीय लेखे नही बल्कि लागत लेखे देते है। घोर मंदी के समय फैक्टरी को विक्रय मूल्य के किस स्तर तक चालू रखा जाय, इसका निर्णय केवल लागत लेखों के विस्तृत विश्लेषण से ही किया जा सकता है।

8. लाभों में परिवर्तन के कारण ज्ञात करना—वित्तीय लेखे लाभों मे परिवर्तन की मात्रा तो बताते हैं किन्तु परिवर्तन किस कारण हुआ यह नहीं बताते। इसकी जानकारी लागत लेखों से ही हो सकती है। लागत लेखों में जब हम लागत का तुलनात्मक विवरण (comparative statement of cost) तैयार करते हैं तो यह स्पष्ट हो जाता है कि गतवर्ष की अपेक्षा इस वर्ष कौन-सा व्यय बढा है तथा कौन से व्यय में कमी हुई है ?

लागत-लेखों का अर्थ व उद्देश्य

उत्पादित वस्तुओं व सेवाओं की कुल लागत या प्रति इकाई लागत ज्ञात करने के उद्देश्य से व्ययो के व्यवस्थित (systematic) एवं वैज्ञानिक (scientific) विभाजन (classification) एवं अनुभाजन (allocation) करने की पद्धति एवं प्रक्रिया ही लागत लेखा कहलाती है। इस प्रकार लागत लेखा-कर्म व्ययों के विभाजन व विश्लेषण से सम्बन्ध रखने वाली वैज्ञानिक पद्धति है। **इसकी परिभाषा विभिन्न विद्वानों ने निम्न प्रकार दी है—**

परिभाषाएँ (Definitions)—

"वस्तुओं और सेवाओं की लागत निर्धारित करने के लिए तथा प्रबन्धको के मार्गदर्शन व उनके नियन्त्रण कार्य में सुविधा हेतु समुचित एवं व्यवस्थित आँकड़े प्रस्तुत करने के लिए व्ययों का वर्गीकरण, आलेखन (recording) एवं समुचित विभाजन ही परिव्ययाकन है। इसमें प्रत्येक कार्य या आदेश, ठेका, विधि, सेवा या इकाई की लागत का निर्धारण सम्मिलित होता है। यह उत्पादन, विक्रय एवं वितरण की लागत भी बताता है।"[1] —एच० जे० ह्वेल्डन

"लागत लेखांकन व्ययों का ऐसा विश्लेषण एवं वर्गीकरण है जिससे उत्पादन की किसी भी विशेष इकाई की कुल लागत शुद्धतापूर्वक ज्ञात हो सके और साथ ही साथ यह भी ज्ञात हो सके कि यह कुल लागत किस प्रकार प्राप्त हुई है।"[2] —डब्ल्यू० डब्ल्यू० बिग

आई० सी० डब्ल्यू० ए० लन्दन ने परिव्यय लेखांकन (Cost Accounting) एवं परिव्ययाकन (Costing) को निम्न प्रकार से परिभाषित किया है—

---

1. "Costing is the classifying, recording and appropriate allocation of expenditure for the determination of the cost of products or services, and for the presentation of suitably arranged data for purposes of control, and guidance of the management. It includes the ascertainment of the cost of every order, job, contract, process, services, or unit as may be appropriate. It deals with the costs of production, selling and distribution."

—**Harold J. Wheldon**

2. "Cost Accounting is the provision of such analysis and classifications of expenditure as will enable the total cost of any particular unit of production to be ascertained with reasonable degree of accuracy, and at the same time to disclose exactly how such total cost is constituted." —**W. W Bigg**

"उस बिन्दु से जिस पर व्यय हुआ है अथवा व्यय हुआ माना गया है, लागत केन्द्रों तथा लागत इकाइयो से अंतिम सम्बन्ध स्थापित करने तक की लागत का लेखा करने की प्रक्रिया को ही **परिव्यय लेखांकन** कहते है। इसके व्यापक प्रयोग मे सांख्यिकी आँकडो का परिकल्पन, लागत नियन्त्रण विधियो का प्रयोग तथा कार्यान्वित एवं नियोजित क्रियाओं की लाभदायकता का निर्धारण भी सम्मिलित होता है।"[1]

"परिव्ययांकन लागत ज्ञात करने की तकनीक एवं प्रक्रिया है।"[2]

परिव्ययांकन के मुख्य उद्देश्य व कार्य
(Main Objects and Functions of Costing)

परिव्ययांकन के प्रमुख उद्देश्य या कार्य निम्नलिखित हैं—

1. लागत निर्धारण (Determination of Costs)—परिव्ययांकन का प्रमुख उद्देश्य उत्पाद या सेवा की लागत का निर्धारण करना होता है। यह लागत प्रति इकाई, प्रति ठेका व प्रति कार्य हो सकती है। कभी-कभी लागत लेखाकक प्रक्रिया लागत (Process Costing) का भी निर्धारण करता है। लागत निर्धारण परिव्ययाकन का प्रमुख उद्देश्य व परिव्ययाकक (Cost Accountant) का प्रमुख कार्य है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु निम्न कार्य करने पड़ते हैं—

(i) समस्त व्ययों का वर्गीकरण व उनका विश्लेषण
(ii) समस्त व्ययों का विभाजन व उप-विभाजन।
(iii) ऐसे व्ययों को अलग कर देना जो लागत के अंग नहीं बन सकते।
(iv) ऐसे व्ययों को ज्ञात करना जो लागत का अंग होने चाहिए, जैसे ह्रास आदि।
(v) लागत प्रमाप निर्धारित करना
(vi) क्षय ज्ञात करना। क्षय सामग्री, श्रम, समय, मशीनरी व औजारों के सम्बन्ध मे हो सकता है।
(vii) तुलनात्मक लागत विवरण तैयार करना ताकि लागत परिवर्तन के कारण ज्ञात हो सकें तथा उन कारणों का विश्लेषणात्मक अध्ययन करना, आदि।

2. विक्रय मूल्य निर्धारित करना (To Determine the Selling Price)—लागत लेखांकन का दूसरा प्रमुख उद्देश्य उत्पादित वस्तु या सेवा का मूल्य निर्धारण है। लागत लेखांकक उत्पाद व सेवा का भिन्न-भिन्न दशाओं मे मूल्य निर्धारित करता है। सामान्यतया विक्रय मूल्य निर्धारित करते समय वस्तु की या सेवा की कुल लागत मे एक उचित लाभ की मात्रा जोड़ दी जाती है। किन्तु किन्ही विशिष्ट परिस्थितियों में मूल्य कुल लागत से कम भी निर्धारित होता है। ऐसी दशा मे मूल्य निर्धारण के लिए लेखाकक स्थाई व अस्थाई व्ययों का गहन अध्ययन करके इनका विश्लेषण करता है और तभी मूल्य निर्धारित करता है।

3. लागत नियन्त्रण (Cost Control)—लागत लेखांकन का तीसरा प्रमुख उद्देश्य लागत पर नियन्त्रण रखना व अकुशलताओं और असावधानियों को रोकना होता है। यदि लागत लेखांकन लागत पर नियन्त्रण नही रख सकता है तो इसका प्रमुख उद्देश्य ही समाप्त हो जायेगा।

---

1. "Cost Accounting is the process of accounting for cost from the point at which expenditure is incurred or committed to the establishment of its ultimate relationship with cost centres and cost units. In its widest usage it embraces the preparation of statistical data, the application of cost control methods and the ascertainment of the profitability of activities carried on or planned." —**I. C. W. A. London.**
2. Costing is the technique and process of ascertaining costs. —**I. C. W. A. London.**

लागत पर नियन्त्रण का आशय है कि वस्तु या सेवा की लागत अकारण ही बढ़ न जाय। इसके लिए लागत लेखाकक निम्न कार्य करता है—

(i) **सामग्री नियन्त्रण**—सामग्री के क्रय व उसके निर्गमन पर प्रभावी नियन्त्रण रखा जाता है। सामग्री के प्रयोग मे सावधानी बरती जाती है ताकि उसमें होने वाली क्षति व चोरी आदि से बचा जा सके।

(ii) **मजदूरी नियन्त्रण**—श्रम की लागत सही रहे इसके लिए श्रम की मानक-लागत (Standard Cost) निर्धारित कर दी जाती है। मानक-लागत की वास्तविक लागत से तुलना की जाती है और अन्तर का विश्लेषणात्मक अध्ययन किया जाता है तथा अन्तर के कारण ज्ञात किए जाते हैं। यदि अन्तर श्रम अकुशलता के कारण होता है तो आवश्यक उपचार किए जाते है। इस प्रकार श्रम की अकुशलता, लापरवाही व क्षति को रोका जा सकता है और सम्पूर्ण लागत पर नियन्त्रण रखा जा सकता है।

(iii) **उपरिव्यय नियन्त्रण**—सामग्री एवं श्रम की भाँति विभिन्न उपरिव्यय (कारखाना, कार्यालय, विक्रय एवं वितरण उपरिव्यय) भी लागत के आवश्यक अग होते हैं। यदि उपरिव्ययो (Overheads) पर उचित नियन्त्रण न रखा जाय तो ये अपेक्षा से अधिक किए जा सकते है। परिणामतया लागत मे वृद्धि की जा सकती है। अत: विभिन्न उपरिव्ययों को कुछ प्रमुख व्ययो से एक निश्चित अनुपात मे बंधित करके उन पर प्रभावी नियन्त्रण रखा जा सकता है।

4. स्कन्ध मूल्यांकन (Inventory Valuation)—लागत लेखाकन उत्पादन मे प्रयुक्त होने वाले कच्चे माल, चालू-कार्य व तैयार माल के अंतिम शेष के मूल्यांकन को सरल बनाता है। लागत लेखाकन ऐसी सूचनायें प्रदान करता है जिससे कच्चे माल के अन्तिम शेष का सही मूल्याकन किया जा सके। इसी प्रकार चालू-कार्य के अंतिम शेष व तैयार माल के अन्तिम शेष की लागत का मूल्याकन लागत लेखांकन स्पष्ट करता है।

5. योजनायें एवं नीति निर्धारण (Planning and Policy Formation)—लागत लेखाकन भविष्य के लिए योजनायें बनाने एवं नीतियाँ निर्धारित करने हेतु उचित सूचनायें प्रदान करता है। लागत लेखांकन का एक प्रमुख उद्देश्य प्रबन्धकों को आयोजन व नीति निर्माण मे मदद प्रदान करना है। उदाहरणार्थ—

(i) **लागत-मात्रा-लाभ सम्बन्ध** (Cost-Volume-Profit Relationship) ज्ञात करना; तथा

(ii) यह ज्ञात करना कि किसी **इकाई को बन्द कर दिया जाय** या उसे हानि पर भी चालू रखा जाय; तथा

(iii) यह निर्णय लेना कि उत्पादक किसी वस्तु के भाग को **बाजार से क्रय करे या स्वयं उत्पादित करे**;

(iv) **वर्तमान मशीनरी की नवीन मशीन** से प्रतिस्थापना की जाय अथवा नही।

लागत लेखांकन के लाभ तथा महत्व
(Advantages and Importance of Cost-Accounting)

लागत ज्ञात करने का प्रमुख उद्देश्य प्रबन्ध को ऐसा आधार प्रदान करना है जिससे वह व्यापार का नियन्त्रण व संचालन अधिक से अधिक कुशलतापूर्वक व क्षमतापूर्वक कर सके। प्रबन्धक

व उत्पादक ही नही बल्कि अन्य वर्ग को भी लागत लेखाकन से अनेको लाभ प्राप्त होते हैं। **लागत लेखांकन का वरदान निम्न को प्राप्त होता है—**

(अ) प्रबन्धक व उत्पादक,
(ब) कर्मचारी,
(स) ऋणदाता एवं विनियोजक,
(द) उपभोक्ता,
(य) राष्ट्र व सरकार।

(अ) प्रबन्धक व उत्पादक को लाभ—लागत लेखांकन प्रबन्धकों व उत्पादको के लिए एक वरदान है, क्योकि इनको इससे निम्न प्रमुख लाभ प्राप्त होते है—

(1) **लागत का ज्ञान**—लागत लेखांकन की मदद से प्रबन्धक व उत्पादक को वस्तु या सेवा की प्रति इकाई व कुल लागत का ज्ञान हो जाता है तथा साथ ही यह भी ज्ञान हो जाता है कि उस लागत मे उत्पादन लागत के विभिन्न तत्व किस सीमा तक सम्मिलित होते है।

(2) **उचित विक्रय मूल्य निर्धारित होना**—लागत का सही ज्ञान होने से कुल लागत मे एक उचित प्रतिशत से लाभ जोड़कर जो विक्रय मूल्य निर्धारण किया जाता है वह प्रतिस्पर्धा के बाजार मे उचित बैठता है—न अत्यधिक, न कम।

(3) **टैण्डर मूल्य ज्ञात करना**—उत्पादको, निर्माणकर्त्ताओं व ठेकेदारों द्वारा समय-समय पर अपने कार्य के लिए टैण्डर या अनुमान तैयार करने पड़ते है। टैण्डर या अनुमान (Estimates) गतवर्ष की लागत के आधार पर तैयार किये जाते हैं। गतवर्ष की लागत, लागत लेखांकन से सही प्राप्त होती है, अतः लागत लेखांकन टैण्डर व अनुमान तैयार करने में सहायक होता है।

(4) **तुलना में सहायक**—दो वर्षों की उत्पादन लागत मे तुलना करना तथा उसमे अन्तर ज्ञात करना एवं अन्तर के कारणों का विश्लेषण करना आदि लागत लेखाकन द्वारा ही सम्भव है।

(5) **लागत नियन्त्रण में सहायक**—लागत लेखाकन से क्षय, अपव्यय व अकुशलता का ज्ञान होता है तथा उसका समाधान भी होता है। लागत लेखांकन न केवल क्षय व अपव्यय का पता लगाता है बल्कि वह यह भी बताता है कि यह क्यो हुआ ? इस प्रकार प्रबन्धक व उत्पादक इन पर नियन्त्रण करके लागत को नियन्त्रित रख सकता है।

(6) **लाभदायक एवं हानिकारक कार्यों का ज्ञान**—लागत लेखांकन की मदद से प्रबन्ध को यह ज्ञात हो जाता है कि किन वस्तुओ व सेवाओ से संस्था को लाभ हो रहा है और किन से हानि। यदि हानिकारक वस्तुओं व सेवाओं का उत्पादन बंद कर दिया जाय तो कुल लाभ मे क्या वृद्धि होगी आदि समस्त बातो की जानकारी भी प्रबन्धक को प्राप्त होती है। ऐसी अपेक्षित जानकारी के आधार पर प्रबन्धक व उत्पादक संस्था के हित में उचित निर्णय ले सकता है।

(7) **लाभ में कमी व वृद्धि के कारण ज्ञात करना**—संस्था मे लाभों मे कमी व वृद्धि के क्या कारण हैं इसकी जानकारी लागत लेखों के गहन अध्ययन से ही स्पष्ट हो सकती है। व्यवसाय के सुगम संचालन के लिए उचित नीति का निर्माण तभी सम्भव है जबकि व्यापार में होने वाले लाभों में कमी या वृद्धि के कारणों की जानकारी हो।

(8) **उत्पादन के साधनों का समुचित एवं सर्वोत्तम उपयोग**—सामग्री, श्रम एवं संयंत्र उत्पादन के प्रमुख साधन हैं। लागत लेखांकन पद्धति में सामग्री के क्रय से लेकर

उसके कार्य-स्थल तक निर्गमन करने के सम्बन्ध में पूर्ण नियन्त्रण रखा जाता है परिणामतया सामग्री का समुचित उपयोग होता है और उसमे होने वाली क्षति, अपव्यय व हानि मे कमी होती है। इसी प्रकार श्रम की मानक-लागत (Standard Labour Cost) निर्धारित करके श्रम पर तथा संयंत्रों के मानक उत्पादन घण्टे (Standard Production Hours) निर्धारित करके सयंत्रो के उपयोग पर नियंत्रण रखा जाता है। इस प्रकार प्रबन्ध इनका सर्वोत्तम उपयोग कर पाने मे सक्षम हो जाता है। इनके सर्वोत्तम उपयोग का आशय है—कम लागत पर उच्च श्रेणी का उत्पादन।

(9) **वित्तीय लेखांकन के परिणामों की जाँच**—वित्तीय लेखाकन मे लाभ-हानि खाता तैयार करके संस्था के लाभ-हानि ज्ञात किए जाते है जबकि लागत लेखांकन मे लाभ-विवरण (Statement of Profit) तैयार करके लाभों की मात्रा ज्ञात की जाती है। दोनो के परिणामों मे अन्तर होने पर 'मिलान विवरण' (Reconciliation Statement) तैयार किया जाता है। इस प्रकार वित्तीय लेखाकन के परिणामों की लागत लेखांकन द्वारा जाँच करली जाती है।

(10) **आयोजन व नीति निर्धारण में सहायक**—प्रत्येक उत्पादक व प्रबन्धक भविष्य के लिए कुछ योजनायें बनाता है तथा उनके कार्यान्विन के लिए नीति निर्धारित करता है। भविष्य में किस वस्तु का उत्पादन बढ़ाना है, किस वस्तु का उत्पादन कम करना है तथा किसका उत्पादन बन्द करना है इसका निर्णय लागत लेखाकन द्वारा प्रदत्त सूचनाओ के आधार पर लिया जाता है। भावी नियोजन व नीति का आधार वर्तमान लागत लेखाकन द्वारा प्रदत्त सूचनायें ही है।

(ब) **कर्मचारी को लाभ**—लागत लेखाकन प्रबन्धको के लिए लाभदायक, कर्मचारियों के लिए उपयोगी तथा ऋणदाता व उपभोक्ताओ के लिए वरदान है। **यह कर्मचारियों के लिए निम्न प्रकार से लाभदायक है—**

(1) लागत लेखांकन पद्धति श्रमिको का शोषण करना नही सिखाती बल्कि उनका कुशलतापूर्वक उपयोग कैसे किया जाय यह सिखाती है। इस पद्धति के प्रभावी होने पर ही श्रमिकों को उनकी योग्यतानुसार पारिश्रमिक मिलता है।

(2) श्रम-लागत मानक निर्धारित होने के कारण अकुशल श्रमिक अपनी कुशलता बढ़ाकर अपनी आय वृद्धि करने मे सक्षम होते हैं।

(3) लागत लेखांकन पद्धति मे श्रमिको को उनके कार्य का वास्तविक पारिश्रमिक मिलता है अतः उनमे कार्य करने की प्रेरणा बनी रहती है। परिणामतया अधिक कुशल व मेहनती श्रमिक अकुशल व आलसी श्रमिको की अपेक्षा अधिक मजदूरी प्राप्त करते है।

(स) **ऋणदाता एव विनियोजक**—ऋणदाता एवं विनियोजक के लिए लागत लेखांकन एक वरदान है क्योंकि जिन संस्थाओं मे लागत लेखाकन पद्धति का प्रयोग होता है उनमे लागत नियन्त्रण स्वत ही हो जाता है। फलस्वरूप उन संस्थाओं की लाभदायकता अच्छी होती है। अच्छी लाभदायक संस्था की वित्तीय स्थिति सुदृढ रहती है और यही ऋणदाता एवं विनियोजक चाहता है।

(द) **उपभोक्ताओं को लाभ**—लागत लेखाकन उत्पादन लागत पर नियन्त्रण रखता है, तथा उत्पादन के साधनो का सर्वोत्तम प्रयोग करवाता है। परिणामस्वरूप वस्तु या सेवा की उत्पादन

लागत कम आती है। फलस्वरूप विक्रय मूल्य कम रहता है। अत: उपभोक्ता अच्छी किस्म की वस्तु या सेवा अपेक्षाकृत सस्ती कीमत पर प्राप्त कर लेते हैं।

(य) राष्ट्र व सरकार को लाभ—वर्तमान युग नियोजन का युग है। प्रत्येक देश की सरकार अपने देश का आर्थिक विकास करने के लिए योजनाये बनाती है। योजनाओं के लिए प्रत्येक उद्योग के लागत-व्यय के आँकडे एकत्रित किए जाते है। इन आँकड़ो के आधार पर ही सरकार यह निर्णय लेती है कि किस उद्योग को बढ़ावा दिया जाय तथा किसको आर्थिक सहायता। इसके अलावा सरकार अपनी विभिन्न परियोजनाओं की लागत व उनके परिणामों का अनुमान इसी पद्धति के आधार पर लगाती है। सरकार प्रत्येक विभाग के लिए बजट तैयार करती है तथा 'बजेटरी नियन्त्रण' द्वारा इन पर नियन्त्रण भी रखती है। इसी प्रकार 'प्रमापित लागत पद्धति' से विकास योजनाओं पर होने वाले व्ययो को नियन्त्रित किया जाता है।

लागत एवं वित्तीय लेखांकन—एक तुलनात्मक अध्ययन
(Cost and Financial Accounting—A Comparative Study)

"सामान्य व्यापारिक खाता बहुमूल्य सूचनाओं का ताला लगा हुआ भण्डारगृह है जिसकी कुंजी लागत लेखांकन है।"[1] श्री एल० डब्ल्यू० हाकिंस के ये शब्द यह स्पष्ट करते हैं कि वित्तीय लेखांकन परम्परागत तरीके से व्यापार की समस्त सूचनाओं का लेखा-जोखा करने की एक प्रणाली है जबकि लागत-लेखाकन केवल उत्पाद या सेवा की लागत से सम्बन्धित सूचनाओं का ही लेखा-जोखा करने की पद्धति है। वास्तव मे वित्तीय लेखाकन पद्धति एक व्यापक पद्धति है जिसमें से लागत से सम्बन्धित सूचनाएँ ज्ञात करके उनको लागत लेखांकन पद्धति के आधार पर पुनः व्यवस्थित किया जाता है। वैसे इन दोनों में निम्न समानतायें और असमानतायें पाई जाती हैं—

समानतायें

(1) दोनों ही पद्धतियों में दोहरा लेखा प्रणाली (Double Entry System) के आधार पर लेखे किए जाते है।

(2) दोनों ही पद्धतियों में लेखो के लिए आधार-पत्र एक ही होते हैं। जिन बीजको, प्रमाण-पत्रों, प्रपत्रों व सूचनाओं के आधार पर वित्तीय लेखो में प्रविष्टियाँ की जाती हैं उन्हीं के आधार पर लागत लेखांकन के लेखे भी किये जाते हैं।

(3) दोनों ही पद्धतियाँ व्यापार के लाभ-हानि की गणना करती हैं।

(4) दोनों ही पद्धतियो मे प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष व्ययों का लेखा रखा जाता है।

(5) दोनों के परिणामों का मिलान करने पर एक-दूसरे की त्रुटियाँ या अशुद्धियाँ ठीक हो जाती हैं।

(6) दोनों ही के आधार पर भावी नीतियों का निर्माण किया जाता है।

लागत एवं वित्तीय लेखों में असमानतायें

यद्यपि लागत लेखे एवं वित्तीय लेखे एक ही आधार पर तैयार किए जाते है फिर भी इनमें कुछ आधारभूत अन्तर विद्यमान है। आधारभूत अन्तरो के कारण ही वित्तीय लेखों व लागत लेखों को अलग-अलग महत्व दिया जाता है। वैसे सच तो यह है कि आधारभूत अन्तरों के होते हुए भी ये दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। इनमे निम्न असमानतायें पायी जाती हैं—

(1) वित्तीय लेखो मे संस्था के सभी आयगत (Revenue) एवं व्ययगत (Expenditure) मदों का लेखा-जोखा रखा जाता है जबकि लागत लेखों में केवल उन मदों (आयगत व व्ययगत) का ही लेखा किया जाता है जो वस्तु या सेवा की लागत को प्रभावित करते है ।, उदाहरणार्थ, ऋण-पत्रों पर ब्याज का लेखा वित्तीय लेखों में किया जायगा किन्तु लागत लेखों मे नही । जबकि मजदूरी भुगतान का लेखा वित्तीय व लागत दोनो लेखों मे किया जायेगा ।

(2) वित्तीय लेखों के अन्तर्गत संस्था के लाभ-हानि वर्ष के अन्त में, जब लाभ-हानि खाता तैयार होता है, ही ज्ञात किए जा सकते हैं जबकि लागत लेखों मे प्रत्येक समय पर लाभ-हानि की गणना की जा सकती है ।

(3) वित्तीय लेखो मे संस्था की सम्पूर्ण लाभ या हानि ही ज्ञात की जा सकती है प्रत्येक वस्तु या सेवा का अलग-अलग लाभ या हानि वित्तीय लेखे प्रदर्शित नही करते । जबकि लागत लेखो के द्वारा प्रत्येक वस्तु या सेवा का लाभ या हानि अलग-अलग ज्ञात किया जा सकता हैं ।

(4) वित्तीय लेखो मे वास्तविक व्ययो (Real Expenditures) का लेखा किया जाता है जबकि लागत लेखों मे अनुमानित व्ययों (Estimated Expenditures) का लेखा किया जाता है । सामान्यतया अप्रत्यक्ष व्ययो का लेखा लागत लेखों मे केवल अनुमान के आधार पर ही किया जाता है क्योंकि लागत लेखे प्रारम्भ में ही तैयार किये जाते है और उस समय तक अप्रत्यक्ष व्यय हो नही चुके होते हैं । अतः इन व्ययो का लेखा गत लागत-पत्र (Cost-Sheet) के अप्रत्यक्ष व्ययों के आधार पर अनुमान लगाकर किया जाता है । वित्तीय लेखों मे व्ययों का लेखा तभी किया जाता है जबकि व्यय वास्तव मे हो जाता है ।

(5) वित्तीय लेखों द्वारा वस्तु या सेवा का विक्रय मूल्य निर्धारित नहीं किया जा सकता जबकि लागत लेखे वस्तु या सेवा का विक्रय मूल्य निर्धारित करते है । यही कारण है कि लागत लेखे प्रारम्भ मे ही तैयार किये जाते हैं । जिस समय लागत लेखे तैयार किए जाते हैं उस समय तक संस्था के अधिकांश व्यय नहीं हुए होते हैं । इनका अनुमान लगाया जाता है और लागत के साथ जोड़ा जाता है इसीलिए लागत लेखो मे अनुमानित व्यय सम्मिलित होते है । किन्तु समस्त प्रत्यक्ष व्यय जैसे प्रत्यक्ष सामग्री, प्रत्यक्ष श्रम व अन्य प्रत्यक्ष व्यय लागत लेखों मे भी वास्तविक होते है । किन्तु अप्रत्यक्ष सामग्री, श्रम व व्ययों की अनुमानित राशि ही लागत लेखो मे सम्मिलित की जाती है ।

(6) वित्तीय लेखों द्वारा लागत पर नियन्त्रण सम्भव नही है । इनके द्वारा रोकड नियन्त्रण और अधिक से अधिक सामग्री नियन्त्रण रखा जा सकता है । किन्तु लागत लेखा सामग्री, श्रम व व्ययों पर नियन्त्रण रखता है परिणामतया लागत लेखों से लागत पर नियन्त्रण अति प्रभावी ढंग से रखा जा सकता है ।

(7) वित्तीय लेखो द्वारा प्रबन्धक कुछ महत्वपूर्ण निर्णय—जैसे किसी वस्तु का उत्पादन किस सीमा तक किया जाय ? किसी वस्तु विशेष का उत्पादन कब बन्द कर दिया जाय ? किसी वस्तु के निर्माण के लिये आवश्यक कोई भाग (वस्तु) उत्पादित की जाय या बाहर से क्रय की जाय ; किसी विशेष मात्रा के आदेश को स्वीकार किया जाय अथवा नही तथा किया जाय तो कम से कम किस मूल्य पर आदि—नहीं

लिए जा सकते । जबकि लागत लेखे प्रबन्धक को उक्त विषयों पर महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए ठोस आधार प्रस्तुत करते है ।

(8) वित्तीय लेखे प्रत्येक प्रकार की संस्था मे अनिवार्य रूप से रखे जाते है जबकि लागत लेखे केवल उन संस्थाओं मे रखे जाते है जहाँ वस्तु का उत्पादन या निर्माण होता है या कोई सेवा प्रदान की जाती है या ठेके आदि लिए जाते है ।

(9) वित्तीय लेखे संस्था का कर-दायित्व निर्धारित करने के लिए महत्वपूर्ण आधार प्रस्तुत करते है जबकि लागत लेखे संस्था की लाभार्जन शक्ति मापने के लिए महत्वपूर्ण आधार प्रस्तुत करते हैं ।

(10) वित्तीय लेखे संस्था की वित्तीय-योजना बनाने मे सहायक होते है जबकि लागत लेखे प्रबन्धकों की उत्पादन-नीति के निर्माण मे सहायक होते है ।

(11) वित्तीय लेखे तैयार करना एक वैधानिक अनिवार्यता होती है जबकि लागत लेखे तैयार करना संस्थागत आवश्यकता । वित्तीय लेखे तैयार नही किए जाने पर संस्था के प्रति बाहरी व्यक्तियों मे अविश्वास उत्पन्न हो सकता है जबकि लागत लेखे तैयार नही करने पर संस्था के स्वामी या प्रबन्धक का ही अपनी संस्था के प्रति दृढ़ विश्वास नही रहता । इसीलिए कहा गया है कि जो संस्था लागत लेखे तैयार नहीं करती है वह एक अन्धे व्यक्ति की भाँति है जो भगवान के भरोसे चला जा रहा है ।

एक आदर्श लागत-लेखांकन पद्धति की विशेषताएँ
(Characteristics of an Ideal System of Cost Accounting)

एक अदर्श लागत लेखा पद्धति वह होती है जो संस्था के आकार-प्रकार को देखते हुए उसके उद्देश्यो व आवश्यकताओं को पूरा कर सके । हम कोई एक ऐसी आकृति (Model) तैयार करके नही दे सकते जिसे आदर्श लागत-लेखा पद्धति की संज्ञा दी जा सके । एक आदर्श लागत लेखा पद्धति निम्न गुणों व विशेषताओं से युक्त होनी चाहिए—

(1) सरलता—जटिल लागत लेखा पद्धति को प्रत्येक संस्था में नही अपनाया जा सकेगा अतः लागत लेखा पद्धति ऐसी हो जो सरल हो और जनसाधारण को बोधगम्य हो ।

(2) व्यवसाय के उद्देश्य के अनुरूप—जैसा व्यवसाय वैसी ही लागत लेखाकन पद्धति हो । वृहत् व्यवसाय मे वृहत् लागत लेखाकन पद्धति ही उसके उद्देश्यों की पूर्ति कर सकेगी । यदि लघु व्यवसाय मे वृहत लागत पद्धति अपनाई जाती है तो यह व्यवसाय इसका भार वहन नही कर सकेगा । इसी प्रकार यदि वृहत व्यवसाय मे लघु लागत लेखाकन पद्धति अपनाई जाय तो यह व्यवसाय के उद्देश्यों की पूर्ति नही कर सकेगी । अतः लागत लेखांकन पद्धति व्यापार के उद्देश्य, प्रकृति, आकार व आवश्यकता के अनुरूप ही होनी चाहिए ।

(3) परिवर्तनशील—लागत लेखांकन पद्धति ऐसी हो जो व्यापार की आवश्यकता के अनुरूप परिवर्तित की जा सके । व्यापार मे वृद्धि होने की दशा मे पद्धति को बढ़ाया जा सके तथा व्यापार मे कमी होने की दशा मे पद्धति को घटाया जा सके । लचीले स्वभाव वाली लागत-लेखांकन पद्धति ही व्यापार के लिए आदर्श पद्धति हो सकती है ।

(4) मितव्ययिता—लागत लेखांकन पद्धति अधिक व्ययी न हो । दूसरे शब्दो मे, लागत लेखा पद्धति ऐसी हो जो व्यवसाय पर उसकी स्थिति के अनुरूप ही व्यय-भार डाले ।

(5) तुलनात्मकता—लागत लेखा पद्धति ऐसी हो जिसमे इसके चालू वर्ष की सूचनाओ की तुलना गत वर्ष की सूचनाओं से आसानी से की जा सके ।

(6) **व्ययों का उचित वर्गीकरण एवं विश्लेषण**—एक आदर्श लागत लेखा पद्धति के लिए यह आवश्यक है कि वह समस्त व्ययों के वर्गीकरण के लिए एक ठोस व तार्किक आधार प्रस्तुत करे। व्ययों को प्रत्येक्ष एवं अप्रत्यक्ष मे बाँटना तथा अप्रत्यक्ष व्ययो को विभिन्न मदों मे बाँटना आदि सबके एक-एक उचित व तार्किक आधार होना चाहिए। इसी प्रकार इनके विश्लेषण के लिए भी उचित सिद्धान्त प्रतिपादित किए जाने चाहिए। उचित वर्गीकरण एवं विश्लेषण की विशेषता से युक्त पद्धति ही आदर्श लेखांकन पद्धति मानी जा सकती है।

(7) **कार्य-विभाजन व दायित्व निर्धारण**—एक आदर्श लागत लेखा पद्धति वह है जिसमे कर्मचारियों मे उत्पादन कार्य इस प्रकार विभाजित किया जाय जिससे कि प्रत्येक का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जा सके। उत्तरदायित्व निर्धारित होने पर उत्पादन कार्य अच्छे गुण का होता है।

(8) **कार्यक्षमता व लागत पर नियंत्रण**—लागत लेखा पद्धति ऐसी हो जो सभी श्रमिकों की कार्यक्षमता पर नियंत्रण रख सके। कार्यक्षमता पर नियंत्रण रखने से लागत पर नियंत्रण स्वत: ही हो जायेगा।

(9) **शीघ्र सूचना प्रदान करने की क्षमता**—लागत लेखा प्रणाली ऐसी हो जो न केवल कार्य समाप्ति पर बल्कि कार्य की अपूर्ण अवस्था मे भी लागत-व्यय से सम्बन्धित सभी सूचनाएँ शीघ्रताशीघ्र प्रदान कर सके। इस प्रकार की सूचनाओ के अभाव मे टेण्डर भरना सम्भव न हो सकेगा।

(10) **वित्तीय लेखांकन से मिलान**—लागत लेखा प्रणाली ऐसी होनी चाहिए कि इसके परिणामों का वित्तीय लेखो के परिणामों से मिलान किया जा सके तथा अंतर के कारण ज्ञात किए जा सकें।

लागत-लेखांकन की पद्धतियाँ
(Methods or Systems of Cost Accounting)

किसी वस्तु, सेवा, कार्य, उपक्रय या ठेके आदि की लागत ज्ञात करने के सिद्धान्त एक जैसे ही है और प्रत्येक व्यवसाय मे प्रयुक्त होने वाली कोई भी लागत पद्धति इन्ही सिद्धान्तो के आधार पर कार्य करती है। किन्तु व्यवसाय की प्रकृति, उसका आकार, उसकी आवश्यकता तथा उसकी विशिष्ट स्थिति आदि के कारण लागत लेखांकन पद्धतियों मे विभिन्नता पाई जाती है। स्मरण रहे कि पद्धतियों की विभिन्नता का आशय सिद्धान्तो की विभिन्नता नही है बल्कि सिद्धान्तों को प्रयोग मे लाने की विभिन्नता है। अत. लागत लेखांकन पद्धतियो मे विभिन्नता होते हुए भी उनमे सिद्धान्तो की समानता है यही कारण है कि किसी वस्तु या सेवा की लागत किसी भी पद्धति से गणित की जाय परिणाम (लागत) एक ही आते हैं। **भिन्न-भिन्न व्यवसायों मे काम आने वाली विभिन्न लागत पद्धतियाँ निम्न हैं—**

1. **इकाई अथवा उत्पादन लागत पद्धति** (Unit or Output Costing Method)—इकाई या उत्पादन लागत पद्धति उन संस्थानों या उद्योगो मे अपनाई जाती है जहाँ—

(अ) उत्पादन या निर्माण कार्य निरन्तर चलता रहता है; तथा

(ब) निर्मित या उत्पादित समस्त इकाइयाँ एकसी होती हैं।

संक्षेप मे, जिस संस्था मे एक से प्रमाप की वस्तुएँ उत्पादित की जाती हैं वहाँ पर यह पद्धति लाभकारी व उपयोगी होती है। सामान्यतया निम्न संस्थानो मे यह पद्धति अपनाई जाती है—

(i) ईंटों के निर्माण की लागत ज्ञात करने मे ;

(ii) कोयले व पत्थर की खानों में ;

(iii) सीमेन्ट, कागज, आटा व कपड़ा मिलों मे ;

(iv) दुग्ध उत्पादन संस्थानों मे ;

इस विधि के द्वारा प्रति इकाई—जैसे प्रति टन, प्रति लीटर, प्रति मीटर आदि—लागत अथवा कुल लागत दोनों ही ज्ञात की जाती है। इस विधि को एकाकी लागत पद्धति (Single Costing) भी कहते हैं।

2. **ठेका-लागत या उपकार्य-लागत पद्धति** (Contract or Job Costing)—ठेकेदार या वे उत्पादक जो प्राप्त आदेश (Order) के आधार पर ही कार्य करते है, लागत की इसी पद्धति को अपनाते हैं। जब कोई ठेकेदार किसी कार्य का एक ठेका प्राप्त करता है, जैसे—बाँध-निर्माण, भवन-निर्माण व अन्य तकनीकी कार्य, तो वह अपने इस ठेके की कुल लागत व इससे प्राप्त लाभों को ज्ञात करने के लिए यही विधि अपनाता है। इसी प्रकार जब कोई उत्पादक किसी एक बड़े कार्य का आदेश प्राप्त करता है, जैसे—मुद्रण या जहाज निर्माण तो उसे उस सम्पूर्ण कार्य की लागत अलग से ज्ञात करना आवश्यक होता है। इसके लिए वह इसी पद्धति को अपनाता है। संक्षेप मे, **जहाँ कार्य एक, बड़ा एवं सम्पूर्ण होता है वहाँ पर लागत की यही पद्धति उपयुक्त मानी जाती है।** इस विधि के अन्तर्गत उत्पादन लागत या ठेके व कार्य का लाभ ज्ञात करने के लिए प्रत्येक ठेके व प्रत्येक कार्य के लिए अलग-अलग खाता खोल दिया जाता है जिसमे उस ठेके व कार्य से सम्बन्धित सभी व्ययो का लेखा होता है। स्मरण रहे कि यह पद्धति उपकार्य के लिए तभी उपयुक्त है जबकि प्रत्येक उपकार्य एक-दूसरे से भिन्न प्रकृति का है तथा वह विशिष्ट आदेश पर किया जा रहा है। यह पद्धति निम्न के लिए अधिक उपयुक्त है—

(i) ठेकेदार ;
(ii) भवन निर्माण संस्थायें ;
(iii) जहाज निर्माणकर्ता ;
(iv) मुद्रक ;
(v) फिल्म स्टूडिओ।

इस पद्धति के अन्तर्गत प्रति ठेका, प्रति कार्य अथवा प्रति उपकार्य (Job) लागत ज्ञात की जाती है।

3. **प्रक्रिया लागत पद्धति** (Process Costing)—जब कोई वस्तु अपने निर्माण या उत्पादन की अन्तिम अवस्था तक पहुँचने मे अनेक प्रक्रियाओं से गुजरती है और प्रत्येक प्रक्रिया (Process) अपने आप में पूर्ण एवं अन्य प्रक्रियाओं से पूर्णतया भिन्न होती है, तो ऐसी वस्तु की उत्पादन लागत प्रक्रियानुसार (Process-wise) ज्ञात करते है। अर्थात् प्रत्येक प्रक्रिया की लागत अलग-अलग ज्ञात की जाती है और अंतिम प्रक्रिया की कुल लागत ही वस्तु की कुल लागत होती है। इस पद्धति से वस्तु की उत्पादन लागत ज्ञात करने के लिए वस्तु पर होने वाले समस्त व्ययो को प्रक्रियानुसार छाँट लेते है तथा प्रत्येक प्रक्रिया का एक अलग खाता खोलकर प्रत्येक के व्यय उसमे लिख देते हैं। इस प्रकार प्रत्येक प्रक्रिया की लागत ज्ञात करली जाती है। प्रक्रिया लागत ज्ञात करते समय प्रत्येक प्रक्रिया का क्षय व उसमे भार में कमी अथवा क्षति (Loss in weight or wastage) को भी ध्यान में रखा जाता है। इसमे एक प्रक्रिया का उत्पादन दूसरी प्रक्रिया के लिए कच्चा माल होता है। यह पद्धति निम्न उद्योगों के लिए उपयुक्त है—

(i) रासायनिक पदार्थ निर्माण ;
(ii) वस्त्र निर्माण ;
(iii) वनस्पति घी, तेल ;
(iv) साबुन, रंग व वार्निश ,
(v) चीनी व खाद्य पदार्थ।

4. **समूह लागत पद्धति** (Batch Costing)—यह पद्धति उस समय अपनाई जाती है जबकि विभिन्न आदेशो, कार्यों या उपकार्यों को उत्पादन की सहूलियत के लिए विभिन्न समूहो (Batches) में विभक्त कर दिया जाता है। इस प्रकार से प्रत्येक समूह द्वारा किए गये सम्पूर्ण उत्पादन के लिए अलग से लागत ज्ञात कर ली जाती है और उसी के आधार पर प्रति इकाई लागत ज्ञात करली जाती है। यह पद्धति **निम्न संस्थानों में प्रयुक्त होती है**—

(i) बिस्कुट व मिठाई बनाने वाला सस्थान (Confectioners),
(ii) औषधियों का निर्माण करने वाला संस्थान (Pharmaceuticals).

5. **बहुसंख्यक लागत पद्धति** (Multiple or Composite Costing)—कुछ कार्य ऐसे होते है जिन्हें पूरा करने के लिए अनेक वस्तुओ का निर्माण करना पडता है और उन सब निर्मित वस्तुओ को संकलित करके ही मुख्य वस्तु तैयार होती है, जैसे—स्कूटर निर्माण। ऐसी मुख्य वस्तु के निर्माण के लिए जिन विभिन्न वस्तुओ का सकलन किया जाता है वें अपने आप मे स्वयं एक वस्तु होती है जिनकी उत्पादन लागत एक अलग पद्धति से ज्ञात की जाती है। उन सब विभिन्न वस्तुओ की उत्पादन लागत अलग-अलग पद्धतियो से ज्ञात करते है। मुख्य वस्तु की उत्पादन लागत ज्ञात करने के लिए इन विभिन्न वस्तुओ की उत्पादन लागत को एक साथ जोड़ देते है तथा संकलित करने के व्यय व अन्य उपरिव्यय को भी जोड देते है तभी मुख्य वस्तु की लागत ज्ञात हो पाती है। इस प्रकार मुख्य वस्तु की लागत ज्ञात करने के लिए एक अलग पद्धति तथा उसकी सहायक वस्तुओ के लिए अलग-अलग पद्धतियाँ अपनाई जाती है। इसीलिए ऐसे उद्योगो मे प्रचलित लागत पद्धति को बहु-संख्यक लागत पद्धति कहा जाता है। यह **पद्धति निम्न उद्योगों में उपयोगी है**—

(i) साइकिल निर्माण,
(ii) मोटरकार निर्माण,
(iii) इंजन निर्माण,
(iv) टाइपराइटर, रेडियो, पंखा, सिलाई की मशीन,
(v) घड़ी व स्कूटर व अन्य वृहत मशीनें, आदि।

6. **परिचालन लागत पद्धति** (Operating Costing Method)—सेवाएँ प्रदान करने वाली संस्थाएँ प्रदत्त सेवा की लागत इस पद्धति के द्वारा ज्ञात करते है। इसीलिए इस पद्धति को **'सेवा लागत पद्धति'** (Service Costing Method) भी कहते हैं। यह पद्धति **निम्न में प्रयुक्त** होती है—

(i) यातायात सेवा प्रदान करने वाले संस्थान, जैसे रेलवे, बस, ट्रान्सपोर्ट, ट्राम्बे, टैक्सी आदि।
(ii) आवश्यक सेवा प्रदान करने वाले संस्थान—पानी, बिजली व गैस।

इन संस्थानो मे उत्पादन इकाई भिन्न-भिन्न होती है जैसे रेलवे के लिए प्रति टन किलोमीटर या प्रति यात्री किलोमीटर; पानी के लिए प्रति गैलन, बिजली के लिए प्रति यूनिट आदि।

7. **विभागीय लागत पद्धति** (Departmental Costing Method)—जब प्रमापित वस्तुओ का उत्पादन विभिन्न विभागो मे किया जाता है तो वस्तुओं की उत्पादन लागत प्रत्येक विभाग की अलग ज्ञात की जाती है। इसके लिए समस्त विभागो के सम्मिलित व्ययों को एक उचित आधार पर प्रत्येक विभाग पर अलग-अलग बाँट दिया जाता है, विभिन्न विभागों की अलग-अलग लागत ज्ञात करके उनका तुलनात्मक अध्ययन किया जाता है।

8 **सीमान्त लागत पद्धति** (Marginal Costing Method)—इस पद्धति के अन्तर्गत वस्तु की सीमान्त लागत (Marginal Cost) ज्ञात करते हैं। सीमान्त लागत के अन्तर्गत केवल

वे व्यय जोड़े जाते है जो कि उत्पादन कार्य के लिए करने पड़ते है। जो व्यय करने नहीं पड़ते बल्कि हो गये मान लिए जाते है, जैसे स्थिर व्यय (Fixed Expenses) उनको लागत में नहीं जोड़ते। संक्षेप मे, समस्त परिवर्तनशील व्ययों (Variable Expenses) के आधार पर ज्ञात की गई लागत सीमान्त लागत कहलाती है। सीमान्त लागत पद्धति से लागत ज्ञात करने के लिए स्थाई उपरिव्यय (Fixed Overheads) को सम्मिलित नही करते। जब उत्पादन की इकाइयों में अस्थिरता रहती है तो यही पद्धति अपनाना उचित होता है।

9. प्रमाप लागत पद्धति (Standard Costing Method)—वैसे यह लागत की कोई अलग पद्धति नही है। यह तो लागत ज्ञात करने की ऐसी विधि है जिसके द्वारा लागत ज्ञात होने के साथ-साथ लागत पर नियन्त्रण भी रखा जा सकता है। इस पद्धति के अन्तर्गत पुराने लेखो द्वारा प्रदत्त सूचनाओ एवं भावी सम्भावनाओ (Ideal Cost in Normal Conditions) के आधार पर वस्तु की एक प्रमाप लागत (Standard Cost) ज्ञात कर लेते है। प्रमाप लागत ज्ञात करते समय सामग्री, श्रम व अन्य व्ययों की एक सम्भावित लागत मान लेते हैं। उत्पादन कार्य सम्पन्न होते समय जब वास्तविक व्यय होता है तो उन वास्तविक व्ययों व लागत की तुलना प्रमापित व्ययो व प्रमापित लागत से करते हैं और वास्तविक व प्रमापित व्ययों व लागत का अन्तर ज्ञात करते हैं। इस अन्तर के कारण ज्ञात किए जाते हैं और यदि अन्तर अनुकूल है तो अन्तर के लिए कुशल कर्मचारियों को पुरष्कार दिया जाता है तथा यदि अन्तर प्रतिकूल है तो दोषी कर्मचारियों को दण्ड।

10. समान लागत पद्धति (Uniform Costing)—जब अनेक संस्थाएँ उत्पादन लागत ज्ञात करने के लिए एकसी लागत पद्धति अपनाती हैं तो उसे समान लागत पद्धति कहते हैं। इस प्रकार की लागत पद्धति दो प्रकार की संस्थाएँ अपनाती हैं—

(अ) ऐसी संस्था जिसकी अनेक फैक्ट्री व उत्पादनगृह हैं। ऐसी संस्था अपनी प्रत्येक यूनिट में एकसी लागत पद्धति अपनाती है।

(ब) ऐसी संस्थाएँ जो एकसा व्यापार व उत्पादन करती हैं तथा जो किसी एक व्यापारिक संघ की सदस्य है जिनका उद्देश्य सम्पूर्ण उद्योग के लिए एक सामान्य कीमत निर्धारित करना है। अतः सभी सदस्य संस्थानों की लागत में तुलनात्मक अध्ययन करने के ध्येय से यह आवश्यक है कि इनकी लागत पद्धति समान हो।

लागत की इकाई
(Unit of Cost)

उत्पादन की वह मात्रा जिस पर लागत व कीमत का बँटवारा अत्यन्त सुविधाजनक हो सकता है, उत्पादन की इकाई कहलाती है। लागत लेखे तैयार करते समय एक इकाई का निर्धारण करना अति आवश्यक होता है। लागत की कुछ इकाइयों के निम्न उदाहरण हैं—

(i)	ठेकेदारी	प्रति ठेका
(ii)	कोयले व पत्थर की खान	प्रति टन कोयला या पत्थर
(iii)	चीनी मिल	प्रति क्विंटल चीनी
(iv)	ईंट भट्टा	प्रति हजार ईंटें
(v)	वस्त्र कारखाने	
	(अ) सूत	प्रति किलो सूत
	(ब) वस्त्र	प्रति मीटर कपड़ा
(vi)	लोहा व इस्पात	प्रति टन

(vii) आटा मिल	प्रति क्विटल आटा, मैदा या सूजी
(viii) कागज मिल	प्रति किलो कागज
(ix) होटल	प्रति मेहमान प्रति रात्रि
(x) गैस कम्पनियाँ	प्रति घन फुट
(xi) पानी कम्पनियाँ	प्रति 1,000 लीटर
(xii) यातायात कम्पनियाँ	(अ) प्रति यात्री कि० मी० (ब) प्रति क्विटल कि० मी०

QUESTIONS

1. लागत लेखे से आप क्या समझते हो ? एक उत्पादक को इसकी क्या उपयोगिता है ? लेखे से प्राप्त लाभो का वर्णन कीजिए ।
   What is Cost-Accounting ? What is its utility to a manufacturer ? Explain the advantages of costing.
2. लागत-लेखांकन प्रणाली की स्थापना के क्या उद्देश्य हैं ? स्पष्ट कीजिए ।
   What are the objects of Instituting a system of Cost-Accounting ? Explain.
3. लागत लेखे के उद्देश्यों एवं लाभों को संक्षेप मे समझाइए ।
   Explain briefly the objects and advantages of costing.
4. लागत लेखाकन (अ) कार्यक्षमता नियंत्रण में, (ब) वस्तु के मूल्य निर्धारण में, तथा (स) परिचालन नीति के निर्माण के लिए आधार प्रस्तुत करने मे मदद करता है । कारण सहित व्याख्या कीजिए ।
   Cost Accounting assits (a) in controlling efficiency, (b) in pricing products, (c) in providing a basis for operating policy. Elucidate with reasons.
5. एक आदर्श लागत-लेखा पद्धति की विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।
   Discuss the characteristics of an Ideal System of Cost Accounting.
6. निम्न उद्योगो मे कार्यरत फर्में लागत की कौन-सी पद्धति अपनायेंगी :
   (i) वायुयान के उत्पादन मे ;
   (ii) वायु परिवहन मे ,
   (iii) सडक निर्माण मे ;
   (iv) उर्वरक में ।
   प्रत्येक उद्योग की उपयुक्त लागत इकाई भी बताइए ।
   What methods of costing will firms use in undermentioned industries—
   (i) Production of aeroplanes,
   (ii) Air Transport,
   (iii) Road construction,
   (iv) Fertilizers.
   State the unit of cost suitable for each Industry.
7. प्रबन्धकों व कर्मचारियों के लिए लागत-लेखांकन के लाभों की व्याख्या कीजिए ।
   Discuss the advantages of Cost Accounting to the management and employees.

8. लागत लेखे वित्तीय लेखो से किन-किन बातों मे भिन्न है ? लागत लेखे किस प्रकार लागत को नियंत्रित करने मे सहायता देते है ?

In what essential respects is Cost Accounting different from financial accounting ? How does Cost-Accounting helps in controlling costs ?

9. लागत लेखे की विभिन्न पद्धतियों का संक्षेप मे वर्णन कीजिए और उन विशेष निर्माताओं और उद्योगो का उल्लेख कीजिए जिनमे इनका उपयोग किया जाता है।

Describe the different methods of costing and state the particular manufacturers and industries to which they are applied.

10. "एक लागत लेखांकन प्रणाली जो कि विक्रय मूल्य निर्धारण हेतु केवल लागत का लेखा रखती है अपने उद्देश्य का केवल एक ही भाग प्राप्त कर पाती है।" समझाइए।

A Cost-keeping system that simply records cost for the purpose of fixing sale price has accomplished only a small part of its mission." Discuss

[Hint—प्रस्तुत प्रश्न लागत लेखांकन के अनेक उद्देश्यों से सम्बन्धित हैं। लागत लेखांकन के अनेक उद्देश्यो मे से एक उद्देश्य विक्रय मूल्य का निर्धारण भी है। अत: इस कथन मे इस एक उद्देश्य के ही बारे मे कहा गया है। प्रश्न का उत्तर इसी उद्देश्य से प्रारम्भ करके अन्य उद्देश्यो की व्याख्या के साथ समाप्त होगा।]

11. "लागत लेखांकन प्रणाली की स्थापना पर खर्च किया गया धन व्यय नहीं बल्कि विनियोग है।" अपने विचार प्रकट कीजिए।

Money spent on installing a Cost Accounting System is not expense but an investment." Give your views.

[Hint—प्रस्तुत कथन का आशय है कि लागत लेखांकन प्रणाली की स्थापना पर किया गया व्यय एक विनियोग है व्यय नही। अर्थात् लागत लेखांकन प्रणाली की स्थापना से यदि संस्था को दीर्घकालीन लाभ प्राप्त होते हैं तो यह निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि इस पर खर्च की गई राशि विनियोग है, व्यय नही। किन्तु यदि लागत लेखाकन पद्धति पर खर्च की गई राशि से कोई दीर्घकालीन लाभ प्राप्त नहीं होते तो यह एक व्यय ही है। यदि हम लागत लेखांकन प्रणाली के लाभो व उपयोगिताओं की ओर दृष्टिपात करें तो यह बात स्पष्ट हो जाती है कि यह प्रणाली संस्था के लिए निम्न प्रकार से लाभदायक है।]

नोट—यहाँ पर समस्त लाभों का विवेचन कीजिए। तदुपरान्त निम्न पैराग्राफ लिखिए।

उपर्युक्त विवेचन से यह स्पष्ट हो जाता है कि लागत लेखांकन प्रणाली एक संस्था के लिए वरदान है। यह प्रणाली संस्था के प्रबन्धकों, स्वामियो, कर्मचारियो व अन्य सभी को अत्यन्त लाभकारी है। इसी प्रणाली के उपयोग के कारण एक संस्था आज के युग मे प्रगति के मापदण्ड तय करती है अन्यथा वर्तमान व्यापार की दौड़ मे वह संस्था पिछड़ जायेगी जिसमे एक सुव्यवस्थित लागत लेखांकन पद्धति नही है। सार रूप में यह बिना किसी संशय के कहा जा सकता है कि लागत लेखाकन प्रणाली की स्थापना पर किया गया व्यय वास्तव मे विनियोग ही है।

12. "लागत की एक अच्छी पद्धति व्यय पर नियन्त्रण के साधन के रूप मे कार्य करती है तथा निर्माण मे मितव्ययिता प्राप्त करने में सहायक होती है।" लागत लेखा के उद्देश्यों एवं कार्य को स्पष्ट करने के लिए इस कथन को समझाइए।

"A good system of costing serves as a means of control over expenditure and helps to secure economy in manufacture." Discuss the statement to show the objects and functions of Cost Accounting.

[Hint—प्रस्तुत कथन परिव्यय लेखांकन के दो प्रमुख उद्देश्यों एवं कार्यों की ओर इंगित करता है। कथन के अनुसार परिव्यय लेखाकन के निम्न दो प्रमुख उद्देश्य व कार्य है।]

(अ) परिव्यय लेखांकन पद्धति **'व्यय पर नियन्त्रण' करती है** ; तथा

(ब) परिव्यय लेखाकन पद्धति **'उत्पादन में मितव्ययिता'** लाती है।

कथन के प्रथम भाग **'परिव्यय लेखांकन पद्धति व्यय पर नियन्त्रण करती है'** का आशय है कि परिव्यय लेखांकन पद्धति का प्रमुख उद्देश्य लागत व्ययों पर नियन्त्रण करना है और इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु इस पद्धति के अन्तर्गत प्रमाप, लागत पद्धति अपनाकर व्ययों पर नियन्त्रण रखा जाता है। व्यय पर नियन्त्रण का प्रत्यक्ष परिणाम लागत पर नियन्त्रण होता है। अतः हम कह सकते है कि परिव्यय लेखांकन पद्धत्ति का प्रमुख उद्देश्य व कार्य **'लागत पर नियन्त्रण है।'**

नोट—इसका विस्तृत विवेचन पुस्तक के पृष्ठ 4 पर परिव्यय लेखांकन के उद्देश्य व कार्यों मे दिया गया है।

अब हम कथन के द्वितीय भाग **'परिव्यय लेखांकन पद्धति उत्पादन में मितव्ययिता लाती है'** का विवेचन करेंगे। इसका आशय है कि परिव्यय लेखांकन पद्धति का एक प्रमुख उद्देश्य व कार्य उत्पादन मे मितव्ययिता लाना है। उत्पादन मे मितव्ययिता तभी आ सकती है जबकि उत्पादन लागत पर नियन्त्रण रखा जाय। अर्थात् उपर्युक्त वर्णित सामग्री नियन्त्रण, मजदूरी नियन्त्रण एवं व्यय नियन्त्रण द्वारा फिजूलखर्ची, अनावश्यक क्षति व नुकसानों को रोका जा सकता है। परिव्यय लेखाकन पद्धति ही सामग्री में होने वाली असाधारण क्षति का बोध कराती है तथा उसके कारणों पर प्रकाश डालती है। श्रम मे होने वाले अनावश्यक व्ययों को रोकती है तथा उपरिव्यय के उप-विभाजन के लिए एक उचित आधार प्रस्तुत करती है।

इन सबसे यह निष्कर्ष निकलता है कि परिव्यय लागत पद्धति **'व्यय पर नियन्त्रण'** करती है तथा **'उत्पादन में मितव्ययिता'** लाती है।

13. यह कहा जाता है कि "लागत-लेखांकन दूरदर्शिता की पद्धति है, न कि उत्तरवर्ती परीक्षण, यह हानियों को लाभों में परिवर्तित करता है, कार्यकलापों को गतिशील बनाता है और क्षयों को दूर करता है।" इस कथन की विस्तृत विवेचना कीजिए।

It is said, "Cost Accounting is a system of foresight and not a post-mortem examination. It turns losses into profits, speeds up activities and eliminates wastes." Discuss this statement in detail.

[Hint—प्रस्तुत कथन लागत लेखांकन के महत्व व उसकी उपयोगिताओं की ओर इंगित करता है। इस कथन का प्रथम भाग **'लागत लेखांकन दूरदर्शिता की पद्धति है न कि उत्तरवर्ती परीक्षण'** यह स्पष्ट करता है कि लागत लेखांकन भावी लागत को नियंत्रित करने मे अति लाभदायक है। यह पद्धति भविष्य की अच्छाइयो के प्रति सचेत रहती है ; बीते हुए समय की अच्छाइयो या बुराइयो को नही कुरेदती। हाँ, बीते समय के आधार पर भविष्य को उज्ज्वल बनाने के सपने देखना दूरदर्शिता है। लागत लेखांकन गतवर्ष के क्षयों, हानियों व व्ययों से सबक लेकर भविष्य की लागत को नियन्त्रित करती है। इसीलिए इसे दूरदर्शिता की पद्धति माना गया है। **लागत**

लेखांकन वास्तव में दूरदर्शिता की पद्धति है क्योंकि यह संस्था को अनेकों दीर्घकालीन लाभ, बचत व उपयोगिताये प्रदान करती है ।]

कथन का दूसरा भाग लागत लेखाकन पद्धति के कुछ विशिष्ट **लाभों का विवेचन करता है जो निम्न है—**

(अ) यह हानियो को लाभो मे परिवर्तित करता है,
(ब) कार्यकलापो को गतिशील बनाता है,
(स) क्षयो को दूर करता है ।

जहाँ तक प्रथम लाभ (अ) **हानियो को लाभो में परिवर्तित करता है** ; का तात्पर्य है यह सही है कि लागत लेखाकन लागत पर नियन्त्रण रखकर लागत को कम से कम रखने का प्रयास करता है । लागत मे कमी आने से लाभ का मार्जिन बढ जाता है जिससे यदि लागत लेखाकन पद्धति के लागू होने से पूर्व यदि सस्था नुकसान उठा रही थी तो इस पद्धति को लागू करने के बाद संस्था लाभ प्राप्त करना प्रारम्भ कर देगी ।

लागत लेखाकन पद्धति **कार्यकलापों को गतिशील भी बनाती है** अर्थात् इस पद्धति के लागू होने के उपरान्त आलस्य, फिजूलखर्ची आदि रुक जाती है । श्रमिको को भी उनके कार्यानुसार भुगतान होने लगता है जिससे वे ईमानदारी व मेहनत से कार्य करने लगते है । पिछले वर्ष के या प्रमाप व्ययो से विभिन्न व्ययो व लागत का मापन किया जाता है तथा उत्तरदायित्व निश्चित किया जाता है अत प्रत्येक व्यक्ति चुस्ती के साथ कार्य करता है क्योकि वह जानता है कि अच्छेकार्य का उसे पुरस्कार मिलेगा और गलत कार्य पर दण्ड । परिणामस्वरूप सस्था के कार्यकलापो में स्वत. ही एक गतिशीलता आ जाती है ।

यह **पद्धति क्षयों को भी दूर करती है** क्योकि विभिन्न प्रकार के नियन्त्रण इस पद्धति से ही सम्भव है ।

लागत के तत्व

(The Elements of Cost)

लागत लेखे तैयार करना प्रत्येक संस्था के लिए अनिवार्य नहीं है। ऐसी दशा में संस्था वित्तीय लेखों की मदद से अपने लाभ-हानि ज्ञात करती है। यदि लाभ-हानि ज्ञात करने के उद्देश्य से ही खाते रखे जाते हैं तो वित्तीय लेखे ही रखना पर्याप्त है, लागत लेखे रखने की आवश्यकता नही है। लागत लेखों का प्रमुख उद्देश्य संस्था द्वारा उत्पादित वस्तु या प्रदत्त सेवा की कुल लागत व प्रति इकाई लागत ज्ञात ` ना है। वर्तमान प्रतिस्पर्धा के युग मे केवल लाभ-हानि ज्ञात कर लेने भर से ही संस्था का काम नही चल सकता बल्कि संस्था के स्वामियो को यह भी ज्ञात होना चाहिए कि संस्था द्वारा उत्पादित वस्तु की लागत क्या है ? ताकि बाजार में अपनी वस्तु का स्थाई बाजार बनाये रखने के लिए उसकी प्रतिस्पर्धात्मक कीमत निर्धारित की जा सके। लागत लेखे इस उद्देश्य की पूर्ति करते हैं। लागत लेखों मे उत्पादन के समस्त व्ययों का विश्लेषण व वर्गीकरण करके वस्तु या सेवा की विभिन्न लागतें ज्ञात की जाती है। जिन व्ययों से लागत का निर्माण होता है उनको लागत के तत्व (Elements of Cost) कहा जाता है। लागत के तत्व तीन हैं—

1. **सामग्री** (Materials),
2. **श्रम** (Labour),
3. **व्यय** (Expenses)।

1. सामग्री (Materials)—सामग्री के बिना वस्तु का उत्पादन नही किया जा सकता। सामग्री उत्पादित वस्तु का ही एक भाग हैं। यह उत्पादित वस्तु का मुख्य अंग है क्योंकि सामग्री का रूप परिवर्तन करके, या उसमें सुधार करके या उसमे परिवर्तन व वृद्धि या कमी करके ही उत्पादित वस्तु तैयार की जाती है। सामग्री के बारे मे विस्तृत विवरण अध्याय 2 मे किया गया है। सामग्री दो प्रकार की होती है—

(i) प्रत्यक्ष सामग्री (Direct Material)

(ii) अप्रत्यक्ष सामग्री (Indirect Material)

(i) **प्रत्यक्ष सामग्री** (Direct Material)—वह सामग्री जो उत्पादित वस्तु का मुख्य अंग होती है प्रत्यक्ष सामग्री कही जाती है। जैसे फर्नीचर के लिए लकड़ी, चीनी के लिए गन्ना, इस्पात के लिए लोहा, कपडा उत्पादन के लिए रुई, भवन निर्माण के लिए ईंट, सीमेन्ट, चूना आदि प्रत्यक्ष सामग्री है। वस्तु की उत्पादन लागत ज्ञात करते समय 'प्रयुक्त प्रत्यक्ष सामग्री की लागत' (Cost of Material Consumed) को सम्मिलित किया जाता है। यह निम्न प्रकार ज्ञात की जाती है—

Cost of Material or Direct Material Consumed =	Opening Stock of Material	...
	+ Purchase of Material	...
	+ Carriage Inward	...
	+ Octroi & Customs	...
	+ Tax on Purchase	...
	Less :	...
	Closing Stock of Material ...	
	Defective Material returned ...	
	Material Waste sold ...	
	Scrap of Material ...	
	Material Sold or lost ...	
	Abnormal Waste of Material ...	
	By-products ...	
	Material Consumed	...

(ii) **अप्रत्यक्ष सामग्री** (Indirect Material)—यह वह सामग्री होती है जो उत्पादित वस्तु का मुख्य अग तो नही होती किन्तु उत्पादन मे योग अवश्य देती है। इस सामग्री को किसी विशेष उपकार्य (Job) या वस्तु से सम्बन्धित नही किया जा सकता बल्कि यह तो समस्त उप-कार्यो व वस्तुओ के उत्पादन कार्य में मदद करती है, जैसे मशीन की चिकनाई के लिए तेल (Lubricating Oil), मशीन साफ करने के लिए खराब कपडा, कपास या ब्रुश, छोटे-छोटे औजार, कील, पेच आदि। अप्रत्यक्ष सामग्री का विस्तृत विवरण अध्याय 3 में किया गया है।

2. **श्रम** (Labour)—श्रम उत्पादन का एक अति महत्वपूर्ण तत्व है। सामग्री पर श्रम लगाकर ही उसको उत्पादित वस्तु में परिवर्तित किया जाता है। **श्रम दो प्रकार का होता है—**

(i) प्रत्यक्ष या उत्पादक श्रम (Direct or Productive Labour)

(ii) अप्रत्यक्ष या अनुत्पादक श्रम (Indirect or Unproductive Labour)

जो श्रमिक उत्पादन कार्य में सक्रिय सहयोग देते है उनको देय मजदूरी प्रत्यक्ष या उत्पादक श्रम के अन्तर्गत सम्मिलित की जाती है। जैसे, फर्नीचर के निर्माण में लगे बढ़ई (carpenter), चीनी के निर्माण मे लगे श्रमिक आदि को देय वेतन प्रत्यक्ष या उत्पादक श्रम है।

किन्तु कारखाने मे कुछ व्यक्ति ऐसे भी होते है जो उत्पादन कार्य मे **सक्रिय सहयोग नहीं देते बल्कि उत्पादन कार्य में अप्रत्यक्ष रूप से मदद करते हैं।** अर्थात् जो स्वयं उत्पादन नही करते बल्कि उत्पादन करने वालो के लिए उत्पादन कार्य मे सहायता पहुँचाते है अप्रयत्क्ष श्रम के अन्तर्गत आते है—जैसे फोरमैन, कारखाने का चौकीदार, मशीनों का क्लीनर, सहायक (Helpers) जो उत्पादन कार्य मे लगे श्रमिकों को छोटी-मोटी वस्तुएँ उठाकर देते हैं या उनको उत्पादन करने की सुविधायें प्रदान करते हैं।

3. **व्यय** (Expenses)—केवल सामग्री एवं श्रम ही वस्तु का उत्पादन नही कर सकते। उत्पादन करने के लिए उत्पादक कुछ व्यय भी करता है जिससे सामग्री और श्रम मिलकर उत्पादन कर सकें। ये व्यय उत्पादन क्रियाओ के सुचारु संचालन के लिए अति आवश्यक होते हैं और इनके बिना उत्पादन असम्भव होता है अत: ये व्यय भी उत्पादन लागत के प्रमुख अंग माने जाते है। **ये व्यय दो प्रकार के होते हैं—**

(i) **प्रत्यक्ष व्यय** (Direct or Chargeable Expenses)

(ii) अप्रत्यक्ष व्यय, या उपरिव्यय या उप-लागत (Indirect Expenses, or Overheads or On Cost)

(i) **प्रत्यक्ष व्यय** (Direct or Chargeable Expenses)—वे व्यय जिन्हें किसी वस्तु विशेष या उप-कार्य (Job) के लिए ही किया गया है तथा जिनका लाभ किसी अन्य वस्तु या उप-कार्य को नही मिलेगा, प्रत्यक्ष व्यय कहलाते है।

"Direct expenditure comprises those expenses which can conveniently be identified wholly with a particular unit of cost."

—*W. W. Bigg*

इनका विस्तृत विवरण अध्याय 5 मे किया गया है।

(ii) **अप्रत्यक्ष व्यय** (Indirect Expenses or Overheads or On Costs)—वे व्यय जिन्हें उत्पादन की किसी विशेष इकाई या उप-कार्य से सम्बन्धित नही किया जा सकता अप्रत्यक्ष व्यय कहलाते है। ये व्यय उत्पादन की विशेष इकाई से सम्बन्धित न होकर सम्पूर्ण संस्था से सम्बन्धित होते है और इनका लाभ उत्पादन की कई वस्तुओ या उप-कार्यों को मिलता है।

"Indirect Expenditure includes all other expenses for the undertaking as a whole, and not identifiable wholly with any particular unit of cost."

—*W W Bigg*

अप्रत्यक्ष व्ययों को निम्न उप-विभागों में वर्गीकृत किया जा सकता है—

(अ) कारखाना उपरिव्यय (Works or Factory Overheads)

(ब) कार्यालय एव प्रशासन उपरिव्यय (Office and Administrative Overheads)

(स) विक्रय एवं वितरण उपरिव्यय (Selling and Distribution Overheads)

उत्पादनगृह या फैक्टरी या कारखाने के अन्दर किए जाने वाले समस्त व्यय (सामग्री, श्रम व प्रत्यक्ष व्ययो को छोडकर) **कारखाना उपरिव्यय** मे सम्मिलित किए जाते है। कार्यालय के प्रशासन एवं प्रबन्ध के लिए किए गये समस्त व्यय **कार्यालय एवं प्रशासन उपरिव्यय** तथा उत्पादित वस्तु के विक्रय व वितरण से सम्बन्धित समस्त व्यय **विक्रय एवं वितरण उपरिव्यय** कहलाते है। **इन समस्त उपरिव्ययों का विस्तृत विवरण अध्याय 5 में किया गया है।**

लागत के **तत्वों को चार्ट** की मदद से आगे समझाया गया है।

लागत का वर्गीकरण
(Classification of Cost)

किसी वस्तु या सेवा की कुल लागत को विभिन्न चरणों (Steps) मे ज्ञात किया जाता है। उसी के आधार पर लागत को **निम्न भागों में विभाजित** किया जाता है—

1 **मूल लागत** (Prime Cost)

2. **कारखाना लागत** (Factory or Works Cost)

3. **कार्यालय या उत्पादन लागत** (Office Cost or Cost of Production)

4 **कुल लागत** (Total Cost)

लागत के वर्गीकरण को निम्न सूत्रों की मदद से स्पष्ट किया गया है—

1. मूल लागत (Prime Cost)

Prime Cost = Material consumed	...
+ Direct or Productive Labour	...
+ Direct or Chargeable Expenses	..
Prime Cost	...

2. कारखाना लागत (Works Cost)

Factory or Works Cost = Prime Cost	...
+ Indirect Material	...
+ Indirect Labour	...
+ Factory Overheads	...
+ Work-in-progress at the beginning, if any	...
Less Sale of Scrap, if any	...
Work-in-progress at end, if any	...
Factory or Works Cost	...

3. कार्यालय लागत (Office Cost)

Office Cost or **Cost of Production** = Factory or Works Cost	...
+ Office and Administrative Overheads	...
Office Cost or Cost of Production	...

4. कुल लागत (Total Cost)

Total Cost=Office Cost	
or	
Cost of Production	...
+Selling and Distribution Overheads	...
Total Cost	...

कुल-लागत ज्ञात करने के लिए एक लागत-पत्रक (Cost-Sheet) तैयार किया जाता है जिसमे लागत का निर्धारण उपर्युक्त वर्णित चारों वर्गों के अन्तर्गत किया जाता है। लागत-पत्रक का एक नमूना नीचे दिया गया है—

Specimen of Cost-Sheet
Output (In Units)

Particulars of Cost Elements	Total Cost	Cost per Unit
Material Consumed	...	...
Direct Labour	...	...
Direct or Chargeable Exp.	...	...
Prime Cost	...	...
Factory or Works Overheads—		
Indirect Material	...	...
Indirect Labour	...	...
Rent & Rates of factory building	...	...
Depreciation of Plant & Machinery	...	...
Power	...	...
Lighting & Heating	...	...
Estimating	...	...
Cleaning & Water	...	...
Drawing Office Expenses	...	...
Technical director's fees	...	...
Works Manager's salary	...	...
Foreman's salary	...	...
Insurance of factory	...	...
Depreciation of factory furniture	...	...
Telephone Exp. installed in factory	...	..
Labour Welfare Exp.	...	...
Factory or Works Cost	...	...
Office & Administrative Overheads—		
Salaries	...	...
Establishment	...	...
Postage, Telegram & Telephones	..	...
Legal fees	..	...
Auditor's fees	...	...
Director's fees	..	...
Bank charges	.	...
Dep. of Office plant & furniture	...	...
Office Cost or Cost of Production	...	...
Selling & Distribution Overheads—		
Bad Debts	...	...
Sales Manager's salary	..	...
Show Room Expenses	...	..
Advertisement	...	...
Traveller's Commission	...	...

Cost of Price List, trade directory	..	...
Cost of free samples, gifts etc.	...	...
Collection charges	...	...
Entertainment of customers	..	...
Branch expenses	...	..
Carriage outward	..	..
Dep. of delivery van		.
Godown keeper's salary	...	...
Packing charges	...	...
Running Exp. of delivery van	..	...
Market Research	...	...
Total Cost	...	...
Profit Being certain percentage on (i) Total Cost, or (ii) Selling Price	..	..
Selling Price	...	...

$$\text{प्रति इकाई व्यय} = \frac{\text{एक मद पर सम्पूर्ण व्यय}}{\text{उत्पादित वस्तुओ की संख्या}}$$

नोट—लागत-पत्रक की विस्तृत विवेचना इसी पुस्तक के अध्याय 6 मे की गई है।

QUESTIONS

1. उत्पादन लागत के तत्वो की विवेचना कीजिए। एक उचित प्रारूप द्वारा कुल लागत की गणना विधि समझाइए।
   Discuss the elements of cost. Elucidate the method of calculating the total cost by giving a suitable specimen.
2. मूल लागत से आपका क्या अभिप्राय है ?
   What do you understand by Prime Cost ?
3. प्रत्यक्ष व्ययों एवं अप्रत्यक्ष व्ययों मे अन्तर समझाइए। प्रत्यक्ष व्ययों में किस प्रकार के व्यय सम्मिलित किये जाते हैं ?
   Distinguish between direct expenses and indirect expenses. What types of expnses are included in the former ?
4. लागत के विभिन्न तत्वों से आप क्या समझते हैं ? लागत के विभिन्न अंग बताइए एवं उनको चित्र की सहायता से समझाइये।
   What do you understand by elements of cost ? Give the main classes of cost and explain with the help of a diagram.
5. एक निर्माण करने वाली फैक्टरी की लागत किन मुख्य वर्गों में बाँटी जाती है ? अपने उत्तर में निम्नांकित का वर्गीकरण कीजिए—
   बैंक व्यय, कोयला, कोक व शक्ति, प्लाण्ट पर ह्रास, ड्राइंग दफ्तर के व्यय, फोरमैन की मजदूरी, श्रम की लागत, मैनेजर का वेतन, सामग्री तथा उसके क्रय पर किये गए व्यय, कार्यालय वेतन, फैक्टरी का किराया, प्लाण्ट की मरम्मत, विक्रेता यात्रियों का वेतन।
   What are the main groups into which the cost involved in manufacturing business are sub-divided ? In illustration of your reply, group the following component charges—Bank charges, coal, coke and power, depreciation on plant, drawing office charges, manager's salary, materials and expenses of its purchase, office salaries and rent of factory.

3
सामग्री प्रबन्ध
(Material Management)

'सामग्री' उत्पादन लागत का एक अति महत्वपूर्ण अंग है। सामग्री या कच्चा माल या स्टोर्स (stores) पर पूर्ण नियन्त्रण रखने से ही उत्पादन लागत को नियन्त्रित किया जा सकता है। सामग्री-नियन्त्रण के अभाव मे उत्पादन लागत मे वृद्धि हो जाना स्वाभाविक है जिसके कारण संस्था के लाभ भी प्रभावित होते है। सामग्री प्रबन्ध मे सामग्री नियन्त्रण, सामग्री लेखा व सामग्री व्यवस्था आदि सम्मिलित होती है। किन्तु अब सामग्री प्रबन्ध और सामग्री नियन्त्रण को एक ही अर्थ मे प्रयुक्त किया जाने लगा है। सामग्री नियन्त्रण की व्यवस्था का अध्ययन करने से पूर्व **सामग्री नियन्त्रण के प्रमुख उद्देश्यों की विवेचना आवश्यक है। सामग्री नियन्त्रण के प्रमुख उद्देश्य निम्न हैं** ·

1. उत्पादन के लिए **अपेक्षित माल को उपलब्ध कराना** ताकि आवश्यकता के समय सामग्री के अभाव मे उत्पादन कार्य मे व्यवधान न आये।
2. सामग्री के संग्रहण एवं निर्गमन में होने वाली **क्षति को रोकना**। यदि सामग्री के संग्रहण व निर्गमन पर उचित नियन्त्रण न रखा जायेगा तो भण्डारगृह मे सामग्री की क्षति हो सकती है या सामग्री के भण्डारगृह से उत्पादन-गृह तक के आगमन मे क्षति हो सकती है। सामग्री मे क्षति उत्पादन लागत को बढा देती है। अत· सामग्री नियन्त्रण का प्रमुख उद्देश्य **सामग्री क्षति को रोकना है।**
3. **सामग्री की चोरी को रोकना।** यदि सामग्री पर उचित नियन्त्रण नही रखा जायेगा तो सामग्री की चोरी हो सकती है। उचित नियन्त्रण के अभाव मे यह जानकारी न हो सकेगी कि सामग्री की कमी चोरी के कारण है अथवा क्षय (wastage) के कारण। सामान्यतया अनियन्त्रित विभाग में चोरी को क्षय की संज्ञा दी जाती है। इसको रोकने के लिए यह आवश्यक है कि सामग्री नियन्त्रण प्रभावी हो।
4. **सामग्री मूल्य** पर नियन्त्रण रखना भी सामग्री नियन्त्रण का मुख्य उद्देश्य है। यदि सामग्री क्रय पर पूर्ण नियन्त्रण रखा जाय और क्रय कार्य-विधि को व्यवस्थित व नियन्त्रित रखा जाय तो सामग्री के क्रय पर अधिक मूल्य न देना पड़ेगा। इस पर नियन्त्रण रखने की पूर्ण प्रक्रिया आगे समझाई गई है।
5. **सामग्री की उपलब्धता** उत्पादन विभाग की 'आवश्यकतानुसार तथा व्यवसाय की आवश्यकतानुसार बनाये रखना। सामग्री नियन्त्रण का एक उद्देश्य यह भी है कि उत्पादन की आवश्यकतानुसार सामग्री सदैव भण्डारगृह मे रहे। इसके लिए भण्डारगृह में न्यूनतम मात्रा की उपलब्धि सदैव आवश्यक समझी जाती है।
6. **सामग्री की उपलब्धता की निरन्तर सूचना होना**—सामग्री नियन्त्रण का एक उद्देश्य यह भी है कि प्रत्येक समय प्रबन्धक को यह ज्ञान रहे कि भण्डारगृह में कितनी सामग्री उपलब्ध है।

सामग्री-नियन्त्रण व्यवस्था
(Organisation of Material Control)

प्रभावपूर्ण सामग्री-नियन्त्रण तभी सम्भव हो सकता है जबकि संस्था के सभी प्रमुख विभागो, जैसे—क्रय-विभाग; उत्पादन विभाग; स्टोर्स विभाग, स्टोर्स नियन्त्रण विभाग तथा माल प्राप्ति व जाँच विभाग (Material Receipt & Inspection Deptt) आदि—में पूर्ण सहयोग व समन्वय (Co-ordination) बना रहे।

सामग्री नियन्त्रण के चार प्रमुख स्वरूप हैं—

(I) **सामग्री-क्रय नियन्त्रण** (Control over purchase of Raw Meterial or Purchase Control)

(II) **सामग्री-संग्रहण नियन्त्रण** (Control over storing of Raw Material or Stock-Control)

(III) **सामग्री-निर्गमन नियन्त्रण** (Control over Issue of Raw Material or Issue Control or Material-Cost Control)

(IV) **सामग्री-क्षति नियंत्रण** (Material-Loss Control)

(I) सामग्री-क्रय नियन्त्रण
(Material Purchase-Control)

सामग्री-क्रय पर नियन्त्रण अति महत्वपूर्ण है क्योंकि यदि सामग्री क्रय को नियन्त्रित कर दिया जाय तो संस्था निम्न क्षतियो से बच सकती है—

(i) सामग्री क्रय पर अधिक कीमत देना,

(ii) सामग्री का अत्यधिक क्रय कर लेना,

(iii) निम्न गुण (Low Quality) की सामग्री का क्रय कर लेना,

(iv) सामग्री का दोहरा क्रय कर लेना,

(v) सामग्री के अभाव के कारण उत्पादन कार्य बन्द हो जाना।

स्पष्ट है कि सामग्री क्रय पर नियन्त्रण एक संस्था विशेषतया एक उत्पादन संस्था के लिए आवश्यक ही नही वरन् अनिवार्य है। **सामग्री-क्रय नियन्त्रण की तीन प्रक्रियायें** (Steps) हैं—

1. क्रय का केन्द्रीयकरण (Centralised Purchasing)
2. क्रय-बजट का निर्माण (Preparation of Purchase-Budget)
3. क्रय-विधि (Purchasing Procedure)

1. क्रय का केन्द्रीयकरण (Centralised Purchasing)—प्रत्येक संस्था मे सामग्री, मशीन, औजार एवं उपकरण आदि क्रय करने के लिए एक अलग विभाग होता है जिसका प्रमुख अधिकारी **'क्रय-अधिकारी'** (Purchase Officer) कहलाता है। यह विभाग ही संस्था के समस्त क्रयों की व्यवस्था करता है। किसी भी संस्था में सामग्री नियन्त्रण के लिए सर्वप्रथम प्रभावी कदम एक अलग क्रय-विभाग की स्थापना है। यह विभाग संस्था के उत्पादन कार्यों में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्रियों के क्रय के लिए निम्न प्रकार से व्यवस्था करता है—

(अ) संस्था मे प्रयुक्त समस्त सामग्रियों की सूची तैयार करना,

(ब) सामग्री प्राप्ति के विभिन्न स्रोतों की जानकारी रखना,

(स) विभिन्न विक्रेताओं से मूल्य सूचियाँ मँगाना,

(द) प्रत्येक सामग्री व वस्तु को एक सांकेतिक संख्या (Code number) प्रदान करना ताकि केवल संख्या से सामग्री का विवरण (Description) ज्ञात हो सके। सांकेतिक संख्या तभी देनी चाहिए जबकि सामग्रियाँ अनेक प्रकार की हों,

(य) सामग्री पूर्ति (Material supply) का समय ज्ञात करना,

(र) सामग्री लाने के परिवहन साधनों (Means of Transport) की जानकारी करना,

(ल) सामग्री से प्राप्त उत्पादन की मात्रा (Material Efficiency) ज्ञात करना आदि।

क्रय-विभाग का यह कर्तव्य होता है कि वह अपेक्षित सामग्री समय पर उपलब्ध कराता रहे तथा सामग्री के अभाव मे उत्पादन कार्य मे व्यवधान न आने पावे। केन्द्रित क्रय-विभाग संस्था के लिए एक वरदान होता है क्योकि इससे एक तो विभिन्न विभागों से सामग्री क्रय का भार समाप्त हो जाता है जिससे वे अपने उत्पादन-कार्य में अधिक लगन व दिलचस्पी से कार्य करने लगते है। दूसरे, एक ही विभाग द्वारा क्रय करने पर वह विभाग क्रय के मामले मे विशेषज्ञ हो जाता है और इस स्थिति मे आ जाता है कि वह कम मूल्य पर अच्छी किस्म का माल क्रय करे। इसके अलावा क्रय मे अन्य बचतें, परिवहन मे बचते, भुगतान प्रक्रिया मे बचते आदि कुछ ऐसे प्रमुख लाभ है जो क्रय के विकेन्द्रीकरण से प्राप्त नही होगे। केन्द्रीय क्रय-विभाग के कारण सामग्री के क्रय में दोहरीकरण नही हो पाता। परिणामतया संस्था की पूंजी सामग्री मे उतनी ही लगती है जितनी अपेक्षित है।

2 **क्रय-बजट का निर्माण** (Preparation of Purchase Budget)—**क्रय-बजट** का निर्माण क्रय-विभाग अन्य समस्त विभागो के सहयोग से करता है। क्रय-बजट का निर्माण तभी सम्भव है जबकि संस्था के उत्पादन लक्ष्य (Production Target) निर्धारित हों। क्रय-बजट, क्रय-विभाग की क्रय-विधि को आसान बना देता है। क्रय-बजट तैयार करते समय निम्न प्रमुख तत्वो पर विचार किया जाता है—

(i) उत्पादन लक्ष्य के लिए अपेक्षित सामग्री की मात्रा व किस्म।

(ii) सामग्री स्टॉक की वर्तमान स्थिति तथा दिए हुए आदेशो से अपेक्षित प्राप्ति।

(iii) सामग्री की आवश्यकता किस दिन होगी।

(iv) सामग्री पूर्ति के स्रोत।

(v) सामग्री का मूल्य व उस पर सम्भावित छूट।

(vi) संस्था की वित्तीय स्थिति तथा नकद धन की उपलब्धता।

(vii) माल संग्रहीत करने की संस्था की क्षमता व साधन।

(viii) परिवहन साधन की उपलब्धता।

(ix) माल प्राप्ति व जाँच प्रबन्ध।

(x) माल की सुरक्षा।

(xi) माल की अधिकतम व न्यूनतम सीमायें व आदेश स्तर।

अधिकतम सीमा का आशय है कि निर्धारित सीमा से अधिक माल का क्रय नही किया जायेगा। न्यूनतम सीमा वह सीमा होती है जिससे कम स्तर पर सामग्री स्टोर में नहीं रहनी चाहिए। आदेश स्तर (Ordering Level) सामग्री की वह मात्रा है जिस पर माल रह जाने की दशा में क्रय विभाग द्वारा माल खरीद के लिए आदेश दे देना चाहिए और माल के न्यूनतम सीमा स्तर तक आने से पूर्व नवीन क्रय का माल स्टोर्स में आ जाना चाहिए।

3. **क्रय-विधि** (Purchasing Procedure)—पूर्व मे यह बताया जा चुका है कि संस्था के लिए सामग्री का क्रय संस्था के क्रय विभाग द्वारा किया जाता है। क्रय विभाग क्रय के लिए निम्न प्रक्रिया अपनाता है—

(i) **क्रय माँग पत्र प्राप्त करना** (To receive Purchase Requisition)—जो विभाग माल की माँग प्रस्तुत करता है वह क्रय विभाग के पास क्रय-माँग-पत्र (Purchase-Requisition Form) भर कर भेजता है। क्रय-माँग पत्र एक ऐसा प्रपत्र है जिससे

क्रय विभाग को इस माँग-पत्र मे उल्लिखित माल को क्रय करने का गर्भित अधिकार प्राप्त होता है। इसका प्रारूप निम्न है—

P. R No ____________ Date ____________

Department ____________

Purchase Requisition

Kindly Purchase the goods specified below for the use in ....Deptt.

Serial No.	Code or Specification	Description	Quantity needed	Remarks

Required by Checked by Approved by

इस माँग-पत्र की तीन प्रतियाँ तैयार की जाती है। एक प्रति तो उस विभाग मे रह जाती है जो माँग-पत्र प्रस्तुत कर रहा है। इसकी मूल प्रति क्रय-विभाग के पास भेज दी जाती है तथा दूसरी प्रति स्टोर्स विभाग को भेज दी जाती है।

(ii) **निर्ख प्राप्त करना** (To Obtain Quotations)—क्रय माँग-पत्र प्राप्त कर लेने के बाद क्रय विभाग माल के क्रय की कार्यवाही करता है। न्यूनतम मूल्य पर उच्चतम किस्म का माल क्रय करने के ध्येय से क्रय अधिकारी विभिन्न विक्रेताओं के पास वस्तुओ की मूल्य-सूची व विक्रय शर्तें आदि के लिए लिखता है। जब सभी विक्रेताओ से निर्ख-पत्र प्राप्त हो जाते है तब ही यह निर्णय लिया जाता है कि किससे माल का क्रय किया जाय। सामान्यतया न्यूनतम मूल्य पर माल की पूर्ति करने वाले के पास ही आदेश भेजा जाता है।

(iii) **क्रय आदेश भेजना** (To Send the Purchase Orders)—उक्त निर्खों की पूरी तरह छानबीन व जाँच करने के उपरान्त क्रय-अधिकारी यह तय करता है कि किस विक्रेता से माल क्रय करना है। क्रय अधिकारी क्रय-आदेश की 5 प्रतियाँ तैयार करता है जो निम्न को भेज दी जाती है—

(अ) विक्रेता (Supplier)

(ब) स्टोर्स विभाग (Stores Department)

(स) लेखा विभाग (Accounts Department)

(द) गेट कीपर (Gate Keeper); तथा पाँचवी प्रति स्वयं क्रय-विभाग अपने पास रखता है। क्रय-आदेश का नमूना पृष्ठ 23 पर दिया गया है।

(iv) **सामग्री प्राप्ति एवं निरीक्षण** (Receiving and Inspecting Materials)—बड़े-बड़े संस्थानों मे इस कार्य के लिए एक अलग विभाग *'Receiving and Inspection Department'* के नाम से होता है। किन्तु लघु संस्थानो में अलग विभाग की स्थापना सम्भव नही होती है। इस कार्य के लिए संस्था किसी उत्तरदायी व्यक्ति को अधिकृत कर देती है। समस्त माल सर्वप्रथम गेट कीपर द्वारा क्रय आदेश व डिलीवरी नोट की मदद ले गिनकर या जाँचकर सम्बन्धित प्राप्ति अधिकारी के

VORA & Co. Ltd.
Purchase Order

To, ____________
____
____

Date ____________
Requisition No. ________
Our Ref. ____________

Please supply us the followings in accordance with the terms and conditions mentioned in your quotation letter No Dated

Serial No.	Description	Quantity	Price Per Unit	Total Amount	Remarks

Delivery at ____________ upto ____________ 19 ____________
Special Instructions ____________

For Vora & Co. Ltd.
Signature
Purchase Officer

पास भेज दिया जाता है। गेट कीपर प्राप्त माल का लेखा Goods Inward Book मे, जो कि उसके पास रखी होती है, कर देगा। सम्बन्धित प्राप्ति अधिकारी (जो सम्भवतया स्टोर्स कीपर ही होता है) सामग्री की पूर्ण जाँच करेगा व इसका मिलान क्रय आदेश से करेगा। मिलान व जाँच का कार्य पूरा हो जाने के उपरान्त वह अधिकारी इस सम्पूर्ण सामग्री की प्राप्ति रिपोर्ट (Material Received Report) तैयार करता है। इस रिपोर्ट की तीन प्रतियाँ तैयार की जाती हैं। इसकी एक प्रति क्रय विभाग को तथा दूसरी प्रति लेखा विभाग को भेज दी जाती है। तीसरी प्रति स्टोर्स विभाग मे ही रह जाती है। "सामग्री प्राप्ति रिपोर्ट" में—

(अ) सामग्री की मात्रा,
(ब) सामग्री की किस्म, व
(स) क्रय आदेश, क्रमांक आदि लिखा होता है।

(v) **सामग्री वापस करना** (To Return the Material)—सामग्री को प्राप्त एवं निरीक्षण करते समय यदि यह स्पष्ट हो जाता है कि माल आदेश से मेल नही खाता है तो सम्बन्धित अधिकारी इस तथ्य को अपने प्रतिवेदन (Material Received Report) मे उल्लिखित करके माल को वापस भेजने की व्यवस्था करेगा। लौटाने के लिए उसें एक **सामग्री-वापसी-प्रतिवेदन** (Material Return Report) की चार प्रतियाँ तैयार करनी पड़ती है। इसकी एक प्रति सामग्री के साथ विक्रेता के पास, दूसरी प्रति बीजक के साथ लेखापालक को तथा तीसरी प्रति क्रय विभाग के पास भेज दी जाती है। चौथी प्रति स्टोर्स विभाग में ही रह जाती है।

(II) सामग्री संग्रहण नियन्त्रण
(Stock-Control)

सामग्री क्रय के साथ-साथ सामग्री के संग्रहण (Store-keeping) पर नियन्त्रण रखना भी आवश्यक है। सामग्री का संग्रहण भण्डारगृह मे किया जाता है। भण्डारगृह का प्रमुख अधिकारी (Store-keeper) ही सामग्री संग्रहण के लिए उत्तरदायी है। सामग्री संग्रहण पर नियन्त्रण इसलिए आवश्यक है कि स्टोर मे सामग्री का क्षय व नुकसान न हो जाय। गलत तरीके से सामग्री को उठाया-रखा जाय, सामग्री की जाँच मे लापरवाही अपनाई जाय या सभी प्रकार की सामग्रियो का अलग-अलग लेखा न किया जाय तो परिणाम यह होगा कि सामग्री मे क्षति अधिक होगी। सामग्री की इस क्षति को न्यूनतम करने के लिए सामग्री-संग्रहण पर नियन्त्रण अति आवश्यक है। **यह निम्न प्रकार से किया जा सकता है—**

(1) **स्टोर में सामग्री की प्राप्ति व उसका लेखा** (Receipt and Accounting of Materials into Store)—प्राप्त सामग्री को भली-भाँति जाँच लेने के उपरान्त स्टोर कीपर **उसके सम्बन्ध में निम्न कार्य करता है—**

(अ) प्राप्त सामग्री को **'सामग्री-प्राप्ति पुस्तक'** (Materials Receipt Book) मे **प्रविष्ट** करता है।

(ब) सामग्री को **भण्डारगृह** (Store) में **उचित प्रकार से रखने की व्यवस्था** करता है। इसके लिए वह भण्डारगृह मे उपलब्ध स्थान को इस प्रकार से प्रयुक्त करता है कि प्रत्येक प्रकार की सामग्री के लिए एक अलग स्थान, अलमारी, डिब्बा, खाना या रैंक नियत कर दी जाय और सामग्री को उसके लिए नियत स्थान पर ही रखा जाय।

(स) **सामग्री का लेखा बिनकार्ड** (Bin Card) **मे करता है**—प्रत्येक सामग्री के लिए एक अलग बिनकार्ड होता है जो कि भण्डारगृह मे सामग्री रखने के स्थान पर ही रखा या लटकाया जाता है। इस कार्ड पर सामग्री की प्रत्येक प्राप्ति एवं निर्गमन का लेखा दिनांक तथा मात्रा सहित किया जाता है तथा प्रत्येक प्राप्ति व निर्गमन के उपरान्त उसका शेष भी ज्ञात किया जाता है जो कि बिनकार्ड पर अंकित कर दिया जाता है। इस प्रकार किसी भी समय मात्र बिनकार्ड को देखकर यह ज्ञात हो जाता है कि 'बिन कार्ड' मे उल्लिखित सामग्री का स्टॉक कितना है। **बिनकार्ड का नमूना नीचे दिया है—**

BIN CARD

Bin No.________	Maximum Level________
Description________	Minimum Level________
Code No.________	Ordering Level________
Store Ledger Folio____	Ordering Quantity________

Receipts			Issues			Balance	Inspection or Audit	
Date	Material R. Note No.	Qty.	Date	Reqn. No.	Qty.	Qty.	Date	Initials

Illustration 1

एक फैक्टरी के भण्डारगृह से निम्न सूचनायें प्राप्त की गईं :

1978

मार्च 1	प्रारम्भिक शेष	200 tons
2.	माग-पत्र नं॰ 273 के अन्तर्गत निर्गमन	57 tons
4.	माग-पत्र नं॰ 285 के अन्तर्गत निर्गमन	83 tons
5.	मार्च 5, 1978 के चालान नं॰ 74 के अन्तर्गत प्राप्त। इस तिथि को सुपुर्दगी अपेक्षित थी	120 tons
8.	मांग-पत्र नं॰ 341 के अन्तर्गत निर्गमन	92 tons
12.	मांग-पत्र नं॰ 364 के अन्तर्गत निर्गमन	30 tons
17	17 मार्च, 1978 के चालान नं॰ 98 के अन्तर्गत प्राप्त। इस तिथि को सुपुर्दगी अपेक्षित थी	100 tons
24.	माग-पत्र नं॰ 420 के अन्तर्गत निर्गमन	69 tons
28.	माग-पत्र नं॰ 447 के अन्तर्गत निर्गमन	29 tons
30.	30 मार्च, 1978 के चालान नं॰ 171 के अन्तर्गत प्राप्त। इस तिथि को सुपुर्दगी अपेक्षित थी	120 tons
31	माग-पत्र संख्या 483 के अन्तर्गत निर्गमन।	85 tons

26 मार्च, 1978 को स्टॉक निरीक्षक ने 5 ton की कमी बताई। उधार स्लिप No. 37 के अन्तर्गत 10 tons माल वापस।

कोयले के स्टॉक की अधिकतम मात्रा जो किसी एक समय रखी जा सकती है 200 tons तथा न्यूनतम मात्रा 50 tons : एवं आदेश स्तर 100 tons।

मार्च 1978 के उपर्युक्त सभी लेन-देनों को प्रदर्शित करते हुए एक बिन कार्ड नं॰ 33 तैयार कीजिए।

The following information regarding coal is obtained from the stores Records of a factory :

1978

March

1.	Opening balance	200 tons
2.	Issued on Requisition No. 273	57 tons
4	Issued on Requisition No. 285	83 tons
5.	Received from supplier by Challan No. 74 of March 5, 1978. The supply was expected on this date	120 tons
8.	Issued on Requisition No. 341	92 tons
12.	Issued on Requisition No. 364	30 tons
17.	Received from supplier by challan No. 98 of March 17, 1978. The supply was expected on this date	100 tons
24.	Issued on Requisition No 420	69 tons

28. Issued on Requisition No. 447. 29 tons

30. Received from supplier by Challan No. 171 of March 30, 1978. The supply was expected on this date 120 tons.

31 Issued on Requisition No. 483 85 tons

Examination by the stock verifier on 26th March, 1978 revealed a shortage of 5 tons Received back by credit slip No. 37 : 10 tons.

The maximum amount at stock of coal permissible at any time is 200 tons and the minimum 50 tons. The ordering level is 100 tons.

Draw up the Bin Card No. 33 showing the transactions given above.

Solution

Bin Card

Bin No	33		Max. Level	200 tons
Description	Coal		Min Level	50 ,,
Code No	Nil		Ordering Level	100 ,,
Store Ledger Folio	Nil			

Receipt			Issues			Balance	Inspection	
Date	Material Receipt Note No	Qty Tons	Date	Requisition No	Qty Tons	Qty. Tons	Date	Initials
March 1978			March 1978					
1	Opening Balance	200				200		
			2	273	57	143		
			4	285	83	60		
5	Challan No 74	120				180		
			8	341	92	88		
			12	364	30	58		
17	Challan No 98	100				158		
			24	428	69	89		
			26	Shortage	5	84		
			28	447	29	55		
30	Challan No 171	120				175		
	Credit Slip No 37	10				185		
			31	483	85	100		

(ii) स्टोर्स नियन्त्रण रिकार्ड (Stores Control Record)—सामान्यतया यह बिन कार्ड की स्थानापन्न है। वृहत भण्डारगृहों मे जहाँ सामग्री के साथ-साथ मशीनों के कल-पुर्जे व औजार आदि भी रखे जाते है और जहाँ पर स्टोर सम्बन्धी व्यवहार की संख्या बहुत अधिक है वहाँ पर स्टोर सम्बन्धी लेखो का दोहरा लेखा (Duplicate Accounting) करना उचित होता है अर्थात् बिन कार्ड मे और स्टोर्स नियन्त्रण रिकार्ड मे। इन दोनों के अतिरिक्त लेखा-विभाग (Accounts Department) मे स्टोर्स लेजर (Stores Ledger) अलग से होता है।

स्टोर्स नियन्त्रण रिकार्ड मे स्टोर कीपर सभी आवश्यक सूचनाओं, जैसे आदेशित मात्रा, किसी विशिष्ट कार्य के लिए सम्भावित माँग, प्राप्ति व निर्गमन आदि, का लेखा करता है। स्टोर्स नियन्त्रण रिकार्ड एक खुली पुस्तक मे या एक कार्ड फाइल मे रखा जा सकता है। इसका नमूना

Stores Control Record

Description :	Store L F.	Bin No :
Code No. :	Ordering Level	Minimum Level :
		Maximum Level :

Receipt			Issue			Balance	On order		Stock-keeper's Initial	Stock Verifier's Initials with Date	Remarks
Date	Challan or Credit Slip No.	Quantity	Date	Requisition No.	Quantity	Quantity	Quantity	Date Expected			

(iii) **स्टोर्स लेजर** (Stores Ledger)—स्टोर्स लेजर लेखा विभाग मे लेखापालक द्वारा तैयार किया जाता है। स्टोर्स लेजर स्टोर कीपर के कार्यकलापो पर नियन्त्रण रखने का एक प्रमुख साधन है। स्टोर्स लेजर मे प्रत्येक प्रकार की सामग्री व कल-पुर्जों के लिए एक पृथक् खाता खोला जाता है। इनका नामपक्ष (Debit side) बीजको व 'स्टोर्स डेबिट नोट्स' से लिखी जाती है जबकि इसका जमापक्ष सामग्री माग-पत्र की मदद से लिखी जाती है।

स्टोर्स लेजर मे प्रत्येक प्राप्ति व निर्गमन के बाद शेष ज्ञात किया जाता है ताकि निरन्तर जाँच होती रहे और अन्तिम स्टॉक की गणना में कठिनाई न आवे। 'स्टोर्स लेजर' एवं 'स्टोर्स नियन्त्रण रिकार्ड' मे प्रमुख अन्तर यह है कि 'स्टोर्स लेजर' मे मात्रा के साथ-साथ राशि का भी लेखा होता है जबकि 'स्टोर्स नियन्त्रण रिकार्ड' मे केवल सामग्री की मात्रा (Quantity) का ही लेखा किया जाता है।

संग्रहीत सामग्री पर नियन्त्रण रखने के उद्देश्य से यह आवश्यक है कि समय-समय पर 'स्टोर्स लेजर' एवं 'स्टोर्स नियन्त्रण रिकार्ड' के शेषों का तुलनात्मक अध्ययन कर लिया जाय और यदि कहीं पर अन्तर दृष्टिगोचर हो तो उसकी वृहत जाँच करके त्रुटि ज्ञात की जाय। 'स्टोर्स लेजर' का प्रारूप नीचे दिया गया है किन्तु यह समस्त परिस्थितियो में सही होगा यह नही कहा जा सकता। इसमें आवश्यकतानुरूप सुविधा के लिए परिवर्तन किए जा सकते हैं।

Stores Ledger

Type
Grade
Location
Symbol

Minimum Quantity
Maximum Quantity
Source of Supply
Delivery

	Ordered		Reserved			Received					Issued					Balance		Remarks
Date	Job or Stores	Qty.	Date	Job	Qty.	Date	Inv. or D. N. No.	Qty.	Rate	Amount	Date	Req. No.	Qty.	Rate	Amount	Qty.	Amount	
									Rs.	Rs.				Rs.	Rs.		Rs.	

निरन्तर गणना प्रणाली
(Perpetual Inventory System)

सामग्री का लेखा करने की वह प्रणाली, जिसमें सामग्री की प्रत्येक प्राप्त एवं निर्गमन के बाद सामग्री का शेष ज्ञात किया जाता है, जिससे स्टोर्स मे उपलब्ध सामग्री की मात्रा की निरन्तर जाँच सम्भव हो सके एवं वार्षिक स्कन्ध मूल्यांकन के लिए फैक्टरी को बन्द नहीं करना पड़े, निरन्तर गणना प्रणाली के नाम से विख्यात है। 'स्टोर्स लेजर' मे सामग्री के आगम एवं निर्गमन का प्रत्येक लेखा होता है तथा प्रत्येक आगम के बाद तथा प्रत्येक निर्गमन के बाद सामग्री का शेष दिया हुआ होता है। इस प्रकार 'स्टोर्स लेजर' प्रबन्धकों को सामग्री की निरन्तर गणना करके देता है।

'स्टोर्स लेजर' के एक खाते का शेष 'बिन कार्ड' या 'स्टोर्स नियन्त्रण रिकार्ड' के शेष से मिलना चाहिए। इन दोनों खातों की अनायास जाँच की जानी चाहिए। इसके साथ-साथ स्टॉक की गणना भी की जानी चाहिए तभी सामग्री संग्रहण पर पूर्ण नियन्त्रण रखा जा सकेगा। वृहत संस्थाओ मे लगातार जाँच की प्रणाली अपनाई जाती है जिसके अन्तर्गत समय-समय पर सामग्री की वास्तविक मात्रा की गणना की जाती है और उसका मिलान 'बिन कार्ड' के शेष से किया जाता है। अन्तर आने पर कारणो की विस्तृत जाँच की जाती है। यदि अन्तर निम्न कारणों से है तो सामग्री स्थिति सही मानी जाती है—

(अ) माल में सामग्री के स्वभाव के कारण कमी हो जाना। जैसे सूख जाना या भाप बनकर उड़ जाना।
(ब) निर्गमन मूल्य की निकटतम बिन्दु तक गणना करने पर राशि में कुछ अन्तर आ जाना।
(स) निर्गमन मूल्य (Issue Price) में अन्तर हो जाना।
(द) किसी सामग्री को गलत 'बिन' में रख दिया जाना।
(य) सामग्री की चोरी हो जाना।
(र) सामग्री का पड़े-पड़े नष्ट हो जाना या दोषपूर्ण हो जाना।
(ल) भण्डारगृह में नमी के कारण सामग्री के बजन मे वृद्धि हो जाना।

किन्तु यदि अन्तर इन कारणों से नही है तो यह मानना चाहिए कि सामग्री में कुछ गडबड़ी है जिसकी गहन जाँच करके दोषी व्यक्तियो को दण्डित किया जाना चाहिए।

निरन्तर गणना प्रणाली के लाभ (Advantages of Perpetual Inventory System)—निरन्तर गणना प्रणाली के निम्न प्रमुख गुण हैं—

1. वास्तविक शेष एवं पुस्तकीय शेष में निरन्तर मिलान होता रहता है अतः कर्मचारियों में एक भय बना रहता है और वे सामग्री मे गड़बडी करने की कोशिश नही करते बल्कि वे सामग्री का पूर्ण व सही लेखा रखने, टूट-फूट व चोरी से बचाने का निरन्तर प्रयास करते हैं।
2. निरन्तर जाँच के कारण पुस्तकीय शेष एवं वास्तविक शेष का अन्तर तुरन्त ही ज्ञात हो जाता है। अतः इसके कारणों का पता लगाने के लिए सामयिक कदम उठाये जा सकते हैं।
3. सामग्री की दिन-प्रतिदिन की पूर्ण सूचना उपलब्ध रहने के कारण प्रबन्ध द्वारा भावी नीति व योजना का निर्माण आसानी से किया जा सकता है।
4. इस पद्धति से सामग्री का लेखा करने से सामग्री में अधिक पूंजी का विनियोग नही हो पाता। इस पद्धति में सामग्री की अधिकतम, न्यूनतम व आदेशित मात्रा का

उल्लेख होता है जो कि व्यापार की परिस्थितियो व आवश्यकताओ को देखकर निर्धारित किया जाता है। किसी भी समय सामग्री की मात्रा अधिकतम स्तर से अधिक नही हो सकती। अत. पूँजी का अधिक विनियोजन सम्भव ही नहीं है। इसी प्रकार सामग्री न्यूनतम सीमा से कम नही हो सकती अतः सामग्री की कमी (under stocking) भी नही हो सकती।

5 इस पद्धति मे सामग्री के निर्गमन पर पूर्ण नियन्त्रण रखा जाता है। निर्गमन माँग पत्रो के आधार पर होता है। अत. सामग्री का दुरुपयोग व गलत प्रयोग नही हो पाता।

6 अन्तिम स्टॉक की गणना नहीं करनी पड़ती। अन्तिम स्टॉक किसी भी समय उपलब्ध होता है।

7 बेकार पड़ा हुआ माल तुरन्त ही ज्ञात हो जाता है। इसी प्रकार माल की वास्तविक क्षति का ज्ञान भी हो जाता है।

(III) सामग्री निर्गमन नियन्त्रण
(Material Issue Control)

भण्डारगृह से सामग्री का निर्गमन उत्पादन विभाग को किया जाता है। यदि सामग्री निर्गमन पर प्रभावी नियन्त्रण नही रखा जायेगा तो सामग्री का अपव्यय सम्भव हो सकता है जो अन्ततोगत्वा उत्पादित वस्तु की कीमत मे वृद्धि तथा संस्था के लाभों मे कमी का कारण बनेगा। अत: किसी भी संस्था मे सामग्री निर्गमन पर नियन्त्रण रखने के लिए निम्न व्यवस्था अपनाई जाती है—

1. सामग्री मांग-पत्र (Material Requisition Slip or MRS)—स्टोर कीपर भण्डार गृह से सामग्री का निर्गमन सामग्री मांग-पत्र (Material Requisition Slip) के आधार पर करता है। सामग्री मांग-पत्र एक ऐसा प्रपत्र है जो सामग्री के निर्गमन के लिए अधिकार प्रदान करता है। इस प्रपत्र में अपेक्षित सामग्री का पूर्ण विवरण—जैसे, अपेक्षित मात्रा, किस्म, सामग्री का प्रकार, कार्ड नम्बर आदि—दिया हुआ होता है तथा उस विभाग का नाम भी लिखा होता है जिसने सामग्री की माँग प्रस्तुत की है। माँग-पत्र पर उत्पादन विभाग के फोरमैन या अन्य अधिकारी के हस्ताक्षर होने चाहिए। माँग-पत्र का प्रारूप निम्न है—

MATERIAL REQUISITION

To ____ ____

No.________ Date________

Kindly deliver the following items to........ . ...for Order No......... and Work Order No.........

Qty.	Description	Code No.	For office use only			Remarks
			Rate	Amount		
				Rs.	Paisa	

Approved by ______	Stores Ledger Folio ______ No. ______ Bin No. ______	Issued by ______	Delivery taken by ______	For Cost Department Ref. No. ______ Priced by ______

उक्त माँग-पत्र की तीन प्रतियाँ तैयार की जाती है। एक प्रति माँग-पत्र प्रस्तुत करने वाले विभाग के पास रहती है तथा शेष दो प्रतियाँ स्टोर-कीपर (store-keeper) के पास भेज दी जाती हैं। स्टोर-कीपर एक प्रति अपने पास रख लेता है और उसके आधार पर अपने बिन कार्ड पर लेखा करता है। दूसरी प्रति पर निर्गमित मात्रा का लेखा लिखकर स्कन्ध नियंत्रण विभाग (Stock Control Department) को भेज देता है। स्कन्ध नियंत्रण विभाग अपनी पुस्तकों में लेखा करने के उपरान्त इस प्रति को लागत-विभाग (Cost Department) को भेज देता है। लागत विभाग निर्गमित माल की कीमत का निर्धारण करता है। इस प्रकार सामग्री निर्गमन का लेखा, उत्पादन विभाग, स्टोर, स्टॉक नियन्त्रण विभाग एवं उत्पादन विभाग मे होता है। यदि चारों विभागो के सामग्री लेखो (Material Records) में अन्तर आता है तो सामग्री के सम्बन्ध मे गहन जाँच कराकर गड़बड़ी का पता लगाया जा सकता है।

2. निर्गमित माल की वापसी (Returning the Issued Material)—जब किसी माँग-पत्र के आधार पर प्राप्त की गयी सामग्री आवश्यकता से अधिक आ जाती है और कार्य पूरा हो जाने के बाद सामग्री बच जाती है तो बची हुई सामग्री को पुनः स्टोर को लौटा दिया जाता है। स्टोर को सामग्री लौटाते समय एक सामग्री वापसी-पत्र (Material Return Note) भरा जाता है। यह पत्र माल के साथ स्टोर विभाग मे भेजा जाता है। इस पत्र पर उसी अधिकारी के हस्ताक्षर होते है जो माँग-पत्र पर हस्ताक्षर करता है। **सामग्री वापिसी पत्र** (Material Return Note) मे लौटाये गये माल का पूर्ण विवरण, मात्रा, किस्म, कोड संख्या आदि सहित लिखने पड़ते हैं। **इसका प्रारूप निम्न है—**

MATERIAL RETURN NOTE

From :

Job No.__________ Order No.__________ No.__________

Department__________ Date__________

To :

Store-keeper,

Kindly receive the following items from the above job :

Qty.	Description	Code No.	For office use only			Remarks
			Rate	Amount		
				Rs.	Paisa	

Approved by	Received by	Stores Ledger Folio No.______ Bin No.______	For Cost Deptt. only Ref. No.______ Price.______

उक्त सामग्री वापसी-पत्र की तीन प्रतियाँ तैयार की जाती है। एक प्रति उत्पादन विभाग में ही रह जाती है तथा शेष दो प्रतियाँ स्टोर-कीपर के पास भेज दी जाती हैं। स्टोर-कीपर सामग्री

प्राप्त करके एक प्रति स्वयं अपने पास रख लेता है तथा दूसरी प्रति पर आवश्यक लेखा करके उसे **'स्कन्ध नियन्त्रण विभाग'** (Stock Control Department) को लौटा देता है। स्कन्ध नियंत्रण विभाग इससे लेखा करके इस प्रति को लागत-लेखा विभाग (Costing Department) को भेज देता है जहाँ पर लौटाये गये माल की कीमत निर्धारित करके उसे सम्बन्धित कार्य मे जमा (Credit to the particular work order) कर दिया जाता है।

3. सामग्री का अन्तर-विभागीय हस्तांतरण (Inter-departmental Transfers)—एक विभाग से दूसरे विभाग को तथा एक कार्य से दूसरे कार्य (work order) को सामग्री का हस्तांतरण केवल कुछ विशिष्ट एवं अति-आवश्यक परिस्थितियों मे ही किया जाता है। सामान्यतया इस प्रकार के हस्तांतरण को हतोत्साहित किया जाता है। अति-आवश्यकता के समय ऐसा करना पड़ता है। इसके लिए हस्तातरण करने वाले विभाग द्वारा **'सामग्री हस्तांतरण-पत्र'** (Material Transfer Note) तैयार किया जाता है। इसकी 3 प्रतियाँ तैयार की जाती है जो हस्तातरिती विभाग को माल के साथ प्रेषित कर दी जाती है। हस्तांतरिती विभाग एक प्रति अपने पास रख कर शेष दो पर हस्ताक्षर करके हस्तातरण करने वाले विभाग को लौटा देता है। यह विभाग इनमे से एक प्रति अपने पास रख लेता है तथा तीसरी प्रति को स्टोर-कीपर को लौटा देता है। स्टोर-कीपर इस प्रति के आधार पर हस्तांतरिती विभाग को नाम तथा हस्तांतरण करने वाले विभाग को जमा कर देता है। अपना लेखा करने के बाद वह इस प्रति को **'स्कन्ध नियंत्रण विभाग'** (Stock Control Department) को भेज देता है। यह विभाग अपना लेखा करने के उपरान्त इस प्रति को **'लागत लेखा विभाग'** (Costing Department) को भेज देता है।

4. सामग्री लेखों का सामयिक निरीक्षण (Periodic Inspection of Material Records)—सामग्री निर्गमन से सम्बन्धित लेखे स्टोर कीपर के खातों, स्टोर लेजर, उत्पादन विभाग, लेखा विभाम एवं उत्पादन लागत विभाग मे किए जाते है। समय-समय पर इन सबके लेखों की जाँच कर लेनी चाहिए। स्टोर कीपर के पास रखे बिन कार्डों (Bin Cards) तथा स्टोर लेजर (Store Ledger) की समय-समय पर जाँच की जानी चाहिए। ऐसा करते रहने पर कर्मचारियों मे एक नैतिक भय बना रहता है और सामग्री निर्गमन के सम्बन्ध मे कोई गडबड़ी नही हो पाती।

5 सामग्री की भौतिक गणना (Physical Stock-taking)—सामग्री निर्गमन पर प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने के लिए केवल यही आवश्यक नही है कि सामग्री लेखों की समय-समय पर जाँच कर ली जाय बल्कि यह भी आवश्यक है कि कभी-कभी (जिसका समय निश्चित न हो) सामग्री की भौतिक गणना भी कर लेनी चाहिए ताकि यह ज्ञात हो सके कि :

(i) वाष्पीकरण (Evaporation) के कारण सामग्री में कितनी कमी आई है ?

(ii) नमी के कारण सामग्री के वजन में कितनी वृद्धि हो गई है ?

(iii) टूट-फूट, चोरी व गबन कितना है ? आदि।

आकस्मिक भौतिक-गणना सामग्री पर पूर्ण नियन्त्रण रखने का एक अचूक साधन है।

(IV) सामग्री-क्षति नियन्त्रण
(Material Loss Control)

सामग्री की क्षति या हानि के विभिन्न नाम या रूप हो सकते है। इन विभिन्न नामो के बारे में कोई एक सर्वमान्य सिद्धान्त नही है फिर भी अधिकाश बातो में विचारधाराओं की समानता है। **सामग्री क्षति के विभिन्न रूप** (Different forms of Material Losses) निम्न हैं—

(i) क्षय (Waste),
(ii) अवशेष (Scrap),
(iii) विनाश (Spoilage),
(iv) दोषपूर्णता (Defectives)

(i) क्षय (Waste)

उत्पादक सामग्री का वह भाग जो उत्पादन प्रक्रिया में नष्ट हो जाता है तथा जिससे कुछ भी प्राप्त नहीं होता है, क्षय कहलाता है। उदाहरणार्थ, उत्पादन प्रक्रिया मे सामग्री के वजन मे कमी हो जाना, या वाष्पीकरण (evaporation) से सामग्री के वजन मे कमी हो जाना या उत्पादन प्रक्रिया मे ऐसा अवशेष (scrap) हो जाना जिसका कोई भी मूल्य न हो आदि। क्षय का प्रभाव यह होता है कि इसके कारण प्रति इकाई लागत मे वृद्धि हो जाती है क्योंकि सामग्री की कमी के कारण उत्पादित इकाइयाँ कम आती है जिससे सम्पूर्ण लागत अपेक्षाकृत कम इकाइयों पर फैलाई जाती है अतः प्रति इकाई लागत बढ जाती है। क्षय दो प्रकार का होता है—

(अ) सामान्य क्षय (Normal Waste),
(ब) असाधारण क्षय (Abnormal Waste)।

(अ) **सामान्य क्षय** (Normal Waste)—वह क्षय जो सामान्यतया उत्पादन की प्रक्रिया मे अवश्य होता है। इस क्षय को तभी रोका या कम किया जा सकता है जबकि उत्पादक विशेष कुशलता व कार्यक्षमता का प्रदर्शन करे। कहने का तात्पर्य यह है कि **उत्पादन प्रक्रिया में सामान्यतया जो क्षय होता है वह सामान्य क्षय कहलाता है।** जैसे, सामान्य टूट-फूट, वाष्पीकरण, कमी आदि। सामान्य क्षय उत्पादन लागत का एक अंग होता है। अतः सामान्य क्षय के कारण उत्पादन लागत मे वृद्धि अवश्यम्भावी है।

(ब) **असाधारण क्षय (Abnormal Waste)**—वह क्षय, जो उत्पादन की प्रक्रिया में उत्पादनकर्त्ता की अकुशलता व लापरवाही के कारण होता है। इस क्षय को उत्पादन लागत का अंग नही माना जाता है, अतः असाधारण क्षति की राशि को लाभ-हानि खाते में हस्तातरित कर दिया जाता है। इस क्षय को नियन्त्रित किया जा सकता है।

क्षय को नियन्त्रित करने के उद्देश्य से प्रत्येक उत्पादन संस्थान में एक निश्चित समय के बाद **'क्षय रिपोर्ट'** (Waste Report) तैयार की जाती है। इस रिपोर्ट द्वारा प्रदर्शित क्षय की प्रतिशत की **'प्रमापित प्रतिशत'** (Standard Percentage) से तुलना की जाती है और अन्तर के कारणों की जानकारी प्राप्त करके उनके लिए सुधारात्मक उपाय किये जाते हैं। **'क्षय रिपोर्ट' का नमूना पृष्ठ 40 पर दिया गया है।**

(ii) अवशेष (Scrap)

उत्पादन प्रक्रिया के दौरान उत्पादित इकाई या वस्तु का जो भाग उसको विक्रय योग्य बनाते समय अलग हो जाता है, वही अवशेष कहलाता है। जैसे लोहे की किसी वस्तु की ढलाई के बाद उसको विक्रय योग्य बनाते समय खराद पर कुछ लोहा, मशीन अलग कर देती है, लकडी का कार्य करते समय उसमे से बुरादा या छीलन निकलती है, चीनी का उत्पादन करते समय गन्ने की छोई बचती है आदि। अवशेष (Scrap) के कारण वस्तु की लागत बढ़ जाती है। अतः अवशेष की मात्रा को उत्पादन, कार्य या प्रक्रिया (Process) खाते मे मात्रा के खाने में जमा कर

WASTE REPORT

Department________

Cost Centre __________ No.________

Date________

Process or Job	Actual Waste (in Qty.)	Percentage of Actual waste to Production	Normal waste Percentage	Remarks

Action to be taken by__________
Inspected by__________

Signature

दिया जाता है। अगर अवशेष विक्रय योग्य है तो अवशेष के विक्रय से प्राप्त राशि को राशि के खाने में जमा कर दिया जाता है।

अवशेष पर नियन्त्रण रखना अति आवश्यक है। इसके लिए निम्न कार्य करने चाहिए—

(अ) अवशेष के लिए प्रमाप निर्धारित करना,
(ब) अवशेष के लिए विभागीय दायित्व निर्धारित करना।
(स) अवशेष का उचित लेखा करना ; तथा
(द) अवशेष कम करने के लिए समय-समय पर प्रभावी कदम उठाना।

(iii) विकृत सामग्री या विनाश (Spoilage)

उत्पादन की निर्माण प्रक्रिया (Manufacturing Process) के दौरान क्षतिग्रस्त वह माल जो पुनः किसी भी प्रक्रिया मे रखकर सुधारा नही जा सकता और न जिसके विक्रय से कुछ प्राप्त किया जा सकता है, विकृत सामग्री कहलाता है। 'विनाश' निर्माण प्रक्रिया के दोषों एवं सामग्री के दोषों के कारण उदय होता है। 'विनाश' भी सामान्य (Normal) एवं असामान्य (Abnormal) होता है। इसका लेखा उसी प्रकार किया जाता है जिस प्रकार सामान्य क्षय एवं असामान्य क्षय का लेखा किया जाता है।

विनाश पर नियन्त्रण रखने के लिए उचित प्रमाप निर्धारित किये जाने चाहिए तथा विभागीय कार्यक्षमता व कुशलता का समय-समय पर अवलोकन करके आवश्यक उपाय किए जाने चाहिए।

(iv) दोषयुक्त माल (Defectives)

वे उत्पादित इकाइयाँ जो निर्माण प्रक्रिया व उत्पादन प्रक्रिया के दौरान अर्द्ध-निर्मित रह गई हैं या जिनमें कोई दोष रह गया है जिनको पुनः प्रक्रिया में रखकर सुधारा एवं विक्रय योग्य बनाया जा सकता है, दोषपूर्ण इकाइयाँ कहलाती हैं। इन इकाइयों को पुनः विक्रय योग्य बनाने के लिए जो सामग्री, श्रम या व्यय करने पड़ते हैं उसको **'सुधार की लागत'** (Cost of Rectification) कहते हैं। दोषपूर्ण इकाइयाँ, दोषपूर्ण सामग्री, दोषपूर्ण निरीक्षण, गलत आयोजन, अकुशल श्रम, अपूर्ण औजार तथा असावधानी का परिणाम होती हैं।

माल मे दोष न आने पावे इसके लिए विशेष सावधानी रखनी चाहिए। दोषपूर्ण माल को सुधारने की लागत, उत्पादन लागत का अंग नहीं मानी जाती बल्कि इसको लाभ-हानि खाते से वसूल करना चाहिए। किन्तु यदि दोषपूर्णता अवश्यम्भावी (Unavoidable) है तो यह उत्पादन लागत का भाग हो सकती है।.

उपरोक्त समस्त विवेचन मे यह प्रकट हो जाता है कि सामग्री उत्पादन के लिए अति-महत्वपूर्ण तत्व है तथा उत्पादन लागत का एक महत्त्वपूर्ण अंग सामग्री ही है। इस पर पूर्ण नियन्त्रण एक उचित सीमा तक उत्पादन लागत को नियन्त्रित करता है।

निर्गमित सामग्री का मूल्यांकन
(Pricing of Material Issued)

जब स्टोर विभाग उत्पादन विभाग को सामग्री निर्गमित कर देता है, सामग्री मांग-पत्र (Material Requisition Slip) की एक प्रति लागत लेखा विभाग (Costing Department) को भेजी जाती है। लागत लेखा विभाग निर्गमित सामग्री की लागत या कीमत निर्धारित करता है जिससे कि वस्तु की उत्पादन लागत निश्चित की जा सके। लागत लेखा विभाग के सम्मुख सबसे प्रमुख समस्या निर्गमित सामग्री के मूल्याकन की होती है कि वह विभाग किस दर पर सामग्री का निर्गमन मूल्यांकित करें। सामग्री निर्गमन के मूल्यांकन की समस्या निम्न कारणों से महत्व रखती है—

(i) सामग्री भिन्न-भिन्न समयों पर भिन्न-भिन्न कीमतों पर क्रय की हुई होती है।
(ii) संग्रहीत सामग्री में कमी एवं वृद्धि हो जाती है।
(iii) संग्रहीत सामग्री में दोष उत्पन्न हो सकते हैं।
(iv) सामग्री संग्रहण एवं संग्रहण नियन्त्रण पर संस्था को व्यय करने पड़ते हैं।
(v) सामग्री क्रय की तिथि व उत्पादन विभाग के लिए निर्गमन की तिथि मे अन्तर होता है।

उत्पादन विभाग निर्गमित सामग्री का मूल्यांकन सामग्री का क्रय मूल्य, उसकी क्षति की लागत व उसके संग्रहण आदि की लागत को ध्यान में रखते हुए करता है। निर्गमित सामग्री के मूल्यांकन की निम्न विभिन्न प्रचलित पद्धतियाँ हैं—

1. **लागत-मूल्य पद्धति** (Cost Price-Method)
    (अ) पहले आना पहले जाना पद्धति (First in First out—FIFO)
    (ब) बाद में आना पहले जाना पद्धति (Last in First Out—LIFO)
    (स) अधिकतम मूल्य में आना तथा पहले जाना पद्धति (Highest in First out—HIFO)
    (द) आधार स्टॉक पद्धति (Base Stock)
2. **औसत-लागत पद्धति** (Average Cost-Method)
    (अ) साधारण औसत लागत पद्धति (Simple Average Cost Method)
    (ब) भारित औसत लागत पद्धति (Weighted Average Cost Method)
3. **प्रतिस्थापन लागत पद्धति** (Replacement Cost Method)
4. **प्रमाणित लागत पद्धति** (Standard Cost Method)
5. **बढ़ा हुआ मूल्य पद्धति** (Inflated Price Method)

1. लागत मूल्य पद्धति (Cost Price Method)—

लागत मूल्य से आशय सामग्री के क्रय मूल्य से है। यदि सामग्री के क्रय के समय कुछ अन्य व्यय भी किये जाते हैं तो लागत मूल्य का आशय क्रय मूल्य+अन्य व्यय है। अन्य व्यय है माल भाडा, चुगी, गोदाम भाडा, बीमा व्यय आदि। स्कन्ध रजिस्टर मे माल का लेखा इन समस्त मूल्यों को जोडकर ही किया जाता है। अत यदि 10 टन माल 1,000 रु० मे क्रय किया तथा माल भाडा 100 रु०, चुगी 25 रु० तथा बीमा व्यय 30 रु० किये तो माल की लागत 1,000+100+25+30 अर्थात् 1,155 रु० होगी। स्टॉक लेखों (Stock-Records) मे इस 10 टन का लागत मूल्य 1,155 रु० ही लिखा जायगा। लागत मूल्य पर आधारित **निम्न पद्धतियों से निर्गमित सामग्री का मूल्य निर्धारित किया जा सकता है—**

(अ) **पहले आना पहले जाना पद्धति** (First-in First-out or FIFO)—**इस** पद्धति के अन्तर्गत यह मान लिया जाता है कि जो माल सर्वप्रथम खरीदा गया है वही माल उत्पादन के लिए सर्वप्रथम निर्गमित किया गया है। इस प्रकार उत्पादन के लिए सामग्री का निर्गमन सर्वप्रथम उस सामग्री से किया गया माना जाता है जो सर्वप्रथम खरीदी गई थी। इस सामग्री के समाप्त हो जाने के उपरान्त उसके बाद क्रय की गई सामग्री निर्गमित की जाती है। यही क्रम अपनाया जाता है। निर्गमित सामग्री का मूल्य निर्धारित करते समय भी यही ध्यान में रखा जाता है। उत्पादन के लिए सर्वप्रथम निर्गमित सामग्री का मूल्य वह लागत होगी जो सबसे पहले क्रय किये गये माल की रही थी और जब तक सबसे पहले खरीदा गया माल सम्पूर्ण निर्गमित नही हो जाता तब तक उस निर्गमित सामग्री का मूल्य सबसे पहले वाली सामग्री का लागत मूल्य ही होगा। यह पद्धति वास्तव मे लागत पद्धति ही है क्योंकि उपरोक्त क्रम अपनाने में प्राप्त सामग्री यदि सम्पूर्ण निर्गमित कर दी जाती है तो निर्गमित सामग्री का मूल्य लागत के बराबर ही होगा।

लाभ (Advantages)—**इस पद्धति के निम्न लाभ हैं—**

(i) **सरलता**—यह पद्धति समझने में सरल है तथा आसानी से व्यवहार में लाई जा सकती है।

(ii) **लागत मूल्य**—निर्गमित सामग्री का मूल्य अनुमान व सम्भावनाओं पर आधारित न होकर वास्तविक लागत के बराबर होता है अनुमान व सम्भावनाओं पर आधारित नहीं। अतः इस पद्धति से निर्गमित सामग्री का मूल्य निर्धारित करने मे कोई लाभ या हानि नही होती।

(iii) **वैज्ञानिक विधि**—इस पद्धति में पहले आने वाले माल को पहले निर्गमित किया जाता है तथा बाद मे आने वाले माल को बाद में। अतः माल को बेकार पड़े रहने या नष्ट होने से बचाया जा सकता है।

(iv) **अन्तिम स्कन्ध का सुगम मूल्यांकन**—इस पद्धति द्वारा माल निर्गमित करने पर अन्तिम स्कन्ध के मूल्यांकन की आवश्यकता नही पड़ती। क्योंकि बची हुई सामग्री का मूल्य वही राशि होगी जो स्टॉक लेजर में शेष होगी।

(v) जहाँ पर सामग्री की **खपत धीमी है** तथा सामग्री **अत्यन्त मूल्यवान है वहाँ पर यह** पद्धति अधिक सुगमतापूर्वक प्रयुक्त की जा सकती है।

हानियाँ (Disadvantages)—**इस पद्धति के निम्न दोष हैं—**

(i) **जटिल गणना**—इस पद्धति के अन्तर्गत गणना कार्य जटिल हो जाता है अतः लिपिक सम्बन्धी गलतियो (Clerical Errors) की सम्भावना बढ़ जाती है।

(ii) **अनुपयुक्तता**—जब कीमतों मे वृद्धि हो रही है तो यह पद्धति सर्वथा अनुपयुक्त है क्योंकि क्रय प्रथम की गई सामग्री सस्ती होगी और बाद में क्रय की गई सामग्री मँहगी।

प्रारम्भिक उत्पादन कार्यों के लिए सस्ती कीमत की सामग्री निर्गमित होगी। अतः लागत कम आयेगी जबकि बाद वाले कार्यों (Jobs) के लिए मँहगी सामग्री निर्गमित होगी। अतः उनकी लागत अधिक आयेगी। इस प्रकार इस पद्धति के प्रयोग का प्रमुख दोष यह है कि इसमें विभिन्न समयों मे किये गये उत्पादन कार्यों की लागत भिन्न-भिन्न आयेगी। अतः जब **कीमतों में वृद्धि तेजी से हो रही है तो इस पद्धति को नहीं अपनाया जा सकता।**

Illustration 2

Prepare Store Ledger Account from the following details charging the material issues on FIFO Basis—

1979
August

1	Opening stock	1500 units	at	Rs.	5 each
3	Purchased	1400 ,,	at	Rs.	6 each
7	Issued to Job No. 37	1200 ,,	vide		MR 130
11	Purchased	1000 ,,	at	Rs.	6·50 each
13	Purchased	500 ,,	at	Rs.	6 30 each
15	Issued to Job 41	700 ,,	vide		MR 140
17	Issued to Job 50	1000 ,,	vide		MR 145
19	Purchased	200 ,,	at	Rs.	7·00 each
25	Issued to Job 53	800 ,,	vide		MR 147

A shortage of 50 units has been recorded on 15th August, 1979

निम्न विवरणों से 'प्रथम आना प्रथम जाना पद्धति' के आधार पर स्टोर लेजर खाता बनाइए—

1979 अगस्त

1 प्रारम्भिक शेष	1500 इकाइयाँ	5 रु० प्रति इकाई
3 क्रय	1400 ,,	6 रु० ,, ,,
7 जॉब नं० 37 को निर्गमित	1200 ,,	द्वारा MR 130
11 क्रय	1000 ,,	6 50 रु० प्रति इकाई
13 क्रय	500 ,,	6·30 रु० प्रति इकाई
15 जॉब नं० 41 को निर्गमित	700 ,,	द्वारा MR 140
17 जॉब नं० 50 को निर्गमित	1000 ,,	,, ,, 145
19 क्रय	200 ,,	7·00 प्रति इकाई
25 जॉब नं० 53 को निर्गमित	800 ,,	द्वारा MR 147

15 अगस्त 1917 को 50 इकाइयो की कमी अभिलिखित की गई।

Solution

Stores Ledger Account

ABC Co. Ltd.

Material.................
Size or type............
Bin No.................

Folio ....
Max. Qty..........
Min Qty..........

Date	Receipts				Issues				Balance		
	Ref.	Qty.	Rate	Amount	Ref.	Qty.	Rate	Amount	Qty.	Rate	Amount
1-8-79	O. S.	1,500	5·00	7,500 00					1,500	5·00	7,500
3-8-79	Purchase	1,400	6·00	8,400·00	—	—	—	—	1,500 1,400	5 00 6·00	7,500 8,400
7-8-79	—	—	—	—	MR 130	1,200	5 00	6,000 00	300 1,400	5 00 6·00	1,500 8,400
11-8-79	Purchase	1,000	6·50	6,500 00	—	—	—	—	300 1,400 1,000	5 00 6·00 6·50	1,500 8,400 6,500
13-8-79	Purchase	500	6·30	3,150·00	—	—	—	—	300 1,400 1,000 500	5 00 6 00 6·50 6 30	1,500 8,400 6,500 3,150
15-8-79	—	—	—	—	MR 140	700	300×5 400×6	1,500·00 2,400·00	1,000 1,000 500	6 00 6·50 6·30	6,000 6,500 3,150
15-8-79	—	—	—	—	Shortage	50	6 00	300·00	950 1,000 500	6·00 6·50 6·30	5,700 6,500 3,150

17-8-79	—	—	—	—	MR 145	1,000	950 × 6 50 × 6·50	5,700 00 325 00	950 500	6 50 6·30	6,175 3,150
19-8-79	Purchase	200	7·00	1400·00	—	—	—	—	950 500 200	6 50 6·30 7 00	6,175 3,150 1,400
25-8-79	—	—	—	—	MR 147 Closing stock	800 850	6·50	5,200·00 5,525 00	150 500 200	6·50 6·30 7·00	975 3,150 1,400
		4,600		26,950·00		4,600		26,950 00			5,525

(ix) **श्रम-संघर्ष**—श्रमिकों व मालिकों मे मतभेद उत्पन्न हो जाने की दशा मे धीमा कार्य करने व हड़ताल आदि में नष्ट हुआ समय ।

कार्यहीन समय (Idle Time) **दो प्रकार का होता है—**

(अ) सामान्य (Normal)

(ब) असामान्य (Abnormal)

(अ) **सामान्य कार्यहीन समय** (Normal Idle Time)—वह कार्यहीन समय जिसको रोका नहीं जा सकता। कुछ समय उत्पादन कार्य के दौरान अवश्य नष्ट होता है। उसको रोकना कठिन ही नही बल्कि असम्भव है। जैसे—

(i) **स्थान परिवर्तन**—एक स्थान से दूसरे स्थान पर कार्य के लिए श्रमिक का जाना, तो जाने मे नष्ट हुआ समय ;

(ii) **कार्य परिवर्तन**—एक कार्य या उपकार्य को पूरा करने के उपरान्त दूसरा कार्य का उपकार्य प्रारम्भ करने मे नष्ट हुआ समय।

(iii) जलपान, भोजन व अन्य आवश्यक कार्यों के लिए एक उचित समय।

(iv) सामग्री आवागमन, औजार आवागमन व मशीन की सामान्य रुकावट मे नष्ट हुआ समय।

सामान्य कार्यहीन काल के पारिश्रमिक का लेखा लागत लेखों में दो प्रकार से किया जा सकता है—

(i) **वास्तविक श्रम दर से अधिक श्रम दर लगाना**—उत्पादन लेखे तैयार करते समय श्रम की दर वास्तविक से अधिक लगाकर कार्यहीन समय की हानि की क्षतिपूर्ति की जा सकती है। उदाहरणार्थ, यदि किसी कार्य मे 10 घन्टे लगते हैं और 10% समय नष्ट हो जाता है तो इसका आशय यह है कि कार्य के लिए 9 घन्टे का समय दिया गया है। यदि 10 घन्टे की मजदूरी 20 रुपये है तो दर 2 रुपये प्रति घन्टा हुई। 20 रुपये का 9 से भाग देकर बढ़ी हुई दर ज्ञात की जायगी जो 2·22 रुपये होगी। अतः उत्पादन लेखो मे मजदूरी की दर 2·22 रुपये प्रति श्रम घन्टा लगाई जायेगी न कि 2 रुपये प्रति घन्टा।

ऐसा करने से **कार्यहीन समय की मजदूरी प्रत्यक्ष लागत में सम्मिलित हो जाती है।**

(ii) **उपरिव्यय मानना**—यदि कार्यहीन काल की मजदूरी प्रत्यक्ष लागत मे सम्मिलित नही की जाती है तो कार्यहीन समय के पारिश्रमिक को उपरिव्यय (Overhead) मानकर लागत लेखो मे डाला जा सकता है।

(ब) **असामान्य कार्यहीन समय** (Abnormal Idle Time)—वह कार्यहीन समय जिसको कुशल प्रबन्ध व नियन्त्रण के द्वारा रोका जा सकता है या जो प्रबन्धकों की शक्ति के बाहर होते है। जैसे—

(i) सामग्री की अनियमित पूर्ति,
(ii) बिजली की अनियमित पूर्ति,
(iii) मशीनरी की टूट-फूट,
(iv) प्रबन्धकों व अधिकारियों की लापरवाही,
(v) श्रम-संघर्ष।

असाधारण कार्यहीन समय के पारिश्रमिक को उत्पादन लागत में सम्मिलित नहीं किया जाता। यह एक क्षति है जिसको लाभ-हानि खाते में अपलिखित किया जाता है।

3. श्रम निकासी (Labour Turnover)

छोड़कर जाने वाले और निकाले गये श्रमिकों का वर्ष के दौरान कार्यरत श्रमिकों से अनुपात ही श्रम निकासी है। श्रम निकासी श्रमिकों की स्थिरता का मापदण्ड है। श्रम निकासी की दर जितनी अधिक है संस्था मे श्रमिकों के टिकने का समय उतना ही कम। श्रम निकासी की

अधिक दर श्रम लागत मे वृद्धि करती है। क्योंकि नये श्रमिकों पर प्रशिक्षण तथा अतिरिक्त देख-रेख की लागत बढ जाती है। इसके अलावा नये श्रमिक को कार्य समझने व उसको कुशलतापूर्वक करने आदि मे कुछ समय अवश्य लगता है। परिणामस्वरूप श्रम निकासी के कारण श्रम लागत बढ़ जाती है। **श्रम-निकासी में दो बातें सम्मिलित होती है :**

(अ) **कार्य छोड़कर चले जाना**—श्रमिक अपने कार्य से त्याग-पत्र देकर निम्न कारणों से जा सकते है—

(i) पारिवारिक कारण,
(ii) पारिश्रमिक,
(iii) कार्य करने की दशाये,
(iv) सुविधाओ की मात्रा व प्रकृति,
(v) श्रमिकों मे आपसी मतभेद,
(vi) अधिलाभांश (Bonus) की मात्रा,
(vii) श्रमिक की अस्वस्थता
(viii) तरक्की आदि।

(ब) **कार्य से निकाल दिया जाना**—निम्न कारणों से श्रमिक को सेवा मुक्त कर दिया जाता है—

(i) अनुशासनहीनता,
(ii) अकुशलता,
(iii) छँटनी,
(iv) अनैतिकता व चरित्रहीनता,
(v) संक्रामक रोगी हो जाना,
(vi) अनियमित उपस्थिति,
(vii) कार्य के लिए अयोग्य हो जाना।

4. आकस्मिक श्रमिक (Casual Workers)

वे श्रमिक जो कार्य की अधिकता के कारण केवल कुछ ही समय के लिए कार्य करने हेतु नियुक्त किए जाते है, आकस्मिक श्रमिक कहलाते हैं। इनको देय पारिश्रमिक नियमित श्रमिकों को देय पारिश्रमिक की अपेक्षा अधिक होता है। इनको देय पारिश्रमिक उस कार्य व उपकार्य के लिए प्रत्यक्ष श्रम है जिसके लिए इनकी नियुक्त की गई है। किन्तु यदि इन श्रमिकों को अप्रत्यक्ष श्रम के लिए नियुक्त किया गया है तो इनको देय पारिश्रमिक उपरिव्यय (Overheads) मे सम्मिलित किया जायेगा।

5. वाह्य-श्रमिक (Out-Workers)

जब श्रमिक फैक्टरी मे सेवारत होकर कार्य न करके अपने घर पर स्वतंत्र रूप से कार्य करता है तो वह वाह्य-श्रमिक कहलाता है। वाह्य-श्रमिक वस्तुओं को घर पर ले जाते है और उन्हे बनाकर कारखाने मे पहुँचा देते हैं। कभी-कभी ये व्यक्ति स्वयं ही माल खरीद कर वस्तुओं का निर्माण करके कारखाने मे पहुँचा देते हैं। इस प्रकार के श्रमिकों को कार्यानुसार मजदूरी दी जाती है। वाह्य-श्रमिको को माल निर्गमित करने के सम्बन्ध में उचित नियन्त्रण होना चाहिए और तैयार माल लेते समय उसकी भली प्रकार जाँच भी होनी चाहिए। वाह्य-श्रमिको को देय **पारिश्रमिक प्रत्यक्ष श्रम है।**

6. पारिश्रमिक सहित अवकाश (Paid Holidays)

श्रमिक कानूनो के प्रभाव से श्रमिको को कुछ राष्ट्रीय दिवसो व त्यौहारो पर सवेतन अवकाश देना पड़ता है। महिला कर्मचारियो को प्रसूतिकाल के लिए भी सवैतनिक अवकाश देना पडता है। इन अवकाशित दिनो का वेतन **'कार्यहीन समय'** के वेतन के समान ही है किन्तु इसको सदैव **उपरिव्यय** मानना चाहिए क्योकि यह व्यय उत्पादन से सम्बन्ध नही रखता।

पारिश्रमिक देने की पद्धतियाँ
(Methods of Remunerating Labour)

श्रमिको को पारिश्रमिक देने की पद्धतियो का निर्धारण करने से पूर्व अनेक बातो पर विचार करना होता है। श्रमिको को पारिश्रमिक देने की पद्धति ऐसी होनी चाहिए जिससे कि श्रमिको की कार्यकुशलता मे वृद्धि हो। **एक कार्यकुशल मँहगा श्रमिक सस्था के लिए सस्ता होता है जबकि एक अकुशल सस्ता श्रमिक संस्था के लिए मँहगा होता है।** कारण स्पष्ट है, एक कार्यकुशल श्रमिक कम समय मे अच्छी किस्म का, अधिक मात्रा मे माल कम क्षय करके उत्पादित करता है जबकि अकुशल नही। **एच० जे० ह्वेल्डन** ने स्पष्ट कहा है कि **"कम मजदूरी से अनिवार्यतया कम लागत नहीं आती—वास्तव मे, यह व्यापक रूप से मान्य है कि कुशलतापूर्वक सगठित फैक्टरियाँ उच्चतम मजदूरी दे सकती है और फिर भी उनकी श्रम लागत न्यूनतम होती है।"**[1] **एक पारिश्रमिक देने की आदर्श पद्धति निम्न विशेषताओं से युक्त होनी चाहिए—**

(i) **दोनों पक्षों को लाभप्रद**—मजदूरी पद्धति श्रमिक व स्वामी दोनो के लिए लाभप्रद होनी चाहिए। पद्धति ऐसी हो जिससे स्वामी को न्यूनतम श्रम लागत पड़े तथा श्रमिक को अधिकतम अर्जित करने का अवसर हो।

(ii) **न्यूनतम मजदूरी का आश्वासन**—'उद्योग मनुष्यो के लिए बना है न कि मनुष्य उद्योगो के लिए।' पारिश्रमिक पद्धति ऐसी हो जो कि संस्था मे कार्यरत श्रमिकों को कम से कम इतना भुगतान हो जिससे वे अपनी न्यूनतम आवश्यकताओं की पूर्ति करके एक सुखद रहन-सहन बना सके।

(iii) **सरल व पूर्ण**—पद्धति ऐसी हो जो श्रमिको की समझ मे आसानी से आ जाय तथा जिससे वे अपना पारिश्रमिक सुगमतापूर्वक ज्ञात कर सके।

(iv) **कार्यक्षमता पर आधारित**—पद्धति ऐसी हो जिसके द्वारा कार्यदक्ष श्रमिको को अधिक व अकुशल श्रमिको को कम भुगतान होता हो। इससे अकुशल श्रमिक कुशलता प्राप्त करने का प्रयास करेंगे।

(v) **प्रेरणादायक**—पारिश्रमिक पद्धति ऐसी होनी चाहिए जिससे श्रमिको मे अधिक से अधिक कार्य करने की प्रेरणा उत्पन्न हो। यदि श्रमिक यह जानते हैं कि अधिक कार्य करने पर पारिश्रमिक मे वृद्धि कर सकते है तो प्रत्येक श्रमिक अधिक से अधिक कार्य करने का प्रयास करेगा।

(vi) **लोचपूर्ण**—पारिश्रमिक पद्धति सब परिस्थितियो मे अपनाई जाने वाली होनी चाहिए तथा ऐसी हो जो परिवर्तित परिस्थितियो मे भी कार्यरत रह सके।

(vii) **औद्योगिक शान्ति स्थापित करने में सहायक**—पारिश्रमिक पद्धति ऐसी होनी चाहिए जो औद्योगिक शान्ति स्थापित करने मे मदद करे। **औद्योगिक अशान्ति**

---

1. "Low wages do not necessarily mean low costs—in fact, it is widely recognised that efficiently organised factories may pay the highest wages, and you have lowest labour cost." —**H. J. Wheldon**

सामान्यतया असंतोषजनक पारिश्रमिक पद्धति के कारण ही उदय होती है। पद्धति ऐसी हो जो स्वामी व श्रमिक के मध्य स्वस्थ एवं विश्वासाश्रित सम्बन्ध कायम करे।

(viii) **मूल्य स्तर से सम्बन्धित**—पारिश्रमिक पद्धति ऐसी होनी चाहिए जो प्रचलित मूल्य स्तर से सम्बन्धित हो जिससे मूल्य स्तर मे वृद्धि होने की दशा मे श्रमिको की मजदूरी स्वत. ही बढ सके।

पारिश्रमिक पद्धतियों के प्रकार
(Types of Remunerating Methods)

श्रमिकों को पारिश्रमिक देने की सामान्यतया तीन पद्धतियाँ हैं—

1. समय-दर पद्धति (Time-rate System),
2. कार्य-दर पद्धति (Piece-rate System),
3. प्रेरणात्मक पद्धति (Incentive System).

1. समय-दर पद्धति (Time-rate System)

इस पद्धति के अन्तर्गत श्रमिक को समय के आधार पर पारिश्रमिक दिया जाता है। पारिश्रमिक की दर प्रति घण्टा, प्रति दिन, प्रति सप्ताह अथवा प्रति माह हो सकती है। इस पद्धति के अन्तर्गत मजदूरी की गणना करते समय श्रमिक द्वारा किए गये कार्य की मात्रा का कोई प्रभाव नही पड़ता है। यह मजदूरी भुगतान की प्राचीनतम पद्धति है। यह पद्धति **निम्न दशाओ में उपयुक्त मानी जाती है—**

(अ) जहाँ **प्रभावी नियंत्रण सम्भव हो सके;**
(ब) जहाँ **वस्तु की किस्म** वस्तुओ की मात्रा की अपेक्षा अपेक्षित है;
(स) जहाँ कार्य का मापन सम्भव नही होता;
(द) जहाँ उत्पादन **विभिन्न प्रक्रियाओं से गुजरता है।** विभिन्न प्रक्रियाओ मे विलम्ब व व्यवधानों को रोकना सम्भव नही है;
(य) जहाँ **विशिष्ट ज्ञान** की आवश्यकता होती है, जैसे चित्रकारी।

गुण (Merits)—**इस पद्धति के निम्न लाभ हैं—**

(i) सरलता—यह प्रणाली अत्यन्त सरल है। प्रत्येक श्रमिक आसानी से अपने पारिश्रमिक की गणना कर लेता है।

(ii) **उच्च किस्म का उत्पादन**—इस पद्धति के अंतर्गत श्रमिक को कार्य करने की शीघ्रता नही होती, अतः उत्पादित वस्तु उच्च किस्म की होती है।

(iii) **निश्चित पारिश्रमिक का आश्वासन**—इस पद्धति मे श्रमिक एक निश्चित पारिश्रमिक के लिए निश्चित होता है।

(iv) **सामग्री व यंत्रों का सदुपयोग**—इस पद्धति के अन्तर्गत कार्यरत श्रमिकों को कार्य करने मे किसी प्रकार की जल्दीबाजी नही होती, अतः वे सामग्री व यंत्रों और औजारों का उपयोग सावधानीपूर्वक करते हैं।

(v) **प्रशासनिक व्ययों मे कमी**—सेवायोजको द्वारा मजदूरी सम्बन्धी हिसाब-किताब का विस्तृत लेखा रखने की आवश्यकता नही रहती, अतः इसके प्रशासनिक व्यय काफी कम आते है।

(vi) **श्रमिकों में सद्भाव व एकता**—सभी श्रमिकों को समान दर से समान वेतन मिलता है, अतः उनमे पारस्परिक सद्भाव व एकता सदैव बनी रहती है।

दोष (Demerits)—**इस पद्धति के निम्न दोष है—**

(i) **प्रेरणा का अभाव**—सभी श्रमिको को एक ही दर से समान वेतन मिलता है, अतः श्रमिकों मे अधिक कार्य करने की प्रेरणा नही रहती। इसके विपरीत कार्यकुशल श्रमिकों की कुशलता भी धीरे-धीरे घटती जाती है।

(ii) **अत्यधिक निरीक्षण व्यय**—श्रमिको से अधिकतम कार्य लेने के लिए व उनके द्वारा समय के दुरुपयोग को रोकने के लिए उन पर प्रभावी नियत्रण रखना आवश्यक हो जाता है। इसके लिए श्रम निरीक्षक या फोरमैन की नियुक्ति करनी पड़ती है।

(iii) **समय का दुरुपयोग**—श्रमिक समय अधिक नष्ट करते है। श्रमिको का भुगतान कार्य पर निर्भर नही करता, अत. वे कम से कम कार्य करना चाहते है।

(iv) **औद्योगिक अशान्ति को जन्म**—सामान्यतया औद्योगिक अशान्ति का कारण यही पद्धति बनती है। क्योकि श्रमिक कम से कम काम करना चाहते है और अधिक से अधिक मागते है जबकि सेवायोजक अधिक से अधिक काम कराना चाहते है।

2 कार्य-दर पद्धति (Piece-rate System)

इस पद्धति मे श्रमिक की मजदूरी उसके द्वारा किए गये कार्य के अनुसार दी जाती है। प्रत्येक कार्य या उप-कार्य की मजदूरी निश्चित कर दी जाती है और उस कार्य या उप-कार्य को पूरा करने मे श्रमिक को कितना समय लगता है इस बात पर ध्यान नही दिया जाता।

गुण (Merits)—**इस पद्धति के निम्न गुण हैं—**

(i) श्रमिको को अधिकाधिक **कार्य के लिए प्रोत्साहन** रहता है। क्योकि वह जानता है कि जितना अधिक वह कार्य करेगा उतना ही अधिक उसको पारिश्रमिक प्राप्त होगा।

(ii) इस पद्धति द्वारा **कुशल व अकुशल श्रमिको मे भेद** आसानी से हो जाता है'

(iii) **उत्पादन मे वृद्धि** इसी पद्धति के अपनाने से सम्भव हो सकती है। प्रत्येक श्रमिक अधिकतम पारिश्रमिक पाने की लालसा मे अधिक स अधिक उत्पादन करता है। परिणामस्वरूप उत्पादन में वृद्धि हो जाती है।

(iv) **उत्पादन व्ययों में कमी** होना भी इस पद्धति का प्रमुख गुण है। उत्पादन बढने के साथ-साथ केवल श्रमिकों के पारिश्रमिक ही बढ़ते है अन्य उपरिव्ययो में वृद्धि नही होती। परिणामस्वरूप प्रति इकाई उत्पादन व्यय कम हो जाता है।

(v) इस पद्धति मे **निरीक्षण व्ययों** की अधिक आवश्यकता नही पड़ती। प्रत्येक श्रमिक को कार्यानुसार मजदूरी दी जाती है, अतः वह कम से कम समय बरबाद करता है।

(vi) इस पद्धति के अन्तर्गत **कार्यहीन समय** (Idle Time) **का पारिश्रमिक नहीं देना पड़ता।**

(vii) श्रमिक अपनी **मशीन व औजार ठीक रखते** है जिससे उन्हें उत्पादन कार्य मे रुकावट न आवे।

(viii) श्रम-लागत निश्चित व ज्ञात रहती है, अत· **टेण्डर आसानी से भर** जा सकते है।

दोष (Demerits)—**इस पद्धति के निम्न दोष है—**

(i) इस पद्धति के अन्तर्गत **अच्छी किस्म की वस्तुएँ उत्पादित नहीं हो पातीं**, क्योकि श्रमिक मात्रा पर विशेष ध्यान रखते हैं।

(ii) कुशल व अकुशल श्रमिको द्वारा प्राप्त पारिश्रमिक मे काफी अन्तर होता है अत: उनमें आपसी द्वेष बढता है।

(iii) शीघ्रता करने के कारण मशीन व औजारो की घिसावट व टूट-फूट अधिक होती है।

(iv) यह पद्धति उन कार्यों के लिए अयोग्य है जिनमें निपुणता, दक्षता व बारीकी की आवश्यकता पडती है।

3. प्रेरणात्मक पद्धति (Incentive System)

प्रेरणात्मक पद्धति से आशय उस पद्धति से है जो श्रमिको को कठिनतम परिश्रम करने के लिए प्रेरणा देती है। प्रेरणात्मक पद्धति मे प्रत्येक कार्य को करने के लिए 'प्रमाप समय' (Standard Time) निर्धारित कर दिया जाता है और श्रमिको को समय-दर के अनुसार एक निश्चित राशि तथा बचाये गये समय के मूल्य का एक भाग प्रब्याजि के रूप में दिया जाता है। इन पद्धतियों मे मजदूरी की राशि निम्न होती है—

Wages = Time—Rate Payment + Portion of the value of time saved

[मजदूरी = समय-दर से निर्धारित राशि + बचाये गये समय की मजदूरी का एक भाग]

Time saved = Standard time (to perform a job)—Actual time.

[बचाया गया समय = किसी कार्य को करने के लिए निर्धारित प्रमाप समय—वास्तविक समय]

एक श्रमिक को समय-दर से निर्धारित मजदूरी के अतिरिक्त बचाये गये समय के लिए जो भी भुगतान मिलता है उसे 'प्रब्याजि' या 'बोनस' कहते हैं। प्रेरणात्मक पद्धतियो मे वैसे तो हाल्से तथा रोवन पद्धति अति प्राचीन पद्धतियाँ है किन्तु आजकल निम्न प्रमुख प्रेरणात्मक पद्धतियाँ प्रचलन में हैं—

(1) हाल्से प्रब्याजि पद्धति (Halsey Premium System)
(2) रोवन प्रब्याजि पद्धति (Rowan Premium)
(3) टेलर पद्धति (Taylor System)
(4) मैरिक बहुगुण कार्य-दर पद्धति (Merrick Multiple Piece-rate System)
(5) इमरसन पद्धति (Emerson's Scheme)
(6) गैण्ट प्रणाली (Gantt System)
(7) बेडाक्स योजना (Bedaux Scheme)

(1) हाल्से प्रब्याजि पद्धति (Halsey Premium System)—यह पद्धति एक अमेरिकन श्री एफ० ए० हाल्से द्वारा प्रारम्भ की गई। इस पद्धति के अन्तर्गत प्रत्येक श्रमिक को समय-दर के हिसाब से एक निश्चित मजदूरी अवश्य दी जाती है। प्रत्येक कार्य के लिए एक प्रमापित समय निर्धारित कर दिया जाता है। यदि कोई श्रमिक कार्य को प्रमापित समय मे या इससे अधिक समय मे समाप्त करता है तो उसको केवल उतने समय की मजदूरी मिलेगी जितने समय उसने वास्तव मे कार्य किया है। किन्तु, यदि उसने प्रमापित समय से कम समय में कार्य पूरा कर लिया है तो उसे निम्न मजदूरी प्राप्त होगी—

Wages = Wages of time taken + $33\frac{1}{3}\%$ to 50% of the wages of time saved.

Illustration 1

एक श्रमिक ने किसी एक कार्य को 15 घण्टे मे पूरा किया। उस कार्य के लिए प्रमापित घन्टे 20 निश्चित किए गये। उसको 4 रु० प्रति घण्टा की दर से मजदूरी का भुगतान किया

जाता है। बचाये हुए समय का 40% उसको प्रब्याजि के रूप में दिया जाता है। इसके अलावा उसे 8 घन्टे के एक दिन के लिए 2 रु० मँहगाई भत्ता भी मिलता है। हाल्से प्रब्याजि पद्धति के अन्तर्गत उसकी कुल प्राप्तियों की गणना कीजिए।

A workmen has taken 15 hours in performing a Job. The standard hours fixed for the job are 20 hours He is given hourly payment at the rate of Rs 4 He is allowed to be paid 40% of the time saved. In addition he also gets a dearness allowance of Rs. 2 a day of 8 hours Calculate his earnings under Halsey Premium Plan

Solution

Wages = Wages of time taken + 40% of the wages of time saved.

$$= (15 \times 4) + \frac{40}{100} [4 \times (20-15)]$$

$$= 60 + \frac{40}{100} [4 \times 5]$$

$$= 60 + \frac{40}{100} \times 20$$

$$= 60 + 8$$

$$= 68$$

D A = D A. of time taken + 40% of the D A. of time saved

$$= \left(\frac{2}{8} \times 15\right) + \frac{40}{100} \left(\frac{2}{8} \times 5\right)$$

$$= \frac{30}{8} \times \frac{40}{100} \times \frac{10}{8}$$

$$= 3\ 75 + \cdot 50$$

$$= 4\ 25$$

Total Earnings = Wages + D. A.

$$= 68 \times 4\ 25 = 72\ 25$$

गुण (Merits)—इस पद्धति के निम्न गुण हैं—

(i) प्रमापित समय मे कार्य पूरा न होने पर भी निश्चित मजदूरी प्राप्त हो जाती है।

(ii) प्रमापित कार्य पूरा होने पर ही श्रमिक को प्रब्याजि पाने का अधिकार होता है अत: अधिक उत्पादन की प्रेरणा बनी रहती है।

(iii) यह योजना सेवायोजकों के लिए भी लाभप्रद है क्योंकि बचाये गये समय का 100% प्रब्याजि नही दिया जाता है।

(iv) इस योजना को सुगमतापूर्वक कार्यान्वित किया जा सकता है।

अवगुण (Demerits)—इस पद्धति के निम्न दोष हैं—

(i) बचाये गये समय के पारिश्रमिक का महत्वपूर्ण भाग सेवायोजकों को प्राप्त होता है अत: श्रमिको को हानि उठानी पड़ती है।

(ii) इस योजना के अन्तर्गत कुशल श्रमिक सामान्य श्रमिक के मुकाबले मे कई गुना अधिक पारिश्रमिक प्राप्त कर लेते है जिससे श्रमिकों मे आपसी वैमनस्य बढता है तथा एकता मे कमी आती है।

2. **रोवन प्रब्याजि पद्धति** (Rowan Premium System)—इस पद्धति को श्री जेम्स रोवन ने 1901 मे प्रारम्भ किया था। श्री रोवन स्कॉटलैण्ड की डेविड रोवन एण्ड सन्स, ग्लासगो, फर्म से सम्बन्धित थे। यह पद्धति हाल्से पद्धति की ही तरह है केवल बोनस गणना करने की विधि मे अन्तर है। इस पद्धति के अन्तर्गत—

(i) प्रत्येक कार्य के लिए एक प्रमापित समय निर्धारित कर दिया जाता है;
(ii) श्रमिक को कार्यरत घन्टो का समय-दर के आधार पर भुगतान किया जाता है;
(iii) यदि कार्य प्रमापित समय से कम समय मे पूरा हो जाता है तो प्रब्याजि कार्यरत घन्टों का वह अनुपात है जो बचाये गये समय का प्रमापित समय से होता है। अर्थात्

$$\text{Premium} = \text{Time Taken} \times \frac{\text{Time Saved}}{\text{Standard Time}}$$

इस प्रकार इस पद्धति के अतर्गत कुल पारिश्रमिक निम्न प्रकार ज्ञात किया जाता है–

Total Remuneration = Wages of Time Taken + Premium

$$\text{Premium Period} = \text{Time Taken} \times \frac{\text{Time Saved}}{\text{Standard Time}}$$

Thus,

Total remuneration = Wages of Time Taken + Wages of

$$\left(\text{Time Taken} \times \frac{\text{Time Saved}}{\text{Standard Time}}\right)$$

Illustration 2

Calculate total earnings of Illustration 1 as per Rowan System

Solution

$$\text{Total earnings} = \text{Wages \& D. A. of Time Taken} + \text{Wages \& D. A of Time Taken} \times \frac{\text{Time Saved}}{\text{Standard Time}}$$

				Rs
Wages of Time Taken	=	15×4	=	60·00
D. A. of Time Taken	=	$15 \times \frac{2}{8}$	=	3 75
Premium :—				
Wages of $15 \times \frac{5}{20}$ hours	=	$\frac{75}{20} \times 4$	=	15·00
D. A. of $15 \times \frac{5}{20}$ hours	=	$\frac{75}{20} \times \frac{2}{8}$	=	·9375
				79 6875

Note—कभी-कभी प्रश्न में प्रति घन्टा उपार्जित दर (Effective rate of earnings per hour) पूछ ली जाती है। यह निम्न प्रकार से ज्ञात होगी—

$$\text{Effective Rate of Earnings} = \frac{\text{Total Earnings}}{\text{Hours Actually Taken}}$$

उपरोक्त उदाहरण मे—

$$\text{Effective Rate} = \frac{79 \cdot 6875}{15} = \text{Rs. } 5\ 3125$$

3. टेलर पद्धति (Taylor System)—यह पद्धति वैज्ञानिक प्रबन्ध के जन्मदाता श्री एफ० डब्ल्यू० टेलर ने प्रतिपादित की है। इस पद्धति की निम्न प्रमुख बातें हैं—

(अ) इस पद्धति मे **कार्य-दर पद्धति** (Piece-Rate System) से पारिश्रमिक का भुगतान किया जाता है।

(ब) पारिश्रमिक की दो दरें (Two Rates of Wages) होती है। एक वह दर जो प्रमापित कार्य पूरा होने की दशा मे दी जाती है। दूसरी वह जो प्रमापित कार्य पूरा न होने की दशा मे दी जाती है। यदि श्रमिक प्रमापित समय मे या उससे कम समय मे उत्पादन कार्य पूरा कर लेता है तो उसको **ऊँची दर** से पारिश्रमिक दिया जाता है। किन्तु यदि श्रमिक ने प्रमापित समय में प्रमापित उत्पादन पूरा नही किया है तो उसको अपेक्षाकृत **नीची दर** से पारिश्रमिक का भुगतान किया जाता है। यही कारण है कि इस पद्धति को **'विभिन्न वेतन-दर पद्धति'** (Differential Piece-Rate Scheme) भी कहते है।

(स) इस पद्धति मे न्यूनतम मजदूरी का कोई आश्वासन नही रहता अर्थात् मजदूरी किए गये कार्य की मात्रा से ही सम्बद्ध होती है।

इस पद्धति को लागू करने के लिए **प्रमापित समय में प्रमापित उत्पादन की मात्रा** (Standard production during a standard time) निश्चित कर दी जाती है तथा पारिश्रमिक की दो दरें भी निश्चित कर दी जाती है। एक दर वह जो प्रमापित कार्य पूरा होने पर देय होती है, दूसरी दर वह जो प्रमापित कार्य पूरा न होने पर देय होती है। इस प्रकार इस पद्धति के द्वारा कुशल श्रमिकों को अकुशल श्रमिकों की अपेक्षा काफी ज्यादा पारिश्रमिक मिल जाता है। **इस पद्धति के प्रमुख दोष हैं**—

(i) यह न्यूनतम पारिश्रमिक का आश्वासन नही देती।

(ii) यह कुशल व अकुशल श्रमिकों मे बहुत अन्तर कर देती है।

(iii) यदि 'प्रमाप' उच्च स्थापित कर दिया जाय तो श्रमिको में विद्रोही भावना उदय हो जाती है जो औद्योगिक शान्ति के लिए खतरा है।

Illustration 3

निम्न सूचनाओं के आधार पर 'अ' और 'ब' श्रमिको की मजदूरी ज्ञात कीजिए एवं श्रम लागत पर टिप्पणी दीजिए—

प्रमापित समय = प्रति घन्टा 10 इकाइयाँ

सामान्य समय-दर = 1 रु० प्रति घन्टा

देय पारिश्रमिक दर :

प्रमाप से कम उत्पादन की दशा मे—कार्य-दर का 80%

प्रमाप के बराबर या उससे अधिक उत्पादन करने की दशा में—कार्य दर का 120%

एक दिन 'अ' ने ८ घन्टे मे ७५ इकाइयाँ तथा 'ब' ने 100 इकाइयाँ उत्पादित की।

From the following informations calculate the earnings of workers A and B and comment on labour cost—

Standard time= 10 units per hour
Normal Rate= Re 1 per hour
Remuneration to be paid at—
When production is below standard—80% of piece rate
When production is at or above standard—120% of piece-rate
In a certain day of 8 hours, A produced 75 units and B 100 units.

Solution

Standard out-put in 8 hours $= 10 \times 8 = 80$ units
A's production is below standard, Hence he will be paid @ 80% of piece rate—
Normal piece-rate= Re. 1 for 10 units i e 10 per unit

A's Remuneration will be $= 75 \times \frac{\cdot 10 \times 80}{100}$

$= 6$ Rs.

B's Remuneration will be $= 75 \times \frac{\cdot 10 \times 120}{100}$

$= 12$ Rs.

Labour Cost per unit—

for A's production $= \frac{6}{75} = \cdot 08$ per unit

for B's production $= \frac{12}{120} = 12$ per unit

4. मैरिक बहुगुण कार्य-दर पद्धति (Merrick differential piece-rate System)—यह पद्धति भी टेलर पद्धति की ही तरह है। अन्तर सिर्फ यह है कि इस पद्धति मे पारिश्रमिक की दो की अपेक्षा तीन दरें प्रचलित हैं। वास्तव मे यह पद्धति टेलर पद्धति मे कुछ सुधार है। टेलर पद्धति में प्रमापित उत्पादन करने वाले तथा प्रमाप से कम उत्पादन करने वाले श्रमिकों के पारिश्रमिक में बहुत अधिक अन्तर आ जाता है जबकि इस पद्धति मे यह अवगुण नही है। इस पद्धति में पारिश्रमिक की निम्न तीन दरें हैं—

मानक उत्पादन का प्रतिशत	भुगतान
(अ) 83% तक	सामान्य कार्य-दर
(ब) 83% से 100% तक	सामान्य कार्य-दर का 110%
(स) 100% से अधिक	सामान्य कार्य-दर का 120%

इस पद्धति मे न्यूनतम पारिश्रमिक का आश्वासन नही रहता। प्रत्येक श्रमिक को केवल उतना ही मिलता है जितना उसने उत्पादन किया है।

5. इमरसन पद्धति (Emerson's System)—इमरसन की इस पद्धति मे न्यूनतम पारिश्रमिक का आश्वासन रहता है। प्रत्येक श्रमिक को एक न्यूनतम पारिश्रमिक अवश्य मिलता रहेगा। हाँ, यदि उसने एक निश्चित प्रतिशत की कार्यदक्षता प्रदर्शित की है तो उसे कार्यदक्षता प्रब्याजि (Efficiency Bonus) भी देय होगा। इसीलिए इस पद्धति का नाम (Emerson's Efficiency Bonus) है। इस पद्धति के अन्तर्गत पारिश्रमिक निम्न प्रकार दिया जाता है—

कार्यदक्षता	प्रब्याजि
(i) 66⅔% कार्यदक्षता तक	केवल समय-दर मजदूरी प्रब्याजि नही

(ii) 66⅔% से 100% तक की कार्यदक्षता तक — समय-दर-मजदूरी + प्रव्याजि जो धीरे-धीरे बढ़ता हुआ अर्जित समय-दर मजदूरी के 20% तक पहुँचता है।

(iii) 100% से अधिक की कार्यदक्षता तक — समय-दर मजदूरी + अर्जित समय-दर मजदूरी का 20% प्रव्याजि + प्रति 1% कार्यक्षमता वृद्धि पर 1% पारिश्रमिक वृद्धि।

Bonus-Rate at Different Levels of Efficiency

% of Efficiency	Bonus being % of Wages earned on time basis	% of Efficiency	Bonus being % of Wages earned on time basis	% of Efficiency	Bonus being % of wages earned on time-basis
67	0·01	83	4·92	99	18·81
68	0 04	84	5·53	100	20 00
69	0·11	85	6·17	101	21·00
70	0·22	86	6 84	102	22·00
71	0 37	87	7·56	103	23·00
72	0 55	88	8·32	104	24·00
73	0 76	89	9·11	105	25·00
74	1·02	90	9·91	106	26·00
75	1·31	91	10 74	107	27·00
76	1·64	92	11 62	108	28·00
77	1·99	93	12 56	109	29 00
78	2·38	94	13·52	110	30 00
79	2·80	95	14·53	120	40 00
80	3·27	96	15·57	130	50·00
81	3·78	97	16·62	140	60 00
82	4·33	98	17·70	150	70·00

प्रव्याजि की उक्त दरें इमरसन ने दी हैं। किसी भी फैक्टरी में इस योजना को कार्यरत करने के लिए अपनी दरें निश्चित की जा सकती हैं।

Illustration 4

निम्न सूचनाओं से इमरसन पद्धति के अन्तर्गत मजदूरी व प्रव्याजि की गणना कीजिए—

12 घण्टे मे प्रमापित उत्पादन	192 इकाइयाँ
12 घण्टे में वास्तविक उत्पादन	168 इकाइयाँ
समय-दर	·75 प्रति घन्टा

यदि वास्तविक उत्पादन 240 इकाइयाँ हो तो मजदूरी व प्रव्याजि कितनी होगी ?

From the following information, calculate the bonus and earnings under Emerson Efficiency Bonus System—

Standard production in 12 hours 192 units
Actual production in 12 hours 168 units
Time-rate ·75 per hour

If the Actual output is 240 units, what will be the amount of bonus and earnings.

Solution

Total Earnings=Time—Wage+Bonus.

Time Wage=12 × ·75=Rs. 9

Bonus will be calculated as below—

$$\% \text{ of Efficiency} = \frac{\text{Actual output}}{\text{Standard output}} \times 100$$

$$= \frac{168}{192} \times 100$$

$$= 87 \cdot 5\%$$

Bonus at 87% of Efficiency is 7·56%
and at 88% „ „ „ 8·32%

Hence Bonus at 87·5% will be the average of 7·56 and 8·32 that is 7·94% of Time wages earned.

Hence Total remuneration is=9+7·94% of 9
=9+·7146
=Rs. 9·71

If Actual output in 12 hours is 240 then,

$$\text{Efficiency} = \frac{240}{192} \times 100 = 125\%$$

Bonus Percentage at 125% Efficiency=45%

Wages=12 × ·75
=9 Rs.

Total remuneration=9+45% of 9
=9+4·05
=Rs. 13·05

6. गैण्ट प्रणाली (Gantt System)—यह पद्धति हाल्से तथा टेलर पद्धति का मिश्रित रूप है। इस पद्धति में—

(i) प्रत्येक श्रमिक को एक निश्चित पारिश्रमिक अवश्य मिलता है। यह पारिश्रमिक जितने समय कार्य किया है उतने समय के लिए ['समय-दर' (Time Rate) पर आधारित] दिया जाता है भले ही श्रमिक ने प्रमापित कार्य किया है अथवा नहीं।

(ii) श्रमिक द्वारा प्रमापित कार्य करने पर उसको दैनिक पारिश्रमिक के अतिरिक्त इस पारिश्रमिक का 20% बोनस मिलता है। अतः

Remuneration = Time Wages + 20% of Time-Wages

(iii) श्रमिक द्वारा प्रमापित कार्य से अधिक कार्य करने पर उसको दैनिक पारिश्रमिक के अतिरिक्त $33\frac{1}{3}\%$ बोनस मिलता है। बोनस की यह दर 25% से 50% के मध्य कोई भी निर्धारित की जा सकती है। सामान्यतया यह प्रतिशत $33\frac{1}{3}\%$ है।

Remuneration = Time Wages + $33\frac{1}{3}\%$ of Time-Wages

Illustration 5

तीन श्रमिक राम, मोहन और भगत एक फैक्टरी मे कार्यरत है। उनके बारे मे निम्न विवरण है—

सामान्य दर प्रति घन्टा 0·80 रु०

प्रमापित कार्य प्रति घन्टा 2 इकाइयाँ

40 घन्टे के एक सप्ताह मे श्रमिकों द्वारा निम्न उत्पादन किया गया .

राम 50 इकाई, मोहन 80 इकाई, भगत 120 इकाई।

गैण्ट पद्धति के अन्तर्गत श्रमिकों का कुल पारिश्रमिक ज्ञात कीजिए।

Three workers—Ram, Mohan and Bhagat—are working in a factory The following particulars apply to them.

Normal rate per hour Re. 0·80

Standard Units per hour 2 Units

In a 40 hour week the production of the workers is as follows

Ram 50 units, Mohan 80 units, Bhagat 120 units

Calculate total earning of workers under Gantt System.

Solution

Ram's Earnings :

$$\text{Ram's Efficiency} = \frac{\text{Actual Work}}{\text{Standard Work}} \times 100$$

$$= \frac{50}{80} 100 = \text{Rs. } 62{\cdot}5\%$$

Hence Ram is entitled for time-wage only. He is not entitled to Bonus

Timely Wages $= 40 \times 80$

$= 32$ Rs.

Mohan's Earnings :

$$\text{Mohan's Efficienoy} = \frac{\text{Actual Work}}{\text{Standard Work}} \times 100$$

$$= \frac{80}{80} \times 100 = 100\%$$

Hence Mohan is entifled to a bonus of 20% in addition to timely-wages.

Mohan's Earnings = Time of Wages + 20% of timely wages

$= 32 + 20\%$ of 32

$= 32 \times 6{\cdot}40 =$ Rs 38·40

Bhagat's Eaznings :

$$\text{Bhagat's Efficiency} = \frac{120}{80} \times 100 = 150\%$$

Hence Bhagat will get a bonus of $33\frac{1}{3}\%$ in addition to timely wages.

Bhagat's earnings = Timely Wages + $33\frac{1}{3}\%$ of timely wages

$= 32 + 33\frac{1}{3}\%$ of 32

$= 32 + 10{\cdot}67$

$= 42\ 67$ Rs.

7. बेडाक्स योजना (Bedaux Scheme)—श्री सी० ई० बेडाक्स ने यह योजना 1911 में प्रतिपादित की। इस प्रणाली में किसी कार्य के लिए एक प्रमापित समय (Standard Time)

निर्धारित कर दिया जाता है। श्रमिको द्वारा किए गये कार्य को विशेष इकाइयो द्वारा नापा जाता है। इन इकाइयों को बिन्दु (Point या B) कहते है। इस पद्धति के अन्तर्गत प्रत्येक सामान्य श्रमिक को 1 घन्टे मे 60B तथा 8 घन्टे मे 480B कार्य करना चाहिए। जो श्रमिक प्रमाप के बराबर या उससे कम कार्य करते है उन्हे केवल दैनिक मजदूरी ही दी जाती है। किन्तु जो श्रमिक प्रमाप से अधिक कार्य करते हे उन्हे प्रब्याजि दिया जाता है। प्रब्याजि बचाये गये समय का 75% होता है।

अत:

Earnings = Timely Wages + 75 % of the Wages of time saved.

Time Saved = Actual Earnings − Standard points

Wages of Time Saved = Time Saved × Rate of Wages

Illustration 6

एक कार्य के लिए प्रमापित बिन्दु 480 है जबकि 8 घन्टे मे वास्तविक अर्जित बिन्दु 560 है। मजदूरी की दर 1 रु० प्रति घन्टा है। बेडाक्स योजना के अन्तर्गत कुल पारिश्रमिक ज्ञात कीजिए।

Standard points for a Job are 480 whereas the actual point earned in 8 hours are 560. If the rate of wage be Re. 1 per hour, what will be the total earnings under Bedaux Plan ?

Solution

Earnings = Timely Wages + 75% of the Wages of Time Saved.

$$= 8 + 75\% \text{ of } \left(\frac{560 - 480}{60}\right)$$

$$= 8 + \frac{75}{100} \times \frac{80}{60}$$

$$= 8 + 1 = \text{Rs. } 9$$

QUESTIONS

1. प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष श्रम में अन्तर स्पष्ट कीजिए। श्रम लागत पर नियन्त्रण के लिए आप किन बातों पर ध्यान रखेंगे।

   Distinguish between direct and indirect labour. What factors should be kept in view for keeping control over labour cost ?

2. 'श्रम लागत पर नियन्त्रण के लिए एक कुशल श्रम व्यवस्था अनिवार्य है।' इस कथन की विवेचना कीजिए और एक कुशल श्रम व्यवस्था के बारे में संक्षिप्त विवरण दीजिए।

   'An efficient labour-organisation is a must for keeping strict control over labour cost' Elucidate this statement and briefly discuss about an efficient labour organisation.

3. निम्न तत्वों का श्रम लागत पर क्या प्रभाव पड़ेगा ? समझाइये।

   (i) अधिसमय वेतन, (ii) कार्यहीन काल का पारिश्रमिक (iii), अवकाश पारिश्रमिक, (ii) वार्षिक बोनस।

   What will be the effect of following factors on labour cost ? Elucidate

   (i) Overtime pay, (ii) Idle time wages, (iii) Paid holiday, (iv) Annual Bonus

4. 'श्रम-निकासी' का अर्थ समझाइये। यह परिव्यय को किस प्रकार प्रभावित करता है ? श्रम-निकासी बढ़ने के क्या कारण होते हैं ?

Discuss the meaning of labour turnover. How does it affect the cost ? What are the causes of its increase ?

5 श्रमिकों की दैनिक उपस्थिति का लेखा करने की निम्न विधियो का वर्णन कीजिए : (i) उपस्थिति नामावली, (ii) टिकट प्रणाली, (iii) समय लेखा पत्रक ।

Describe the following methods for recording of daily attendance of workmen : (a) Muster Roll, (b) Disc Method, (c) Time recording card.

6 संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए—(अ) पारिश्रमिक संक्षिप्त, (ब) अधिसमय, (स) कार्यहीन काल, (द) श्रम निकासी ।

Write short notes on—(a) Wages Abstract, (b) Overtime, (c) Idle time, and (d) Labour turnover.

7. मजदूरी देने की प्रमुख पद्धतियाँ बताइये और उनमे से किसी चार का वर्णन कीजिए ।

Explain the principal methods of wage payment and explain any four of them.

8. श्रम को पारिश्रमिक देने के तीन मुख्य तरीकों को समझाइये तथा उन उद्योगों के नाम दीजिए जहाँ वे उपयुक्त हैं ।

Explain the three principal methods of remunerating labour and mention the types of industry to which each would be suitable.

9. श्रम को पारिश्रमिक देने के समय के आधार के क्या लाभ तथा क्या हानियाँ हैं ? आपकी राय मे इस पद्धति से सेवायोजकों तथा कर्मचारियों का हित किस सीमा तक एक दूसरे से भिन्न रहता है ?

What are the advantages and disadvantages of the time basis of remunerating labour ? To what extent do you consider the interests of employer and employee to be at variance under such a system.

10. श्रम-पारिश्रमिक की 'प्रेरणादायक योजना' का क्या अर्थ है ? किन्ही चार पद्धतियों के गुण-दोषों का वर्णन कीजिए ।

What do you mean by 'Incentive Plan' of remunerating labour ? Mention the merits and demerits of any four such methods.

11. निम्न सूचनाओं के आधार पर एक श्रमिक की 'रोवन पद्धति' के अन्तर्गत मजदूरी की गणना कीजिए ।

प्रमापित समय=10 घन्टे; समय दर=2 रु० प्रति घन्टा ; समय लगा=8 घन्टे ।

From the following informations calculate the wages of a worker under 'Rowan System'.

Standard Time=10 hours, Time rate=Rs. 2 per hours, Time taken =8 hours.

Ans Rs 19 20

12. मजदूरी की हैल्से पद्धति के अन्तर्गत एक श्रमिक को प्रतिदिन के हिसाब से 48 घन्टे के सप्ताह का 12 रु० पारिश्रमिक मिलता है तथा प्रति कार्य किये गये घन्टे का 10 पैसे जीवन निर्वाह बोनस मिलता है । उसे 8 घन्टे में पूरा करने का कार्य दिया गया है जिसे वह 6 घन्टे में पूरा कर लेता है । उसे बचाये हुए समय का 30% प्रब्याजि के रूप में मिलता है । उसकी प्रति घन्टा अर्जित दर क्या होगी ? यदि उसे रोवन पद्धति के अन्तर्गत भुगतान किया जाय तो क्या अन्तर पड़ेगा ?

A worker under the Halsey method of remuneration has a day rate of Rs. 12 per week of 48 hours, plus a cost living bonus of 10 paisa per hour worked. He is given 8 hour's work to perform which he accomplishes in 6 hours. He is allowed 30% of the time saved as premium bonus. What would be his total hourly rate of earnings, and what difference would it make if he was paid under the 'Rowan method ?

Ans Halsey : 37·5 Paisa per hour ; Rowan : 41·17 Paisa per hour.

13. एक फैक्टरी मे कार्यरत मजदूर के बारे में निम्न सूचनायें उपलब्ध है —

प्रति घन्टा सामान्य दर=2 रु० प्रति घन्टा।

सामान्य कार्य-दर=समय दर से 25% अधिक।

अनुमानित उत्पादन प्रति घन्टा 20 इकाइयाँ है। श्रमिक ने 8 घन्टे के दिन मे 160 इकाइयाँ उत्पादित कीं। श्रमिक की (i) समय-दर, तथा (ii) कार्य-दर क आधार पर उस दिन की मजदूरी की गणना कीजिए।

The following particulars are available about a worker working in a factory :

Normal rate per hour =Rs. 2%

Normal piece rate=25% more of time rate

Expected output 20 units per hour. The worker produced 160 units in a day of 8 hours. Calculate his wages for the day on (i) Time-basis, and (ii) Piece basis.

Ans (i) Time basis Rs. 16·00, (ii) Piece Basis : Rs. 20·00.

Hint—Piece-Rate will be calculated as below :

Normal rate p. h.=2 Rs.

Increase in rate=25%

Adjusted rate will be=Rs. 2·50 p. h.

Hence Piece rate will be $\frac{2·50}{20}$=Rs. ·125 per piece.

14. एक कार्य को पूरा करने के लिए प्रमापित समय 20 घन्टे निर्धारित किया गया। एक श्रमिक (मोहन) ने कार्य पूरा करने में 21 घन्टे लिए जबकि सोहन ने यह काम 17 घन्टे में पूरा कर दिया। समय दर 3 रु० प्रति घन्टा है। मोहन व सोहन की 50 : 50 हाल्से योजना के अन्तर्गत मजदूरी ज्ञात कीजिए।

Standard time of 20 hours was fixed in order to finish up a work. A worker (Mohan) took 21 hours to finish up the Job whereas Sohan took only 17 hours. Time rate is Rs. 3 per hour. Calculate the wages of Mohan and Sohan under 50 : 50 Halsey Plan.

Ans. Mohan : Rs. 63 No Bonus ; Sohan : Rs 55·5 (Including Bonus of Rs. 4·50

15. एक फैक्टरी में एक कार्य के लिए प्रमापित समय 20 घन्टे है। प्रति घन्टा दर 1 रु० है। इसके अतिरिक्त 30 पैसे प्रति घन्टा मँहगाई भत्ता दिया जाता है। श्रमिक ने 15 घन्टे में कार्य पूरा किया। उसकी मजदूरी (i) समयानुसार मजदूरी पद्धति, (ii) कार्यानुसार मजदूरी पद्धति, (iii) हॉल्से पद्धति, तथा (iv) रोवन पद्धति के अन्तर्गत ज्ञात कीजिए।

In a factory standard time allotted to a Job is 20 hours and the rate per hour is Re. 1·00 plus a D A. @ 30 paisa per hour worked. The actual time taken by a worker is 15 hours. Calculate his earnings under (i) Time Wage System, (ii) Piece Wage System, (iii) Halsey System, and (iv) Rowan Plan.

Ans (i) Time = Rs. 19 50 (ii) Rs. 26 (iii) Rs. 22 75 (Including 50% Bonus for Time Saved (iv) Rs. 24·25 (Including Bonus of Rs. 4·75).

16 निम्न सूचनाओं से एक श्रमिक की अर्जित आयों को ज्ञात कीजिए यदि उसें (i) समय-दर पद्धति (ii) कार्य-दर पद्धति, (iii) हैल्से योजना एवं (iv) रॉविन योजना के अन्तर्गत भुगतान किया जाता है—

प्रदत्त सूचनाएँ—

प्रमापित समय	30 घन्टे
कार्यरत समय	20 घन्टे

मजदूरी दर 1 रु० प्रतिघण्टा है तथा प्रतिघण्टा 50 पैसे महँगाई भत्ता दिया जाता है।

From the informations given below Calculate earnings of a worker if he is paid according to (i) Time rate method (ii) Piece rate method, (iii) Halsey Plan, and (iv) Rowan Plan—

Informations given—

Standard Time	30 hrs.
Time Taken	20 hrs,

Hourley rate of wages is Rs, 1 per hour plus a dearness allowance @ 50 paisa per hour worked.

Ans (i) Rs 30 ; (ii) Rs. 40 ; (iii) Rs. 35 and (iv) Rs 36.67.

17. निम्न सूचनाओं के आधार पर राम एवं श्याम की (i) कार्य-दर पद्धति, एवं (ii) टेलर पद्धति के आधार पर अर्जित मजदूरी ज्ञात कीजिए।

प्रमापित उत्पादन = प्रति घन्टा 8 इकाइयाँ ; सामान्य समय-दर = 40 रु० प्रति घन्टा।

विभिन्न लागू दरें—

कार्य दर का 80% यदि उत्पादन प्रमाप से कम है।

कार्य दर का 120% यदि उत्पादन प्रमाप के बराबर या उससे अधिक है।

9 घन्टे के एक दिन मे राम ने 54 इकाइयाँ तथा श्याम ने 75 इकाइयाँ उत्पादित कीं।

On the basis of the informations given below calculate the earnings of Ram and Shyam under (i) Straight Piece Basis, and (ii) Taylor's Method ;

Standard production 8 units per hour

Normal time rate Re. 0·40 per hour

Differential to be applied :

80% of piece-rate below Standard

120% of piece-rate at or above Standard

In a 9-hour day, Ram produces 54 units and Shyam produces 75 units.

Ans. (i) Ram : Rs 2 70, Shyam : Rs. 3·75 (Piece rate being Re. 0 05 per unit.
(ii) Ram : Rs 2·16 Shyam Rs. 4·50 (Low Piece rate = 4 Paisa, High Piece rate = 6 Paisa)

18. निम्न सूचनाओं से श्रमिकों की टेलर पद्धति के आधार पर मजदूरी की गणना कीजिए :

प्रति इकाई प्रमापित समय = 30 मिनट

प्रति घन्टा सामान्य दर = 80 पैसा

9 घन्टे के एक दिन मे 'अ' ने 15 इकाइयाँ तथा 'ब' ने 25 इकाइयाँ उत्पादित की। (निम्न कार्य दर—सामान्य का 80% तथा उच्च कार्य दर सामान्य का 150% है)।

On the basis of the informations given below, calculate a worker's wages under Taylor's Differential Piece-Rate System ·

Standard Time Per Piece=30 minutes

Normal rate per hour=80 paisa

In a day of 9 hours A produces 15 units and B produces 25 units (Low Piece Rate being 80% of Normal rate and High Piece Rate being 150% of Normal Rate)

Ans. A=Rs. 4 80, B=Rs 12·00

(Piece Rate=40 Paisa p. h.)

19. तीन श्रमिकों की मैरिक पद्धति के अन्तर्गत मजदूरी ज्ञात कीजिए। श्रमिकों को निम्न दर से मजदूरी देय होगी—

कार्यदक्षता 100% से कम पर-कार्य-दर

कार्यदक्षता 100% से 120% तक—कार्य-दर का 108%

कार्यदक्षता 120% से अधिक होने पर—कार्य-दर का 120%

कार्य-दर 10 पैसा प्रति इकाई है। मजदूरों का उत्पादन इस प्रकार है

A=110 इकाइयाँ प्रतिदिन

B= 80 इकाइयाँ प्रतिदिन

C=140 इकाइयाँ प्रतिदिन

प्रमापित उत्पादन प्रतिदिन 100 इकाइयाँ है।

Calculate the wages of three workers under Merrick's method, Workers are paid the wages at following rates –

Upto 100% of Efficiency—Piece Rate—

Between 100% to 120% of Efficiency—108% of Piece Rate

Above 120% of Efficiency=120% of Piece Rate

Piece rate is 10 paise per unit. Production of the workers is as follows.

A=110 units a day, B=80 units a day, C=140 units a day.

Standard production is 100 units a day.

Ans. A=Rs. 11·88 ; B=Rs. 8·00 ; C=Rs. 16·80.

20. निम्न सूचनाओं से इमरसन कार्यदक्षता योजना के अन्तर्गत पारिश्रमिक व बोनस की गणना कीजिए :

10 घन्टे में प्रमापित उत्पादन=120 इकाइयाँ

10 घन्टे मे वास्तविक उत्पादन =132 इकाइयाँ

समय-दर=1 रु० प्रति घन्टा

From the following informations, calculate the earnings and the bonus under Emerson Efficiency plan :

Standard Output in 10 hours=120 units.

Actual Output in 10 hours =132 units.

Time Rate=Re. 1·00 per hour.

Ans. Rs. 13 (earnings Rs. 10 and bonus Rs. 31)

व्यय
(Expenses)

सामग्री एवं श्रम के अतिरिक्त लागत का तीसरा तत्व है 'व्यय'। केवल सामग्री एवं श्रम किसी वस्तु का उत्पादन करने मे असमर्थ हैं जब तक कि उनके सम्बन्ध में अन्य कुछ व्यय न किए जायें। ये व्यय दो प्रकार के होते हैं—

(I) प्रत्यक्ष व्यय (Direct Expenses)

(II) अप्रत्यक्ष व्यय (Indirect Expenses) या उपरिव्यय (Overheads)

(I) प्रत्यक्ष व्यय
(Direct Expenses)

ऐसे व्यय जिनका उत्पादन उप-कार्य (Job) से प्रत्यक्ष सम्बन्ध होता है और जो किसी उत्पादन उप-कार्य के लिए ही किए जाते हैं प्रत्यक्ष व्यय (Direct or Chargeable Expenses) कहलाते हैं। ये व्यय मूल लागत (Prime-cost) के महत्वपूर्ण अंग होते हैं और इस प्रकार पूर्णरूप से परिवर्तनशील (Variable) होते है। इनकी मुख्य पहचान यह है कि ये व्यय किसी विशिष्ट उत्पादन उप-कार्य (Particular job) के लिए ही अलग से किए जाते हैं और किसी अन्य उत्पादन उप-कार्य को इन व्ययों का कोई लाभ प्राप्त नहीं होता। अतः ये व्यय उसी उत्पादन उप-कार्य की मूल लागत में सम्मिलित कर लिए जाते हैं। प्रत्यक्ष व्ययों में निम्न व्यय सम्मिलित किये जाते हैं :

(i) किसी विशेष उप-कार्य के लिए क्रय की गई सामग्री का भाड़ा यदि यह क्रय की गई सामग्री की लागत में सम्मिलित नही है,

(ii) किसी विशेष उप-कार्य के ही लिए किया गया यात्रा-व्यय,

(iii) किसी विशेष उप-कार्य को सुगमतापूर्वक चलाये रखने के ध्येय से उसके लिए किया गया प्रयोगात्मक व्यय (Experimental Expenses),

(iv) किसी विशेष उप-कार्य के लिए प्राप्त मशीन एवं संयंत्रों (Plant and Machines) का किराया,

(v) किसी विशेष उप-कार्य के लिए प्रयुक्त संयंत्र एवं मशीनों का संचालन व्यय,

(vi) किसी विशेष उप-कार्य के लिए आवश्यक नक्शे (Drawings) व नमूनो (Patterns) का व्यय,

(vii) भूमिपति को दिया गया अधिकार-शुल्क (Royalty) यदि वह उत्पादित माल की मात्रा के आधार पर देय है,

(viii) किसी विशेष उप-कार्य के लिए ही अर्जित विशेषज्ञो की सलाह का मूल्य,

(ix) दोषपूर्ण कार्य की लागत—किसी दोषपूर्ण कार्य को सुधारने के लिए किया गया व्यय,

(x) उत्पादन-कर (Excise Duty)।

संक्षेप मे, **प्रत्येक ऐसा व्यय जो केवल किसी विशेष उप-कार्य से ही सम्बन्ध रखता है और जिसका लाभ किसी अन्य उप-कार्य को प्राप्त नही होगा, प्रत्यक्ष व्यय कहलायेगा।**

(II) अप्रत्यक्ष व्यय
(Indirect Expenses)

वे व्यय जिनका सम्बन्ध उत्पादन की किसी विशेष इकाई, या किसी विशेष कार्य (Work Order) या उप-कार्य (Job) से प्रत्यक्ष नही होता बल्कि जिनका लाभ समस्त उत्पादन कार्यों व उप-कार्यों को प्राप्त होता है, अप्रत्यक्ष व्यय कहलाते है। कुछ व्यय ऐसे होते है जो किसी विशेष-कार्य या उप-कार्य के लिए नही किए जाते है बल्कि जो सम्पूर्ण उत्पादन क्रिया के सुगम संचालन के लिए किये जाते है। इन व्ययो के लिए यह कहना असम्भव है कि इनका कितना भाग किस कार्य या उप-कार्य से सम्बन्धित है, अत. इनको एक निश्चित आधार मानकर विभिन्न कार्यों व उप-कार्यों पर विभाजित किया जाता है। जैसे, फैक्टरी का किराया—फैक्टरी मे सभी प्रकार की वस्तुओ का उत्पादन कार्य सम्पन्न किया जाता है, अतः किस वस्तु की लागत मे कितना किराया जोडा जाय यह ज्ञात करना असम्भव है, अत. यह अप्रत्यक्ष व्यय माना जायेगा। **इन व्ययों को उपरिव्यय** (Overheads) **कहा जाता है।** व्यय एवं उपरिव्यय मे प्रमुख अन्तर यह है कि प्रथम तो वास्तविक होते हैं जबकि बाद वाला अनुमानित। अतः **अप्रत्यक्ष व्ययों को जब प्रत्येक कार्य या उप-कार्य पर विभाजित कर दिया जाता है तो प्रत्येक कार्य या उप-कार्य के लिए आने वाली राशि उपरिव्यय** (Overheads) **कहलाती है। क्योंकि यह राशि वास्तविक नहीं है बल्कि अनुमानित है।** उपरिव्यय की एक अन्य परिभाषा निम्न है :

"अप्रत्यक्ष सामग्री, अप्रत्यक्ष श्रम तथा अप्रत्यक्ष व्यय के योग को उपरिव्यय कहते हैं।"

उपरिव्यय का वर्गीकरण (Classification of Overheads)—'उपरिव्यय' का गहन अध्ययन करने के उद्देश्य से इनका वर्गीकरण अलग-अलग दृष्टियों से करना हितकर है। अतः इनको निम्न आधारों पर वर्गीकृत किया जा सकता है :

(अ) कार्यानुसार वर्गीकरण (Function-wise classification),

(ब) तत्वानुसार वर्गीकरण (Elemental classification),

(स) परिवर्तनशीलता के आधार पर वर्गीकरण (Classification on the basis of variability)।

(अ) कार्यानुसार वर्गीकरण :

कार्यों के आधार पर उपरिव्ययों को चार प्रमुख भागों मे विभक्त किया जाता है—

(i) कारखाना या उत्पादन उपरिव्यय (Factory or manufacturing overheads),

(ii) कार्यालय एवं प्रशासन उपरिव्यय (Office and administrative overheads)

(iii) विक्रय उपरिव्यय (Selling overheads),

(iv) वितरण उपरिव्यय (Distribution overheads)।

(i) कारखाना या उत्पादन उपरिव्यय (Factory or manufacturing overheads)· वे व्यय जो मुख्यतया कारखाना अर्थात् उत्पादनगृह मे उत्पादन कार्य के सुगम संचालन, उसके नियन्त्रण आदि के हेतु किये जाते है, कारखाना उपरिव्यय कहलाते हैं। कारखाना उपरिव्ययों में

1. कारखाने की भूमि व भवन का किराया।
2. कारखाने का बीमा।
3. कारखाने की भूमि व भवन पर नगरपालिका कर।
4. कारखाने की मशीनों व प्लाण्टों पर ह्रास।
5. कारखाने की इमारत का ह्रास।
6. कारखाने के फोरमैन व अन्य निरीक्षकों (Supervisors) का वेतन।
7. कारखाने के प्रबन्धक व अन्य अधिकारियो का वेतन।
8. कारखाने के अन्दर प्रकाश व शक्ति पर व्यय।
9. छोटे औजारो का व्यय।
10. कारखाने के भवन, मशीन व प्लाण्ट का मरम्मत व अनुरक्षण व्यय (Repairs and maintenance expenses)।
11. मशीन का तेल व सफाई व्यय।
12. कारखाने की मशीन व प्लाण्ट का बीमा।
13. छोटी-छोटी कम कीमत की वस्तुएँ जो उत्पादन मे सहायक होती है, जैसे—पेच, कीलें, बोल्टस, ढिबरी आदि।
14. अप्रत्यक्ष सामग्री जैसे—खराब कपड़ा, ब्रुश, पेटी आदि।
15. भण्डार के व्यय।
16. सामग्री की साधारण हानि (Normal loss of material)।
17. नक्शा कार्यालय के व्यय (Drawing office expenses)।
18. कार्यहीन काल का साधारण व्यय।
19. कारखाने की स्टेशनरी व टेलीफून व्यय।
20. प्रयोगात्मक व अनुसन्धानात्मक व्यय, यदि ये प्रत्यक्ष व्यय नही है।
21. कारखाने के कार्यालय का व्यय।
22. श्रम कल्याण हेतु किए गये व्यय।
23. अधिसमय (Overtime) का पारिश्रमिक, यदि यह मूल परिव्यय मे न जोड़ा गया हो।
24. कार्यहीन काल का वेतन।
25. अवकाश दिनों का वेतन।
26. शक्तिगृह के समस्त व्यय—मरम्मत घिसाई, बीमा, संचालन, निरीक्षण आदि।
27. एस्टीमेटिंग व्यय (Estimating expenses)।
28. हालेज (Haulage)।
29. कारखाने के नवीन कर्मचारियों का प्रशिक्षण व्यय।
30. कारखाने के अन्दर किए गये अन्य कोई भी व्यय।

(ii) कार्यालय एवं प्रशासन उपरिव्यय (Office and Administrative Overheads)—वे व्यय जो प्रशासन, वित्त एवं अन्य व्यवस्था के लिए किए जाते हैं, कार्यालय व प्रशासन उपरिव्यय कहलाते है। इस मद में निम्न व्यय सम्मिलित होते है—

1. कार्यालय के कर्मचारियो का वेतन, प्रॉविडेन्ट फण्ड मे अंशदान।
2. कार्यालय प्रबन्धक व अन्य अधिकारियो का वेतन व अन्य सुविधाओं का मूल्यांकन।
3. कार्यालय भवन का ह्रास, मरम्मत, किराया व बीमा।
4. संचालकों की फीस।

5. कार्यालय की छपाई व स्टेशनरी व्यय।
6. डाक व्यय व टेलीफून व्यय।
7. कार्यालय मे प्रकाश, वातानुकूलित संयंत्र के व्यय।
8. कानूनी व्यय।
9. कार्यालय के फर्नीचर की मरम्मत, ह्रास, किराया व बीमा।
10. अंकेक्षण फीस।
11. वित्तीय खर्चे (Finance expenses)।
12. बैंक सम्बन्धी व्यय (Bank charges)।

(iii) विक्रय उपरिव्यय (Selling Overheads)—वे व्यय जो निर्मित माल के विक्रय के सम्बन्ध मे किये जाते है विक्रय उपरिव्यय कहलाते हैं। ये निम्न हैं—

1. विक्रय प्रतिनिधियो का वेतन, कमीशन या अन्य पारिश्रमिक।
2. विक्रय प्रतिनिधियों का यात्रा-व्यय।
3. विक्रय प्रबन्धक का वेतन व अन्य सुविधायें।
4. वस्तु-प्रदर्शनगृह (Show Room) का सम्पूर्ण व्यय।
5. विज्ञापन व्यय।
6. मूल्य सूची व नमूने भेजने का व्यय।
7. डाक व्यय व तार व्यय।
8. टेलीफून व्यय—विक्रय से सम्बन्धित टेलीफून का व्यय।
9. ग्राहको के स्वागतार्थ किए गये फुटकर व्यय।
10. अप्राप्त ऋण (Bad debts)।
11. बट्टा या छूट (Discount)।
12. अप्राप्त ऋणों की वसूलयावी के लिए किए गये कानूनी व्यय तथा अन्य व्यय।
13. विक्रय एजेन्सी या विक्रय शाखाओं के व्यय।
14. टेन्डर भरने व अनुमान लगाने के व्यय।
15. विक्रय विभाग में कार्यरत कर्मचारियों का वेतन व उनके अन्य व्यय।

(iv) वितरण उपरिव्यय (Distribution Overheads)—वे व्यय जो निर्मित माल को ग्राहकों तक पहुँचाने के लिए किए जाते हैं, वितरण उपरिव्यय कहे जाते हैं। ये निम्न हैं—

1. सुपुर्दगी गाड़ियो (Delivery vans) के व्यय—
   संचालन व्यय, मरम्मत, ह्रास, बीमा आदि।
2. विक्रय माल की ढुलाई (Carriage outwards)।
3. गोदाम व्यय—किराया, मरम्मत, ह्रास, गोदाम कर्मचारियों का वेतन, गोदाम प्रबन्धक का वेतन व गोदाम में रखे माल का बीमा।
4. गोदाम मे रखे माल की हानि।
5. पैकिंग विभाग के व्यय—पैकिंग सामग्री, पैकिंग कर्मचारियों का वेतन आदि।

(ब) तत्वानुसार वर्गीकरण :

तत्वों के आधार पर उपरिव्ययो को तीन प्रमुख भागों मे विभक्त किया जाता है—

(i) अप्रत्यक्ष सामग्री (Indirect Material),
(ii) अप्रत्यक्ष श्रम (Indirect Labour),
(iii) अप्रत्यक्ष व्यय (Indirect Expenses)।

(i) **अप्रत्यक्ष सामग्री** (Indirect Material)—वह सामग्री जिसकी लागत को किसी विशेष उप-कार्य पर प्रत्यक्ष रूप से नही डाला जा सकता बल्कि जिसका लाभ अनेक उप-कार्यों को प्राप्त होता है, अप्रत्यक्ष सामग्री कहलाती है। अप्रत्यक्ष सामग्री लागत विभिन्न उप-कार्यों या इकाइयो मे अभिभाजित (apportion) की जा सकती है किन्तु वितरित (allocate) नहीं की जा सकती।[1] अप्रत्यक्ष सामग्री के कुछ निम्न उदाहरण है—

1. खराब कपडा, ब्रुश, कपास आदि।
2. मशीनो की चिकनाई के लिए तेल।
3. ईंधन—जैसे लकडी, कोयला, पैट्रोल, डीजल आदि।
4. छोटे-छोटे औजार।
5. छोटी-छोटी वस्तुएँ—जैसे पेच, कीलें आदि।

(ii) **अप्रत्यक्ष श्रम** (Indirect Labour)—ऐसी श्रम-लागत जो किसी विशेष कार्य या उप-कार्य पर प्रत्यक्ष रूप से नहीं डाली जा सकती है बल्कि उसका लाभ अनेक उप-कार्यों को प्राप्त होता है, अप्रत्यक्ष श्रम लागत कहलाती है। संक्षेप मे, अप्रत्यक्ष श्रम लागत विभिन्न उप-कार्यों या इकाइयों मे अभिभाजित (apportion) की जा सकती है किन्तु वितरित (allocate) नही की जा सकती।[2] अप्रत्यक्ष श्रम के निम्न कुछ उदाहरण हैं—

1. अनुत्पादक श्रमिकों का पारिश्रमिक—वे श्रमिक जो प्रत्यक्ष रूप से उत्पादन कार्य नहीं करते बल्कि उत्पादन कार्य मे लगे श्रमिकों की मदद करते हैं, अनुत्पादक श्रमिक कहलाते है, जैसे—सहायक (Helpers)।
2. अवकाश वेतन,
3. कार्यहीन काल का वेतन,
4. प्रॉविडेण्ट फण्ड में मालिक का अंशदान,
5. कर्मचारियो के जीवन पर कराये गये प्रीमियम का नियोक्ता द्वारा भुगतान,
6. श्रमिकों को दी गई क्षतिपूर्ति,
7. मरम्मत व अनुरक्षण (Repairs and maintenance) कार्य में लगे श्रमिको का पारिश्रमिक, भत्ता आदि।

(iii) **अप्रत्यक्ष व्यय** (Indirect Expenses)—अप्रत्यक्ष व्यय या उपरिव्यय वे समस्त व्यय है जिनका वर्णन पीछे कार्यानुसार वर्गीकरण के अन्तर्गत किया गया है। अर्थात् अप्रत्यक्ष व्यय मे निम्न सम्मिलित हैं—

1. अप्रत्यक्ष सामग्री,
2. अप्रत्यक्ष श्रम,
3. कारखाना उपरिव्यय,
4. कार्यालय व प्रशासन उपरिव्यय,
5. विक्रय उपरिव्यय,
6. वितरण उपरिव्यय आदि।

इनका वर्णन किया जा चुका है।

---

1 Indirect material cost cannot be allocated but can be apportioned to, or absorbed by, cost centres or cost units — **I. C. W. A. (London)**

2. Indirect labour cost cannot be allocated but can be apportioned to, or absorbed by, cost centres or cost units. — **I. C. W. A. (London)**

(स) परिवर्तनशीलता के आधार पर वर्गीकरण :

सभी व्ययो की प्रकृति (Nature) एक-सी नही होती । कुछ व्यय सदैव स्थिर रहते है, कुछ व्यय एक निश्चित सीमा तक स्थिर रहकर तदुपरान्त परिवर्तनशील हो जाते है तथा कुछ व्यय ऐसे होते है जो सदैव परिवर्तनशील रहते है । इसका आशय है कि व्ययों की प्रकृति आपस मे भिन्नता रखती है । **प्रकृति या परिवर्तनशीलता के आधार पर व्ययो को निम्न भागो में बाँटा जा सकता है—**

(i) स्थायी उपरिव्यय (Fixed Overheads)

(ii) परिवर्तनशील उपरिव्यय (Variable Overheads)

(iii) अर्द्ध-परिवर्तनशील उपरिव्यय (Semi-variable Overheads)

(i) **स्थायी उपरिव्यय** (Fixed Overheads)—वे उपरिव्यय जो उत्पादन मात्रा मे परिवर्तन होने पर (घटने या बढ़ने पर) भी अप्रभावी रहते है । अर्थात् जो उपरिव्यय उत्पादन मात्रा की वृद्धि के साथ बढते नही है तथा कमी के साथ कम नही होते बल्कि सदैव स्थिर रहते है स्थाई उपरिव्यय कहलाते है । **इनके बारे मे निम्न प्रमुख बातें स्मरणीय हैं—**

1. ये उपरिव्यय स्थाई होते हैं अत. जैसे-जैसे उत्पादन बढता है ये **उपरिव्यय प्रति इकाई कम होते जाते है** तथा जैसे-जैसे उत्पादन घटता है, ये उपरिव्यय **प्रति इकाई बढ़ते** जाते हैं । कारण स्पष्ट है कि उपरिव्यय स्थाई होते है । अधिक उत्पादन की दशा मे ये अधिक इकाइयो पर डाले जाते है अतः प्रति इकाई व्यय घटता जाता है तथा उत्पादन कम होने पर ये उपरिव्यय कम इकाइयो पर डाले जाते है अत इकाई व्यय बढ़ जाता है ।
Works Overheads (कारखाना उपरिव्यय)	1,96,000
Establishment and General Charges (स्थापन एवं सामान्य व्यय)	1,49,170
Closing Stock of Raw Material (कच्चे माल का अंतिम शेष)	75,000

मोटर कार की कारखाना लागत एवं कुल लागत ज्ञात कीजिए तथा कारखाना उपरिव्यय का मजदूरी पर तथा स्थापन व्ययों का कारखाना लागत पर प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

बताइए कम्पनी एक मोटर कार के लिए कितना मूल्य माँगेगी, जिसके लिए यह अनुमानित है कि कच्ची सामग्री पर 5,500 रु० तथा मजदूरी पर 4,000 रु० का व्यय होगा, ताकि कुल उत्पादन लागत पर 25% तथा विक्रय लागत पर 20% का लाभ प्राप्त किया जा सके।

Find out Works Cost and Total Cost of Motor Car, the percentage of the works overhead bears to the wages and percentage that establishment charges bear to the Works Cost.

Work out what price the Co. should quote for a motor car which, it is estimated, will require an expenditure of Rs 5,500 in Raw Material and Rs 4,000 in wages, so that it would yield profit of 25% on total **Production cost and 20% on the selling cost.**

Ans **Works Cost** : Rs. 21,31,000 ; **Total Cost** : Rs 22,80,170 ; **Percentage of works overheads to wages** · 28% ; **Percentage of esta. charges to Works Cost** 7% ; **Selling Price** : Rs. 17,045.

Hint Profit is 25% of Total Cost i. e 25% of 11,363=Rs. 2,841 It should also be 20% of Selling Cost

Hence we can calculate Selling Cost with the help of this profit i. e

$$\frac{2,841 \times 100}{20}$$

If 20 is the Profit Selling Cost must be Rs 100

„ 1 „ „ „ „ „ $\frac{100}{20}$

Therefore 2,841 „ „ „ $\frac{100 \times 2,841}{20}$

=Rs. 11,363

	Rs
Now Cost of Production of a car is	11,363
Cost of Sale of one car is	14,205
Difference being Selling Exp	2,842

Selling Price would be as follows .

	Rs.
Production Cost	11,363
Selling Expenses	2,842
Cost of Sale	14,205
Profit 25% of Total Cost & 20% of Cost of Sale	2,841
Selling Price	17 046

Note—When Total Cost and Selling Cost both are given separately, total cost is the total cost of Production excluding Selling & Distribution Exp., whereas Cost of sale will be cost of production plus Selling & Distribution Expenses .

39. निम्नलिखित विवरण से आप (अ) प्रयुक्त सामग्री की लागत (ब) कारखाना लागत (स) कुल परिव्यय, (द) कारखाना उपरिव्यय की उत्पादक पारिश्रमिक पर प्रतिशत, (ई) सामान्य उपरिव्यय की कारखाना लागत पर प्रतिशत, दिखाते हुए विवरण पत्र तैयार कीजिए :

	रु०
निर्मित माल का स्टॉक 1 जनवरी, 1978	56,000
कच्ची सामग्री का स्टॉक „ „ „	25,600
क्रय	5,84,000
उत्पादक पारिश्रमिक	3,97,600
निर्मित माल की बिक्री	11,84,000
निर्मित माल का स्टॉक 31 दिसम्बर, 1978	60,000
कच्ची सामग्री का स्टॉक „ „ „	27,200
कारखाना उपरिव्यय	87,47
कार्यालय एवं सामान्य व्यय	71,048

कम्पनी एक बड़े प्लाण्ट के लिए निविदा देने वाली है। परिव्यय विभाग अनुमान लगाता है कि आवश्यक सामग्री की लागत 40,000 रु० होगी तथा मजदूरी 24,000 रु०

होगी। टेण्डर विक्रय मूल्य पर 20% लाभ लगाकर देना है। बताइए उपरोक्त प्रतिशतो पर आधारित टैण्डर कितने मूल्य का होगा ?

From the following particulars you are required to prepare a statement showing (a) Cost of Material used (b) the Works Cost (c) the Total Cost (d) the percentage of works Overhead to productive wages, and (e) the percentage of general overhead to Works Cost.

	Rs.
Stock of finished goods, 1st Jan., 1978	56,000
Stock of raw materials, 1st Jan., 1978	25,600
Purchases	5,84,000
Productive wages	3,97,600
Sales of finished goods	11,84,000
Stock of finished goods, 31st Dec., 1978	60,000
Stock of raw materials, 31st Dec , 1978	27,200
Works overhead charges	87,472
Office and general expenses	71,048

The company is about to send a tender for a large plant. The costing department estimates that the materials required would cost Rs. 40,000 and the wages to workmen for making the plant would cost Rs 24,000. The tender is to be made at a net profit of 20% on the selling price. Show what the amount of the tender would be, if based on the above percentages.

Ans. (a) Rs. 5,82,400; (b) Rs. 10,67.472 ; (c) Rs 11,38,520 ; (d) 22%
(e) 6·66% ; Tender Amount Rs. **92,368·85**

मोटरकारो के निर्माता ने ज्ञात किया कि 1977 मे 175 कार उत्पादन मे उसे 7,20,060 रु० लागत पड़ी, जिनको उसने 5,400 प्रति कार की दर से बेचा। लागत निम्न प्रकार थी :

	रु०
सामग्री	2,82,000
प्रत्यक्ष पारिश्रमिक	3,24,000
कारखाना उपरिव्यय	48,600
कार्यालय एवं सामान्य उपरिव्यय	65,460
	7,20,060

1978 वर्ष के लिए उसका अनुमान है :

(अ) प्रत्येक कार के लिए 1,600 रु० की सामग्री व 1,800 रु० पारिश्रमिक होगा ;

(ब) कारखाना उपरिव्यय प्रत्यक्ष पारिश्रमिक का वही प्रतिशत होगा जो कि गत वर्ष था ;

(स) कार्यालय व सामान्य उपरिव्यय कारखाना लागत का वही प्रतिशत होगा जो कि गत वर्ष था।

एक विवरण-पत्र बनाइए और बताइये कि यदि वह कार का मूल्य 200 रु० से कम कर दे तो कितना लाभ होगा ?

A manufacturer of motor-cars finds that in 1977, it cost him Rs. 7,20,060 to manufacture 175 cars which he sold at Rs. 5,400 each. The cost was made up of :

	Rs.
Materials	2,82,000
Direct Wages	3,24,000
Factory Overhead Expenses	48 600
Establishment and General Expenses	65,460
	7,20,060

For 1978 he estimates :

(a) that each car will require materials to the value of Rs 1,600 and an expenditure in wages of Rs. 1,800 ;

(b) that the factory overhead expenses will bear the same relation to direct wages as in the previous year ;

(c) that the percentage of establishment and general expenses on factory cost will be the same as in the previous year.

Prepare a statement showing the profit he should make per unit if he reduces the price of the car by Rs. 200.

Ans. Profit · Rs 1,163

41. 15 अगस्त 1978 को न्यू इन्डिया साइकिल मैन्यूफैक्चरिंग कं० द्वारा 500 साइकिलों का ठेका पूरा करने के लिए एक प्रस्ताव भेजना था। निम्न विवरण से ऐसा विवरण बनाओ जो ऐसा मूल्य प्रस्तुत करे जो कि विक्रय पर शुद्ध लाभ का वही प्रतिशत प्रदान करे जो कि 30 जून 1978 को सप्ताह छमाही मे प्राप्त किया गया।

	Rs.
1 जनवरी, 1978 को सामग्री का शेष	50,000
30 जून 1978 को सामग्री का शेष	7,000
30 जून 1978 तक की छमाही मे क्रय की गयी सामग्री	75,000
30 जून 1978 तक छमाह में मजदूरी	1,50,000
6 माह के अप्रत्यक्ष व्यय	25,000
तैयार माल 1 जनवरी 1978	Nil
30 जून 1978 को तैयार माल	50,000

छ· माह मे निर्मित साइकिलों की संख्या 2,000 थी जिनमें उक्त अवधि में बेची गई साइकिलें व 30 जून को स्टॉक मे साइकिलें सम्मिलित हैं। प्रस्तावित साइकिलें 30 जून 1978 तक बनी साइकिलों के समान व एक ही आकार व किस्म की हैं। 1 अगस्त से कारखाना श्रम की लागत 10% से व सामग्री का मूल्य 15% से बढ़ गया है। 30 जून 1978 तक की छमाही मे बिक्री 2,70,000 रु० थी।

On 15th August, 1978, New India Cycle Manufacturing Co. was required to quote for a contract for the supply of 500 bicycles. From the following details prepare a statement showing the price to be quoted to give the same percentage of net profit on turnover as was realised during the six months to 30th June 1978.

	Rs.
Stock Material on 1st Jan. 1978	50,000
Stock of Material on 30th June, 1978	7,000
Purchase of materials during six months to 30th June, 1978	75,000
Factory Wages for six months to 30th June, 1978	1,50,000
Indirect charges during 6 months	25,000
Finished Stock on 1st Jan , 1978	Nil
Finished Stock on 30th June, 1978	50,000

The number of bicycles manufactured during the six months was 2,000 including those sold and those in stock at the end of the period The bicycles to be quoted for one of uniform size and quality and similar to those manufactured during the half year endling on June 1978 As from 1st August the cost of factory labour has increased by 10% and that of materials by 15%. Sales during the six months to June 1978 were Rs 2,70,000.

Ans. Quotation Price Rs. 91,166 67 , **Percentage of Profit on Sales** · 10%

42. प्राइज प्रोडक्ट्स लि०, जो बिजली पम्प का निर्माण करते है, के खाते 1977 मे निम्नलिखित खर्चे प्रदर्शित करते है—

	रु०
प्रयुक्त सामग्री	1,00,000
प्रत्यक्ष मजदूरी	2,00,000
कारखाना सम्बन्धी अप्रत्यक्ष व्यय	50,000
कार्यालय सम्बन्धी अप्रत्यक्ष व्यय	35,000

उत्पादन की मूल लागत, कारखाना लागत तथा कुल लागत और कारखाना सम्बन्धी अप्रत्यक्ष व्ययों का प्रत्यक्ष मजदूरी पर प्रतिशत एवं कार्यालय सम्बन्धी अप्रत्यक्ष व्ययो का कारखाना लागत पर प्रतिशत ज्ञात कीजिये। उपर्युक्त प्रतिशतो के आधार पर यह ज्ञात कीजिए कि कम्पनी एक बिजली पम्प का निर्माण करने के लिये क्या मूल्य व्यक्त करे जिस पर सामग्री तथा मजदूरी की अनुमानित व्यय क्रमश: 800 रु० तथा 1,000 है, जिससे विक्रय मूल्य पर 10 प्रतिशत लाभ प्राप्त हो।

The accounts of the Prize Products Ltd , which is engaged in the manufacture of electric pumps, show the following expenditure for 1977 :

	Rs.
Material used	1,00,000
Direct Wages	2,00,000
Works overheads expenses	50,000
Office overheads expenses	35,000

Show the prime cost, the works cost and the total cost of manufacture and also show the percentage that the works overhead expenses bear to the direct wages and the percentage that the office overhead expenses bear to the works cost.

On the basis of the above percentage quote the price of an electric pump which will require material worth Rs. 800 and Rs. 1,000 for wages so that it will yield a profit of 10 per cent on the selling price

Ans. Prime cost Rs. 3,00,000 ; Works cost Rs. 3,50,000 , Total cost Rs. 3,85,000 Percentage of works overhead on wages 25% ; Percentage of office overheads on works cost 10% , Quotation Price **Rs. 2,506.**

43. भारत इन्जीनियरिंग कम्पनी ने 1978 वर्ष मे 2,000 सिलाई की मशीनों का उत्पादन किया जिसके विवरण निम्न हैं—

	रु०
सामग्री की लागत	1,60,000
मजदूरी	2,40,000
निर्माण व्यय	1,00,000
वेतन	1,20,000
किराया, कर एवं बीमा	20,000

बक्री व्यय	60,000
सामान्य व्यय	40,000
बिक्री	8,00,000

कम्पनी 1979 मे 3,000 सिलाई मशीनों का उत्पादन करना चाहती है। आप एक विवरण बनाइए जो वह मूल्य प्रदर्शित करे जिस पर विक्रय मूल्य का 10% लाभ प्राप्त किया जा सके। निम्न अतिरिक्त सूचनायें उपलब्ध है—

(अ) सामग्री का मूल्य गत वर्ष की अपेक्षा 20% से बढ़ने की सम्भावना है।
(ब) श्रम की दर 5% से बढेगी।
(स) निर्माण व्यय सामग्री व श्रम की संयुक्त लागत के अनुपात मे बढ़ेगे।
(द) प्रति इकाई विक्रय-व्यय वही रहेंगे।
(इ) अन्य व्ययो पर उत्पादन की वृद्धि से कोई प्रभाव नही पडेगा।

Following are the particulars for the production of 2,000 sewing machines of Bharat Engineering Co. Ltd. for the year 1978.

	Rs.
Cost of Materials	1,60,000
Wages	2,40,000
Manufacturing Expenses	1,00,000
Salaries	1,20,000
Rent, Rates and Insurance	20,000
Selling Expenses	60,000
General Expenses	40,000
Sales	3,00,000

The company plans to manufacture 3,000 sewing machines during 1979 You are asked to submit a statement showing the price at which machines would be sold as to show a profit of 10% on the selling price. The following additional information is supplied to you :

(a) Prices of materials will rise by 20% on the previous year's level
(b) Wages rate are expected to show an increase of 5%.
(c) Manufacturing expenses will rise in proportion to the combined cost of materials and wages.
(d) Selling expenses per unit will remain the same.
(e) Other expenses will remain unaffected by the rise in the output.

Ans. Total Selling Price : Rs 12,25,000 @ Rs 408 33 per machine.

44 एक लघु उत्पादन संस्था का प्रबन्ध-संचालक आपसे यह परामर्श लेता है कि वह कम्पनी के एक विभाग के उत्पादन को किस न्यूनतम मूल्य पर बेच सकता है, जो भविष्य मे बडे पैमाने पर उत्पादन करना चाहता है। कम्पनी के लेखे गत वर्ष के लिए इस विभाग के निम्न विवरण प्रस्तुत करते है।

उत्पादन एवं बिक्री 100 इकाइयाँ :	रु०
सामग्री	3,900
प्रत्यक्ष श्रम	2,100
प्रत्यक्ष व्यय	300
कारखाना उपरिव्यय	2,100
कार्यालय उपरिव्यय	840
बिक्री उपरिव्यय	960
लाभ	1,500

लेखों से यह ज्ञात होता है कि कारखाना उपरिव्यय के 40% उत्पादन के साथ प्रत्यक्ष रूप से परिवर्तित होते है, तथा 70% बिक्री उपरिव्यय बिक्री के साथ परिवर्तित होते हैं। यह आशा की जाती है कि विभाग प्रति वर्ष 1,000 इकाइयो का उत्पादन तथा बिक्री करेगा, प्रत्यक्ष श्रम प्रति इकाई 20% कम हो जायेगा, तथा स्थिर कारखाना उपरिव्ययो मे 900 रु० की वृद्धि हो जायेगी। कार्यालय उपरिव्यय तथा स्थिर बिक्री उपरिव्ययो मे 25% वृद्धि होने की सम्भावना है। इसके अतिरिक्त अन्य परिवर्तनो की सम्भावना नही है।

अपने मोवक्किल को प्रस्तुत करने के लिए एक विवरण-पत्र बनाइये।

The managing director of a small manufacturing concern consults you as to the minimum price at which he can sell the output of one of the departments of the company which is intended for mass production in future. The company's records show the following particulars for this department for the past year—

Production and sales 100 units :

	Rs.
Materials	3,900
Direct Labour	2,100
Direct charges	300
Works oncost	2,100
Office oncost	840
Selling oncost	960
Profit	1,500
	11,700

It is ascertained from the records that 40% of the works oncost fluctuate directly with production and 70% of the selling oncost fluctuate with sales It is anticipated that the department would produce and sell 1,000 units per annum and that direct labour per unit will be reduced by 20% while fixed works oncost charges will increase by Rs 900. Office oncost and fixed selling oncost charges are expected to show an increase of 25% Besides these no other charges are anticipated.

Prepare a statement for submission to your client

Ans. Prime cost of the estimate Rs 58,8000 ; Works cost Rs. 69·360; Cost of Production Rs. 70,410 ; Total cost Rs 77,490 : Profit Rs. 11,369 and Selling Price Rs. 88,886

7
प्रक्रिया-लागत पद्धति
(Process Costing)

जब कोई वस्तु अपने निर्माण या उत्पादन की अन्तिम अवस्था तक पहुँचने मे अनेक प्रक्रियाओ से गुजरती है और प्रत्येक प्रक्रिया (Process) अपने आप मे पूर्ण एवं अन्य प्रक्रियाओ से पूर्णतया भिन्न होती है, तो ऐसी वस्तु की उत्पादन लागत प्रक्रियानुसार (Process-wise) ज्ञात करते हैं। अर्थात् **प्रत्येक प्रक्रिया की लागत अलग-अलग ज्ञात की जाती हैं और अन्तिम प्रक्रिया की कुल लागत ही वस्तु की कुल लागत होती है।** इस पद्धति से वस्तु की उत्पादन लागत ज्ञात करने के लिए वस्तु पर होने वाले समस्त व्ययों को प्रक्रियानुसार छाँट लेते है तथा प्रत्येक प्रक्रिया का एक अलग खाता खोलकर प्रत्येक के व्यय उसमे लिख देते हैं। इस प्रकार प्रत्येक प्रक्रिया की लागत ज्ञात करली जाती है। प्रक्रिया लागत ज्ञात करते समय प्रत्येक प्रक्रिया का क्षय व उसके भार में कमी अथवा क्षति (Loss in weight or wastage) को भी ध्यान मे रखा जाता है। इसमें एक प्रक्रिया का उत्पादन दूसरी प्रक्रिया के लिए कच्चा माल होता है। यह पद्धति **निम्न उद्योगों के लिए उपयुक्त है—**

(i) रासायनिक पदार्थ निर्माण;
(ii) वस्त्र निर्माण;
(iii) वनस्पति घी, तेल;
(iv) साबुन, रंग व वार्निश;
(v) चीनी व खाद्य पदार्थ;
(vi) लोहा व इस्पात;
(vii) कागज;
(viii) रबड़ व टायर;
(ix) शराब व फलो का रस।

श्री ह्वेल्डन के शब्दो मे, **"प्रक्रिया लागत पद्धति लागत ज्ञात करने की वह पद्धति है जिसके द्वारा किसी वस्तु की लागत प्रत्येक प्रक्रिया या उत्पादन स्तर पर ज्ञात की जाती है और जिन प्रक्रियाओं में निम्नलिखित एक या अधिक विशेषतायें होती हैं—**

(i) जहाँ एक प्रक्रिया की उत्पादित वस्तुयें दूसरी प्रक्रिया या कार्य के लिए सामग्री बन जाती हैं।

(ii) जहाँ एक या अधिक प्रक्रियाओं में विभिन्न उत्पादन एक साथ होते हैं चाहे ये उत्पादन उपोत्पाद सहित हैं अथवा उपोत्पाद बिना।

(iii) जहाँ एक या अधिक प्रक्रियाओं की शृंखला में उत्पादित वस्तु या सामग्री एक दूसरे से भिन्न नहीं है। उदाहरणार्थ, जब निर्मित माल अन्त में केवल अपने आकार-प्रकार से भिन्न होता है।"[1]

---

1. Process costing is a method of costing used to ascertain the cost of product at each process, operation or stage of manufacture, where processes are carried on having one or more of the following features— (*Contd. on Next Page*)

उद्देश्य (Objects)

प्रक्रिया लागत पद्धति निम्न उद्देश्यों की पूर्ति करती है—

1. प्रत्येक प्रक्रिया की लागत ज्ञात करना (To ascertain the cost of each process)—उत्पादित वस्तु की प्रत्येक प्रक्रिया या उत्पादन के प्रत्येक स्तर पर क्या लागत आती है इसका ज्ञान इसी पद्धति से सम्भव है। इस ज्ञान के कारण उत्पादक यह निर्णय ले सकता है कि वस्तु का उत्पादन किया जाय या बाजार से क्रय की जाय। यदि किसी प्रक्रिया की लागत बाजार से उसी प्रक्रिया का उत्पादित माल क्रय करने की अपेक्षा अधिक आती है तो उत्पादक उस प्रक्रिया का उत्पादन अपने यहाँ करने की अपेक्षा उसको बाजार से क्रय करना पसन्द करेगा। जैसे, एक वस्त्र उत्पादन गृह मे प्रथम प्रक्रिया मे सूत (yarn) का उत्पादन होता है जिसकी लागत 2 रु० प्रति पौण्ड आती है। जबकि बाजार मे उसी किस्म का उत्पादित सूत 1 70 रु० प्रति पौण्ड है। ऐसी दशा मे उत्पादक सूत का उत्पादन न करके उसे बाजार से क्रय कर सकता है।

2. उपोत्पाद की लागत ज्ञात करना (To ascertain the cost of bye-products)—किसी प्रमुख वस्तु के उत्पादन के साथ-साथ उत्पादित उपोत्पाद की लागत इसी पद्धति के अन्तर्गत ज्ञात की जा सकती है।

3. उत्पादन प्रक्रिया में होने वाले क्षय का ज्ञान (To know the wastage in each process of production)—उत्पादन की प्रक्रिया मे विभिन्न प्रकार के क्षय होते है। ये भार मे क्षय (Loss in weight), क्षय (Wastage), सामान्य क्षति (Normal wastage) एवं असाधारण क्षति (Abnormal wastage) आदि होते हैं। इनकी मात्रा व लागत का ज्ञान प्रक्रिया लागत पद्धति से ही सम्भव है।

4. प्रत्येक विधि का लाभ या हानि ज्ञात करना (To ascertain the profit or loss of each process)—प्रत्येक प्रक्रिया द्वारा उत्पादित वस्तु स्वयं भी एक विक्रय योग्य वस्तु होती है जिसका कभी-कभी विक्रय भी कर दिया जाता है। इस विक्रय पर क्या लाभ या हानि हुआ यह सम्बन्धित प्रक्रिया खाते से ज्ञात हो सकता है।

प्रक्रिया-लागत पद्धति द्वारा लागत ज्ञात करना
(Ascertainment of Cost under Process Costing)

प्रक्रिया लागत-लेखों (Process Cost-Accounts) के निम्न स्वरूप होते है—

1. सामान्य प्रक्रिया-लागत खाते (Simple Process Cost-Accounts)

2. असाधारण क्षय अथवा बचत वाले प्रक्रिया लागत-लेखे (Process Cost Accounts dealing with Abnormal Wastage or Surplus)

3 संयुक्त एवं पृथक लागत ज्ञात करने वाले प्रक्रिया-लागत लेखे (Process Cost Accounts ascertaining joint and separate cost of main and bye-products)

4. प्रक्रिया लागत लेखे जब एक प्रक्रिया का उत्पादन अगली प्रक्रिया में लागत+लाभ पर हस्तान्तरित होता है (Process Cost Account when production of one process passes to another process at Cost+Profit).

(i) Where the product of one process becomes the material of another process or operation

(ii) Where there is simultaneous production at one or more process of different products, with or without bye-products

(iii) Where during one or more processes of operations of a series, the products or materials are not distinguishable from one another, as for instance, when finished products differ finally only in shape or form. —*Wheldon*

5 विविध प्रक्रिया खाते (Miscellaneous Process Accounts)
इन सब स्वरूपो का विस्तृत विवेचन आगामी पृष्ठो मे किया गया है ।

1. सामान्य प्रक्रिया-लागत लेखे
(Simple Process Accounts)

इस पद्धति के अन्तर्गत वस्तु के उत्पादन पर व्यय होने वाली समस्त राशियों को प्रक्रिया-वार (Process-wise) छाँट लेते है । प्रत्येक प्रक्रिया के लिए एक अलग खाता खोला जाता है । उसके नाम पक्ष की ओर सामग्री, श्रम व अन्य व्ययों को तथा जमा पक्ष की ओर भार में कमी (Loss in weight), अवशेष राशि (Scrap value), उपोत्पाद की लागत (Cost of bye-product) व सामान्य क्षति (Normal loss) आदि की इकाइयों व राशियों को लिखा जाता है। समस्त प्रक्रियाओ पर होने वाले सम्मिलित उपरिव्ययो को प्रत्येक प्रक्रिया मे श्रम लागत (Labour cost) के अनुपात मे विभाजित करते हैं ।

प्रत्येक प्रक्रिया का शुद्ध उत्पादन अगली प्रक्रिया मे हस्तातरित कर दिया जाता हैं एवं अंतिम प्रक्रिया का शुद्ध उत्पादन 'तैयार माल खाते' (Finished Stock Account) मे हस्तांतरित कर दिया जाता है । **संक्षेप में, सामान्य प्रक्रिया खाते का प्रारूप निम्न है—**

Process Account

Particulars	Units	Amount	Particulars	Units	Amount
To Preceding Process a/c		...	By Loss in weight	..	.
,, Materials	...	...	,, Wastage or Normal loss	...	...
,, Labour		...	,, Scrap	...	...
,, Direct Exp.	.	...	,, Bye-Product	..	...
,, Overheads or Indirect Exp	...	...	,, Next Process a/c Or Finished Stock Account @ Rs....	...	...
,, Special cost of the process	...	...			
	Total	Total		Total	Total

Illustration 1

No Wastage and Allocation of Indirect Expenses

एक कारखाने मे उत्पादित वस्तु तीन प्रक्रियाओ मे होकर गुजरती है । निम्न विवरण से 31 दिसम्बर 1978 को समाप्त होने वाले माह की प्रक्रिया लागत ज्ञात कीजिए—

	Process I	Process II	Process III
	Rs.	Rs	Rs
सामग्री	7,000	3,500	2,000
श्रम	5,000	4,000	2,500
प्रत्यक्ष व्यय	1,500	780	1,100

उत्पादित वस्तुओं की संख्या 1,000 इकाइयाँ ।

कारखाने के अप्रत्यक्ष व्यय 4,600 रु० के हैं ।

A product of a factory passes through three processes. From the following particulars find out the process-wise cost for the month ending on 31st December, 1978.

	Process I	Process II	Process III
	Rs	Rs	Rs
Material	7,000	3,500	2,000
Labour	5,000	4,000	2,500
Direct Expenses	1,500	780	1,100

Units produced 1,000 Units.
Indirect Expenses of the Factory are Rs. 4,600.

Solution

Process I Account
(Output 1,000 Units)

	Rs.		Rs
To Materials	7,000	By Process II	
,, Labour	5,000	@ Rs. 15 5 per unit	15,500
,, Direct Expenses	1,500		
,, Indirect Expenses	2,000		
	15,500		15,500

Process II Account

	Rs		Rs
To Process I A/c	15,500	By Process III a/c	
,, Materials	3,500	@ Rs. 25 38 per unit	25,380
,, Labour	4,000		
,, Direct Expenses	780		
,, Indirect Expenses	1,600		
	25 380		25,380

Process III Account

	Rs.		Rs.
To Process I A/c	25,380	By Finished Stock a/c	
,, Materials	2,000	@ Rs 31·98 per unit	31,980
,, Labour	2,500		
,, Direct Expenses	1,100		
,, Indirect Expenses	1,000		
	31,980		31,980

Notes :

1. प्रस्तुत प्रश्न में उत्पादन इकाइयाँ तीनों प्रक्रियाओं में समान हैं अतः इकाइयों वाला खाता नहीं बनाया गया है।
2. अप्रत्यक्ष व्ययों को विभिन्न प्रक्रियाओं में बाँटने का कोई आधार नहीं दिया गया है अतः इनको सामान्य प्रचलित सिद्धान्तों के आधार पर विभिन्न प्रक्रियाओं की श्रम-लागत के अनुपात में विभाजित करेंगे।

Total Labour Cost of all the Processes $= 5,000 + 4,000 + 2,500 = 11,500$

Indirect Expenses for Ist Process $= \frac{5,000}{11,500} \times 4,600 =$ Rs. 2,000

,, ,, ,, IInd ,, $= \frac{4,000}{11,500} \times 4,600 =$ Rs. 1,600

,, ,, ,, IIIrd ,, $= \frac{2,500}{11,500} \times 4,600 =$ Rs. 1,000

Illustration 2

(When there is Wastage & Opening and Closing Stock in every Process)

निम्न सूचनाओ से निर्माण की तीनो प्रक्रियाओ की लागत प्रदर्शित कीजिए। प्रत्येक प्रक्रिया का उत्पादन पूरा होने के तुरन्त बाद अगली प्रक्रिया को हस्तातरित कर दिया जाता है—

	Process A Rs.	Process B Rs.	Process C Rs.
सामग्री एवं श्रम	6,400	12,000	29,250
कारखाना उपरिव्यय	5,600	5,250	6,000
उत्पादित इकाइयाँ	36,000	37,500	48,000
स्कन्ध (पूर्व प्रक्रिया की इकाइयाँ) : 1 दिसम्बर 1978 को—		4,000	16,500
स्कन्ध (पूर्व प्रक्रिया की इकाइयाँ) : 31 दिसम्बर 1978 को	—	1,000	5,500

From the following figures, show the cost of each of the three processes of manufacture. The production of each process is passed on to the next process immediately on completion

	Process A Rs.	Process B Rs.	Process C Rs.
Materials and Wages	6,400	12,000	29,250
Works Overheads	5,600	5,250	6,000
Production in units	36,000	37,500	48,000
Stock (units from preceding process) 1st December 1978		4,000	16,500
Stock (units from preceding process) 31st December 1978		1,000	5,500

Solution

Process A Account

	Units	Rs.		Units	Rs.
To Materials and Wages	36,000	6,400	By Process B Account @ 33 Paisa Per Unit	36,000	12,000
,, Works Overheads		5,600			
	36,000	12,000		36,000	12,000

Process B Account

	Units	Rs.		Units	Rs.
To Process A A/c	36,000	12,000	By Closing Stock @ 33 Paisa Per Unit	1,000	333
,, Opening Stock @ 33 Paisa Per Unit	4,000	1,333	,, Wastage	1,500	—
,, Materials & Wages		12,000	,, Process C a/c @ 81 Paisa Per Unit	37,500	30,250
,, Works Overheads		5,250			
	40,000	30,583		40,000	30,583

Indirect Expenses are Rs. 5,000 which are to be apportioned to all the three processes in the ratio of the combined cost of material and wages Find out the cost of each process.

Solution

Process I Account

	Qtls	Rs		Qtls	Rs
To Materials	8,000	40,00,000	By Loss in Weight @ 2%	160	—
,, Labour		50,000	,, Scrap @ 10%	800	80,000
,, Direct Exp		20,500	,, Process II a/c @ Rs 568 42 Per Quintal	7,040	40,01,650
,, General Exp		7,000			
,, Indirect Exp		4,150			
	8,000	40,81,650		8,000	40,81,650

Process II Account

	Qtls	Rs		Qtls	Rs.
To Process I a/c	7,040	40,01,650	By Loss in Weight @ 2%	160 8	
,, Materials	1,000	2,00,000	,, Scrap @ 10%	804 0	80,400
,, Labour		25,000	,, Process III a/c @ Rs 589 32 Per Quintal	7075 2	41,69,530
,, Direct Exp		10,800			
,, General Exp		1,500			
,, Cost of Tins		10,750			
,, Indirect Exp		230			
	8,040	42,49,930		8,040	42,49,930

Process III Account

	Qtls	Rs.		Qtls.	Rs
To Process II a/c	7075 2	41,69,530	By Loss in Weight @ 2%	159 50	—
,, Materials	900 0	5,85,000	,, Scrap @ 10%	797 52	1,59,504
,, Labour		20,000	,, Finished Stock a/c @ Rs 661·37 per Quintal	7018·18	46,41,646
,, Direct Exp		17,200			
,, General Exp		4,300			
,, Packing of Tins		4,500			
,, Indirect Exp.		620			
	7,975 2	48,01,150		7975 20	48,01,150

Notes : 1. अप्रत्यक्ष व्यय सामग्री व श्रम की संयुक्त लागत के अनुपात मे वितरित किए जायेंगे जो निम्न प्रकार है—

	Process I	Process II	Process III
सामग्री व श्रम की संयुक्त लागत	40,50,000	2,25,000	6,05,000

प्रथम प्रक्रिया मे अप्रत्यक्ष व्यय= $\frac{40,50,000}{48,80,000} \times 5,000 =$ Rs. 4,150

द्वितीय प्रक्रिया मे— $\frac{2,25,000}{48,80,000} \times 5,000 =$ Rs 230

तृतीय प्रक्रिया मे— $\frac{6,05,000}{48,80,000} \times 5,000 =$ Rs 620

2. कुछ प्रक्रियाओ मे कुछ विशिष्ट व्यय किये जाते है। उनको सम्बन्धित प्रक्रिया की लागत मे ही जोडा जायेगा। जैसे, प्रक्रिया II मे डिब्बो की लागत तथा प्रक्रिया III मे डिब्बो की पैकिंग।

Illustration 4

(When there is wastage & bye-product is sold)

एक उत्पाद विभिन्न दो प्रक्रियाओ मे होकर गुजरता है। प्रथम प्रक्रिया का उत्पादन (क्षय एवं उपोत्पाद घटाकर) दूसरी प्रक्रिया के लिए कच्चा माल बन जाता है। समस्त उपोत्पाद सीधे फैक्टरी से ही बेच दिया जाता है। कारखाना अभिलेखों से निम्न सूचनायें प्राप्त होती हैं—

	प्रथम प्रक्रिया	द्वितीय प्रक्रिया
कच्चा माल	1,000 टन 30 रु० प्रति. टन	—
मजदूरी	25,000 रु०	20,000 रु०
कारखाना उपरिव्यय	श्रम का 80%	श्रम का 75%
क्षय	10 टन	15 टन
उपोत्पाद का विक्रय	190 टन लागत+20% लाभ पर	85 टन लागत+25% लाभ पर

दोनों प्रक्रियाओं के खाते बनाइए तथा प्रत्येक चरण पर उत्पाद की लागत व उपोत्पाद के विक्रय पर लाभ को समझाईए।

A product passes through two distinct processes The product of the first process less wastage and bye-products becomes the raw material for the second process All bye-products are sold off direct from the factory The following information is obtained from factory records :—

	First Process	Second Process
Raw Materials	1,000 tonnes at Rs. 30 a tonne	—
Wages	Rs. 25,000	Rs 20,000
Factory overhead	80% of wages	75% of wages
Wastage	10 tonnes	15 tonnes
Sale of bye-products	190 ,, at cost plus 20%	85 ,, at cost plus 25%

Give ledger accounts for the two processes showing at each stage the cost of the product and the profit on the sale of the bye-product.

Solution

First Process Account

	Tonnes	Rs		Tonnes	Rs.
To Raw Materials	1,000	30,000	By Wastage	10	—
,, Wages		25,000	,, Sale of bye-products	190	17,273
,, Factory Overheads		20,000	,, Transfer to Second Process Account at cost @ Rs. 75·76	800	60,606
,, Profit transferred to P. & L Account		2,879			
	1,000	77,879		1,000	77,879

Second Process Account

	Tonnes	Rs.		Tonnes	Rs
To Transfer from First Process Account	800	60,606	By Wastage	15	—
,, Wages		20,000	,, Sale of bye-products	85	12,940
,, Factory Overheads		15,000	,, Finished Stock Account	700	85,254
,, Profit transferred to P. & L. Account		2,588			
	800	98,194		800	98,194

Notes (1) प्रत्येक प्रक्रिया के उपोत्पाद एक प्रकार से उस प्रक्रिया द्वारा उत्पादित माल है, अत उपोत्पाद की लागत प्रक्रिया की अनुमानित लागत होगी। उपोत्पाद का विक्रय-मूल्य निम्न प्रकार ज्ञात किया जायेगा—

	Rs
First Process	
Cost of 990 tons	75,000
Proportionate Cost of 990 tons	14,394
Add 20% Profit thereon	2,879
Sale Price of Bye-products	17,273
Second Process	
Cost of 785 tons	95,606
Proportionate Cost of 85 tons	10,352
Add 25% Profit thereon	2,588
Sale Proceeds of Bye-products	12,940

2. असाधारण क्षय व बचत वाले प्रक्रिया लागत-लेखे

(Process Cost Accounts dealing with Abnormal Wastage or Surplus)

किसी वस्तु के उत्पादन के दौरान प्रत्येक प्रक्रिया मे कुछ न कुछ क्षय (Wastage) होना स्वाभाविक है। यह क्षय दो प्रकार का होता है—

(i) सामान्य या साधारण क्षय (Normal Wastage)

(ii) असामान्य या असाधारण क्षय (Abnormal Wastage)

(i) सामान्य या साधारण क्षय (Normal Wastage)—वह क्षय जो उत्पादन के दौरान स्वाभाविक रूप से अवश्य होता है। इस क्षय को सामान्यतया रोका नही जा सकता और न ही कम किया जा सकता है। हाँ, यदि उत्पादन के दौरान विशेष सावधानी व उच्च स्तर की कार्य-कुशलता प्रदर्शित की जाय तो इस क्षय को कम अवश्य किया जा सकता है। संक्षेप में, **इस क्षय की निम्न प्रमुख विशेषतायें हैं**—

(अ) यह क्षय **अवश्य होता है** (unavoidable)।

(ब) इस क्षय के कारण **उत्पादन लागत में वृद्धि** हो सकती है।

(स) इस क्षय का अनुमान **पिछले अनुभव के** आधार पर लगाया जाता है। अर्थात् यह क्षय **पिछले अनुभव पर आधारित एक निश्चित प्रतिशत है।**

(द) इस क्षय से कुछ **अवशेष मूल्य प्राप्त हो भी सकता है और नहीं भी हो सकता।**

"सामान्य क्षय की इकाइयों को प्रक्रिया खाते के जमा पक्ष में 'इकाइयों वाले खाने में' तथा इनसे प्राप्त अवशेष मूल्य को 'राशि के खाने में लिख देते हैं।"

(ii) असामान्य या असाधारण क्षय (Abnormal Wastage)—वह क्षय जो उत्पादन के दौरान श्रमिको या प्रबन्धको की लापरवाही, मशीनों का त्रुटिपूर्ण प्रयोग, सामग्री की निम्न किस्म आदि के कारण होता है। यह क्षय सामान्य क्षय से अधिक होता है। इस क्षय को उत्पादक व श्रमिको द्वारा सावधानी बरते जाने पर कम किया जा सकता है। **इस क्षय की निम्न प्रमुख विशेषतायें हैं**—

(अ) यह क्षय **लापरवाही, अज्ञानता व आलस्य** के कारण होता है। अतः इसे सावधानी, **प्रशिक्षण एवं कुशलतापूर्वक मशीनों के प्रयोग से रोका जा सकता है।**

(ब) इस क्षय के कारण वस्तु की उत्पादन लागत में वृद्धि नहीं होती। बल्कि असाधारण क्षय की इकाइयो की लागत ज्ञात करके उसे लाभ-हानि खाते में हस्तांतरित कर देते हैं।

(स) असाधारण क्षय की इकाइयों की गणना निम्न सूत्र से की जाती है—

$$\text{Ab Wastage (Units)} = \text{Actual Wastage (Units)} - \text{Normal Wastage (Units)}$$

(द) असाधारण क्षय की इकाइयों की लागत निम्न प्रकार ज्ञात की जायेगी—

Cost of Ab. Wastage (Units) =

$$\frac{\text{Normal Cost of Normal Units Produced}}{\text{Normal Units Produced}} \times \text{Units of Ab Wastage}$$

यहाँ पर—

$$\text{Normal Units Produced} = \text{Total Input in the Process (In Units)} - \text{Normal Wastage in the Process (In Units)}$$

संक्षेप में, यदि असाधारण क्षय नहीं होता तो कितना उत्पादन होता तथा किस लागत पर होता। जितना उत्पादन होता वह सामान्य उत्पादन (Normal Units Produced) कहलाता है तथा जिस लागत पर होता वह सामान्य लागत (Normal Cost) कहलाती है।

"असाधारण क्षय की इकाइयों को प्रक्रिया खाते के जमा पक्ष मे इकाइयों के खाने में (Unit Column) तथा असाधारण क्षय की इकाइयों की लागत को राशि के खाने (Amount Column) में लिख देते हैं।"

Illustration 5

एक प्रक्रिया मे 1,200 इकाइयाँ 2 रु० प्रति इकाई की लागत से डाली गयी। इसके अतिरिक्त सामग्री 2,000 रु०, श्रम 2,500 रु० तथा अन्य व्यय 500 रु० के हुए। यह अनुमान लगाया गया कि सामान्यतया डाली गई इकाइयों मे से 10% इकाइयाँ सामान्यतया नष्ट हो जाती हैं जिनसे 10 पैसे प्रति इकाई प्राप्त होता है। उत्पादन 1,000 इकाइयो का हुआ। प्रक्रिया खाता बनाइए।

In a process 1,200 units were put in @ Rs 2·00 per unit Besides these material of Rs 2,000, Labour of Rs. 2,500 and other Exp. of Rs 500 were also incurred It is expected that 10% of the total units put in are normally wasted, which realise 10 paisa per unit. The production was of 1,000 units. Make out Process a/c.

Solution

Process Account

	Units	Rs.		Units	Rs
To Units introduced	1,200	2,400 00	Normal Wastages @ 10% of 1,200	120	12·00
,, Material	—	2,000 00	Ab Wastage @ Rs. 6 84	80	547 00
,, Labour	—	2,500 00	By Finished output @ Rs. 6 84	1,000	6,841 00
,, Other Exp.	—	500 00			
	1,200	7,400 00		1,200	7,400 00

Notes ·

Ab. Wastage (Units) = Actual Wastage (Units) − Normal Wastage (Units)

= 200—120 = 80 Units

$$\text{Cost of Ab Wastage (Units)} = \frac{\text{Total Cost of Normal Output}}{\text{Normal Output}} \times \text{Units of Ab. Wastage}$$

$$= \frac{7,388}{1,080} \times 80$$

= Rs 547·26

यहाँ पर हम देखते है कि असाधारण क्षय एवं उत्पादित इकाइयो की प्रति इकाई लागत एक समान होती है।

असाधारण बचत
(Abnormal Efficiency or Effectiveness)

यदि उत्पादन प्रक्रिया के दौरान उत्पादक या कर्मचारियो द्वारा विशिष्ट सावधानी बरती जाय तो कभी-कभी वास्तविक क्षति (Actual Wastage) अनुमानित या सामान्य क्षति (Normal Wastage) से कम होती है। ऐसी दशा मे जो अन्तर आता है वह असाधारण बचत (Abnormal Efficiency) कही जाती है। संक्षेप मे;

Abnormal Efficiency (Units) = Excess of Normal Wastage Over Actual Wastage

Or

Normal Wastage—Actual Wastage

असाधारण बचत के कारण भी प्रति इकाई उत्पादन लागत कम नही होती तथा इसकी लागत को भी लाभ-हानि खाते मे हस्तातरित कर देते है। **इसकी लागत की गणना निम्न सूत्र से की जाती है—**

Cost of Ab. Efficiency =

$$\frac{\text{Normal Cost of Normal Output}}{\text{Normal Units Produced}} \times \text{Units of Abnormal Efficiency}$$

अर्थात् यदि असाधारण बचत नहीं होती तो कितना उत्पादन होता तथा किस लागत पर होता। जितना उत्पादन होता वही सामान्य उत्पादन (Normal Output) **है तथा जिस लागत पर होता वही सामान्य लागत** (Normal Cost) **है।**

"असाधारण बचत की इकाइयों को प्रक्रिया खाते के नाम पक्ष में इकाइयों के खाने में तथा असाधारण बचत की इकाइयों की लागत को राशि के खाने में लिखा जाता है।"

Illustration 6

एक वस्तु तीन विभिन्न प्रक्रियाओं X, Y और Z मे होकर गुजरती है। प्रत्येक प्रक्रिया का सामान्य क्षय है : X 3%; Y 5%; Z 8%। प्रक्रिया X का क्षय 2·50 रु० प्रति इकाई, Y का 5·00 रु० प्रति इकाई व Z का 8·50 रु० प्रति इकाई की दर से बेचा जाता है।

1 जुलाई 1978 को 'एक्स' प्रक्रिया की 10,000 इकाइयाँ 100 रु० प्रति इकाई की लागत पर निर्गमित की गयी। अन्य व्यय निम्न प्रकार रहे :

	प्रक्रिया X	प्रक्रिया Y	प्रक्रिया Z
	रु०	रु०	रु०
विविध सामग्री	10,000	15,000	5,000
श्रम	50,000	80,000	65,000
प्रत्यक्ष व्यय	10,450	15,895	20,090

वास्तविक उत्पादन X मे 9,500 इकाइयाँ, Y मे 9,100 इकाइयाँ तथा Z मे 8,100 इकाइयाँ रहा।

यह मानते हुए कि किसी भी प्रक्रिया मे प्रारम्भिक व अन्तिम शेष नही रहा, प्रक्रिया खाते बनाइए।

A product passes through three processes X, Y and Z. The normal waste of each process is : Process X 3% ; Process Y 5%, Process Z 8%. Waste of Process X was sold at Rs 2·50 per unit, that of Process Y at Rs 5 00 per unit and that of Process Z at Rs 8 50 per unit.

10,000 units were issued to Process X on 1st July 1978 at a cost of Rs 100 per unit. The other expenses were as follows :

	Process X	Process Y	Process Z
	Rs.	Rs	Rs.
Sundry Materials	10,000	15,000	5,000
Labour	50,000	80,000	65,000
Direct Expenses	10,450	15,895	20,000

The actual output was : Process X 9,500 units ; Process Y 9,100 units, Process Z 8,100 units.

Prepare Process Accounts assuming that there were no opening or closing stocks.

Solution

Process X Account

	Units	Rs		Units	Rs.
To Raw Materials	10,000	10,00,000	By Normal Wastage 3%	300	750
,, Sundry Materials		10,000	,, Abnormal Wastage	200	22,056
,, Labour		50,000	,, Transfer to Process Y	9,500	10,47,644
,, Direct Expenses		10,450			
	10,000	10,70,450		10,000	10,70,450

Process Y Account

	Units	Rs.		Units	Rs
To Process X Account	9,500	10,47,644	By Normal Wastage 5%	475	2,375
,, Sundry Materials		15,000	,, Transfer to Process Z Account	9,100	11,65,772
,, Labour		80,000			
,, Direct Expenses		15,895			
,, Abnormal Efficiency	75	9,608			
	9,575	11,68,147		9,575	11,68,147

Process Z Account

	Units	Rs		Units	Rs.
To Process Y Account	9,100	11,65,772	By Normal Wastage 8%	728	6,188
,, Sundry Materials		5,000	,, Abnormal Wastage	272	40,599
,, Labour		65,000	,, Transfer to Finished Stock Account	8,100	12,08,985
,, Direct Expenses		20,000			
	9,100	12,55,772		9,100	12,55,772

Notes : The Cost of Normal Wastage or Efficiency is Calculated as below .

Abnormal Wastage =Actual Wastage—Normal Wastage

,,	of X= 500 Units	— 300	=	200 Units
,,	of Y= 400 ,,	— 475	=	—75 ,, (Ab. Efficiency)
,,	of Z=1,000 ,,	— 728	=	272 Units

$$\text{Cost of Ab. Wastage} = \frac{\text{Total Cost of Normal Output}}{\text{Normal Output (Units)}} \times \frac{\text{Units of Ab Wastage}}{\text{Or Units of Ab. Efficiency}}$$

Process X (Ab. Wastage) $= \frac{10,70,456-750}{9,700} \times 200$

Or

$\frac{10,69,700}{9,700} \times 200 =$ **Rs. 22,056**

Process Y (Ab Efficiency) $= \frac{11,58,539-2,375}{9,025} \times 75$ Or $\frac{11,56,164}{9,025} \times 75$

= **Rs. 9,608**

Process Z (Ab. Wastage) $= \frac{12,55,772-6,188}{8,372} \times 272$

Or

$\frac{12,49,584}{8,372} \times 272 =$ **Rs. 40,598**

असाधारण क्षय व असाधारण बचत-खाते बनाना
(Preparation of Abnormal Wastage & Abnormal Efficiency Account)

असाधारण क्षय खाता (Abnormal Wastage Account)—यदि प्रश्न में असाधारण क्षय खाता पूछा गया है तो इसको बनाते समय इसके नाम पक्ष मे असाधारण क्षय की इकाइयो को इकाई के खाने में तथा असाधारण क्षय की लागत को राशि के खाने में लिखेंगे तथा जमा पक्ष मे असाधारण क्षय की इकाइयो से प्राप्त अवशेष मूल्य लिखा जायेगा। शेष बची राशि लागत लाभ-हानि खाते (Costing Profit and Loss Account) मे हस्तांतरित कर दी जायेगी । इसका प्रारूप निम्न है—

Abnormal Wastage A/c

	Units	Amount Rs		Units	Amount Rs.
To Process A	...	...	By Cash (Sale of Scrap i. e Sale Price of Waste Units)		
" " B	...	...	A ..... Units @ Rs.... ...each	...	...
			B .. ...Units @ Rs.......each	...	...
			" Costing Profit & Loss Account	...	..
	Total	Total		Total	Total

असाधारण बचत खाता (Abnormal Efficiency Account)—असाधारण बचत खाते के जमा पक्ष मे असाधारण बचत की इकाइयों को इकाई वाले खाने में तथा उनकी लागत को राशि के खाने मे लिख दिया जाता है। इस खाते के नाम पक्ष में असाधारण बचत की इकाइयों से प्राप्त राशि लिख दी जाती है। शेष बची राशि लागत लाभ-हानि खाते (Costing P. and L. a/c.) में हस्तांतरित कर दी जाती है। इसका प्रारूप अग्रवत् है—

Abnormal Efficiency Account

	Units	Amount Rs.		Units	Amount Rs
To Shortfall in the Sale of Normal Wastage	...	...	By Process A	...	...
„ Costing P. & L. a/c	...	...	„ B	...	...
	Total	Total		Total	Total

Illustration 7

एक कारखाने का उत्पादन तीन विभिन्न प्रक्रियाओं A, B एवं C से होकर गुजरता है। प्रत्येक प्रक्रिया का क्षय है : A 2½%; B 5% एवं C 10% । A, B एवं C प्रक्रिया का क्षय क्रमश 10 रु०, 20 रु० एवं 50 रु० प्रति 10 इकाइयों की दर से बेच दिया जाता है। निम्न व्यय किये गये—

	प्रक्रिया A रु०	प्रक्रिया B रु०	प्रक्रिया C रु०
प्रयुक्त सामग्री	12,000	6,000	3,000
प्रत्यक्ष श्रम	18,000	12,000	9,000
निर्माण व्यय	3,000	3,000	4,500

16,000 रु० की लागत पर 4,000 इकाइयाँ A प्रक्रिया को निर्गमित की गयी। प्रत्येक प्रक्रिया का उत्पादन निम्न प्रकार रहा .

प्रक्रिया A	3,900 इकाइयाँ
प्रक्रिया B	3,600 „
प्रक्रिया C	3,250 „

किसी भी प्रक्रिया में चालू कार्य का प्रारम्भिक व अन्तिम शेष नही रहा । प्रक्रिया एवं असाधारण क्षय व बचत के खाते बनाइये और बताइये कि असाधारण क्षय व बचत की कितनी राशि लागत लाभ-हानि खाते में हस्तांतरित की जायेगी ?

The product of a factory passes through three processes A, B and C. The wastage in each process is 2½%, 5% and 10% respectively The wastage is sold at the rate of Rs. 10, Rs. 20 and Rs 50 per 10 units of the processes A, B and C respectively. The expenditure incurred is as follows :

	A Rs.	B Rs.	C Rs
Materials consumed	12,000	6,000	3,000
Direct labour	18,000	12,000	9,000
Manufacturing expenses	3,000	3,000	4,500

4,000 units costing Rs. 16,000 have been issued to process A. The output of each process is as under :—

Process A	3,900 units
Process B	3,600 units
Process C	3,250 units

There is no stock or work-in-progress in any process Prepare the Process Accounts and Abnormal Wastage & Efficiency Account. Show what amount of Ab. Wastage or Efficiency will be transferred to Costing P. & L. a/c.,

Solution

Process A Account

	Units	Amount Rs		Units	Amount Rs.
To Units Issued	4,000	16,000	By Normal Wastage (2½% of 4,000)	100	100
„ Materials		12 000	„ Process B Account	3,900	48,900
„ Direct Labour		18,000			
„ Mfg. Expenses		3,000			
	4,000	49,000		4,000	49,000

Process B Account

	Units	Amount Rs		Units	Amount Rs
To Process A Account	3,900	48,900	By Normal Wastage (5% of 3,900)	195	390
„ Materials		6,000	„ Abnormal Wastage	105	1,970
„ Direct Labour		12,000	„ Process C Account	3,600	67,540
„ Mfg Expenses		3,000			
	3,900	69,900		3,900	69,900

Process C Account

	Units	Amount Rs.		Units	Amount Rs.
To Process B Account	3 600	67,540	By Normal Wastage (10 % of 3,600)	360	1,800
„ Materials		3,000	„ Finished Stock Account	3,250	82,494
„ Direct Labour		9,000			
„ Mfg Expenses		4,500			
„ Abnormal Effectives	10	254			
	3,610	84,294		3,610	84,294

Abnormal Wastage A/c

	Units	Amount Rs.		Units	Amount Rs
To Process B	105	1,970	By Cash (Sale Price of waste of units) B—105 units @ Rs. 20 per 10 units	105	210
			„ Costing P & L a/c	—	1,760
	105	1,970		105	1,970

Abnormal Effectiveness A/c

	Units	Amount Rs.		Units	Amount Rs.
To Shortfall in the Sale of Normal Wastage C—10 units @ Rs 50 per 10 units	10	50	By Process C	10	254
To Costing P. & L. a/c		204			
	10	254		10	254

Notes :

(i) **Abnormal Wastage is calculated as below—**

Abnormal Wastage = Actual Wastage—Normal Wastage

(Units)		(Units)	(Units)
B Process	=	300 —195 =	105 units

Cost of Wastage $= \dfrac{\text{Normal Cost of Normal Output}}{\text{Normal Output}} \times$ Units of Ab Wastage

$= \dfrac{69,900-390}{3,900-195} \times 105$ or $\dfrac{69,510}{3,705} \times 105 =$ Rs. 1,970

(ii) **Abnormal Efficiency is calculated as below :**

Abnormal Efficiency = Excess of Normal Wastage over actual wastage

Or

Normal Wastage—Actual Wastage

= 360 — 350 = 10 units

Cost of Efficiency $= \dfrac{\text{Normal Cost of Normal Output}}{\text{Normal Output}} \times$ Units of Ab. Efficiency

$= \dfrac{84,040-1,800}{3,600-360} \times 10$

Or

$= \dfrac{82,240}{3,240} \times 10 =$ Rs 254

Illustration 8

एक फैक्टरी का निर्मित माल तीन विभिन्न प्रक्रियाओं से होकर गुजरता है (A, B एवं C)। प्रत्येक प्रक्रिया मे सामान्य क्षय निम्न है : A 2%; B 5% एवं C 10% । प्रत्येक दशा मे क्षय की प्रतिशत प्रक्रिया मे प्रवेश कर रही इकाइयो की संख्या पर ज्ञात की जाती है। क्षय का अवशेष मूल्य निम्न प्रकार है : A 10 रु० प्रति 100 इकाइयाँ; B 40 रु० प्रति 100 इकाइयाँ तथा C 20 रु० प्रति 100 इकाइयाँ।

प्रत्येक प्रक्रिया का उत्पादन दूसरी प्रक्रिया को तुरन्त भेज दिया जाता है तथा निर्मित इकाइयाँ C प्रक्रिया से स्टॉक मे भेज दी जाती हैं। निम्नलिखित सूचनायें प्राप्त हैं—

	प्रक्रिया A	प्रक्रिया B	प्रक्रिया C
	रु०	रु०	रु०
प्रयुक्त सामग्री	12,000	4,000	4,000
प्रत्यक्ष श्रम	8,000	6,000	6,000
निर्माण व्यय	2,000	4,000	2,000

16,000 रु० की लागत से 20,000 इकाइयाँ प्रक्रिया A को निर्गमित की गयीं। प्रत्येक प्रक्रिया का उत्पादन निम्न प्रकार रहा :

प्रक्रिया A 19,600; प्रक्रिया B 18,400; प्रक्रिया C 16,700 इकाइयाँ। किसी भी प्रक्रिया मे स्टॉक या चालू कार्य नही है।

प्रक्रिया खाते तैयार कीजिए।

The finished Product of a factory has to pass through three processes (A, B and C). The normal wastage of each process is 2% in A, 5% in B and 10% in C. The percentage of waste is computed on the number of units

entering each process. The scrap values of wastage of processes A, B and C are Rs. 10, Rs. 40 and Rs 20 per 100 units respectively

The output of each process is transferred to the next process and the finished products are transferred from process C into stock. The following further information is obtained :—

	Process A	Process B	Process C
	Rs.	Rs	Rs
Material consumed	12,000	4,000	4,000
Direct Labour	8,000	6,000	6,000
Manufacturing expenses	2,000	4,000	2,000

20,000 units were put into process A at the cost of Rs. 16,000 The output of each process has been . A 19,600 units , B 18,400 units ; C 16,700 units There was no stock or work-in-progress in any process.

Prepare the process accounts.

Solution

Process A Account

	Units	Rs		Units	Rs.
To Cost of units intro	20,000	16,000	By Normal Wastage	400	40
, Materials		12,000	,, Process B Account		
,, Direct Labour		8,000	(Output transferred)	19,600	37,960
,, Mfg Expenses		2,000			
	20,000	38,000		20,000	38,000

Process B Account

	Units	Rs.		Units	Rs.
To Process Account	19,600	37,960	By Normal Wastage	980	392
,, Materials		4,000	,, Abnormal Wastage	220	609
,, Direct Labour		6,000	,, Process C Account		
,, Mfg Expenses		4,000	(Output transferred)	18,400	50,959
	19,600	51,960		19,600	51,960

Process C Account

	Units	Rs.		Units	Rs.
To Process B Account	18,400	50,959	By Normal Wastage	1,840	368
,, Materials		4,000	,, Finished Stock		
,, Direct Labour		6,000	Account (Output		
,, Mfg Expenses		2,000	transferred)	16,700	63,120
,, Abnormal Effectives	140	529			
	18,540	63,488		18,540	63,488

Notes :

(i) **Abnormal Wastage is calculated as below :**

Abnormal Wastage=Actual Wastage—Normal Wastage
(Units) (Units) (Units)

B Process= 1,200—980=220 Units

$$\text{Cost of Ab. Wastage} = \frac{\text{Normal Cost of Normal Output}}{\text{Normal Output}} \times \text{Units of Ab. Wastage}$$

$$= \frac{51{,}960-392}{19{,}600-980} \times 220 \text{ or } \frac{51{,}568}{18{,}620} \times 220$$

=Rs 609

(ii) Abnormal Efficiency is calculated as below :

Abnormal Effectiveness (Units) = Excess of Normal Wastage over Actual Wastage
Or
Normal Wastage — Actual Wastage
1,840 — 1,700 Units = 140 Units

$$\textbf{Cost of Effectiveness} = \frac{\text{Normal Cost of Normal Output}}{\text{Normal Output}} \times \text{Units of Ab. Effectiveness}$$

$$= \frac{62,959 - 368}{18,400 - 1,840} \times 140 \text{ Or } \frac{62,591}{16,560} \times 140$$

$$= \text{Rs } 529.$$

3. संयुक्त एवं पृथक लागत ज्ञात करने वाले प्रक्रिया लागत लेखे
(Process Cost Accounts ascertaining joint and separate cost of Main and Bye-products)

कभी-कभी मुख्य उत्पादन के साथ-साथ कुछ अन्य उत्पादन भी स्वत: ही हो जाते हैं, जैसे चीनी का उत्पादन करने पर शीरा तथा वेजीटेबिल का उत्पादन करने पर सिलीकेट स्वत. ही उत्पादित हो जाते हैं। मुख्य उत्पादन के साथ-साथ उत्पादित ये वस्तुये भी बाजार मे विक्रय योग्य होती हैं। हाँ, इनको विक्रय योग्य बनाने के लिए इन पर कुछ व्यय किये जाते हैं। एक निश्चित समय तक, जब तक कि मुख्य उत्पादन व सहायक उत्पादन [उपोत्पाद (bye-product)] एक साथ उत्पादित होते है, इन पर किये जाने वाले समस्त व्यय संयुक्त होते है किन्तु जैसे ही सहायक उत्पादन मुख्य उत्पादन से अलग हो जाता है, दोनों पर अलग-अलग व्यय करना प्रारम्भ हो जाता है। ऐसी उत्पादक संस्थाओं में मुख्य समस्या यह उदय होती है कि **संयुक्त व्ययों या संयुक्त लागतों** (Joint expenses or joint costs) **को मुख्य उत्पादन व सहायक उत्पादनों में कितना-कितना विभाजित किया जाय ?** संयुक्त व्ययों के विभिन्न उत्पादन मे विभाजन की इस समस्या का हल **विभिन्न परिस्थितियों में निम्न प्रकार किया जाता है—**

1. जब उपोत्पाद का मूल्य बहुत कम है (When value of bye-product is very less)—जब उपोत्पाद बहुत कम मूल्य का होता है तो सामान्य प्रक्रिया खाते मे, उपोत्पाद की इकाइयाँ जमा पक्ष की ओर इकाई वाले खाने मे तथा इनका मूल्य राशि वाले खाने में लिख देते हैं। इस प्रकार मुख्य उत्पादन की लागत ज्ञात हो जाती है। इसका विवरण पीछे किया जा चुका है।

2. जब उपोत्पाद का मूल्य अधिक है (When value of bye-product is high)—जब उपोत्पाद अधिक मूल्य वाला व प्रभावी है तो उस समय प्रक्रिया लागत खाते के जमा पक्ष मे उपोत्पाद का विक्रय मूल्य नही दिखाया जायेगा क्योंकि ऐसा करने की दशा मे मुख्य उत्पादन की लागत वास्तविक न होकर अनुमानित हो जायेगी। ऐसी स्थिति में संयुक्त लागत को मुख्य उत्पादन व सहायक व उपोत्पाद मे विभाजित करते हैं। तदुपरान्त उसमे प्रत्येक की पृथक लागत जोड़कर समस्त उत्पादनों की कुल लागत ज्ञात करते हैं। अर्थात्

Cost of Main product = Share in Joint Expenses
+
Separate Cost

Cost of Bye-products = Share in Joint Expenses
+
Separate Cost

पृथक लागत (Separate cost) अलग-अलग वस्तुओ की दी हुई होती है अतः इसको ज्ञात करने का प्रश्न नही उठता। किन्तु **संयुक्त लागत** (Joint cost) समस्त वस्तुओं (मुख्य व उपोत्पाद) की एक साथ दी होती है, अत. संयुक्त लागत का विभाजन विभिन्न वस्तुओ (मुख्य उत्पादन व सहायक या उपोत्पाद मे) एक निश्चित आधार पर किया जाता है। **संयुक्त व्ययों को विभिन्न वस्तुओं में उप-विभाजित** (apportionment) **करने की प्रक्रिया विभिन्न दशाओं मे भिन्न-भिन्न है जिनका वर्णन आगे किया गया है—**

(i) **जब मुख्य उत्पादन के साथ केवल एक ही उपोत्पाद है** (When there is only one bye-product with the Main Product)

ऐसी दशा मे **दो खाते** खोले जाते है। प्रथम मुख्य उत्पादन खाता (Main Product Account) तथा दूसरा उपोत्पाद खाता (Bye-product Account) होता है। समस्त संयुक्त व्यय मुख्य उत्पादन खाते के नाम पक्ष की ओर लिख देते हैं। पृथक-पृथक व्यय दोनो खातो मे अलग-अलग लिख देते है। तदुपरान्त संयुक्त व्ययो मे उपोत्पाद की लागत का भाग ज्ञात किया जाता है। मुख्य उत्पादन खाते के जमा पक्ष मे उपोत्पादन की लागत By Bye-product A/c करके लिख दी जाती है। मुख्य उत्पादन खाते मे शेष समस्त लागत मुख्य उत्पादन की ही होती है।

संयुक्त लागत में उपोत्पादन की लागत निम्न प्रकार ज्ञात की जाती है—

Selling Price of Bye-product	
Less Profit included in it (Based on estimated percentage given in question either on sale or oncost)	
Total Cost of Bye-product	
Less Separate Cost of Bye-product (as given in the question)	
Share in Joint Cost	
(Main Product a/c will be credited by this amount)	

Illustration 9

एक फैक्टरी 'एक्स' रसायन का उत्पादन करती है और निर्माण की प्रक्रिया मे 'वाई' उपोत्पाद का उत्पादन स्वतः हो जाता है जिसको एक अलग प्रक्रिया में डालकर एक व्यापारिक मूल्य ज्ञात हो जाता है। जनवरी 1978 के माह का संक्षिप्त लागत विवरण निम्न है—

	संयुक्त व्यय	पृथक व्यय 'एक्स'	पृथक व्यय 'वाई'
	रु०	रु०	रु०
सामग्री	19,200	7,360	780
श्रम	11,700	7,680	2,642
उपरिव्यय	3,450	1,500	544

माह का उत्पादन 'एक्स' का 142 टन तथा 'वाई' का 49 टन है। 'वाई' का औसत विक्रय मूल्य 280 रु० प्रति टन है।

Finishing Process=Loss in weight 40 tons . output 1,760 tons for Rs. 2,88 200 @ Rs. 163 75 per ton

Sale Price=Rs. 3,52,000 ; **Profit**=Rs. 63,800 (3,52,000—2,88,200)

Certain Product of each process is transferred to warehouse and remaining to next Process

35. एक कम्पनी ने दिसम्बर 1978 मे तीन वस्तुओ का उत्पादन किया जो तीन प्रक्रियाओ मे होता है। प्रत्येक प्रक्रिया मे डाले गये कुल भार का 2% नष्ट हो जाता है तथा 10% अवशेष रहता है जो प्रथम व द्वितीय प्रक्रियाओ की दशा मे 100 रु० प्रति टन तथा तृतीय प्रक्रिया की दशा में 20 रु० प्रति टन की दर से बेचा जाता है। तीनो प्रक्रियाओ से सम्बन्धित निम्न विवरण है—

	प्रक्रिया I	प्रक्रिया II	प्रक्रिया III
अगली प्रक्रिया को भेजा	75%	50%	—
विक्रय के लिए स्टॉक रखा	25%	50%	100%
व्यय :			
प्रयुक्त सामग्री	1,000 टन	140 टन	1,348 टन
सामग्री का मूल्य	120 रु० प्रति टन	200 रु० प्रति टन	80 रु० प्रति टन
श्रम	20,500 रु०	18,520 रु०	15,000 रु०
सामान्य व्यय	10,300 रु०	7,240 रु०	3,100 रु०

प्रत्येक उत्पाद की प्रति टन ल.गत दिखाते हुए प्रक्रिया खाते बनाइए।

A company manufactured three commodities in three different processes in Dec 1978 In each process 2% of the total weight put in is lost and 10% is scrapped, which in case of process 1st and 2nd is sold @ Rs. 100 per ton and in case of 3rd process @ Rs. 20 per ton The following particulars relate to three processes :

	Process I	Process II	Process III
Transfer to next process	75%	50%	—
Kept in stock for Sale	25%	50%	100%

Expenses :			
Material used	1,000 tons	140 tons	1,348 tons
Value of Material	Rs 120 per ton	Rs 200 per ton	Rs. 80 per ton
Labour	Rs 20,500	Rs 18,520	Rs 15,000
General Expenses	Rs. 10,300	Rs. 7,240	Rs 3,100

Prepare process account showing per ton cost of each product.

	I	II	III
Ans Total weight put in	1,000 tons	800 tons (660+140)	1,700 tons (352+1,348)
Normal Wastage	20 tons	16 tons	34 tons
Sale of Scrap	100 tons for Rs. 10,000	80 tons for Rs 8,000	170 tons for Rs 3,400
Transfer to Warehouse	220 tons	352 tons	1,496 tons
Transfer to Net Process	660 tons @160 p. t	352 tons @ Rs. 215 p. t.	@ Rs. 132 50 p. t.

36. एक कम्पनी अपनी केमीकल को, जो लगातार प्रक्रियाओं द्वारा बनायी जाती है; बनाती और बेचती है। उसकी प्रक्रियाओ के सम्बन्ध मे निम्नांकित विवरण है :—

	प्रक्रिया A	प्रक्रिया B	प्रक्रिया C
अगली प्रक्रिया को हस्तान्तरित	66⅔%	60%	—
बिक्री के लिए गोदाम को हस्तान्तरित	33⅓%	40%	100%

प्रत्येक प्रक्रिया मे डाले गये कुल वजन का 4% खो जाता है और 6% अवशेष हो जाता है जो प्रक्रिया A मे 3 रु० प्रति टन, प्रक्रिया B मे 5 रु० प्रति टन तथा प्रक्रिया C मे 6 रु० प्रति टन की दर से बिक जाता है। निम्नांकित विवरण मार्च 1978 का है :—

प्रयुक्त कच्ची सामग्री :

प्रक्रिया A	1,400 टन	@	10 रु० प्रति टन
प्रक्रिया B	160 टन	@	16 रु० ,, ,,
प्रक्रिया C	1,260 टन	@	7 रु० ,, ,,

निर्माण मजदूरी और व्यय : प्रक्रिया A 5,152 रु०; प्रक्रिया B 3,140 रु०; प्रक्रिया C 2,895 रु०

प्रक्रिया खाते बनाइये और प्रत्येक वस्तु की प्रति टन लागत निकालिये।

A company manufactures and sells their chemicals produced by consecutive processes. The product of their processes are dealt with as follows :

	Process A	Proces B	Process C
Transferred to next process	66⅔%	60%	—
Transferred to warehouse of sale	33⅓%	40%	100%

In each process 4% of the total weight put in is lost and 6% is scrap which from Process A realise Rs. 3/- per ton, from Process B Rs. 5/- per ton and from Process C Rs 6/- per ton The following particulars relate to March, 1978 :—

Raw Materials used :

Process A	1,400 tons @ Rs. 10 per ton
,, B	160 ,, @ Rs. 16 per ton
,, C	1,260 ,, @ Rs. 7 per ton

Manufacturing wages and expenses : Process A Rs. 5,152 ; Process B Rs. 3,140 : Process C Rs. 2,895

Prepare process accounts showing cost per ton of each product.

	A	B	C
Ans. Total weight put in	1,400 tons	1,000 tons (840+160)	1,800 tons (540+1,260)
Normal wastage	56 tons	40 tons	72 tons
Sale of Scrap	84 tons for Rs. 252	60 tons for Rs 300	108 tons for Rs 648
Transfer to warehouse	420 tons	360 tons	1,620 tons
Transfer to next process	840 tons @ Rs. 15 p. ton	540 tons @ Rs 20 per ton	@ Rs 13 50 per ton

Preparation of Work-order on the Basis of Process Accounts

37. निम्न सूचनाओं से प्रति इकाई लागत प्रकट करते हुए 875 इकाइयों के लिए प्रक्रिया खाते बनाइए। 525 इकाइयों के लिए उत्पादन आदेश का वितरण-पत्र भी बनाइए .

	प्रक्रिया 'अ'	प्रक्रिया 'ब'	प्रक्रिया 'स'
	रु०	रु०	रु०
प्रयुक्त सामग्री	10,500	5,250	5,000
प्रत्यक्ष श्रम	5,250	4,200	2,350
प्रत्यक्ष व्यय	4,200	1,050	1,050

कारखाना उपरिव्यय 3,255 रु० थे जिन्हें सामग्री व श्रम की संयुक्त लागत के अनुपात मे विभाजित करना है। किसी भी प्रकार का प्रारम्भिक व अन्तिम चालू कार्य व तैयार माल नहीं है।

From the following informations prepare process accounts for 875 units showing per unit cost Also make out a production order statement for 525 unit.

	Process A	Process B	Process C
	Rs.	Rs.	Rs.
Material used	10,500	5,250	5 000
Direct labour	5,250	4,200	2,350
Direct expenses	4,200	1,050	1,050

Factory overheads amounting to Rs 3,255 are to be apportioned in all the three processes in the ratio of the combined cost of material and labour. There is no opening or closing work-in-progress or finished goods.

Ans.	A	B	C
Cost per ton	Rs. 24·6	Rs. 37 68	Rs. 48·12
Total cost	Rs. 21,525	Rs. 32,970	Rs. 42,105
Cost of work order	Rs. 25,263		

First two Processes Separate & Third Combined

38. निम्न विवरण एक रिफाइनरी के लेखों से प्राप्त हुए है—

	तेल नं० 1	तेल नं० 2
कच्चे तेल का उत्पादन :	रु०	रु०
सामग्री	10,000	8,000
मजदूरी	200	150
गरम करने के लिए स्टीम	60	60
उपोत्पाद की बिक्री	160	120

शोधन :

सामग्री	400	300
मजदूरी	250	200
गरम करने के लिए स्टीम	140	130
उपोत्पाद की बिक्री	600	300

मिश्रण :

मजदूरी 100 रु०

गरम करने के लिए स्टीम 30 रु०

किराया, दर और कर 900 रु० है। इन्हें तीनों प्रक्रियाओं मे बराबर बाँटा जाता है। कच्चे तेल और रिफाइनिंग तेल प्रक्रियाओं मे इसे तेल नं० 1 और तेल नं० 2 मे 7/12 और 5/12 के अनुपात में बाँटा जाता है।

उपर्युक्त विवरण से आप प्रत्येक प्रक्रिया की अलग-अलग लागत दिखाते हुए प्रक्रिया खाते बनाइये और निर्मित माल की (जोकि तेल नं० 1 और तेल नं० 2 का मिश्रण है) कुल लागत निकालिए।

The following particulars are extracted from the records of a refinery :—

	Oil No. 1	Oil No. 2
	Rs	Rs.
Production of crude oil :		
Materials	10,000	8,000
Wages	200	150
Steam for heating	60	60
Sales for bye-products	160	120
Refining :		
Materials	400	300
Wages	250	200
Steam for heating	140	130
Sales of bye-products obtained from refining the oils	600	300
Blending :		
Wage	Rs. 100	
Steam for heating	Rs. 30	

Rent, rates and taxes amounted to Rs. 900. These are apportioned equally to each process and in production of crude and refining Oil No. 1 and Oil No. 2 are to be charged in the proportion of 7/12 and 5/12 respectively.

From the above particulars you are required to prepare accounts showing separately the cost of each process and the total cost of the finished product which is a blend of Oil No 1 and 2.

Ans.	No. 1	No. 2
Crude oil transferred to refining process	Rs. 10,275	Rs 8,215
Refined oil to bleding	Rs. 10,640	Rs. 8,670
Cost of finished oil	Rs. 19,740	

प्रक्रिया लागत का विवरण बनाना

(Preparing Statement of Process Cost)

39. एक फैक्टरी 'अ' और 'ब' दो प्रकार की वस्तुएँ बनाती है जो दो प्रक्रियाओं में से गुजरती है—फैक्टरी एवं फिनिशिंग। प्रत्येक के सम्बन्ध मे श्रम का लेखा अलग-अलग रखा जाता है। दोनों में एक-सी सामग्री प्रयुक्त होती है और सामग्री भी एक जैसी है।

निम्न सूचनाओं से प्रत्येक वस्तु की लागत एवं इस पर लाभ पर प्रतिशत प्रदर्शित करते हुए एक विवरण पत्र तैयार कीजिए :

	वस्तु 'अ'	वस्तु 'ब'
उत्पादन	3,220 इकाइयाँ	1,380 इकाइयाँ
विक्रय मूल्य	125 रु० प्रति इ०	155 रु० प्रति इ०
	फैक्टरी	फिनिशिंग
	रु०	रु०
सामग्री क्रय की	1,35,000	45,000
प्रारम्भिक शेष (सामग्री)	50,000	17,000
अन्तिम शेष (सामग्री)	37,000	12,000
श्रम	90,000 (A) 60,000 (B)	37,500(A) 12,500(B)
सामान्य व्यय	50,000	27,000

सामान्य व्ययों को प्रत्येक प्रक्रिया के श्रम के अनुपात मे विभाजित करना है।

A factory makes two types of Articles, A and B, which are subjected to two processes—Factory and Finishing. Labour is recorded separately for each of it. Similar materials are used in each article, the raw materials cost the same.

Prepare statement showing the process cost of each type of article and percentage of profit thereon from the following informations :

	Article 'A'	Article 'B'
Output	3,220 Units	1,380 Units
Selling Price	Rs 125 each	Rs. 155 each
	Factory	Finishing
	Rs.	Rs.
Materials Purchased	1,35,000	45,000
Opening Stock Materials	50,000	17,000
Closing Stock Materials	37,000	12,000
Labour	90,000 (A) 60,000 (B)	37,500 (A) 12,500 (B)
General Charges	50,000	27,000

Apportion general charges in the ratio of labour for each process.

Ans.

	A	B
Total Cost	Rs. 3,16,350	Rs. 1,58,650
Per Unit Cost	Rs. 98·25	Rs. 114·96
Profit	Rs. 86,150	Rs. 55,250
Percentage Oncost	27·23%	34 83%

Hint. Division of Various Costs :

	A		B	
	Factory Rs.	Finishing Rs	Factory Rs.	Finishing Rs.
Material (in the ratio of output i. e. 3,220 : 1,380)	1,03,600	35,000	44,400	15,000
Labour (given)	90,000	37,500	60,000	12,500

General Charges (In the ratio of labour *i. e.* Factory 9 : 6 & Finishing 375 . 125 or ' : 1)	30,000	20,250	20,000	6,750

40. एक फैक्टरी मे 'अ' और 'ब' दो प्रकार की वस्तुएँ बनाई जाती हैं जिनमें प्रयुक्त सामग्री एक समान है और जो प्रत्येक दो प्रक्रियाओं—फैक्टरी तथा फिनिशिंग—में से गुजरती है।

श्रम का लेखा पृथक रखा जाता है; प्रयुक्त सामग्री एवं सामान्य व्यय उत्पादन के अनुपात मे विभाजित किए जाते हैं; फैक्टरी एवं फिनिशिंग व्यय प्रत्येक प्रक्रिया के श्रम के अनुपात मे विभाजित किए जाते हैं।

निम्न विवरण से आप प्रति 100 वस्तुओं का प्रक्रिया लागत विवरण तैयार कीजिए तथा लाभ का प्रतिशत दिखाइए यदि 'अ' वस्तु का विक्रय मूल्य 1·25 रु० प्रति तथा 'ब' का 1·625 रु० प्रति है :

	रु०			रु०
फैक्टरी सामग्री :		**फैक्टरी श्रम :**		
प्रारम्भिक शेष	48,000		'अ'	78,000
क्रय	1,36,000	" "	'ब'	57,000
अंतिम शेष	37,000	**फिनिशिंग श्रम :**		
फिनिशिंग सामग्री :			'अ'	32,000
प्रारम्भिक शेष	19,000		'ब'	12,000
क्रय	46,000	फैक्टरी व्यय		27,000
अंतिम शेष	16,000	फिनिशिंग व्यय		11,000
		सामान्य व्यय		63,000

'अ' का उत्पादन 3,18,600 इकाइयाँ तथा 'ब' का उत्पादन 1,27,440 इकाइयाँ है।

Two types of Articles, A and B are produced in a factory, in which the materials used are identical and in which each article undergoes two processes : factory and finishing

The wages are recorded separately; Materials used and general charges are divided in output ratio; Factory and Finishing charges are apportioned in the labour ratio of each process.

You are required to prepare a statement of Process Cost per hundred articles from the following particulars, and to show the percentage of profit if the selling price of articles A is Rs. 1·25 and of article B Rs 1·625.

	Rs.			Rs.
Factory Materials :		**Factory wages**	A	78,000
Opening stock	48,000		B	57,000
Purchase	1,36,000	**Finishing wages :**		
Closing stock	37,000		A	32,000
Finishing Materials :			B	12,000
Opening stock	19,000	Factory charges		27,000
Purchases	46,000	Finishing charges		11,000
Closing stock	16,000	General charges		63,000

The output of A is 3,18,600 articles and that of B 1,27,440 articles.

Ans.	A	B
	Rs.	Rs.
Total cost	3,18,600	1,57,400
Cost per hundred units	100	123·50
Profit per hundred articles	25	39
Percentage of profit on cost	25%	31·57%

Hint. Apportionment of Various Charges :

	A		B	
	Factory Rs.	Finishing Rs.	Factory Rs.	Finishing Rs.
Material (In the ratio of output *i.e.* 3,18,600 : 1,27,440 or 5 : 2)	1,05,000	35,000	42,000	14,000
Wages	78,000	32,000	57,000	12,000
Factory Charges (In the ratio of labour *i e* 78,000 : 57,000 or 26 : 19)	15,600	—	11,400	—
Finishing Charges (In the ratio of labour *i.e* 32,000 · 12,000 or 8 : 3)		8,000	—	3,000
General Charges (In the ratio of output *i e.* 5 : 2)	A=Rs. 45,000		B=Rs. 18,000	

ठेका एवं उपक्रम लागत
(Contract and Job Costing)

ठेकेदार या वे उत्पादक जो प्राप्त आदेश (Order) के आधार पर ही कार्य करते हैं, लागत ज्ञात करने के लिए ठेका लागत या उपकार्य लागत (Contract or Job Costing) पद्धति को अपनाते है । जब कोई ठेकेदार किसी कार्य का एक ठेका प्राप्त करता है, जैसे—बाँध-निर्माण, भवन-निर्माण व अन्य तकनीकी कार्य, तो वह अपने इस ठेके की कुल लागत व इससे प्राप्त लाभों को ज्ञात करने के लिए यही विधि अपनाता है । इसी प्रकार जब कोई उत्पादक किसी एक बड़े कार्य का आदेश प्राप्त करता है, जैसे मुद्रण या जहाज निर्माण तो उसे उस सम्पूर्ण कार्य की लागत अलग से ज्ञात करना आवश्यक होता है । इसके लिए वह इसी पद्धति को अपनाता है । संक्षेप में, **जहाँ कार्य एक, बड़ा एवं सम्पूर्ण होता है वहाँ पर लागत की यही पद्धति उपयुक्त मानी जाती है ।** इस विधि के अन्तर्गत उत्पादन लागत या ठेके व कार्य का लाभ ज्ञात करने के लिए प्रत्येक ठेके व प्रत्येक कार्य के लिए अलग-अलग खाता खोल दिया जाता है जिसमे उस ठेके व कार्य से सम्बन्धित सभी व्ययो का लेखा होता है । स्मरण रहे कि यह पद्धति उपकार्य के लिए तभी उपयुक्त है जबकि प्रत्येक उपकार्य एक-दूसरे से भिन्न प्रकृति का है तथा वह विशिष्ट आदेश पर किया जा रहा है । यह पद्धति निम्न के लिए उपयुक्त है—

(i) ठेकेदार ;
(ii) भवन निर्माण संस्थायें ;
(iii) जहाज निर्माणकर्त्ता ;
(iv) मुद्रक ;
(v) फिल्म स्टूडियो ;

इस पद्धति के अन्तर्गत प्रति ठेका, प्रति कार्य अथवा प्रति उपकार्य (Job) लागत ज्ञात की जाती है ।

उद्देश्य (Objects)

ठेका लागत पद्धति के प्रमुख उद्देश्य

(अ) किसी भी ठेके की कुल लागत (Total Cost) ज्ञात करना तथा
(ब) ठेके पर होने वाले लाभ या हानि की गणना करना होता है ।

ठेका लागत पद्धति के अन्तर्गत लागत व लाभ ज्ञात करना
(Ascertainment of Cost & Profit under Contract Costing)

ठेका लागत पद्धति के अन्तर्गत लागत व लाभ ज्ञात करने के लिए ठेकेदार (Contractor) प्रत्येक ठेके के लिए एक अलग खाता बनाता है जिसे **ठेका खाता** (Contract Account) कहते

To Indirect Expenses (Exp of Administration etc) Paid + Accrued			
	Total		Total
To Contract Cost b/d	...	By Contractee's a/c (Contract Price)	
„ P & L a/c	(Profit)	„ P. & L. a/c (If Loss)	
	Total		Total

उपरोक्त प्रारूप से स्पष्ट है कि ठेके मूल्य मे से ठेके की लागत घटा देने पर ठेके पर होने ला लाभ या हानि ज्ञात हो जायेगी ।

संक्षेप में,

Profit or Loss on Contract = Contract Price — Contract Cost

If Contract Price is Equal to Contract Cost = No Profit No Loss
If „ „ is More Than „ „ = Profit
If „ „ is Less Than „ „ = Loss

Contract Cost = Material Cost
+ Plant Installed
+ Wages Paid & Outstanding
+ Direct & Indirect Expenses paid & Accrued
+ Sub-Contract Costs
— Material or Plant in hand
— Material or Plant Returned
— Material or Plant Transferred to other Contracts
— Cost of Material or Plant Sold ; destroyed or lost etc.

(II) जब ठेका अपूर्ण हो

(Uncompleted Contracts)

कुछ ठेके ऐसे होते हैं जो लम्बी अवधि के लिए चलते हैं। ऐसी दशा मे ठेकेदार को ठेका ल्य (Contract Price) तो तभी प्राप्त होगा जब ठेका पूर्ण हो जायेगा। कोई भी ठेकेदार तनी लम्बी अवधि तक भुगतान की प्रतीक्षा नहीं कर सकता और विशेष तौर पर उस समय बकि ठेका मूल्य (Contract Price) बहुत अधिक है। ऐसी दशा मे प्रत्येक ठेकेदार अपने ठेके ल्य को विभिन्न किश्तों मे प्राप्त करता है। ठेकेदार को प्राप्त राशि की गणना निम्न प्रकार की ाती है—

(i) सर्वप्रथम यह ज्ञात किया जाता है कि ठेकेदार ने ठेके पर कितना कार्य किया है। यह इन्जीनियर, शिल्पकार या मूल्याकक (Architect or Valuer) तय करता है। इन्जीनियर, शिल्पकार या मूल्याकक (Engineer, architect or Valuer) यह देखता है कि कितना कार्य हो चुका है। जितना कार्य हो चुका होता है उसका वह प्रमाण-पत्र ठेकेदार को दे देता है। जितनी राशि का प्रमाणपत्र इन्जीनियर, शिल्पकार या मूल्यांकक देता है उसे प्रमाणित कार्य (Certified Work) कहते हैं।

(ii) तदुपरान्त ठेकेदार इस प्रमाणपत्र को ठेकेदाता (Contractee) के सम्मुख प्रस्तुत करता है। ठेकेदाता प्रमाणित कार्य राशि की एक निश्चित प्रतिशत राशि (सामान्यतया 75% से लेकर 95% तक) ठेकेदार को दे देता है। शेष धनराशि ठेका पूर्ण हो जाने पर प्राप्त होती है।

Specimen of Contract A/c in Case of Uncompleted Contracts
Contract No .... Account

Date	Particulars	Amount Rs	Date	Particulars	Amount Rs
	To **Materials**			By **Materials**	
	From Stock			In hand	
	Purchased			Returned to Store	
	From other Contracts			Transferred to other contracts	
	,, **Plant**			Sold	
	Cost of Installation			,, **Plant** :	
	Or			In hand	
	Depreciation			Returned to Store	
	Or			Transfer to Contracts	
	Rent			Sold—Cost value	
	,, **Wages**			,, **Profit & Loss A/c**	
	Paid + Outstanding or accrued			Material lost, stolen or destroyed	
	,, **Direct Expenses**			Plant lost, stolen or destroyed	
	Paid + Accrued			,, **Work in Progress A/c** .	
	,, **Sub-Contracts** Cost			Work Certified	
	,, **Indirect Expenses** :			Work Uncertified	
	Paid + Accrued				
	,, Balance c/d				
		Total			Total
	To Profit & Loss a/c $\left\{Bal \times \frac{2}{3} \times \frac{\text{Cash Received}}{\text{Work Certified}}\right\}$	...		,, Balance b/d	
	,, Work in Progress a/c	...			
		Total			Total

इस प्रारूप में और इससे पूर्व वाले प्रारूप मे केवल चालू कार्य खाते (Work in Progress A/c) का अंतर है ।

(III) जब ठेका लगभग पूर्ण होने की स्थिति में हो
(Contracts nearly Completed)

जब ठेका पूरा होने की स्थिति मे (above 90%) होता है तो ठेका खाता ठीक उसी प्रकार से बनाया जाता है जिस प्रकार से अपूर्ण ठेको का ठेका खाता बनाया जाता है । इन ठेको में लाभ की गणना, यदि प्रश्न में कुछ नहीं दिया हुआ है, तो सामान्य प्रचलित सिद्धान्त से ही की जाती है । अर्थात्

$$\text{Balance} \times \frac{2}{3} \times \frac{\text{Cash Received}}{\text{Work Certified}}$$

किन्तु अधिकांश लागत लेखाकक (Cost Accountants), इस प्रकार की स्थिति में, लाभ-हानि खाते में हस्तातरित किए जाने वाला लाभ अग्र विधि से ज्ञात करते हैं—

(अ) सर्वप्रथम अनुमानित ठेका खाता (Estimated Contract Account) बनाकर उस पर होने वाला अनुमानित लाभ (Estimated Profit) ज्ञात किया जाता है। यह निम्न प्रकार से ज्ञात किया जाता है—

Estimated Contract A/c

	Rs		Rs.
To Total actual expenditures incurred upto the date of its preparations	..	By Estimated value of Material or Plant in hand on the date of completion	...
„ Estimated total expenditures to be incurred upto the date of its completion	...	„ Contract Price	..
„ Balance (Being estimated Profit)	(Profit)		
	Total		Total

(ब) तदुपरान्त उपरोक्त अनुमानित लाभो की राशि से निम्न दो सूत्रों के प्रयोग द्वारा दो अलग-अलग राशियाँ ज्ञात की जायेगी। दोनों में जो भी राशि कम होगी वही लाभ-हानि खाते मे लाभ के रूप में जमा की जायेगी :

1st Formula .

$$\text{Profit to be taken to P \& L a/c} = \text{Estimated Profit} \times \frac{\text{Cash Received}}{\text{Contract Price}}$$

2nd Formula ·

$$\text{Profit to be taken to P \& L a/c} = \text{Estimated Profit} \times \frac{\text{Work Certified}}{\text{Contract Price}}$$

ठेके खातों में दी गई विभिन्न मदों का स्पष्टीकरण

(Explanation of Various items given in Contract Accounts)

1 **सामग्री** (Material)—प्रत्येक ठेके के लिए प्रयुक्त सामग्री ठेके की प्रमुख लागत है अत: ठेके के लिए प्रयुक्त सकल सामग्री (Gross Material) को ठेके खाते के नाम पक्ष की ओर लिखा जाता है। ठेके मे प्रयुक्त सामग्री निम्न स्रोतो से प्राप्त हो सकती है—

(अ) **स्टोर से** (From store), ठेकेदार ठेके के लिए अपने स्टोर से सामग्री निर्गमित करता है। जितनी सामग्री स्टोर्स से आती है उतनी सामग्री ठेका खाता के नाम पक्ष मे **'स्टोर्स से सामग्री'** (Materials from store) लिख दी जाती है

(ब) **क्रय करके** (Materials Purchased) ; यदि ठेके के लिए अपेक्षित सम्पूर्ण सामग्री स्टोर्स मे नही है तो ठेकेदार किसी भी ठेके के लिए प्रत्यक्ष रूप से सामग्री का क्रय करता है। ठेके के लिए खरीदी गई सामग्री ठेके खाते के नाम पक्ष की ओर **'सामग्री क्रय की'** (Materials Purchased) लिख दी जाती है।

(स) **अन्य ठेकों से हस्तांतरित** (Materials received from other contracts); अनेक ठेके एक साथ चलने की दशा में किसी एक ठेके या ठेको पर पड़ी अनावश्यक सामग्री को किसी भी दूसरे ठेके या ठेको के लिए हस्तातरित कर दिया जा सकता है। ऐसी दशा मे जिस ठेके को दूसरे ठेके या ठेको से सामग्री प्राप्त हुई है उस

ठेके के ठेके खाते के नाम पक्ष की ओर, **'अन्य ठेकों से सामग्री'** (Materials from other Contracts) लिख दी जाती है।

सामग्री से सम्बन्धित अन्य नियम (Other rules relating to Materials) **ठेके खाते के जमा पक्ष की ओर लिखी जाने वाली सामग्री से सम्बन्धित निम्न राशियाँ हैं—**

(i) **हस्तस्थ सामग्री** (Materials in hand), ठेका खाता बनाने की तिथि को जितनी सामग्री अभी तक ठेके पर मौजूद है उसे हस्तस्थ सामग्री कहते है।

(ii) **स्टोर्स को लौटाई सामग्री** (Materials returned to store), जो सामग्री ठेके के लिए प्रयोग न करके वापस स्टोर्स को लौटा दी है।

(iii) **अन्य ठेकों को हस्तांतरित सामग्री** (Materials transferred to other contracts); ठेकेदार के एक से अधिक ठेके चलने की दशा मे यदि एक ठेके की सामग्री दूसरे ठेके को हस्तातरित करते है तो जिन ठेको को सामग्री भेजी जाती है उस ठेके के ठेके खाते को नाम तथा जिस ठेके से सामग्री भेजी जाती है उस ठेके के ठेके खाते को जमा किया जाता है।

(iv) **चोरी गयी या नष्ट हुई सामग्री** (Materials stolen or destroyed); यदि कोई सामग्री ठेके से चोरी हो जाय या नष्ट हो जाय तो उस राशि को क्षति मानकर उसे लाभ-हानि खाते में हस्तातरित कर दिया जायेगा। **चोरी गई या नष्ट हुई सामग्री की लागत ठेके खाते के जमा पक्ष मे** [By P.L. a/c (Material lost or stolen)] **लिखी जाती है।** ऐसा इसलिए किया जाता है कि असाधारण घटनाओ के कारण ठेके की लागत मे अनावश्यक वृद्धि व लाभो मे अनावश्यक कमी न हो जाय। ठेका खाता (Contract Account) सही लाभ व हानि तभी दर्शा सकता है जबकि असाधारण व्यय व हानियो को लागत के क्षेत्र से बाहर रखे।

(v) **विक्रय की गई सामग्री** (Material sold); यदि ठेके के लिए क्रय की गई सामग्री मे से कुछ सामग्री बेच दी जाती है तो इसको ठेके खाते मे दो प्रकार से दिखाया जा सकता है :

प्रथम, सम्पूर्ण विक्रय मूल्य ठेके खाते के जमा पक्ष मे लिखा जाय तथा सामग्री के विक्रय पर होने वाले लाभ को ठेके खाते के नाम पक्ष मे तथा हानि को जमा पक्ष मे लिख दिया जाता है। ऐसा करने से **बिक्रीत सामग्री की लागत से ठेका खाता क्रेडिट हो जायेगा।**

द्वितीय, बिक्रीत सामग्री की लागत ज्ञात करके लागत से ठेका खाता क्रेडिट कर दिया जाय। **बिक्रीत सामग्री की लागत निम्न सूत्र से ज्ञात की जा सकती है—**

Cost of Material Sold = Sale Price − Profit on it

or + Loss on it

Illustration 1

मैं० उर्वशी कंस्ट्रक्शन ने एक कालिज की इमारत बनाने का ठेका लिया। इसके लिए उन्होंने 1,00,000 रु० की सामग्री क्रय की तथा 40,000 रु० की सामग्री गोदाम से प्राप्त की। 70,000 रु० की सामग्री एक अन्य बांध निर्माण ठेके से

प्राप्त की। वर्ष के अन्त मे 35,000 रु० की सामग्री बची। किन्तु सामग्री सम्बन्धी विस्तृत जाँच से निम्न तथ्य प्रकाश मे आये—

(अ) कि लगभग 1,500 रु० की सामग्री चोरी चली गई।

(ब) कि लगभग 2,750 रु० की सामग्री बिल्कुल बेकार हो गई।

(स) कि 10,000 रु० लागत की सामग्री वर्ष के दौरान 12,500 रु० मे बेच दी गई।

(द) कि आग लगने मे 5,000 रु० लागत की सामग्री जल गई। बीम कम्पनी से इसके 4,250 रु० प्राप्त हुए।

बताइए कि ठेके खाते मे सामग्री की इन विभिन्न मदो को आप कैसे प्रदर्शित करेंगे ?

M/s Urvashi Constructions took a contract to construct a college building. For this they purchased the material of Rs. 1,00,000 and material of Rs. 40,000 was issued from stores. Material of Rs 70,000 was received from a Dam Construction Contract. At the end of the year material of Rs. 35,000 was in hand But a detailed investigation revealed the following facts :

(*a*) That material of about Rs. 1,500 was stolen.

(*b*) That material of about Rs 2,750 had become absolulety useless

(*c*) That material of the cost of Rs. 10,000 was sold for Rs 12,500 during the year.

(*d*) That material of Rs. 5,000 was destroyed by fire. Insurance company gave Rs 4,250 only.

State how you would show these items of materials in contract account.

Solution

Contract Account

	Rs		Rs.
To Materials Purchased	1,00,000	By Materials in hand	35,000
,, Materials from Store	40,000	,, Materials returned to store	—
,, Materials from other contracts	70,000	,, Materials transferred to other contracts	—
		,, Material sold—cost	10,000
		,, P. & L. a/c	
		Material stolen	1,500
		Material wasted	2,750
		Material destroyed by fire	5,000

Note. Material of Rs. 5,000 was destroyed in fire. The Contract a/c would be credited by Rs. 5,000. The fact that insurance Co gave Rs 4,250 would not affect Contract a/c. As a matter of fact its entries would be :

		Rs	Rs
P. & L a/c	Dr	5,000	
To Contract A/c			5,000
(Material destroyed by fire)			
Insurance Co.'s a/c	Dr.	4,250	
To P. & L a/c			4,250
(Insurance Co accepted the claim of Rs 4,250)			
Cash A/c	Dr.	4,250	
To Insurance Co			4,250
(Claim Received)			

Thus receipt from Insurance Company would only reduce the loss.

महत्वपूर्ण—यदि प्रश्न मे **प्रयुक्त सामग्री** (Material Consumed) दी गई है तथा **हस्तस्थ सामग्री** (Material in hand) भी दी गई है तो ठेके खाते मे यदि प्रयुक्त सामग्री नाम की ओर लिखेगे तो हस्तस्थ सामग्री जमा की ओर नही लिखी जायेगी क्योकि प्रयुक्त सामग्री का मूल्य **निम्न प्रकार ज्ञात किया जाता है—**

Material Purchased + Material form store + Material form other contracts—(Materials in hand + Transfered to other contracts + Material lost) = Material Consumed

ऐसी दशा मे ठेके खाते के नाम पक्ष की ओर प्रयुक्त सामग्री न लिखकर क्रय सामग्री (Material Purchased) लिखी जायेगी जो निम्न प्रकार ज्ञात होगी तथा जमा पक्ष की ओर हस्तस्थ सामग्री आदि लिखी जायेगी—

Material Purchased = Material Consumed
+ Materials in hand
+ Materials from other Contracts
+ Materials lost
— Materials from store
— Materials from other Contracts

2. **प्लाण्ट एवं मशीन** (Plant & Machines)—किसी भी ठेके के लिए सामग्री के उपरान्त प्रमुख व्यय प्लान्ट एवं मशीन होता है। प्लाण्ट एवं मशीन ठेके के लिए निम्न मे से किसी भी प्रकार से प्रयुक्त हो सकती है—

(अ) **प्लाण्ट या मशीन विशेष रूप से ठेके के लिए क्रय की गई हो** (When plant and machine have been purchased specially for a contract)—जब किसी ठेके के लिए कोई प्लाण्ट या मशीन क्रय की गई है तो उसका क्रय मूल्य + प्लाण्ट व मशीन को लगाने की लागत ही प्लाण्ट या मशीन की कुल लागत होती है। **प्लाण्ट व मशीन की कुल लागत से ठेका खाता नाम कर दिया जाता है।** इस मद को ठेके खाते के नाम पक्ष की ओर निम्न प्रकार से दिखाया जा सकता है—

To Plant or Machine Installed
Or
To Cost of Plant & Machine
Or
To Plant or Machine Purchased etc

इस प्लाण्ट व मशीन के सम्बन्ध मे निम्न राशियाँ ठेके खाते के जमा पक्ष की ओर दिखाई जाती हैं—

(i) **हस्तस्थ प्लाण्ट व मशीन** (Plant and Machine in hand)—हस्तस्थ प्लाण्ट व मशीन का आशय वर्ष के अन्त में प्लाण्ट व मशीन का ह्रासित मूल्य से होता है। अर्थात एक वर्ष तक प्रयोग होने के उपरान्त प्रारम्भ मे क्रय की गई प्लाण्ट व मशीन का मूल्य क्या है? इसका **ह्रासित मूल्य** (Depreciated value) निम्न प्रकार ज्ञात किया जा सकता है—

(a). यदि प्रश्न मे प्लाण्ट व मशीन का बचा हुआ मूल्य (Plant and Machine at end or Plant and Machine in hand) दिया हुआ है तो यही राशि प्लाण्ट व मशीन का ह्रासित मूल्य है। अत: ठेका खाते के जमा पक्ष की ओर यही राशि निम्न प्रकार लिख दी जायेगी—

By Plant and Machine in Hand c/d

(b) यदि प्रश्न मे प्लाण्ट व मशीन पर **ह्रास की प्रतिशत** दी हुई है तो प्लाण्ट व मशीन के क्रय मूल्य में से ह्रास घटाकर शेष बची राशि ही प्लाण्ट का ह्रासित मूल्य होगी।

ह्रास की दर एक निश्चित प्रतिशत प्रति वर्ष के हिसाब से भी दी हो सकती है और केवल प्रतिशत के रूप मे भी दी हो सकती है। उदाहरणार्थ, इसके लिए निम्न दो मे कोई वाक्य हो सकता है—

Plant is to be depreciated @ 15% per annum

Or

Plant is to be depreciated @ 15%.

प्रथम प्रकार के वाक्य की दशा मे हम प्लाण्ट पर उतनी ही अवधि का ह्रास ज्ञात करेंगे जितनी अवधि के लिए प्लाण्ट प्रयुक्त की गई है। जैसे, यदि प्लाण्ट ठेके मे 8 माह तक प्रयोग मे आई तो हम प्लाण्ट पर 8 माह का ह्रास ज्ञात करेंगे।

द्वितीय प्रकार के वाक्य की दशा मे, हम प्लाण्ट पर सम्पूर्ण वर्ष का ह्रास ज्ञात करेंगे भले ही प्लाण्ट सम्पूर्ण वर्ष ठेके पर नही रही। चाहे प्लाण्ट 2 माह रही हो या 11 माह या 2 दिन हम सम्पूर्ण वर्ष का ह्रास ही ज्ञात करेंगे।

(c) **यदि प्रश्न मे स्टोर को वापस प्लाण्ट, अन्य ठेको को हस्तान्तरित प्लाण्ट, बेचा गया प्लाण्ट, नष्ट हुआ व चोरी गया प्लाण्ट आदि दिया हुआ है तो** ऐसी दशा मे Plant in Hand का मूल्य निम्न प्रकार ज्ञात किया जायेगा—

		Rs.
Cost of Plant Installed		...
Less Cost of Plant returned	..	
,, ,, ,, ,, stolen	...	
,, ,, ,, , destroyed	...	
,, ,, ,, sold	...	
,, ,, ,, transferred to other contracts	...	.
Cost of Plant Used		...
Less Dep on it @......%		...
Plant in hand		...

Note : **हस्तस्थ प्लाण्ट** (Plant in hand) का मूल्य ज्ञात करते समय क्रय की गई या लगाई गई प्लाण्ट की लागत (Cost of Plant Installed or Purchased) मे से लौटाई गई, हस्तान्तरित की गई, चोरी गई, नष्ट हुई व बेची गई प्लाण्ट का लागत मूल्य ही घटाया जायेगा भले ही ठेके खाते में लौटाई गई प्लाण्ट का ह्रासित मूल्य लिखा हुआ है; और भले ही चोरी गई व नष्ट हुई प्लाण्ट का कोई भुगतान बीमा कम्पनी से प्राप्त हो।

(ii) **स्टोर्स को लौटाई गई व अन्य ठेकों को हस्तान्तरित प्लाण्ट** (Plant returned to stores or transferred to other Contracts)—यदि प्लाण्ट स्टोर्स को लौटा दी जाती है या अन्य ठेकों को हस्तान्तरित कर दी जाती है तो स्टोर को लौटाई गई या अन्य ठेकों को हस्तान्तरित प्लाण्ट का मूल्य **ठेके खाते के जमा पक्ष** मे लिख दिया जाता है। यहाँ पर यह प्रश्न महत्वपूर्ण है कि लौटाई या हस्तान्तरित प्लाण्ट को लागत मूल्य पर भेजा जाय या अन्य किसी मूल्य पर। इस सम्बन्ध मे **निम्न दो नियम है**—

(a) यदि स्टोर को लौटाई गई या अन्य ठेकों को हस्तान्तरित की गई प्लाण्ट की **तिथि नहीं दी गई है** तो यह मान लिया जाता है कि प्लाण्ट को लागत मूल्य पर ही भेजा गया है। ऐसी दशा मे ठेका खाते के जमा पक्ष मे **लौटाये गये व हस्तान्तरित किये गये प्लाण्ट का लागत मूल्य लिखा जायेगा।**

(b) किन्तु यदि स्टोर को लौटाने व अन्य ठेको का हस्तान्तरित करने की तिथि दी हुई है तो प्लाण्ट की लागत मे से लौटाने या हस्तान्तरित करने की तिथि तक का ह्रास घटाकर आने वाले मूल्य से ही ठेका खाता जमा किया जायेगा। अर्थात ठेका खाता निम्न राशि से जमा किया जायेगा—

Cost of Plant returned or transferred	..
Less Dep. @ ......% upto the date of its use in this contract	..
Value of Plant returned to store Or transferred to other contracts (Contract A/c will be credited by this amount)	...

(iii) बेची गई प्लाण्ट (Plant sold)—यदि ठेके के लिए क्रय की गई सम्पूर्ण प्लाण्ट मे से कुछ भाग बेच दिया जाता है तो इसको ठेके खाते में निम्न प्रकार दिखाया जायेगा—

(a) विक्रय राशि से ठेका खाता जमा किया जाय तथा विक्रय पर होने वाले लाभ से ठेका खाता नाम या हानि से ठेका खाता जमा किया जाय। जैसे—

Contract A/c

		By Plant sold (sale price)	...
To P & L a/c (Profit on Plant sold	...	By P. & L a/c (Loss on plant sold)	..

या

(b) विक्रीत प्लाण्ट की लागत से ठेका खाता जमा कर दिया जाय। जैसे—

By Cost of Plant Sold

(iv) चोरी गई व नष्ट हुई प्लाण्ट (Plant Lost or Destroyed)—यदि ठेके के लिए क्रय की गई प्लाण्ट का कुछ भाग चोरी हो जाय या अग्नि व अन्य कारण से नष्ट हो जाय तो चोरी गई वनष्ट हुई प्लाण्ट की लागत से ठेका खाता जमा कर दिया जायेगा। यह राशि निम्न प्रकार लिखी जायेगी—

By P. & L. a/c :

Cost of Plant Stolen......
Cost of Plant Destroyed

यदि चोरी गई व नष्ट हुई प्लाण्ट की तिथि प्रश्न में दी गई है तो उपरोक्त राशियाँ निम्न प्रकार होगी—

By P. & L. a/c :

Cost of Plant stolen or destroyed	...
Less Dep @......% upto the date it was stolen or destroyed	...
Plant stolen or destroyed (Contract A/c will be credited by this amount)	

(ब) जब एक ही प्लाण्ट विभिन्न ठेकों पर थोड़े-थोड़े समय के लिए प्रयुक्त हुआ है (When one plant has been used on different contracts) तो विभिन्न ठेको के नाम पक्ष मे इस प्लाण्ट का ह्रास ही लिखा जायेगा। प्लाण्ट का क्रय मूल्य किसी भी ठेके खाते मे नही लिखा जायेगा। प्रत्येक ठेके पर जितने दिन प्लाण्ट या मशीन काम मे आई है उतने दिन का ह्रास ज्ञात करके ठेके खाते को ह्रास की राशि (Depreciation) से नाम कर दिया जायेगा। यदि प्रश्न मे प्लाण्ट की लागत (Cost of Plant), प्लाण्ट का अवशेष मूल्य (Scrap Value of Plant) तथा प्लाण्ट का कार्यशील समय (Working period)—महीने, दिन या घण्टे—दिया हुआ है तो प्लाण्ट का प्रति माह, प्रति दिन या प्रति घन्टे का ह्रास निम्न सूत्र की मदद से ज्ञात कर लिया जायेगा—

Monthly, Daily or Hourly rate of Dep =

$$\frac{\textbf{Cost of Plant—Scrap Value}}{\textbf{Estimated Working Period}}$$

(Months, days or Hours)

अब प्रत्येक ठेके पर जितने माह, दिन या घन्टे तक प्लाण्ट प्रयुक्त हुई है उतने माह, दिन या घन्टो मे उक्त दर का गुणा करके ह्रास की राशि ज्ञात हो जाती है। सक्षेप में,

Depreciation = Above Rate × Months, Days or Hours of Plant Worked

(स) किराये पर ली गई प्लाण्ट (Hired Plant)—यदि ठेकेदार न प्लाण्ट किराये पर लिया है तो वह किराये की राशि से ठेके खाते को नाम करेगा। प्लाण्ट से सम्बन्धित अन्य कोई राशि प्रदर्शित नहीं की जायेगी।

Illustration 2

एक ठेके के लिए दो प्लाण्टों की आवश्यकता है। ठेकेदार ने एक प्लाण्ट 'अ' 70,000 रु० मे क्रय किया तथा 'ब' 50,000 रु० मे क्रय किया। 'अ' प्लाण्ट मे से 20,000 रु० मूल्य का प्लाण्ट स्टोर्स को हस्तान्तरित कर दिया जबकि 'ब' प्लाण्ट 6 माह के उपरान्त एक अन्य ठेके पर हस्तान्तरित कर दिया गया। 2,000 रु० की लागत का 'अ' प्लाण्ट 2,800 रु० मे बेच दिया गया तथा 1,000 रु० की लागत का प्लाण्ट चोरी चला गया। वर्ष के अन्त मे बचे प्लाण्ट का मूल्य 38,000 रु० है। बताइए इन सूचनाओं को ठेके खाते मे कैसे प्रदर्शित करेंगे। 'ब' प्लाण्ट पर 15% प्रति वर्ष की दर से ह्रास लगाया जाता है।

A Contract required two plants. The contractor purchased these two plants one 'A' plant for Rs. 70,000 and the other 'B' plant for Rs. 50,000. Plant of the cost of Rs. 20,000 of 'B' plant was transferred to store and 'B' plant was transferred to other contract after using it for 6 months on this contract. 'A' plant of the cost of Rs. 2,000 was sold for Rs. 2,800 and of Rs. 1,000 as stolen Plant in hand at the end of the year is of Rs 38,000. State how would you show these informations in Contract Account. A depreciation @ 15% p. a is charged on 'B' plant.

Solution

Contract Account

Date	Particulars	Amount Rs	Date	Particulars	Amount Rs.
	To Plant Installed : 'A' 70,000 'B' 50,000	1,20,000		By Plant returned to store 'A'	20,000
	To P. & L. a/c (Profit on plant sold (2,800—2,000)	800		,, Plant transferred to other contracts 'B'—Cost 50,000 *Less* Dep @ 15% p.a. for 6 months 3,750	46,250
				,, Plant Sold 'A'	2,800
				,, P & L a/c A' Plant lost	1,000
				,, 'A' Plant in hand c/d	38,000

Illustration 3

'अ' ने एक ठेका 30 जून 1978 को लिया। पुस्तके प्रति वर्ष 31 दिसम्बर को बन्द होती है। 1 सितम्बर 1978 को 26,250 रु० का एक प्लाण्ट क्रय किया उसके लगाने पर 1,750 रु० व्यय किए। 31 दिसम्बर को प्लाण्ट का एक भाग जिसकी लागत 3,500 रु० थी 2,450 रु० मे बेच दिया गया तथा 875 रु० की लागत का प्लाण्ट उसी तारीख को स्टोर्स को हस्तान्तरित कर दिया। 1,050 रु० की प्लाण्ट चोरी चली गई। ठेके खाते मे प्लाण्ट दिखाइए यदि ह्रास 15% की दर से लगाई जाती है। यदि ह्रास 15% प्रति वर्ष की दर होती तो क्या अन्तर पड़ता ?

A contractor took a contract on 30th June 1978. The books are closed on 31st December every year. On 1st Sept. 1978 a plant was purchased for Rs 26,250 and Rs 1,750 were spent on its installation On 31st Dec, one portion of the plant, the cost of which was Rs. 3,500, was sold for Rs. 2,450 On the same date a part of the plant costing Rs. 875 was returned to store Plant costing Rs 1,050 was stolen. Show plant in Contract A/c if depreciation is charged @ 15%. What would have been the difference if the depreciation were @ 15% p a.

Solution

Contract Account

1978		Rs.	1978		Rs
1 Sep.	To Plant Purchased 26,250 *Add* Cost of Instal-lation 1,750	28,000	31 Dec.	By Plant returned to store 875 00 *Less* Dep @ 15% 131 25	743 75
				,, Plant sold	2,450 00
				,, P & L a/c 1 Loss on Plant Sold 525 Loss on Plant Stolen 1,050	1,575 00
				2. Plant in hand c/d	19,188 75

Notes : 1 **Loss on Plant sold has been calculated as below—**

	Rs.
Cost of plant sold	3,500
Less Dep. @ 15%	525
	2,975
Less Selling Price	2,450
	525

2. **Plant in hand has been calculated as below :**

Plant Purchased & Installed		28,000·00
Less Cost of plant returned	875	
„ „ „ sold	3,500	
„ „ „ stolen	1,050	5,425 00
Cost of Plant Used		22,575·00
Less Dep @ 15%		3,386·25
		19,188·75

If Rate of depreciation would have been 15% p. a., the—**Contract Account would have been**

1978				1978			
1 Sept	To Plant :			31 Dec.	By Plant returned to Store	875 00	
	Purchased	26,250			*Less* Dep. @ 15% p. a. for 4 months	43·75	831·25
	Add Cost of Installation	1,750	28,000		„ Plant Sold		2,450·00
					„ **P. & L. a/c**		
					1. Loss on Plant Sold	875·00	
					2. Plant Stolen	1,050 00	1,925·00
					„ Plant in hand c/d		21,446·25

Notes ·

1. **Loss on Plant sold has been calculated as below :**

Cost of Plant Sold	3,500
Less Dep. @ 15% p. a.	175
	3,325
Less Selling Price	2,450
	875

2. **Plant in hand has been calculated as below .**

Cost of Plant as above	22,575 00
Less Dep. @ 15% p a. for 4 months	1,128·75
	21,446·25

3. **मजदूरी व अन्य प्रत्यक्ष व्यय** (Wages and Other Direct Expenses)—ठेके के सम्बन्ध मे दी जाने वाली मजदूरी व अन्य प्रत्यक्ष व्ययों की राशि ठेके खाते के नाम पक्ष की ओर लिख दी जाती है। ये व्यय दो प्रकार के होते है—

(अ) **व्यय की गई मजदूरी व प्रत्यक्ष व्यय** (Wages and Direct Expenses spent)—मजदूरी व प्रत्यक्ष व्ययो के लिए वास्तव मे दी गई राशि।

(ब) **अदत्त मजदूरी व प्रत्यक्ष व्यय** (Accrued Wages and Direct Expenses)—वह मजदूरी व प्रत्यक्ष व्यय जो ठेके के सम्बन्ध मे देय (due) तो हो चुके है किन्तु इनका भुगतान नही किया गया है।

ठेके खाते के नाम पक्ष में दोनों प्रकार के व्ययों को जोड़कर ही लिखा जाता है।

4. **उप-ठेका लागत** (Sub-contract Cost)—कभी-कभी कुछ विशिष्ट कार्यों के लिए जैसे फर्नीचर व सैनेटरी फिटिंग्स, बिजली लगाना, लिफ्ट लगवाना आदि, अन्य ठेकेदारो को एक निश्चित मूल्य पर ठेका दे देता है। ऐसे उप-ठेकों (Sub-contracts) के सम्बन्ध मे किए गये समस्त व्ययों की राशि से ठेका खाता नाम कर दिया जाता है क्योकि यह ठेके की पूर्ति के लिए किया जाने वाला एक प्रमुख व्यय है।

5. **अप्रत्यक्ष व्यय** (Indirect Expenses)—कुछ व्यय ऐसे होते हैं जो मुख्यतया एक ठेके विशेष के लिए नही किए जाते। ऐसे व्यय ठेकेदार के समस्त ठेको पर सामूहिक रूप से किए जाते है। सामान्यतया स्टोर्स, प्रबन्ध व अनुरक्षण आदि के व्यय समस्त ठेकों के लिए सामूहिक रूप से किए जाते है। ऐसे सम्पूर्ण व्ययों को ठेकेदार एक उचित अनुपात मे विभिन्न ठेकों पर विभाजित कर देता है। प्रत्येक ठेके के लिए **जितना भी व्यय आता है उस राशि से ठेका खाता नाम कर दिया जाता है।**

कभी-कभी अप्रत्यक्ष व्यय ठेके की लागत का एक निश्चित प्रतिशत होते हैं। ऐसी दशा मे सर्वप्रथम ठेके की लागत ज्ञात की जायेगी, तदुपरान्त ठेके की लागत मे इसका निश्चित प्रतिशत इन व्ययो का जोड़ दिया जायेगा। ठेके की लागत ज्ञात करने का सूत्र पीछे समझाया जा चुका है। अपूर्ण कों ठेके सम्बन्ध मे ठेके की लागत निम्न सूत्र से ज्ञात की जायेगी—

Total of Debit Side		...
Less Material or Plant in Hand	...	
,, ,, ,, Returned	...	
,, ,, ,, Transferred	...	
,, ,, ,, Sold (Cost)	...	
,, ,, ,, Lost, Stolen or Destroyed	...	...
Cost of Contrac		Balance

6. **चालू कार्य** (Work in Progress)—ठेका खाते के जमा पक्ष की ओर लिखे जाने वाले चालू कार्य में निम्न दो राशियाँ सम्मिलित होती हैं—

Work certified
Work done but not certified.

Work Certified (प्रमाणित कार्य) का आशय उस राशि से है जितने के लिए इन्जीनियर, शिल्पकार व मूल्यांकक (Engineer, Architect or Valuer) ने प्रमाण-पत्र जारी कर दिया है।

Work done but not Certified (अप्रमाणित कार्य)—कुछ कार्य ऐसा भी हो सकता है जो कि हो तो चुका है किन्तु इन्जीनियर, शिल्पकार व मूल्यांकक उसका प्रमाण-पत्र नहीं दे पाया है। ऐसा कार्य अप्रमाणित कार्य (uncertified work) कहलाता है।

नोट—कुछ लागत लेखांकक (Cost Accountant) चालू कार्य में Material on site, Plant on site, Certified work एवं Uncertified work आदि चारों राशियों को जोड़ते हैं। किन्तु इस विचारधारा के मानने वाले बहुत थोड़े से लेखांकक हैं। अधिकांश लागत लेखांकक (Cost Accountant) इस मत के हैं कि चालू कार्य में केवल Work certified तथा Work certified but done को ही जोड़ना चाहिए।

उक्त दो राशियों के जोड मे से ठेके का वह लाभ जो लाभ-हानि खाते में हस्तांतरित नहीं किया गया है घटा दिया जाता है। शेष बची राशि ही चिट्ठे मे दिखाई जाने वाली चालू कार्य राशि है। संक्षेप में

Work-in-Progress = Work Certified
+ Work done but not certified
— Profit of contract not transferred to P & L. a/c
(This is also called as Profit in Reserve or Reserve Profits)

Work-in-Progress Account

To **Contract A/c**		By Contract A/c	...
Work Certified	..	(Profit in Reserve)	
Work done but not certified	...	,, Balance c/d	...
	Total		Total

ठेकेदाता का खाता बनाना (Preparation of Contractee's A/c)—ठेकेदार अपनी पुस्तकों में ठेका देने वाले (ठेकेदाता) का एक व्यक्तिगत खाता भी बनाता है जिसमें वह ठेकेदाता (Contractee) से समय-समय पर प्राप्त अग्रिम राशि (Advance money) का लेखा करता है। ठेका पूर्ण हो जाने पर ही वह ठेकेदाता के नाम ठेके की राशि डाल सकता है। ठेका पूर्ण होने से पूर्व उससे प्राप्त समस्त राशियाँ अग्रिम हैं।

अग्रिम प्राप्त करने पर :

Cash/Bank A/c Dr.
To Contractee's A/c
(Advance Received from the contractee)

ठेका पूर्ण होने पर :

Contractee's A/c Dr.
To Contract A/c
(Contract price due to the contractee)

Contractee's A/c

To Balance c/d	...	By Cash (Advance)	...
	Total		Total
To Contract A/c (Contract price due)	...	By Bal. b/d	..
		,, Cash (Balance received at completion)	...
	Total		Total

ठेका अपूर्ण रहने की दशा में चिट्ठे में प्रदर्शित विभिन्न मदें (Items to be shown in Balance Sheet when contract is not completed)—

Balance Sheet

Wages Accrued	...	Plant in hand		...
Exp Accrued	...	Material in hand		...
Profit taken to P. & L a/c ...		**Work in Progress a/c**	...	
Less Loss on Plant or Material Sold ...		*Less* Contractee's a/c	...	...
Loss on Plant or Material Lost ...	...			

इस प्रकार चिट्ठे मे प्रदर्शित चालू कार्य खाते (Work-in-Progress A/c) में से ठेकेदाता (Contractee) से प्राप्त अग्रिम राशि (जो ठेकेदाता के खाते के जमापक्ष मे लिखी होती है) घटा दी जाती है। शेष बची राशि ही चिट्ठे के सम्पत्ति पक्ष की ओर प्रदर्शित की जाती है।

पूर्ण ठेके
(Completed Contracts)

Illustration 4

उर्वशी एन्टरप्राइजेज ने एक भवन निर्माण का ठेका प्राप्त किया। ठेका मूल्य 5,00,000 रु० है और ठेका 1 जनवरी 1978 को प्रारम्भ हुआ। वर्ष के दौरान निम्न व्यय हुए—

	रु०
सामग्री क्रय की	80,000
स्टोर्स से निर्गमित सामग्री	1,10,000
अन्य ठेको से प्राप्त सामग्री	25,000
श्रम भुगतान किया	90,000
अप्रत्यक्ष व्यय	25,000
प्लाण्ट व मशीन	1,00,000
स्टोर्स को लौटाई गई सामग्री	5,000
अन्य ठेकों को हस्तांतरित सामग्री	7,000
अग्नि से नष्ट हुई सामग्री	3,500
चोरी गई प्लाण्ट व मशीन	10,000
31-12-1978 को हस्तस्थ सामग्री	4,000
31-12-1978 को हस्तस्थ प्लाण्ट	81,000
31-12-1978 को अदत्त मजदूरी	5,000
31-12-1978 को अन्य अदत्त व्यय	2,500

31 दिसम्बर, 1978 को ठेका पुरा हो गया और ठेका मूल्य प्राप्त हो गया। ठेका खाता व ठेकेदाता का खाता बनाइए।

Urvashi Enterprises undertook a contract for constructing a building. The Contract Price was Rs. 5,00,000 and the contract commenced on 1st Jan. 1978. The following expenses were incurred duing the year—

	Rs.
Materials Purchased	80,000
Materials issued from stores	1 10,000
Materials received from other contracts	25,000
Wages Paid	90,000
Indirect expenses	25,000

Plant & Machine	1,00,000
Materials returned to stores	5,000
Materials returned to other contracts	7,000
Materials lost by fire	3,500
Plant & Machines Stolen	10,000
Materials on site on 31-12-1978	4,000
Plant on site on 31-12-1978	81,000
Outstanding Wages on 31-12-1978	5,000
Other accrued charges due on 31-12-1978	2,500

The contract was completed on 31st December, 1978 and the contract price was duly received Prepare Contract Account and Contractee's Account.

Solution

Contract Account

(For the year ended 31st Dec. 1978)

Date	Particulars	Amount Rs	Date	Particulars	Amount Rs.
1-1-78	To Materials :		31-12-78	By Materials returned	
	Purchased	80,000		to store	5,000
	Issued from Stores	1,10,000		" Materials returned to	
	Received from other			other contracts	7,000
	contracts	25,000		" Material on site	4,000
	" Plant & Machines	1,00,000		" Plant on site	81,000
	" Wages paid	90,000		" P & L A/c ·	
	" Outstanding wages	5,000		Materials lost by fire	3,500
	" Indirect Exp. Paid	25,000		Plant & Machine	
	" Accrued charges	2 500		stolen	10,000
	" P. & L A/c (Being			" Contractee's A/c	
	Profit on contract)	1,73,000		(Contract Price)	5 00,000
		6,10,500			6,10,500

Contractee's A/c

Date	Particulars	Amount Rs.	Date	Particulars	Amount Rs.
31-12-78	To Contract A/c	5,00,000	31-12-78	By Cash	5,00,000
		5,00,000			5,00,000

Illustration 5

यह मानते हुए कि ठेका दाता से देय राशि प्राप्त करली गई है, ठेका खाता एवं ठेकादाता का खाता बनाइए :

	रु०	रु०
प्रत्यक्ष सामग्री		20,250
प्रत्यक्ष श्रम		15,500
निर्गमित स्टोर्स		10,500
खुले औजार		2,400
ट्रैक्टर व्यय .		
ईंधन, तेल आदि	2,300	
चालक का वेतन	3,000	5,300
अन्य प्रत्यक्ष व्यय		2,650

ठेका मूल्य 90,000 रु० था तथा 13 सप्ताह मे पूरा हुआ। वर्ष के अंत मे लौटाये गये खुले औजारो व स्टोर का मूल्य क्रमशः 200 रु० व 3,000 रु० था। प्लाट पर 20% ह्रास लगाने के पश्चात 16,000 रु० के मूल्य पर लौटाया। ट्रैक्टर का मूल्य 20,000 रु० था और उस पर 15% प्रतिवर्ष की दर से ह्रास लगाना है जिसको ठेके खाते मे डालना है। प्रशासन व कार्यालय व्यय कारखाना लागत का 10% है।

Prepare Contract Account and Contractee's Account assuming that the amount due from the contractee was duly received :

	Rs	Rs
Direct Material		20,250
Direct Wages		15,500
Stores issued		10,500
Loose tools		2,400
Tractor Expenses :		
Fuel, oil etc.	2,300	
Wages of Driver	3,000	5,300
Other Direct charges		2,650

The Contract Price was Rs. 90,000 and the contract took 13 weeks in its completion The value of loose tools and stores returned at the end of the period were Rs 200 and Rs 3,000 respectively The plant was also returned at a value of Rs 16,000 after charging depreciation at 20%. The value of tractor was Rs 20,000 and the depreciation was to be charged to the contract @ 15% per annum The administrative and office expenses are to be provided at 10% on Works Cost

Solution

Contract Account

		Rs.		Rs.
To Direct Material		20,250	By Stores Returned	3,000
,, Direct Wages		15,500	,, Loose Tools returned	200
,, Stores issued		10,500	,, Plant returned	16,000
,, Plant 1		20,000	,, Works Cost c/d	
,, Loose Tools		2,400	(Balancing Figure)	58,150
,, Tractor Expenses				
Fuel oil etc	2,300			
Wages of driver	3,000			
Dep. @ 15% p a. on Rs 20,000 for 13 weeks or 1/4 year	750	6,050		
,, Other Direct Charges		2,650		
		77,350		77,350
To Works Cost b/d		58,150	By Contractee's A/c (Contract Price)	90,000
,, Adm & Office expenses being 10% of Works Cost i.e. 10% of Rs 58,150		5,815		
,, Profit & Loss A/c (Profit on contract)		26,035		
		90,000		90,000

Contractee's Account

	Rs		Rs.
To Contract A/c	90,000	By Bank	90,000
	90,000		90,000

Notes : 1. Cost of plant has been calculated as below :
Depreciated value of plant after depreciating @ 20%=16,000

2 Hence the cost would be $\frac{16,000 \times 100}{80}$=Rs. 20,000

Illustration 6

'अ' ने एक भवन निर्माण का ठेका लिया। ठेका 1 जनवरी 1978 को प्रारम्भ हुआ तथा 30 जून 1978 को समाप्त हुआ। ठेका मूल्य 1,75,000 रु० था। उसने निम्न व्यय किए :

	रु०
प्रयुक्त सामग्री	8,750
हस्तगत सामग्री	1,750
मजदूरी	8,750
प्रत्यक्ष व्यय	35,000
प्लाण्ट क्रय किया	17,500

प्लाण्ट पर 10% प्रति वर्ष की दर से ह्रास लगाइए। अप्रत्यक्ष व्यय मजदूरी पर 20% है। 'अ' की पुस्तको मे आवश्यक खाते बनाइए।

A undertook a building construction contract. The contract commenced on 1st January 1978 and completed on 30th June 1978. The contract price was Rs. 1,75,000. He incurred the following expenses :

	Rs
Materials consumed	8,750
Materials in hand	1,750
Wages	8,750
Direct Expenses	35,000
Plant Purchased	17,500

Provide depreciation @ 10% p. a. on plant. Indirect expenses amount to 20% on wages. Prepare necessary accounts in the books of A.

Solution

Contract Account

1978		Rs	1978		Rs.
Jan./June	To Materials Purchased Materials Consumed 8,750 *Add* Materials in hand 1,750	10,500	June 30	By Plant transferred to store Cost 17,500 *Less* Dep. @ 10% p a for 6 months i e, $\frac{17,500 \times 10}{100 \times 2}$ 875	16,625
	,, Wages	8,750		,, Materials transferred to store	1,750
	,, Direct Expenses	35,000		,, Contractee's A/c	1,75,000
	,, Plant Purchased	17,500			
	,, Indirect expenses being 20% on wages i. e 20% on Rs 8,750	1,750			
	,, Profit & Loss a/c	1,19,875			
		1,93,375			1,93,375

Contractee's Account

1978		Rs.	1978		Rs
30 June	To Contract A/c	1,75,000	30 June	By Bank	1,75,000
		1,75,000			1,75,000

Notes 1 As the contract has been completed, hence plant and materials in hand will be transferred to stores

2 When material consumed and materials on site are given, the Contract Account will be debited by materials purchased and credited by materials on site or debited by materials consumed only, and not credited by materials on site. The value of material purchased will be calculated as below.

Materials Purchased = Materials Consumed + Materials on site

अपूर्ण ठेके
(Incomplete Contracts)

Materials from Stores	9,800
Wooden doors, Windows etc.	12,500
Iron Steel etc. purchased	3,600
Labour	74,600
Sundry Expenses	2,025
Proportion of Supervision charges	8,700

The contract which had commenced on 1st Feb., 1978 was for Rs. 3,00,000 and the amount certified by the engineer, after deduction of 20% retention money, was Rs. 1,20,000, the work being certified to 30th June 1978. Materials at site on 30th June, 1978 was worth Rs. 600.

Prepare an account showing the profit or loss on contract to 30th June 1978.

Ans. Loss on contract to be debited to P & L a/c Rs. 18,790.

Hint. See Illustration 15.

22. 31 दिसम्बर 1978 तक ठेके पर हुए व्यय का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार है—

	रु०
प्रत्यक्ष मजदूरी	6,900
प्रत्यक्ष सामग्री	34,000
स्टोर्स निर्गमित	3,800
स्टोर्स लौटाये	550
उप-ठेका लागत	6,300
प्लाण्ट	12,000

आपको निम्न् सूचना प्राप्त है—

(i) ठेका जनवरी 1978 में प्रारम्भ हुआ। ठेका मूल्य 60,000 रु० था।

(ii) शिल्पकार ने प्रमाणित किया कि ठेके का 4/5 भाग 15 दिसम्बर 1978 को पूरा हो गया।

(iii) 31-12-78 तक प्लाण्ट का ह्रास 4,800 रु० है।

(iv) दिसम्बर 1978 के पश्चात हुए व्यय जो कि उक्त संक्षिप्ति में सम्मिलित हैं निम्न हैं—

	रु०
सामग्री	1,620
श्रम	700

(v) 31-12-78 को कार्य-स्थल पर सामग्री 5,000 रु० तथा स्टोर्स 400 रु० के शेष थे।

(vi) कार्यालय व्यय प्रत्यक्ष मजदूरी का 40% है।

(vii) कार्य देर से समाप्त होने के कारण 1,000 रु० विलम्ब दण्ड लगने की सम्भावना है।

आप (अ) ठेका खाता बनाइए, (ब) प्रमाणित कार्य पर लाभ या हानि दिखाइए, (स) 31-12-78 को समाप्त वर्ष के लाभ-हानि खाते मे कितना लाभ ले जाया जाय, सुझाव दीजिए, तथा (द) 1-1-79 को ठेका खाते मे शेष कैसे दिखाये जायेंगे, आदि दिखाइए।

The following is the summary of the expenditure on a Contract to 31st Dec., 1978 :

	Rs.
Direct Wages	6,900
Direct Materials	34,000
Stores issued	3,800
Stores returned	550
Sub-contracts cost	6,300
Plant	12,000

You obtain the following informations—

(i) The Contract was began in Jan , 1978 and Contract Price is Rs 60,000.

(ii) The architects had certified that 4/5 of the Contract had been completed on 15th Dec , 1978.

(iii) Depreciation of Plant to 31st Dec., 1978 is Rs 4,800.

(iv) The summary set out above includes items relating to the period since 15th Dec , 1978 as follows—

	Rs
Material	1,620
Wages	700

(v) Materials on site on 31st Dec., 1978 had cost Rs. 5,000 and stores on site had cost Rs. 400.

(vi) Establishment charges are 40% on direct wages.

(vii) A fine of Rs 1,000 is likely to be imposed for late completion.

You are required (a) to prepare Contract Account, (b) Show what Profit or Loss has arisen on the work certified, (c) Suggest what figure should be taken to P & L a/c for the year ending 31st Dec., 1978, and (d) Show how the balance would be shown in the Contract Account as on 1st Jan., 1979.

Ans. Loss on Contract . Rs 2,010 to be debited to P & L a/c.

Hint. 1. Expenses incurred after 15th Dec , 1978 (Date of Certification) are to be treated as work done but not certified such as—

	Rs
Materials	1,620
Labour	700
Establishment charges (40 % of Labour)	280
Uncertified Work	2,600

2. A provision for Rs. 1,000, a fine likely to be imposed for late completion of contract, be made.

3. Work-in-Progress A/c will be of Rs. 50,600 [work certified being 4/5 of Rs. 60,000=48,000 & uncertified being Rs. 2,600.

4. **See Illustration 14**

जब 1/3 से कम कार्य हुआ है

(When less than 1/3 work has been Completed)

23. एक भवन के ठेकेदार ने एक भवन निर्माण का ठेका 1 जनवरी 1978 को लिया। ठेका-मूल्य 10,00,000 रु० था। वर्ष मे ठेकेदार ने निम्न व्यय किये—

	रु०
प्रत्यक्ष सामग्री क्रय की	50,000
स्टोर्स से सामग्री निर्गमित की	12,500
प्रत्यक्ष श्रम	37,500
प्लाण्ट	1,00,000
अप्रत्यक्ष व्यय	25,000
	2,25,000

निम्न विविध सूचनाओं से वर्ष के लिये एक ठेका-खाता तैयार करो। ठेकेदार के चिट्ठे मे कार्य चालू कैसे दिखाया जायेगा।

	रु०
31 दिसम्बर 1978 को प्लाण्ट का मूल्य	75,000
,, ,, को सामग्री का स्टॉक	12,500
स्टोर्स को लौटाई गई सामग्री	2,500
शिल्पकारो द्वारा प्रमाणित कार्य	1,87,500
ठेकादाता से प्राप्त रोकड	1,75,000
अप्रमाणित कार्य की लागत	10,000

A building contractor took a contract for the construction of a certain building on 1st Jan. 1978. The contract price was agreed at Rs 10,00,000. The contractor has done the following expenditure during the year :

	Rs
Direct Materials purchased	50,000
Materials issued from stores	12,500
Direct Labour	37,500
Plant	1,00,000
Indirect expenses	25,000
	2,25,000

From the following further information prepare a Contract Account for the year. Also show the amount of Work-in-Progress which will be shown in the Balance Sheet of the Contractor.

	Rs.
Value of Plant on 31st Dec. 1978	75,000
Stock of Materials at site on 31-12-1978	12,500
Materials returned to stores	2,500
Work certified by architects	1,87,500
Cash received from contractee	1,75,000
Cost of work not yet certified	10,000

Ans. Total Profits Rs. 62,500

Hint. As less than 1/3 of the contract is completed, the entire balance of Contract a/c (Total Profits) be taken into Reserve.

See Illustration 15.

24, एक ठेकेदार एक ठेके पर, जो उसने 1 जनवरी 1978 को प्रारम्भ किया निम्न व्यय किए—

	रु०
सामग्री	1,00,000
श्रम	80,000
अन्य व्यय	20,000
प्रशासन व्यय (श्रम का 30%)	

प्लाण्ट व मशीन—लागत	50,000
विशेष प्लाण्ट किराये पर ली—लागत	70,000

ठेकेदार ने एक फर्म से तकनीकी की सलाह प्राप्त की जिसके लिए ठेकेदार ने 10,000 रु० पारिश्रमिक के दिये। यह ठेका 15,00,000 रु० का है और प्रथम वर्ष केवल 3,00,000 रु० का कार्य प्रमाणित हुआ। शिल्पकार ने 30 नवम्बर 1978 तक के कार्य का प्रमापन किया। इस तिथि के उपरान्त ठेकेदार ने ठेके पर निम्न व्यय किये जो उपरोक्त व्ययो मे सम्मिलित हैं.

	रु०
सामग्री	20,000
श्रम	10,000

मशीन पर 10% की दर से ह्रास लगाया जाता है। प्राप्त रोकड़ प्रमाणित कार्य का 75% है। 31-12-1978 की कार्य स्थल पर 10,000 रु० की सामग्री शेष थी तथा 5,000 श्रम के उपार्जित थे। किराये पर ली प्लाण्ट का किराया 7,000 रु० प्रति वर्ष है।

आप ठेका खाता एवं चालू कार्य खाता बनाइए। बताइए कि चालू कार्य चिट्ठे में किस प्रकार प्रदर्शित होगा ?

Following expenses were incurred by a contractor on a contract, which he undertook on 1st Jan. 1978.

	Rs.
Material	1,00,000
Labour	80,000
Other Expenses	20,000
Administration Expenses (30% of Labour)	
Plant & Machine—Cost	50,000
Special Plant on hire—Cost	70,000

The contractor took technical advice from a firm for which he paid a remuneration of Rs 10,000 The contract is for Rs. 15,00,000 and work certified for the first year amount to Rs. 3,00,000 only. The architect certified the work done upto Nov. 30, 1978. The contractor incurred the following expenses on contract after this date which are included in the above expenses.

	Rs.
Material	20,000
Labour	10,000

The Machine is subject to a depreciation of 10%. Cash received is 75% of work certified. Material on site on 31-12-78 was Rs. 10,000 and accrued labour was Rs. 5,000. Rent of the Plant hired is Rs 7,000 p. a.

You show Contract Account and Work-in-Progress a/c. How the work-in-progress will be shown in B/S ?

Ans. Balance Rs. 90,500 90,500

Hints
1. As less than 1/3 of the contract is completed, the entire Balance of the Contract a/c be taken into reserve.
2. **Plant & Machine** is subject to depreciation @ 10%. Hence Plant in hand would be 50,000—5,000=**Rs. 45,000.**
3. **Special Plant** costing Rs. 70,000 has been taken on hire, Hence only Rs. 7,000, hire of machine for the current year, will be transferred to debit side of Contract Account.
4. **Remuneration** for technical advice is an expense, to be debited to Contract a/c.

5. **Adm Expenses** are 30% of labour cost *i.e.* 30% of (80,000+5,000) say Rs. 25,500.

6. Expenses incurred on contract **after the date of certification** would be work-uncertified which is as follows :

	Rs.
Material	20,000
Labour	10,000
Adm. Exp. (30% of labour)	3,000
	33,000

7. **Work-in Progress** a/c will be as follows—

To Contract A/c		By Contract A/c	90,500
Work certified	3,00,000	(Profit in Rs.)	
Work uncertified	33,000	**By Bal.**	2,42,500
	3,33,000		3,33,000

8. **Work-in-Progress will be shown in B/S as follows :**

Contractee's A/c	2,25,000	Work-in-Progress a/c	2,42,500

9. Balance of Contractee's A/c is greater than the balance of Work-in-Progress a/c. Hence it will be shown in liability side of B/S.

10. **See Illustration 15.**

ठेके जो लगभग पूर्ण होने वाले हैं
(Contracts nearing Completion)

25. एक ठेकेदार ने एक भवन बनाने का ठेका 4,50,000 रु० में स्वीकार किया, ठेकाखाता शिल्पकार के प्रमाण-पत्र का 90% राशि नकद देने को सहमत हो गया। प्रथम वर्ष के दौरान व्यय किए मद निम्न थे—

	रु०
सामग्री	1,20,000
श्रम	1,50,000
मशीनरी	30,000
अन्य व्यय	90,000

वर्ष के अन्त में मशीनरी का मूल्य 20,000 रु० आँका गया; तथा कार्य स्थल पर सामग्री 5,000 रु० के मूल्य की थी। वर्ष के दौरान कुल 4,00,000 रु० का कार्य प्रमाणित किया गया। इसके अतिरिक्त 15,000 रु० का चालू कार्य था जो वर्ष के अन्त तक प्रमाणित नहीं हो पाया।

यह अनुमान लगाया जाता है कि ठेका पूरा करने में कुल 40,000 रु० के व्यय और होंगे तथा सामग्री व मशीन का अवशेष मूल्य यही रहेगा।

ठेकेदार की पुस्तकों मे ठेका खाता बनाइए। बताइए लाभ की उचित राशि जो लाभ-हानि खाते में हस्तांतरित होना चाहिए क्या होगी ?

The contractor accepted a contract for the construction of building for Rs. 4,50,000, the contractee agreeing to pay 90% of work certified as complete by the architect. During the first year the amounts spent were.

	Rs,
Materials	1,20,000
Labour	1,50,000
Machinery	30,000
Other Expenses	90,000

At the end of the year, the machinery was considered to be of Rs. 20,000 and materials at site were of the value of Rs 5,000. Work certified during the year totalled Rs. 4,00,000. In addition work in progress but not certified at the end of the year had cost Rs. 15,000.

It is further estimated that the estimated additional expenses in order to complete the contract would come to Rs 40,000 in all. And value of Plant & Material will remain the same.

Prepare contract a/c in the books of the contractor. Also show the various figures of Profit that can be transferred reasonably to Profit & Loss Account.

Ans. Balance (Total Profit) Rs 50,000 ; Profit to be transferred to P. & L. a/c Rs. 36,000.

Hint. 1. Estimated Profit will be Rs. 45,000. The Profit to be transferred to P. & L. a/c would be **least of the followings :**

$$\text{Estimated Profits} \times \frac{\text{Work Certified}}{\text{Contract Price}} \quad \text{Say } 45,000 \times \frac{4,00,000}{4,50,000} = \text{Rs. } 40,000$$

Or

$$\text{Estimated Profits} \times \frac{\text{Cash Received}}{\text{Contarct Price}} \quad \text{Say } 45,000 \times \frac{3,60,000}{4,50,000} = \text{Rs. } 36,000$$

Hence Rs. 36,000 will be transferred to P. & L. a/c

See Illustration 16.

26. निम्न सूचनाओं से—

(i) 95% पूर्ण होने वाले ठेके पर लिए जाने वाले लाभों के बारे में सुझाव दीजिए, एवं

(ii) इनकी तुलना उन लाभों से कीजिए जो कि होते यदि ठेका लगभग पूर्णता के निकट न होता ।

	रु०
अब तक ठेके की कुल लागत	1,90,000
अनुमानित अतिरिक्त व्यय	10,000
ठेका मूल्य	2,50,000
प्रमाणित कार्य का मूल्य	2,30,000
अप्रमाणित कार्य की लागत	5,000
रोकड़ प्राप्त की	2,15,000

From the following informations—

(i) Suggest the profit to be taken on a contract which is 95% complete, and

(ii) Compare it with the profit, had the contract not been nearly completion.

	Rs.
Total cost of contract to date	1,90,000
Estimated additional Expenses	10,000
Contract Price	2,50,000
Value of work certified	2,30,000
Cost of work not certified	5,000
Cash Received	2,15,000

Ans. Balance (Total Profits) Rs. 45,000 ; **Profit to be taken to P & a/c** Rs. 43,000 (when contract is 95% complete) ; Rs. 28,043 (If the contract was not 95% complete). **Estimated Profit** Rs. 50,000.

Hint. 1. See Illustration 16.

30 नवम्बर 1978 को दूसरे ठेकों पर प्लाण्ट हस्तान्तरित किया गया (शुरू मे इन ठेकों पर लागत मूल्य पर लाया गया था)	550	38
कुल ठेका मूल्य	1,38,905	27,578

प्रत्येक दशा मे कार्य वास्तव में 30 नवम्बर 1978 को पूरा हो गया परन्तु इन्हें उस समय तक पूरा नही माना गया जब तक कि रख-रखाव की छः माह की अवधि 31 मई 1979 को समाप्त नही हो गयी ।

दोनों ठेके खाते बनाइये और लाभ-हानि खाते मे हस्तातरित की जाने वाली राशि प्रकट करिये ।

The following figures relate to two contracts of a road contractor.

	A	B
	Rs.	Rs
Total expenditure to 31-12-77	77,784	34,414
Wages paid, 1978	20,472	4,219
Materials and haulage hire, 1978	31;566	1 429
Indirect expenses charged, 1978	1,050	115
Plant transferied at Valuation to other contracts on 30th Nov., 1978 (Originally charged at cost to these contracts)	50	38
Total contract price	1,38,905	27,578

In each case, the work was actually finished on 30th Nov., 1978, but the contracts could not be considered as completed until the maintenance period of six months is expired on 31st May, 1979.

Write up the two contract accounts and state what profit or loss (if any) should be brought into the Profit and Loss A/c.

Ans. Profit 'A' = Rs. 8,583. Loss 'B' = Rs 12,561

Hint. 1 The whole of the Profit of Contract 'A' will not be transferred to P & L a/c because out of these profits maintenance charges are to be deducted and then the balance only will be transferred to P & L A/c. **Thus,**

Profit to be transferred to Profit & Loss A/c = Rs 8,583—Maintenance Charges.

Similarly the entire loss of contract 'B' *i e.* of Rs. 12,561 will not be transferred to P & L a/c as it will also be added by the amount of maintenance charges. **Thus,**

Loss to be transferred to Profit & Loss A/c = Rs 8,583 + Maintenance Charges

2. **See Illustration 17.**

29. निम्न आंकड़े एक ठेकेदार के दो उपकार्यों से सम्बन्धित हैं । आप दोनों ठेकों के लिए ठेके खाते तैयार कीजिए और बताइए कि 1978 मे कितना लाभ-हानि खाते में ले जाया जाय :

	'अ'	'ब'
	रु०	रु०
31-12-1977 तक कुल व्यय	9,00,000	6,75,000
1978 की मजदूरी	1,05,000	21,500
1978 की सामग्री व ढुलाई	1,57,500	7,500
अप्रत्यक्ष व्यय	5,250	600

वर्ष के अन्त में प्लाण्ट का मूल्य (प्लाण्ट ठेके पर मूल लागत पर लाये गये थे)	2,50,000	3,75,000
ठेका मूल्य	12,00,000	3,00,000

दोनों ठेके 30 नवम्बर 1978 को पूर्ण हो गये लेकिन उन्हें उस समय तक पूर्ण नहीं समझा जा सकता जब तक कि ठेके मे वर्णित छः माह की अनुरक्षण अवधि 31 मई 1979 को पूरी न हो जाय। अनुमानित अनुरक्षण व्यय 'अ' ठेके के 5,000 रु० तथा 'ब' ठेके के 3,500 रु० होंगे।

The following figures relate to two jobs of a contractor. You are required to prepare contract accounts for both the contracts and state what profit or loss (if any) should be brought to the Profit and Loss Account for the year 1978.

	'A' Rs.	'B' Rs.
Total expenditure upto 31-12-1977	9,00,000	6,75,000
Wages of 1978	1,05,000	21,500
Materials and haulage hire 1978	1,57,500	7,500
Indirect expenses	5,250	600
Value of plant at the end of the year (Plant was originally charged to contract at cost)	2,50,000	3,75,000
Contract Price	12,00,000	3,00,000

The work in each case was actually completed on 30th Nov,, 1978, but the contracts could not be considered as complete until the maintenance period of 6 months as stipulated in the contract has expired on 31st May, 1979. The cost of maintenance is estimated at Rs. 5,000 for contract A and Rs. 3,500 for contract B.

Ans. Profit 'A'=Rs. 2,77,250: Loss 'B'=Rs. 33,100.

Himt. The profit of contract 'A' and Loss of contract 'B' are after making proper provision for the maintenance cost. Hence these can now be transferred to P & L a/c.

See Illustration 18.

जब ठेका कई वर्षों में पूरा होता है
(Contracts Completing in Several Years)

30. उर्वशी एन्टरप्राइजेज ने 3,00,000 रु० का एक ठेका 1 जनवरी, 1976 को लिया और उसे 31 मार्च, 1978 को पूरा किया। आपको ठेके की निम्नलिखित सूचना प्रदान की जाती है :

1976 : निर्गमित सामग्री 40,000 रु०; पारिश्रमिक 20,000; अन्य प्रत्यक्ष व्यय 2,000 रु०।

31 दिसम्बर, 1976 को ठेका स्थल पर सामग्री 4,000 रु०; प्रमाणित कार्य 75,000 रु०।

1977 : निर्गमित सामग्री 70,000 रु०; पारिश्रमिक 50,000 रु०; अन्य प्रत्यक्ष व्यय 5,000. रु०; विशेष प्लांट 80,000 रु०।

31 दिसम्बर, 1977 को ठेका स्थल पर सामग्री 10,500 रु०; इस वर्ष का प्रमाणित कार्य 1,50,000 रु०; कार्य पूरा किया परन्तु अप्रमाणित 25,000 रु०।

1978 : निर्गमित सामग्री 5,000 रु०; पारिश्रमिक 12,500 रु० तथा प्रत्यक्ष व्यय 1,200 रु०

31 मार्च 1978 को स्टोर को लौटयी सामग्री 1,000 रु०।

प्रारम्भिक लागत पर प्रतिवर्ष 10% ह्रास चार्ज करके ज्ञात मूल्य पर प्लांट स्टोर को लौटा दिया गया।

प्रतिवर्ष प्रमाणित कार्य के मूल्य का 80% नकद प्राप्त किया गया।

प्रतिवर्ष ठेका खाता, ठेका दाता खाता और चालू खाता तैयार करो तथा दिखाओ कैसे चालू कार्य खाता प्रतिवर्ष चिट्ठे मे दिखाया जायेगा।

Urvashi Enterprises undertook a contract for Rs. 3,00,000 on 1st January 1976 and completed the same on 31st March, 1978. You are given the following informations for the contract :

1976 Materials Issued Rs. 40,000: Wages Rs 20,000; Other Direct Charges Rs 2,000.

On 31st Dec, 1976—Materials on site Rs 4,000: Work certified Rs 75,000

1977 Materials issued Rs. 70,000; Wages Rs. 50,000; Other Direct charges Rs 5 000, Special Plant Rs 80,000.

On 31st Dec, 1976—Materials on site Rs. 10,500: Works certified this year Rs 1,50,000; Work completed but uncertified Rs. 25,000.

1978 Materials issued Rs. 5,000; Wages Rs 12,500 and Direct charges Rs. 1,200

On 31st March, 1978—Materials returned to stores Rs. 1,000.

Plant was returned to store at a value ascertained after charging 10% depreciation annually, on the original cost 80% of the certified work value was received in cash every year.

Prepare annually Contract Account, Contracteee's Account and Work-in-Progress Account, and show how the Work-in-Progress Account would be shown in the Balance Sheet of each year.

Ans. 1976—**Balance** Rs 17,000 (This will be transferred to reserve as less than ¼ of the contract is complete)

1977—**Balance** Rs. 65,500 (Rs. 34,933 of it will be transferred to P & L a/c and Rs. 30,567 in Reserve.)

1978—**Total Profits** Rs. 50,367.

Hint. See **Illustration 19.**

तलपट से ठेका खाता व चिट्ठा बनाना
(Preparing Contract Account & Balance Sheet from the Trial Balance)

31. 31 दिसम्बर 1978 को निम्न तलपट उर्वशी इन्जीनियरिंग लि० की पुस्तको से लिया गया है। इसकी अधिकृत पूंजी 3,50,000 रु० है जो 100 रु० वाले 3,500 समता अंशों मे विभक्त है

	रु०	रु०
अंश पूंजी : 100 रु० वाले 3,500 समता अंश पूर्णदत्त		3,50,000
लेनदार		83,000
लाभ-हानि खाता 1 जनवरी 1978		25,000
प्लांट व टूल्स पर ह्रास का प्रावधान		63,000
रोकड़ प्राप्त की		12,80,000
भूमि व भवन लागत पर	74,000	
प्लांट व टूल्स लागत पर	52,000	
बैंक	45,000	

ठेके खाते की सूचनाएँ

निर्मित सामग्री	6,00,000	
प्रत्यक्ष मजदूरी	8,30,000	
व्यय	40,000	
ठेके पर प्लाट व टूल्स लागत पर	1,60,000	
	18,01,000	18,01,000

ठेका 1 जनवरी 1978 को प्रारम्भ हुआ, ठेका मूल्य 24,00,000 रु० है और ठेका देने वाले ने अभी तक 12,80,000 रु० भुगतान किया है जो कि प्रमाणित कार्य का 80% है। प्रमापन के बाद किए गये कार्य की लागत 16,000 रु० है।

उपर्युक्त तलपट बनाने के उपरान्त 31 दिसम्बर 1978 को 32,000 रु० का प्लांट स्टोर्स को लौटाया। ठेके पर 27,000 रु० की सामग्री थी। प्रत्यक्ष मजदूरी उपार्जित 6,000 रु०। प्लाट व टूल्स की लागत का 12½% ह्रास लगाइए।

आप (अ) ठेका खाता बनाइए, (ब) दिखाइए कि लाभ-हानि खाते मे कितना लाभ हस्तांतरित किया जायेगा, (स) 31 दिसम्बर 1978 को उर्वशी इन्जीनियरिंग लि० का चिट्ठा बनाइए।

The following trial balance was extracted on 31st Dec, 1978 from the books of Urvashi Engineering Ltd which has an Authorised Capital of Rs. 3,50,000 divided into 3,500 Equity Shares of Rs. 100 each.

		Rs.
Share Capital : 3,500 Equity Shares of Rs. 100 each fully paid		3,50,000
Creditors		83,000
P. & L. A/c. 1st Jan., 1978		25,000
Provision for Depreciation on Plant and Tools		63,000
Cash received on account		12,80,000
Land and Buildings at Cost	74,000	
Plant & Tools at Cost	52,000	
Bank	45,000	
Contract Account .		
Materials issued	6,00,000	
Direct labour	8,30 000	
Expenses	40,000	
Plant & Tools on Site Cost	1,60,000	
	18,01,000	18,01,000

Contract commenced on 1st Jan 1978. The contract price is Rs, 24,00,000 and the customer has so far paid Rs 12,80,000, being 80% of the work certified. The cost of work done since certification is estimated at Rs. 16,000.

On 31st Dec, 1978 after the above trial balance was extracted plant costing Rs. 32,000 was returned to stores and material, then on site, were valued at Rs 27,000 Provision is to be made for direct labour accrued due Rs. 6,000, and for depreciation of all plant and tools at 12½% on cost

You are required to (a) write up the Contract account; (b) show your computation of the profit (if any) for which credit may properly be taken; and (c) submit the balance sheet of the Engineering Contractors Ltd. as on 31st Dec. 1978.

Ans. **Total Profits Rs. 1,47,000 , Profit transferred to P& L a/c Rs. 78,400**

$$\left[1,47,000 \times \frac{2}{3} \times \frac{80}{100} \right]$$

Hint. **See Illustration 20**

32. एक कं० ने 1 जनवरी 1978 को कार्य प्रारम्भ किया। वर्ष 1978 में उन्होंने एक ठेका 5,00,000 रु० का लिया।

ठेके को निर्गमित प्लाण्ट एवं सामग्री में से 5,000 रु० लागत की प्लाण्ट तथा 4,000 रु० लागत की सामग्री एक दुर्घटना में नष्ट हो गई।

31 दिसम्बर 1978 को 5,000 रु० लागत की प्लाण्ट स्टोर को लौटा दी। पूर्ण किन्तु अप्रमाणित कार्य की लागत 2,000 रु०। कार्यस्थल पर सामग्री 4,000 रु०।

प्लाण्ट पर 10% ह्रास लगाइए एवं प्राप्त लाभ का ½ भाग संचित करो एवं निम्न तलपट से ठेका खाता व चिट्ठा बनाओ

		रु०
अंश पूंजी		1,20,000
लेनदार		10,000
ठेके पर प्राप्त रोकड़ (प्रमाणित कार्य का 80%)		2,00,000
भूमि व भवन	43,000	
बैंक शेष	25,000	
ठेका खाता		
सामग्री	90,000	
प्लाण्ट	25,000	
मजदूरी	1,40,000	
व्यय	7,000	
	3,30,000	3,30,000

A company began to trade on 1st Jan., 1978. During 1978 the company was engaged on only one contract of which the contract price was Rs. 5,00,000.

Of the Plant & Materials charged to contract, plant costing Rs. 5,000 and material costing Rs. 4,000 were lost in an accident.

On 31st Dec , 1978 plant costing Rs. 5,000 were returned to store. Cost of work uncertified but finished Rs 2,000 and materials costing Rs 4,000 were in hand on site.

Charge 10% depreciation on plant, carry forward by way of reserve 1/2 of profit received and compile Contract A/c and Balance Sheet from the following Trial Balance on 31st Dec., 1978.

		Rs.
Share Capital		1,20,000
Creditors		10,000
Cash Received (80% of work certified)		2,00,000
Land & Building	43,000	
Bank Balance	25,000	
Charge to Contract		
Materials	90,000	
Plant	25,000	

Wages	1,40,000	
Expenses	7,000	
	3,30,000	3,30,000

Ans. **Total Profits** Rs 21,000 ; Of this Rs 8,400 will be **transferred** to **P & L** a/c Of the Balance Rs 8,400 is the **reserve for contingencies** and Rs 4,200 is the General Reserve Thus (8,400+4,200) Rs. 12,600 to go to work-in-progress a/c

Hint 1 As ½ Profit Received is to be reserved, ⅔ of profit received cannot be transferred to P & L a/c Hence 1/2 of profit received will be reserved for contingencies (direction in question) and remaining 1/2 of profit received will be transferred to P & L. a/c.

2. **Work-in-Progress A/c** Rs 2,39,400

दो ठेके—एक नया व एक पुराना—दिये हैं

(Two Contracts—One New & One old—are given)

33. उर्वशी कन्सट्रक्शन्स प्रा० लि० ने दो मकान बनाने का ठेका लिया। इसके सम्बन्ध मे निम्न विवरण है—

	A	B
	रु०	रु०
चालू-कार्य दशा 1 अप्रैल, 1977 (150 रु० को छोड़कर जो 31 मार्च 1977 को समाप्त होने वाले वर्ष मे लाभ-हानि खाते मे हस्तान्तरित किये गये थे)	2,800	—
सामग्री क्रय की	4,600	3,320
मजदूरी	4,000	2,800
बिजली फिटिंग आदि	280	60
गाँव पंचायत सडक बनाने के व्यय भुगतान किये (900 रु० का अदत्त 31 मार्च, 1978 को)	700	
	12,380	6,180
ठेके की कीमत	12,000	8,000
31 मार्च, 1978 तक रोकड़ प्राप्त की	12,000	4,800
रोकड़ प्राप्त की प्रमाणित कार्य के साथ प्रतिशत	100%	66⅔%
हस्तस्थ सामग्री 31 मार्च, 1978	80	108
अप्रमाणित कार्य	—	500
साइट पर प्लाण्ट का मूल्य	2,400	1,200
प्लाण्ट की ठेके पर रहने की अवधि	10 माह	8 माह

31 मार्च, 1978 को समाप्त होने वाली वर्ष के लिए कुल स्थापना व्यय 2,448 रु०। ये व्यय दोनो ठेको मे मजदूरी के अनुपात मे बाँटे जायेंगे। प्लाण्ट पर ह्रास 10% प्रतिवर्ष है। ठेके खाते बनाइये।

Urvashi constructions Pvt. Ltd. undertook contracts for the erection of two houses. The particulars relating to contracts are as under :—

	A	B
	Rs.	Rs.
Work-in-progress 1st April, 1977 (excluding Rs 150 estimated profit credited to P. & L. A/c in the year ended 31st March, 1977)	2,800	
Materials purchased	4,600	3,320
Wages	4,000	2,800
Electrical Fitting, etc.	280	60
Village Panchayat road-making charge paid (Rs 900 unpaid for contract 31st March, 1978)	700	
	12,380	6,180
Contract price	12,000	8,000
Cash received to 31st March, 1978	12,000	4,800
Percentage of cash received to work certified by architects	100%	$66\frac{2}{3}$
Materials on hand 31st March, 1978	80	108
Work completed but not certified	—	500
Value of plant used on site	2,400	1,200
Period of plant remained on jobs during the year	10 months	8 months

The total establishment expenses incurred during the year ending 31st March, 1978 amounted to Rs. 2,448. These expenses are to be charged to the contracts in proportion to wages. Depreciation of plant is to be charged at 10 per cent per annum. Prepare Contract Aecounts.

Ans. 'A'—Loss Rs. 2,990; 'B' Total Profit Rs. 540; Profit to be taken to P. & L a/c Rs. 240 ($540 \times \frac{2}{3} \times \frac{2}{3}$)

Hint See Illustration 21

एक से अधिक ठेके
(Several Contracts)

34. उर्वशी उद्योग ने तीन ठेके लिए जो क्रमश. 1 जनवरी, 1 मई व 1 अगस्त 1978 को प्रारम्भ हुए । 30 नवम्बर 1978 को इनके खाते निम्न स्थिति दर्शाते हैं—

	I	II	III
	रु०	रु०	रु०
ठेका मूल्य	48,000	32,400	36,000
सामग्री	8,640	6,960	2,400
श्रम	13,200	13,500	1,680
सामान्य व्यय	480	330	120
प्रमाणित कार्य के लिए प्राप्त रोकड़	18,000	14,400	3,240
प्रमाणित कार्य	24,000	19,200	4,320
अप्रमाणित कार्य	720	960	240
अदत्त मजदूरी	420	450	210
अदत्त सामान्य व्यय	90	60	30
मशीन लगाई	2,400	1,920	1,440
हस्तगत सामग्री	480	480	240

अनुबन्धों की तत्सम्बन्धित तिथियों को प्लाण्ट लगाई गई जिस पर ह्रास 15% प्रति वर्ष लगाया जाता है । आप ठेकाखाता बही में खाते तैयार कीजिए ।

Urvashi Udyog undertook three Contracts which commences respectively on 1st Jan., 1 May and 1st August 1978. Their accounts on 30th Nov, 1978 reveal the position as under :

	I Rs.	II Rs.	III Rs
Contract Price	48,000	32,400	36,000
Materials	8,640	6,960	2,400
Labour	13,200	13,500	1,680
General Expenses	480	330	120
Cash received for work certified	18,000	14,400	3,240
Work certified	24,000	19,200	4,320
Work uncertified	720	960	240
Wages accrued	420	450	210
General Expenses Accrued	90	60	30
Machine installed	2,400	1,920	1,440
Materials in hand	480	480	240

On the respective dates of the Contracts, the Plant was installed, depreciation thereon being taken at 15% p. a You are required to prepare accounts in Contract Ledger.

Ans. **I=Total Profit Rs. 2,040;** Rs. 1,020 transferred to P & L a/c.
II= „ **Loss Rs. 828** to be transferred to P & L a/c.
III= „ **Profit Rs. 288** to be taken to Reserve as very small part of contract has been completed

Hint. 1. Depreciation of Plant should be calculated as below :

I	II	III
$2,400\times\frac{15}{100}\times\frac{11}{12}$ =Rs. 330	$1,920\times\frac{15}{100}\times\frac{7}{12}$ =Rs 168	$1,440\times\frac{15}{100}\times\frac{4}{12}$ =Rs. 72

2. Profit to be transferred to P & L a/c

$$2,040\times\frac{2}{3}\times\frac{15}{100}=\text{Rs. } 1,020$$

3. See Illustration 22.

संकलित खाते तैयार करना
(Preparing Consolidated Accounts)

35. निम्न आँकड़ो से जो एक कारखाने की पुस्तकों से प्राप्त किए गये है, 31 दिसम्बर 1978 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए संकलित खाते तैयार कीजिए—

	पूर्ण कार्य रु०	चालू कार्य रु०
स्टोर से निर्गमित कच्चा माल	7,875	2,625
वसूल योग्य व्यय	875	350
मजदूरी	8,750	3,500
चालू कार्य को हस्तांतरित सामग्री	175	175
स्टोर को वापिस सामग्री	87·5	—

कारखाना उपरिव्यय श्रम का 80% तथा कार्यालय उपारिव्यय कारखाना लागत का 25% है। पूर्ण किए गये कार्यों का मूल्य 35,875 रु० है।

आप संकलित पूर्ण कार्य खाते लाभ-हानि दर्शाते हुए प्रदर्शित कीजिए एवं संकलित चालू कार्य खाता बनाइए।

From the data given below, procured from the books of a factory, for the year ended 31st Dec., 1978, prepare Consolidated Accounts :—

	Completed Jobs Rs.	Work-in-Progress Rs.
Raw materials supplied from Store	7,875	2,625
Chargeable Expenses	875	350
Wages	8,750	3,500
Material transferred to work-in-progress	175	175
Material returned to Store	87·5	—

Factory overheads are 80% of wages and office overheads 25% of factory cost.

The value of executed Jobs during 1978 was Rs. 35,875.

Prepare Consolidated Completed Jobs Account showing the Profit or Loss ; and Consolidated Work-in-Progress A/c.

Ans. Cons. Completed Jobs=Net Profit Rs. 5,578.

Cons. Work-in-Progress A/c=Balance Rs. 11,812·50

Hint. Few calculations are given below :

	Completed Jobs Rs	Work-in-Progress Rs.
Factory Overheads	7,000	2,800
Office Overheads (25% of Factory Cost	6,059	2,362·50
Factory Cost	24,237·5	9,450

See Illustration 23

लागत लेखों का वित्तीय लेखों से मिलान
(Reconciliation of Cost and Financial Accounts)

> "Where accounts are maintained on the Integral Accounts System there are no separate Cost Accounts, consequently the problem of reconciliation does not occur. However, where there is a financial accounting system and a separate cost accounting system it is imperative that the accounts be reconciled"
>
> —*H J Weldon*

लागत लेखों से प्राप्त शुद्ध परिणाम (लाभ या हानि) बहुधा वित्तीय लेखों से प्राप्त परिणामो से भिन्न होते है। सामान्यतया लघु संस्थायें जो केवल एक ही वस्तु का उत्पादन करती हैं लागत लेखांकन के लिए अलग पुस्तकें नही रखती। ऐसी सस्थाएँ लागत सम्बन्धी अपेक्षित सूचनायें अपने वित्तीय लेखो से प्राप्त करती है क्योकि इन संस्थाओ मे वित्तीय लेखे (Financial Accounts) इस प्रकार से रखे जाते हैं कि लागत सम्वन्धी आवश्यक सूचनायें उनसे प्राप्त की जा सकें। ऐसी संस्थाओ मे लागत प्रतिवेदनों (Cost Reports) मे प्रदर्शित लाभ या हानि की मात्रा वित्तीय लेखो द्वारा प्रदर्शित मात्रा से भिन्न नही होती। किन्तु **बृहत संस्थाओं में, जहाँ पर वित्तीय लेखों के साथ-साथ लागत लेखे भी तैयार किए जाते हैं, अनेक कारणों से वित्तीय परिणामों** (Financial Results) **में अन्तर आ सकता है और बहुधा आता भी है। यदि ऐसा है तो यह अत्यावश्यक है कि अन्तर का मिलान** (Reconciliation) **किया जाय।** यह इसलिए भी आवश्यक है कि इस प्रक्रिया के द्वारा लागत लेखो की सत्यता की जाँच की जा सकती है। यदि लागत लेखों के परिणाम वित्तीय लेखो के परिणामो से मेल नही खाते है तो परिव्यय लेखों को अविश्वसनीय ही माना जायेगा। ऐसी दशा में लागत लेखों की तैयार करना संस्था के लिए अलाभकारी ही होगा।

अन्तर उत्पन्न करने वाले कारण
(Factors Creating Discrepancies)

लागत एवं वित्तीय परिणामों में अन्तर उत्पन्न करने वाले **प्रमुख कारण निम्नलिखित हैं—**

(1) **कुछ मदो का केवल वित्तीय लेखो में समावेश होना** (Items included only in Financial Accounts)—निश्चय ही कुछ ऐसे मद होते है जो वित्तीय लेखो मे तो सम्मिलित होते है किन्तु लागत लेखो मे नही। **ऐसे सभी मद दो प्रकार के होते हैं—**

(अ) **व्ययों के मद** (Items of Expenditure)—ये मद उस वर्ष के **वित्तीय लाभों को कम कर देते है।**

(ब) **आय के मद** (Items of Incomes)—ये मद वर्ष के **वित्तीय लाभों में वृद्धि कर देते है।**

संक्षेप मे केवल वित्तीय लेखो मे सम्मिलित किए जाने वाले समस्त मद निम्न है—

(अ) शुद्ध वित्तीय व्यय (Purely Financial Charges) निम्न है :

(i) पूँजीगत सम्पत्तियों की हानियाँ जो सम्पत्ति की बिक्री, विनिमय या क्षय द्वारा हो। अग्नि या किसी दुर्घटना से सम्पत्ति की क्षति भी इसी मद मे आती है यदि यह क्षति बीमित नही है।

(ii) विनियोगो पर हानि जो इनकी बिक्री, विनिमय आदि के दौरान हो।

(iii) अंशो, पूँजी स्कन्ध एव ऋणपत्र आदि के निर्गमन व्यय, व स्टाम्प फीस

(iv) अंशो व ऋणपत्रो के निर्गमन पर छूट।

(v) बैंक ऋण, बन्धक आदि पर ब्याज।

(vi) जुर्माना एवं दण्ड।

(vii) स्थाई सम्पत्तियो पर अत्यधिक ह्रास अर्थात अप्रचलन आदि के कारण सम्पत्ति के मूल्य मे गिरावट।

(ब) शुद्ध वित्तीय आयें (Purely Financial Incomes) निम्न है

(i) बैंक जमा पर प्राप्त ब्याज।

(ii) ऋणों व विनियोगों पर प्राप्त या प्राप्य (Due) ब्याज।

(iii) प्राप्य किराया (Rent Receivable)।

(iv) प्राप्त लाभांश।

(v) स्थाई सम्पत्ति के विक्रय पर लाभ।

(vi) अंशो के निर्गमन या हस्तातरण पर प्राप्त फीस।

(vii) आकस्मिक आय।

(स) लाभ नियोजन की कुछ मदें (Items of Appropiiation of Profits) भी केवल वित्तीय लेखो मे लिखी होती है। ये निम्न है—

(i) दान

(ii) आय-कर व आय पर अन्य कर।

(iii) भुगतान किया गया लाभांश।

(iv) विभिन्न दायित्वो के भुगतान के लिए बनाये जाने वाले कोष व सिंकिग फण्ड में हस्तांतरित राशि।

(v) ख्याति, प्रारम्भिक व्ययो व अन्य पूँजीगत व्ययो को अपलिखित करना।

नोट—(1) ये मद सामान्यतया संस्था के शुद्ध वित्तीय लाभ या हानियों को प्रभावित नहीं करते क्योंकि ये लाभ-हानि नियोजन खाते (Profit and Loss Appropriation A/c) **में लिखे जाते हैं। अतः मिलान करने में इन मदों की आवश्यकता नहीं पड़ती। किन्तु यदि दिये हुए वित्तीय लाभों पर इनमें से किसी भी मद का प्रभाव पड़ा है तो उसको मिलान के समय ध्यान में रखा जायेगा।**

(2) कुछ मदों का केवल लागत लेखों में समावेश होना (Items included only in Cost-Accounts)—ऐसे मद बहुत कम है जो लागत लेखो मे सम्मिलित हो और वित्तीय लेखो मे नहीं। सभी व्ययों, चाहे वे नकद हुए हो या उधार, का लेखा वित्तीय लेखो मे अवश्य होता है। अतः लागत लेखो मे सम्मिलित मद केवल काल्पनिक है—अर्थात जिनका भुगतान नही किया गया है किन्तु जिनको व्यय मान लिया गया है। ये मद निम्न है :

(i) **भवन का किराया** (Rent of building)—जो भवन स्वामी का है और व्यापार के काम मे आ रहा है उसका किराया लागत मे सम्मिलित कर लिया जाता है।

(ii) **पूंजी पर ब्याज** (Interest on Capital)—कभी-कभी प्रबन्धक व्यापार में लगी पूंजी पर ब्याज को एक व्यय मान लेता है।

(iii) **स्वामी का पारिश्रमिक** (Remuneration of Owner)—कभी-कभी स्वामी अपने कार्य का पारिश्रमिक लागत में जोड़ता है।

(3) **उपरिव्ययों में अन्तर होना** (Difference in Overheads or Indirect Expenses)—वित्तीय लेखों मे लिखे गये अप्रत्यक्ष व्यय लागत लेखो मे प्रदर्शित उपरिव्ययो से भिन्न होते हैं। कारण स्पष्ट है वित्तीय लेखो मे **वास्तविक अप्रत्यक्ष व्यय** (Actual Indirect Expenses) ही लिखे जाते हैं जबकि लागत लेखो में लिखे जाने वाले उपरिव्यय अनुमानित (Estimated Overheads) होते हैं। अतः ऐसी दशा मे **निम्न स्थितियों में से कोई एक स्थिति हो सकती है** :

(i) **वित्तीय लेखों में अप्रत्यक्ष व्यय लागत लेखों के उपरिव्यय की तुलना में अधिक हों; या**

(ii) **वित्तीय लेखों में अप्रत्यक्ष व्यय लागत लेखों के उपरिव्यय की तुलना में कम हों।**

दोनों ही दशाओं में लागत लेखों द्वारा प्रदर्शित परिणाम, वित्तीय लेखों द्वारा प्रदर्शित परिणामो से भिन्न होगे।

(4) **प्रत्यक्ष व्ययो में अन्तर** (Difference in Direct Expenses)—सामान्यतया प्रत्यक्ष व्ययों की राशियाँ—जैसे सामग्री, श्रम तथा अन्य प्रत्यक्ष व्यय—लागत लेखों व वित्तीय लेखो मे एक समान होती है अतः इनमे कोई अन्तर नही होता। **सामग्री, श्रम तथा अन्य व्ययों की राशियाँ दोनों ही लेखों में वास्तविक होती हैं** अतः दोनों लेखों में इनमे कोई अन्तर नहीं होता। किन्तु फिर भी **प्रत्यक्ष व्ययों के निम्न लेखे केवल वित्तीय लेखों में ही किये जाते हैं, लागत लेखों में नहीं**—

(i) **सामग्री की असाधारण क्षति** (Abnormal Wastage of Material)

(ii) **श्रम व समय का असाधारण क्षय** (Abnormal Wastage of Labour and Time or Abnormal Idle Time)

(iii) **असाधारण बचत** (Abnormal Efficiency)

(5) **स्कन्ध मूल्यांकन के आधार में अन्तर** (Difference in Basis of Stock Valuation)—वित्तीय लेखों एवं लागत लेखों में स्कन्ध मूल्याकन के लिए विभिन्न आधार प्रयुक्त किये जाते हैं। सामान्यतया वित्तीय लेखों में स्कन्ध का मूल्याकन **'लागत मूल्य या बाजार मूल्य, जो भी दोनों में कम है'** के सिद्धान्त पर किया जाता है जबकि लागत लेखों मे स्कन्ध मूल्याकन के लिए सदैव लागत मूल्य का ही प्रयोग किया जाता है। अतः सामान्यतया दोनों (वित्तीय व लागत लेखो) मे स्कन्ध मूल्याकन राशियाँ भिन्न-भिन्न होने से लाभों मे भी अन्तर आ जाता है। इसी प्रकार वित्तीय लेखो मे सामग्री सदैव लागत मूल्य पर ही मूल्यांकित की जाती है जबकि उसको उत्पादन के लिए निर्मित करते समय लागत लेखाकक अन्य विधियों से भी मूल्याकित कर सकता है—जैसे LIFO; FIFO; HIFO; Average Cost Method आदि। परिणामतया, वित्तीय एवं लागत परिणामों मे अन्तर आ जाता है।

(6) **ह्रास की राशि में अन्तर** (Difference in the Amount of Depreciation)—वित्तीय लेखो में किसी भी स्थाई सम्पत्ति पर आय-कर प्रावधानो को ध्यान मे रखकर ह्रास लगाया जाता है जबकि लागत लेखो मे सम्पत्ति के प्रयोग की सीमा (extent of use) को ध्यान मे रखकर ह्रास लगाया जाता है। अतः **बहुधा वित्तीय लेखों द्वारा लगाया गया ह्रास लागत लेखों द्वारा लगाये गये ह्रास से भिन्न होता है।** यह भिन्नता दोनों लेखों के परिणामो मे भी भिन्नता प्रकट करती है।

मिलान प्रक्रिया में प्रमुख चरण
(Main Steps in Reconciliation Process)

यदि वित्तीय लेखो द्वारा प्रदर्शित लाभ लागत लेखो द्वारा प्रदर्शित लाभों से भिन्न है तो हमे मिलान की प्रक्रिया अपनानी पडती है। मिलान के लिए एक विवरण पत्र बनाया जाता है जिसे **लाभ समाधान विवरण-पत्र** (Profit Reconciliation Statement) कहते हैं। इस विवरण पत्र से वित्तीय लाभों का मिलान लागत लाभो से अथवा लागत लाभो का मिलान वित्तीय लाभो से किया जाता है। इसके लिए निम्न प्रमुख प्रक्रियाए हैं—

1. सर्वप्रथम निम्न ज्ञात कीजिये—

(अ) **वे मद जो वित्तीय लाभ को प्रभावित करते हैं किन्तु लागत मे उनका उल्लेख नही है** (Items affecting Financial Profits only)

(ब) **वे मद जो लागत लाभो को प्रभावित करते हैं किन्तु वित्तीय लेखो मे इनका उल्लेख नही है** (Items affecting Cost Profits only)

(स) **वे मद जो वित्तीय व लागत लाभों (दोनों) को प्रभावित करते हैं किन्तु दोनों मे इनकी राशियाँ अलग-अलग है।** (Items affecting both Financial and Cost Profit but with Different amount)

2. तदुपरान्त निम्न लाभ समाधान विवरण (Profit Reconciliation Statement) **बनाइए—**

Profit Reconciliation Statement 1

Particulars	Rs.	Rs.
Profits as shown by Cost Accounts		—
Add (i) **Incomes** shown in Financial Accounts only	—	
(ii) **Abnormal Gain** of Materials in F. A	—	
(iii) **Abnormal Efficiency** in respect of Direct Expenses & Labour in F. A	—	
(iv) **Expenses** shown in Cost Accounts only	—	
(v) **Expenses overcharged** in Cost Accounts	—	
(vi) **Over-valuation** of opening stock in Cost Accounts	—	
(vii) **Under-valuation** of Closing Stock in Cost Accounts	—	—
Total	—	—
Less (i) **Receipts** shown in cost accounts only	—	
(ii) **Abnormal wastage** of Materials in F. A.	—	
(iii) **Abnormal Idle Time** of Labour in F. A.	—	
(iv) **Expenses shown** in financial accounts only	—	
(v) **Expenses under-charged** in Cost Accounts	—	
(vi) **Over-valuation** of closing stock in cost-accounts	—	
(vii) **Under-valuation** of Opening Stock in Cost-Accounts	—	—
Profits as per Financial Accounts		(Balance)

विद्यार्थियों के लिए लाभों का मिलान करने की प्रक्रिया में स्मरण रखने योग्य सुनहरी नियम (Golden Rule)—बहुधा विद्यार्थियो को उपरोक्त नियम याद करने मे असुविधा रहती है और यदि उपरोक्त नियमों मे से किसी एक नियम का प्रभाव गलत करदें तो सम्पूर्ण उत्तर गलत हो जायेगा। ऐसी दशा मे विद्यार्थियों को जोड़ने व घटाने वाले मदों को ज्ञात करने के लिए **अग्रलिखित नियम का सहारा लेना चाहिए—**

आप जिस लेखे का भी शेष लेकर प्रारम्भ करे, उससे दूसरे लेखे के लाभो पर अन्तर के कारण का क्या प्रभाव पडा है ? यदि अन्तर के कारण से दूसरे लेखे के लाभ बढते है तो अन्तर के मद को प्रथम लेखे के लाभ मे जोड दो और यदि अन्तर के कारण से दूसरे लेखे के लाभ कम हुए है तो अन्तर के मद को प्रथम लेखो के लाभ में से घटा दो। जैसे, यदि आप लागत लाभों का शेष लेकर चल रहे हैं तो अन्तर के कारण की वजह से यदि वित्तीय लाभ बढ़े हैं तो लागत लाभों को बढ़ा दो (Add) और यदि वित्तीय लाभ घटे है तो लागत लाभों को कम कर दो (Less)।

नोट—यदि वित्तीय लेखों के लाभों का शेष लेकर चले तो ये समस्त नियम उलटे हो जायेंगे। अर्थात जो मद उसमें जोड़े हैं उन्हे घटायेंगे और जो मद घटाये गये हैं उन्हे जोड़ देंगे।

स्मारक समाधान खाता बनाना

(Preparing Memorandum Reconciliation Accounts)

लाभ समाधान विवरण (Profit Reconciliation Statement) को एक खाते के रूप मे भी प्रस्तुत किया जा सकता है। खाते के रूप मे इसको **"स्मारक समाधान खाता"** कहते है। अन्य खातो के समान इस खाते के भी दो पक्ष होते है—नाम पक्ष (Debit Side) तथा जमा पक्ष (Credit Side)। इसमे हम जोडने व घटाने वाले मदों को क्रमश. जमा पक्ष (Credit Side) व नाम पक्ष (Debit Side) मे लिख कर शेष ज्ञात कर लेते है। इस खाते के जमा पक्ष मे **सर्वप्रथम** 'By Profit as per Cost Records' लिखा जाता है। **तदुपरान्त** वे समस्त मद जिन्हें लागत लाभो (Cost Profits) मे जोडा जाता है जमा पक्ष की ओर तथा उन मदों को जिन्हें लागत लाभो मे से घटाया जाता है नाम पक्ष की ओर लिख देते है। दोनो तरफ की अन्तर राशि (Balance Amount) ही वित्तीय लेखो के द्वारा प्रदर्शित लाभ या हानि है। इसका प्रारूप निम्न है :

Memorandum Reconciliation Account

To **Receipts** shown in Cost Accounts only	...	By **Profit as per Cost Records**	...
,, **Abnormal Wastage** of Materials in F. A. only	...	,, **Incomes** shown in F A. only	.
,, **Abnormal Idle Time** in F. A. only	...	,, **Abnormal Gains** of Materials in F. A.	..
,, **Expenses** shown in F. A only	...	,, **Abnormal Efficiency** of Labour in F. A.	...
,, **Expenses Undercharged** in Cost Accounts	...	,, **Expenses** shown in Cost Accounts only	...
,, **Overvaluation of Closing** Stock in Cost Accounts	.	,, **Expenses Overcharged** in Cost Account	...
,, **Undervaluation** of Op Stock in Cost Accounts	...	,, **Overvaluation of Op Stock** in Cost Accounts	...
,, **Profits as per Financial Record**	...	,, **Undervaluation of Closing stock** in Cost a/cs	...
	...		

विभिन्न परिस्थितियों में लाभ समाधान विवरण बनाना

(Preparation of Profit Reconciliation Statement under different conditions)

(1) जब लागत व वित्तीय लाभों में अन्तर के कारण दिए हुए हैं (When causes of difference in Cost and Financial Profits are given)—कभी-कभी प्रश्न में लागत लेखों

द्वारा प्रदर्शित लाभ एव वित्तीय लेखों द्वारा प्रदर्शित लाभ तथा दोनो लाभो मे अन्तर के कारण दिये होते है। ऐसे प्रश्नों मे लाभ समाधान विवरण बनाने से पूर्व निम्न कार्य कर लेना चाहिए—

(i) **जो व्यय लागत लेखों में अधिक वसूल हुए हैं** (Overcharged in Cost Accounts) उन्हे अलग छाँट लेना चाहिए *[Add]*

(ii) **ऐसे व्यय जो लागत लेखों में कम वसूल हुए हैं** (Undercharged or Under-recovered in Cost Accounts) उन्हे भी अलग छाँट लेना चाहिए। *(Less)*

(iii) **ऐसे व्यय एवं क्षति जो केवल वित्तीय लेखों में हुए हैं** (Expenses and Losses Charged in Financial Accounts only) उन्हें भी अलग छाँट लेना चाहिए। *(Less)*

(iv) **ऐसी आयें जो केवल वित्तीय लेखों में लिखी हैं** (Incomes shown in Financial Accounts only) उन्हें भी अलग कर लेना चाहिए। *(Add)*

इन सब आय-व्यय के मदों को छाँटने के उपरान्त लाभ समाधान विवरण बनाना चाहिए।

Note : These rules of Adding & Deducting is when Cost Profits, are to be taken and Financial Profits to be found out or reconciled.

Illustration 1

श्री अमरनाथ अपनी पृथक लागत पुस्तकें रखते है। उसकी लागत पुस्तको ने 31 दिसम्बर 1978 के वर्ष मे 60,228 रु० के लाभ दिखाये। उसके वित्तीय लेखो द्वारा प्रदर्शित शुद्ध लाभ 39,520 रु० है।

जाँच करने पर आपको निम्न सूचनायें प्राप्त हुई—

(i) वित्तीय लेखो में 1,200 रु० का डूबत ऋण के लिए आयोजन किया गया।

(ii) लागत पुस्तको मे वसूल किए गये उपरिव्यय 15,000 रु० के थे जबकि वास्तविक उपरिव्यय 13,864 रु० हुए।

(iii) संचालकों की फीस 1,500 रु० भुगतान की।

(iv) 24,000 रु० की लागत की प्लाण्ट लगाई गई किन्तु यह अभी तक उत्पादन प्रारम्भ न कर सकी। अत: इस मशीन की लागत पर 5% ह्रास लगाया गया।

(v) बैंक जमा पर प्राप्त ब्याज 56 रु०

(vi) 18,000 का आय-कर का भुगतान हुआ।

लागत लेखो के लाभो एवं वित्तीय लेखों के लाभों का मिलान करते हुए एक विवरण-पत्र तैयार कीजिए।

Sri Amarnath maintains separate Cost Books which disclosed a profit of Rs 60,228 for the year ending 31st Dec., 1978. The net profits disclosed by financial accounts amounted to Rs. 39,520.

Upon enquiry, you are able to obtain the following informations ·

(i) A provision of Rs 1,200 has been made in Financial Books

(ii) Overheads charged in Cost Books have been Rs 15,000 whereas actual overhead expenses amounted to Rs. 13,864

(iii) Directors fees amounting to Rs. 1,500 was paid.

(iv) A new machine costing Rs 24,000 was installed but it had not gone into production as yet; hence depereciation @ 5% was provided on the cost of the plant.

(v) Interest received on bank deposit Rs. 56

(vi) Income-tax of Rs. 18,000 was paid.

Solution

Reconciliation Statement

	Rs	Rs.
Profit as per Cost Accounts		60,228
Add (i) **Items included in Financial Accounts only** :		
Interest on Bank Deposits	56	
(ii) Overheads **overcharged** in Cost Accounts.		
Estimated Rs. 15,000		
Actual Rs 13,864	1,136	1,192
		61,420
Less (i) **Expenses included in Financial Accounts only**		
Provision for Bad Debts	1,200	
Directors Fees	1,500	
Depreciation of New Plant	1,200	
(ii) **Appropriation of Profit**		
Income-tax Paid	18,000	21,900
Profit as per Financial Books.		39,520

Note : Depreciation on machine not yet starting production is deemed to have been charged to financial accounts only Generally depreciation is charged to cost accounts only in case it gives production

Illustratson 2

उर्वशी मैन्यूफैक्चरिंग कम्पनी का 31 दिसम्बर 1978 को समाप्त होने वाले वर्ष का शुद्ध लाभ वित्तीय लेखो मे 1,12,921 रु० था। लागत पुस्तकें इसी अवधि का शुद्ध लाभ 1,50,850 रु० बताती है। दोनों पुस्तकों की जाँच करने पर निम्न तथ्य सामने आये :

कारखाना उपरिव्यय लागत पुस्तकों में कम वसूल किये गये	2,730
प्रशासन उपरिव्यय लागत पुस्तकों में अधिक वसूल किये गये	1,488
वित्तीय पुस्तकों में ह्रास दिखाया गया	9,800
ह्रास लागत पुस्तकों में वसूल किया गया	10,938
विनियोगों पर ब्याज लागत पुस्तकों में नही दिखाया गया	7,000
अप्रचलन के कारण हुई हानि को वित्तीय खातों में चार्ज किया गया	4,980
आय-कर का वित्तीय खातों में प्रावधान किया गया	35,000
बैंक ब्याज तथा हस्तान्तरण शुल्क वित्तीय पुस्तकों मे	650
स्टोर्स समायोजन (वित्तीय पुस्तकों में क्रेडिट)	415
स्टाक मूल्यों में ह्रास के कारण हानि (वित्तीय पुस्तकों मे चार्ज की गई)—	5,910

आप एक विवरण-पत्र तैयार कीजिये जो लागत लेखों द्वारा प्रदर्शित शुद्ध लाभ तथा वित्तीय लेखो द्वारा प्रदर्शित शुद्ध लाभ के समंकों का समाधान कर सके।

The Net Profit of Urvashi Manufacturing Co, Ltd. appeared at Rs. 1,12,921 as per Financial Records for the year ended 31st December 1978. The cost books, however, showed net profit of Rs. 1,50,850 for the same period. A scrutiny of the figures from both the sets of accounts revealed the following facts :

Works overheads under-recovered in costs	2,730
Administrative overhead over.recovered in costs	1,488
Depreciation charged in Financial Accounts	9,800
Depeciation recovered in costs	10,938
Interest on Investments not included in cost	7,000

